# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2023

# शाहपुर इलाके में नाले में युवक की लाश मिली

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सोमवार को शाहपुर क्षेत्र के स्पोर्ट्स कालेज बाईपास रोड पर सुबह 9 बजे अभिज्ञा हार्ट एंड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के पास नाले में गिरा संदिग्ध हालत में युवक का शव देखकर अस्पताल के कर्मचारियों ने डायल 112 व शाहपुर पुलिस को सूचना दी। पुलिस पहुंचकर शव को नाले से बाहर निकलवाकर पीएम के लिए मेडिकल कालेज भेज दिया। मृतक युवक की पहचान हो गयी है। कैंपियरगंज इलाके लोहरपुरवा निवासी पृथ्वीराज के रूप में हुई हैं। **पादरी बाजार प्रतिनिधि** के अनुसार सोमवार की सुबह स्पोर्ट्स कालेज बाईपास रोड स्थित अभिज्ञा हार्ट एंड सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के पास सुबह 9 बजे नाले में संदिग्ध हालत में युवक की गिरी हुई शव को अस्पताल के कर्मचारियों ने देखा तो डायल 112 व शाहपुर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पुलिस पहुंचकर शव को नाले से बाहर निकलवाया तथा पीएम के लिए मेडिकल कलेज भेज दिया। नाक में चोट आने से खून गिरा था। पाकेट में आधार कार्ड से मृतक युवक की पहचान कैम्पियरगंज थाना के लोहरपुरवा निवासी पृथ्वीराज (30 ) पुत्र सुरेशचंद्र के रूप में हुई। पुलिस को मोबाइल फोन भी उसके पास से मिला जो पानी में भींगा था। शाहपुर थाना प्रभारी शशिभूषण राय का कहना है कि मृतक युवक की पहचान आधार कार्ड से हो गई है। स्वजनों को कैम्पियरगंज थाने के माध्यम से सूचना कर दी गई है। सूचना मिली है कि यह अपने भाई के साथ पादरी बाजार में किराए के मकान में रहता था। शव को पीएम के लिए मेडिकल कलेज भेज दिया गया है।

# दस हजार के इनामियां गैंगस्टर गिरफ्तार

**खोराबार (एसएनबी)।** खोराबार पुलिस सोमवार को दस हजार का इनामियां गैंगस्टर के अभियुक्त निखिल साहनी पुत्र मुन्नीलाल साहनी निवासी खोराबार सुबाबाजार थाना खोराबार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश की जहां से उसे जेल भेज दिया गया। इसके खिलाफ खोराबार थाने पर 793/2022 धारा 3(1) यू0पी0 गैंगस्टर एक्ट से संबंधित मुकदमा पहले से दर्ज किया गया था। वह उसी समय से पुलिस की पकड़ से दूर चल रहा था।

# नहीं मिली नौकरी, छात्रों ने खोला मोर्चा, खुला राज

**गोरखपुर (एसएनबी)।** कुशीनगर जिले के हाटा स्थित जननी पैरामेडिकल एवं नर्सिंग साइंस इंस्टीट्यूट से कोर्स करने वाले छात्र को सरकारी नौकरी नहीं मिली। उसने फर्जीवाडा की शिकायत हाटा कोतवाली थाने में दर्ज कराया और पुलिस ने संचालक विजय प्रताप सिंह को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जेल जाने के बाद उसे पता चला कि आगरा में बैठा सरगना पकंज पोरवाल ने सैकड़ों छात्र -छात्राओं को गुमराह कर फर्जी डिग्री थमा रहा है। जेल जाने के बाद विजय प्रताप ने पोरनवाल के खिलाफ कोर्ट में अर्जी दी और कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू किया तो पता चला कि पूरा सिस्टम ही फर्जीवाड़ा के सहारे चल रहा हैं।

विभिन्न जनपदों में संचालित अवैध पैरामेडिकल कालेजों एवं फ्रेंचाइजी से डिग्री लेने के बाद छात्र जब सरकारी एवं गैर सरकारी नौकरियों में लगाए और विभाग द्वारा प्रमाण पत्रों की स्वास्थ्य विभाग ने जांच किया तो पता चला कि डिग्री ही फर्जी है। छात्रों की शिकायत पर कुशीनगर के हाटा स्थित जननी पैरामेडिकल एवं नर्सिंग साइंस इंस्टीट्यूट से कोर्स करने वाले छात्रों ने इंस्टीट्यूट संचालक के खिलाफ केस दर्ज कराया और पुलिस ने चौरी चौरा क्षेत्र के रहने वाला बिशंभरपुर निवासी इंस्टीट्यूट संचालक विजय प्रताप सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। इस बिंदु के संबंध में कोई जांच नही की गई कि कैसे आरोपी विजय प्रताप सिंह ने फ्रेंचाइजी प्राप्त की गई थी।

बताया जाता है कि जेल में रहते हुए आरोपी विजय प्रताप सिंह ने कोर्ट के आदेश पर अब्दुल कलाम ग्रुप आफ एजुकेशन, शाहगंज आगरा के सचिव पंकज पोरवाल, कथित प्रशासनिक अधिकारी इंदर पोरवाल, अरिन्दमनसेन सेक्रेटरी नेशनल काउंसिल आफ मेडिकल एंड पैरामेडिकल साइंस मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल, अब्दुल कलाम ग्रुप अफ एजूकेशन के नाम कथित तथा कर्मचारियों एवं नेशनल काउंसिल आफ मेडिकल एंड पैरामेडिकल साइंससेज नामक कथित संस्थाओं के अन्य अधिकारियों के खिलाफ फर्जी दस्तावेज तैयार कर षड्यंत्र के तहत पैरामेडिकल कोर्सेस से संबंधित कालेज की फ्रेंचाइजी बांटने,धोखाधड़ी करने का केस 13 जनवरी 2023 को चौरी चौरा थाने में केस दर्ज कराया था।

**हाटा पुलिस ने संचालक विजय प्रताप को गिरफ्तार कर भेजा था जेल**

**जेल जाने के बाद अपनों को ठगा समझ खुद दर्ज कराया था मुकदमा**

चौरी चौरा थाने में केस दर्ज होने के बाद मामले की विवेचना चौरी चौरा थाने के दारोगा दिनेश कुमार कर रहे थे। विवेचना में अनियमितता की शिकायत विजय कुमार सिंह ने अधिकारियों सहित कोर्ट से की थी,जिसमें कई बार आरोपियों द्वारा मामले को मैनेज करने की बात सामने आ रही थी। विवेचना में अनियमितता को देखते हुए मुकदमे की विवेचना चौरी चौरा से गुलरिया थाने के एसएसआई शेष कुमार शर्मा को दे दिया गया। एक सप्ताह की गहन जांच के बाद पूरे प्रदेश में फैले हुए 14 कालेज सहित अब्दुल कलाम ग्रुप आफ एजुकेशन को नोटिस जारी किया गया। जांच में सभी संस्थाएं बिना मान्यता के संचालित होकर तीन वर्षो से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही थी। इसमें यदि छात्र किसी संस्था में नौकरी कर रहे होते तो जांच के बाद फर्जी दस्तावेज के आरोप में उनपर भी कार्यवाही तय है।

**इन पर गैंगस्टर की हो सकती है कार्रवाई :** सरगना अब्दुल कलाम ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट की सोसाइटी के 13 पदाधिकारी इनदीवर पोरवाल, कंचन पोरवाल, जयवीर प्रसाद, अनिरुद्ध कुमार, नरेश कुमार, निखिल कुमार, कमलकांत, कुलदीप वर्मा ,सुरेंद्र कुमार, रुचि गुप्ता, दर्शन कुमार खड्डरी, प्रेमचंद एवं मोहित कुमार के खिलाफ भी कार्रवाई होनी तय है। ऐसे घोर अपराध के लिए कालेज संचालकों एवं सोसाइटी सदस्य के खिलाफ गैंगस्टर की भी कार्रवाई हो सकती हैं।

**सबकुछ चलता रहा स्वास्थ्य विभाग गहरी नींद में सोता रहा :** गोरखपुर। स्वास्थ्य विभाग का खेल निराला है। सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ स्वास्थ्य विभाग को समय समय पर अलर्ट मुड़ में रहने को निर्देश देते है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग गहरी नींद में सोता रहा। इस बात का जीता जागता उदाहरण है कि आगरा में बैठा पंकज पोरवाल बिना किसी विश्वविद्यालय से संबंध खुद को पूरे प्रदेश में अवैध पैरामेडिकल कालेजों एवं फ्रेंचाइजी बांट दिया और फिर बेरोजगार छात्र -छात्राएं मोटी रकम देकर डिग्री लेने के लिए पढाई करने लगे। विभाग ने कभी इनके आफिसर पर पहुंच कर उनके कागजता को नहीं देखा। गोरखपुर एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर आईपीएस अफसर के साथ चिकित्सक भी हैं। फर्जीवाडा की घटना सबसे पहले कुशीनगर जिले के हाटा से शुरू हुई। पुलिस आनन -फानन में आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मामला शांत हो गया। जिस व्यक्ति को जेल भेजा उसे इस बात का डर सताने लगा कि जेल से जमानत पर छुट कर जाने के बाद छात्र पैसे का डिमांड करेंगे। उसने कोर्ट की शरण में गया और फिर कोर्ट के आदेश पर केस दर्ज कराया। पंकज पोरवाल के खिलाफ केस दर्ज होने के बाद चौरी चौरा थाने के विवेचक को मैनेज करने का खेल शुरू हो गया। आरोपी विजय प्रताप सिंह ने पैरवी की और फिर केस गुलरिहा थाने पर पहुंचा जहां विवेचना के दौरान पूरा मामला सामने आया।

# मरीजों को पकड़ बना रहे दवा दुकानदारों के कारिंदे

**गोरखपुर (एसएनबी)।** बिचौलिए तो बीआरडी मेडिकल कालेज में खेल खेल ही रहे हैं लेकिन दवा के दुकानदार भी पीछे नहीं हैं। कई अपने कर्मचारियों को दुकानदारों ने नेहरू चिकित्सालय की ओपीडी में छोड़ रखा है जो मरीजों को गुमराह करके दवा की दुकान पर भेजते हैं। उनकी ड्यूटी सुबह 8 बजे से दोपहर तीन बजे तक ही रहती है। कई दुकानों की दुकानदार नेहरू चिकित्सालय की ओपीडी के भरोसे ही चलती है।

ओपीडी के दिन सुबह 8 बजे से ही दवा की दुकानों पर काम करने वाले कर्मचारी नेहरू चिकित्सालय जा पहुंचते हैं। ओपीडी में दिखाने के लिए पर्ची जहां जमा होती है वहीं कर्मचारी के साथ ये भी बैठ जाते हैं। दिखाकर मरीज बाहर निकलता है तो उसकी पर्ची देखकर बताते हैं कि फलाने दवा की दुकान पर दवा मिलेगी। यही नहीं कई तो ऐसे भी हैं जो अपने साथ ही मरीज को दुकान पर लेकर जाते हैं। कई नामी दवा की दुकान है जिसके चार-पांच कर्मचारी सिर्फ ओपीडी में दवा की पर्ची पकड़ने का काम करते हैं। उनकी ड्यूटी सिर्फ इसी काम के लिए दुकानदार लगाते हैं। ओपीडी बंद और इनकी ड्यूटी खत्म। दवा के दुकानदार इनका वेतन भी ठीक-ठाक देते हैं क्योंकि पर्ची लगाने वालों से इनकी अच्छी सेटिंग जो रहती है? अक्सर दवा दुकान के कर्मचारियों को पर्ची लगाने वालों के पास बैठे देखा जा सकता है। सूत्र तो यह भी बताते हैं कि ओपीडी के पास होमगार्ड के जवान भी खड़े होते हैं लेकिन वे भी कुछ बोल नहीं पाते, कारण साफ है। यही कारण है कि इन दवा दुकान के कर्मचारियों का मनोबल बढ़ता ही जा रहा है। कई ओपीडी तो ऐसी भी चलती है जहां का कर्मचारी ही मरीजों से कहता है कि फलाने दवा की दुकान पर जाकर दवा लेना और फिर लाकर दिखा देना। डाक्टर भी सुनते हैं लेकिन कुछ बोलते नहीं हैं पता नहीं क्यों? फिर भी अगर कोई मरीज बच गया तो उनको आउटसोर्सिंग के कर्मचारी पकड़ लेते हैं और कमीशन देने वाली दवा की दुकान पर पहुंचा देते हैं। हजार रूपये की दवा है तो सौ-पचास कर्मचारी को भी मिल जाता है। यही कारण है कि वह ड्यूटी करने के साथ ही साथ दवा की पर्ची पर भी अपना ध्यान लगाये रखता है। नेहरू चिकित्सालय में एक तो पर्ची काउंटर के पास ही बिचौलिए मौजूद रहते हैं और अपना शिकार तलाशते हैं। दूर-दराज से आने वाले मरीज अक्सर इनके झांसे में आ जाते हैं और नर्सिंग होम की राह पकड़ लेते हैं। आश्चर्य की बात तो यह है कि पर्ची काउंटर के पास गार्ड भी लगाये गये हैं लेकिन ये भी कुछ नहीं बोलते।

## नेहरू चिकित्सालय में चल रहा धंधा

**दवा दुकानदारों ने कई-कई कर्मचारियों को महज ओपीडी से मरीज पकड़ने में लगा रखा है जो सुबह 8 बजे से दोपहर 3 बजे तक रहते हैं नेहरू चिकित्सालय में सक्रिय**

**पर्ची एकत्र करने वाले कर्मचारी के बगल में ही सटकर बैठते हैं दुकानदारों के कर्मचारी**

**कई ओपीडी में तो डाक्टर ने पर्ची लिखी कि नहीं उसका कर्मचारी ही कहता है कि फलाने दवा की दुकान से दवा लाना और लाकर दिखाना**

# वध के लिए जा रहे तीन दर्जन गोवंश बरामद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** जिले की बड़हलगंज और गोला पुलिस ने तीन दर्जन गोवंश को बरामद किया। बड़हलगंज पुलिस द्वारा बरामद 25 गोवंश में से छह गोवंश मरे मिले। वहीं गोला पुलिस ने 12 गोवंश को बरामद किए जाने के साथ तीन तस्करों को भी गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। सभी गोवंश को वध के लिए पशु तस्कर लेकर बिहार जा रहे थे।

हमारे **बड़हलगंज कार्यालय** से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की भोर में क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर स्थित ढेढ़िया बंधे के पास ट्रक पर लदे 25 गोवंशीय पशुओं को स्थानीय पुलिस ने बरामद किया। इस दौरान दमघुटने से 06 पशुओं की मृत्यु हो चुकी थी। इस संबंध में कोतवाल कल्यान सिंह सागर ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ तस्कर वाहन में गोवंशीय पशुओं को लाद कर दोहरीघाट की तरफ से बडहलगंज होते हुए बरहज, देवरिया से मेहरौना के रास्ते बिहार की ओर जा रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम ने वाहनों का पीछा करना शुरू किया। पुलिस को ट्रक में 25 गाय, बछड़े मिले। जिसमें 03 गाय व 03 बछड़े मृत मिले। जिन्हें पशु चिकित्सक द्वारा पीएम के बाद दफना दिया गया। जब कि 05 गाय व 14 बछड़ों को लिखा-पढ़ी के बाद सुपुर्दगी में दे दिया गया।


गोला में गिरफ्तार गौ तस्कर।

### सिवान जिले के कर्बला में होती है पशुओं की बिक्री

इसी क्रम में हमारे **गोला बाजार प्रतिनिधि** को थानाध्यक्ष गोला धीरेंद्र कुमार राय ने बताया कि मुखबिर द्वारा सूचना मिली कि गौ तस्कर पिकप गाड़ी में गोवंश को लादकर ले जा रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी की और भरोंह पुलिया के पास छितौना मोड़ के समीप दो पिकअप को रोका गया। तलाशी के दौरान दोनो पिकअप में 12 गोवंशीय पशुओं को बेरहमी पूर्वक बांधा गया था। पिकअप से तीन तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उन्होंने बताया कि दिन में गांव व कस्बों का भ्रमण करके इस बात की रेकी की जाती थी कि सबसे अधिक पशुओं की संख्या कहां किस गांव में ज्यादा है और उन्हें आसानी से गाड़ी में लादा जा सकता है। रेकी के बाद रात में पशुओं को पिकअप में लादकर बिहार राज्य के सिवान जिले में कर्बला नामक स्थान पर इनकी बिक्री की जाती है। तस्करों ने बताया कि आजमगढ़, मऊ व गोरखपुर के बड़हलगंज, उरुवा, गोला व अन्य स्थानों से गोवंशीय पशुओं की रेकी कर उन्हें चोरी कर उनकी तस्करी की जाती है। तस्करों के विरुद्ध आईपीसी की धारा 3/5ए/8 गोवध निवारण अधिनियम व 11 पशु क्रुरता अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया गया। तस्करों ने अपना नाम जावेद आलम पुत्र नियाज अहमद निवासी पारा थाना सरायमीर जिला आजमगढ़, हेसामुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन निवासी कमरा गहनी थाना सरायमीर जिला आजमगढ़ व मोबिन पुत्र जब्बार निवासी मेहियापार थाना एहरौला जिला आजमगढ़ के रुप में हुई है।

# अपहरण व दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

बड़हलगंज (एसएनबी)। कोतवाली पुलिस ने नाबालिग का अपहरण कर उससे दुष्कर्म करने के आरोपित बढ़या टिकुर गांव निवासी अमित निषाद को 09 माह बाद गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। पुलिस अभियुक्त को दर्ज मुकदमे की धाराओं के तहत कोर्ट में पेश कर जेल भेजवा दिया। पुलिस ने आरोपित के कब्जे से नाबालिग को भी बरामद करने में सफलता हासिल की है। कोतवाल कल्यान सिंह सागर ने बताया कि 27 दिसंबर, 2022 से आरोपित फरार था। नाबालिग की मां की तहरीर पर आरोपी के विरुद्ध धारा 363, 366, 368, 376 भादवि व 3/4 पास्को एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में दरोगा अजयराज यादव, अवधेश व महिला कांस्टेबल बबली जायसवाल शामिल रहीं।

# गैर इरादतन हत्या का मुकदमा

पिपराइच (एसएनबी)। मारपीट में घायल जंगल पकड़ी निवासी अनिल 29 वर्ष की सोमवार को मेडिकल कालेज में उपचार के दौरान मौत हो गई। मां के शिकायत पर पुलिस ने एक ही परिवार के चार लोगों के विरुद्ध धारा 304 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

मिली जानकारी अनुसार मृतक अनिल छेड़छाड़ के आरोपी सुनील का भाई था। बीते सात सितंबर को आरोपित सुनील द्वारा की गयी छेड़छाड़ की शिकायत लेकर उसके घर पहुंचे। चर्चा है कि सुनील उन्हें देखकर भाग गया। उसका भाई अनिल भी डर कर भागने लगा। जिससे उसे गंभीर चोट आ गई। जिसे मेडिकल में भर्ती कराया गया। सोमवार को उसकी मौत हो गई। मृतक के मां के शिकायत पर पुलिस ने निरंजन तथा उसके तीन बेटों पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दिया है।

# माफिया विनोद को नेपाल से पकड़कर लाएगी पुलिस!

**UPDATE**

एक लाख के इनामी फरार विनोद उपाध्याय के पीछे लगी एसटीएफ






**GORAKHPUR (11 Sept):** गोरखपुर का माफिया विनोद उपाध्याय एक लाख का इनामी हो चुका है. माफिया की तलाश में एसटीएफ और क्राइम ब्रांच लगी हुई है. माफिया की आखिरी लोकेशन नेपाल में मिली है. जिसके आधार पर माफिया की लोकेशन पाने के लिए मुखबिर लगाए गए हैं. साथ ही आए दिन बॉर्डर पर नेपाल और इंडिया पुलिस, सेना के जवानों की मीटिंग होती है. दोनों देश अपने यहां के इनामी बदमाशों की लिस्ट एक दूसरे को सौंपते हैं. फिर दोनों देश फरार बदमाशों को पकड़वाने में एक दूसरे की मदद करते हैं. गोरखपुर पुलिस अब विनोद उपाध्याय को पकड़ने के लिए भी नेपाल पुलिस की मदद लेगी.

## चार माह से फरार है माफिया

माफिया विनोद उपाध्याय चार माह से क्राइम ब्रांच के साथ एसटीएफ टीम को छका रहा. उसके खिलाफ 24 मई को गुलरिहा थाने में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर फ्रॉड करने और रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज किया गया था. ये बता दें कि अपर पुलिस महानिदेशक जोन अखिल कुमार ने शनिवार को पहले से घोषित 50 हजार रुपए की इनामी राशि बढ़ाकर एक लाख कर दी है.

## प्रदेश के 61 माफिया में शामिल है विनोद

अयोध्या जिले के मया बाजार स्थित उपाध्याय का पुरवा निवासी विनोद उपाध्याय का नाम जिले के टाप-10 और प्रदेश के 61 माफिया की सूची मे शामिल है. शाहपुर के रेल विहार, गोरखनाथ के धर्मशाला बाजार में भी उसका मकान है. ये बता दें कि 24 मई को गुलरिहा थाने में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने, रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज होने के बाद से माफिया विनोद उपाध्याय की तलाश मे थाने की पुलिस, क्राइम ब्रांच लगी है.

## फॉर्म हाउस और भाई के घर चला बुलडोजर

माफिया को पकड़ने के लिए पुलिस तमाम प्रेशर बनाए लेकिन विनोद उपाध्याय अभी तक सामने नही आया. जबकि इससे पहले अजीत शाही, सुधीर सिंह और राकेश यादव पर पुलिस ने प्रेशर बनाया था तो यह सभी माफिया कोर्ट में सरेंडर कर जेल चले गए. जबकि विनोद को पकड़ने के लिए पुलिस ने करीबियों को हिरासत मे लिया, गोरखपुर विकास प्राधिकरण ने बिना मानचित्र के बने माफिया विनोद उपाध्याय के फार्म हाउस और भाई संजय के घर पर बुलडोजर चलाया, लेकिन इसके बाद भी वह दबाव मे नही आया. हां ये जरूर है कि माफिया के भाई संजय ने हाल ही मे कोर्ट में सरेंडर कर दिया है.

## जोन के 11 जिलों में दूसरा बड़ा इनामी विनोद

राघवेंद्र के बाद जोन का दूसरा सबसे बड़ा इनामी माफिया विनोद उपाध्याय गोरखपुर जोन के 11 जिलो मे दूसरा सबसे बड़ा इनामी हो गया है. चार लोगों की हत्या करने वाला झंगहा के सुगहा गांव के राघवेंद्र यादव पर 2.50 लाख रुपये का इनाम घोषित है. वर्ष 2016 से ही राघवेंद्र फरार चल रहा है.

# छात्रा ने सरयू नदी में लगाई छलांग, नाविकों ने बचाया

**बड़हलगंज (एसएनबी)**। बड़हलगंज-दोहरीघाट सरयू पुल से सोमवार को एक इंटर की छात्रा ने सरयू नदी में छलांग लगा दी। छात्रा को नदी में छलांग लगाते देख मुक्तिपथ पर मौजूद नाविक ने बहादुरी का परिचय देते हुए उफनाती नदी से उसको निकालकर उसकी जान बचा ली। गगहा थाना क्षेत्र के मजुरी गांव की रहने वाली इंटर की एक छात्रा ने दोपहर में पुल से बीच नदी में छलांग लगा दिया। उसको नदी में कूदता देख मुक्तिपथ पर मौजूद नाविक नागेंद्र साहनी बिना देर किए नाव लेकर नदी की बीच धारा में उतर गया। नदी के बहाव में जीवन-मृत्यु से संघर्ष कर रही छात्रा को बीच धारा से पकड़कर नाव पर खींच लिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्रा को कोतवाली लाकर उसके परिजनों को सूचित किया। परिजन कोतवाली पहुंचकर छात्रा को घर ले गए।

# सभासद पर पत्नी से अप्राकृतिक दुष्कर्म का केस

**पीपीगंज (एसएनबी)**। पीपीगंज नगर पंचायत निवासिनी एक महिला ने अपने सभासद पति पर उत्पीड़न, अप्राकृतिक दुष्कर्म करने, दहेज उत्पीड़न करने के मामले में केस दर्ज कराया है। इस संबंध में पीपीगंज थाना प्रभारी आशीष कुमार सिंह ने कहा कि महिला की तहरीर पर आरोपित सभासद पति पर यथोचित धाराओं में केस दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

# छेड़छाड़ व दुष्कर्म का आरोपित गिरफ्तार

**बांसगांव (एसएनबी)**। छेड़छाड़ व दुष्कर्म के मामले में फरार चल रहे आरोपित को बांसगांव पुलिस ने गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना नाम रामजतन चौहान पुत्र बसन्त चौहान निवासी ग्राम सिंगरा थाना बांसगांव जनपद गोरखपुर बताया। पुलिस आरोपित को दर्ज मुकदमे की धाराओं 354,376,323,506 के तहत कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

# सेवानिवृत्त प्रोफेसर के घर 10 लाख की चोरी

**पादरी बाजार(एसएनबी)।** शाहपुर क्षेत्र के लतीफ नगर में मकान का ताला तोड़कर चोरों ने 10 लाख के गहने समेत 30 हजार रुपये नगदी चोरी कर फरार हो गए। सोमवार की सुबह मकान मालिक को चोरी की जानकारी हुई जिसके बाद पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस जांच करने के बाद सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार देवरिया जनपद के भाटपाररानी निवासी स्वर्गीय आलमगीर आजमगढ़ में एक डिग्री कलेज में प्रोफेसर थे और शाहपुर क्षेत्र के लतीफ नगर में मकान बनाकर रहते थे। 2 साल पहले उनकी मृत्यु हो चुकी है। उनका लड़का अल्तमस आलम जो बीटेक की पढ़ाई करता है अपनी मां के साथ 8 सितंबर को देवरिया अपने गांव गया था। सोमवार की सुबह मकान पर पहुंचा तो देखा मुख्य दरवाजे का ताला टूटा है जिसे देखकर अवाक रह गए। अंदर जाने पर आलमारी टूटी थी सारा सामान बिखरा पड़ा था। चोर 10 लाख रुपये के गहने समेत 30 हजार रुपये नगदी उठा ले गए थे। सूचना पर शाहपुर पुलिस मौके पर पहुंचकर छानबीन करने के बाद चोरों की तलाश में जुटी हुई है।

# खाते से 98 हजार जालसाजों ने उड़ाया

**नंदानगर (एसएनबी )।** आवास विकास कालोनी महादेव झारखंडी निवासी भागवत पुत्र रामआसरे के मुहद्दीपुर स्थित एसबीआई शाखा से अनधित रूप से 98 हजार रूपया आहरण कर लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में पीड़ित व्दारा साइबर सेल में मुकदमा पंजीत कराया गया था। मुकामी थाना क्षेत्र निवासी भागवत का मुहद्दीपुर स्थित एसबीआई शाखा में खाता है। उन्होंने बताया कि 7 दिसम्बर 2022 में उनके खाते से लगभग 98 हजार रूपया अनाधित रूप से निकाल लिया गया था। इस सम्बन्ध में उन्होंने साइबर थाने में अज्ञात के खिलाफ साइबर क्राइम की धारा 66(डी) के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। काफी दिनों से मुकदमा लंबित पड़ा था। अब मुकदमा साइबर सेल से कैंट और फिर एम्स थाने को जांच के लिए स्थानांतरित किया गया है। मामले की जांच पुलिस क्षेत्राधिकारी स्तर से की जा रही है।

# दो बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए इनाम घोषित

**गोरखपुर (एसएनबी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डा. गौरव ग्रोवर ने गगहा एवं चौरीचौरा में दर्ज मुकदमों में फरार चल रहे दो बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए क्रमश: 10-10 हजार रुपए का इनाम घोषित किया है।

गगहा पुलिस ने मुअसं 256/2021 धारा 363,366,376 भादवि0 व 5/6 पाक्सो एक्ट में फरार चल रहे आरोपित नितेश यादव पुत्र फौजदार यादव निवासी नेवरा थाना गोला जनपद गोरखपुर की रिपोर्ट एसएसपी को भेजा था।

इसी क्रम में थाना चौरीचौरा पर पंजीकृत मुअसं 127/2021 धारा 363, 366, 376 भादवि0 व 5/6 पाक्सो एक्ट में फरार चल रहे अपराधी जावेद पुत्र एजुद्दीन उर्फ गोनरी निवासी एतवारपुर ताज थाना बोचहा जनपद मुजफ्फरपुर बिहार की फरारी की रिपोर्ट चौरीचौरा पुलिस ने भेजा था। जिसके बाद दोनो बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने इनाम घोषित किया है।

# बिजली बिल के नाम पर 60 हजार ऑनलाइन धोखाधड़ी

**गोरखपुर (एसएनबी )।** बिजली बिल के नाम पर आनलाइन धोखाधड़ी कर एक व्यक्ति के खाते से 60 हजार रूपया निकाल लेने का मामला प्रकाश में आया है। इस सम्बन्ध में पीड़ित ने शाहपुर थाने को तहरीर देकर मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ विधिक कार्रवाई की मांग की है। मुकामी थाना क्षेत्र अन्तर्गत जेलरोड़ गीताबाटिका निवासी जवाहरलाल उपाध्याय के फोन काल आया कि आपका बिजली बिल आया है समय से जमा नहीं करने पर लाइन काट दी जायेगी। उपभोगता ने जब मोबाइल पर जानकारी ली तो उसे पैसा जमा कराने के लिए प्ले स्टोर में जाकर एनीडेस्क एप लोड करने को कहा गया तथा डेबिट कार्ड का डटेल ले लिया गया थोड़ी देर बाद खाते से 60 हजार रूपया आहरण का मैसेज आया तो ठगी की जानकारी हुई। इस सम्बन्ध में शाहपुर पुलिस प्रेषित मोबाइल नंबर के खिलाफ आइपीसी की धारा 420 व 406 के तहत मुकदमा पंजीत कर मामले की छानबीन कर रही है।

# दो आरक्षी निलंबित

**गोरखपुर (एसएनबी)।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ गौरव ग्रोवर ने थाना गुलरिहा पर नियुक्त आरक्षी अग्निवेश कुमार एवं आरक्षी ओम प्रकाश को कर्तव्यों के प्रति उदासीनता, लापरवाही, अकर्मण्यता तथा गैर जिम्मेदाराना रवैया बरतने के आरोप में तत्काल प्रभाव से निलम्बित किया है। दोनों के विरूद्ध विभागीय जांच भी करायी जा रही है।

सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक गुलरिहा थाना क्षेत्र के हल्का नंबर तीन निवासी एक व्यक्ति कच्ची शराब का कारोबार महराजगंज जिले के पनियरा थाना क्षेत्र में में जाकर गोरखपुर जनपद की सीमा से सटे कर रहा था। हल्का नंबर तीन में तैनात आरक्षी ओम प्रकाश को इसकी जानकारी थी। आरक्षी ओम प्रकाश हल्का नंबर एक में तैनात सिपाही अग्निवेश कुमार को साथ लेकर महराजगंज जिला स्थित उक्त शराब के कारोबारी और उसके सहयोगी को पकड़कर थाने ले आये। दोनों को मारपीटकर उनसे मोटी रकम वसूल ली। घर पहुंचकर एक पीड़ित ने इसकी जानकारी अपनी पत्नी को दी। पत्नी ने थानेदार से इसकी शिकायत की। थानेदार ने दोनों सिपाहियों को डांट फटकार कर आधी रकम वापस कराकर मामले को शांत कराने का प्रयास किया। इसके उपरांत पूरा मामला मीडिया में आने के बाद मामले की जानकारी एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर को हुई तो उन्होंने इसकी जांच तत्कालीन सीओ चौरीचौरा को सौंप दी। सीओ की जांच में प्रथम दृष्टया दोनो दोषी मिले जिसके उपरांत दोनों को एसएसपी ने निलंबित कर उनके विरूद्ध गहनता से जांच करा रहे हैं। हालांकि मामला उजागर होने पर गुलरिहा थानेदार ने एक सिपाही को अपना हमराह और एक सिपाही को हल्का से हटाकर मेडिकल कालेज पर तैनात कर दिया था।

**कच्ची शराब कारोबारी से अवैध वसूली का मामला**

**मामला उजागर होने पर अवैध वसूली की आधी रकम पीड़ित को लौटा भी दिया था आरोपित आरक्षियों ने**

# चिकित्सक को गाली गलौच करने वाला आरोपी भेजा गया जेल

**गोरखपुर (एसएनबी)।** गत दिनों जिला अस्पताल के चिकित्सक से गाली गलौच करने वाला दलाल बस्ती जिले के मुंडेरवा थाने के सोनखर निवासी महेन्द्र प्रताप सिंह उर्फ प्रमोद सिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेजवा दिया। जिला अस्पताल में दलालों का बोलबाला है। आर्थो थिएटर में कुर्सी पर बैठा दलाल प्रमोद से चिकित्सक से विवाद हो गया था। प्रमोद ने चिकित्सकों गाली गलौच देते हुए मारपीट पर आमादा हो गया। चिकित्सक की तहरीर पर प्रमोद के खिलाफ कोतवाली थाने में सरकारी कार्य में बांधा डालने व रंगदारी मांगने के आरोप मुकदमा संख्या 308/2023 धारा 353,332.504,506,386 के तहत केस दर्ज कर आरोपी प्रमोद को रविवार को गिरफ्तार कर लिया था।

# रिमांड याचिका खारिज

**गोरखपुर (एसएनबी)।** सात साल से कम की सजा में अभियुक्त की गिरफ्तारी करने के मामले में अपर सिविल जज सीनियर डिविजन/ एसीजेएम दीपक नाथ सरस्वती ने अभियुक्त साजन उर्फ रेनू की रिमांड याचना निरस्त करते हुए उसे 20 हजार रुपए के व्यक्तिगत बंधपत्र पर रिहा कर दिया। विवेचक रूप नारायण सिंह ने बड़हलगंज थाना क्षेत्र के ग्राम बैरियाखास निवासी अभियुक्त साजन उर्फ रेनू को मुकदमा अपराध संख्या 652/2023 धारा 363 भारतीय दंड संहिता,थाना बड़हलगंज से गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया। विवेचक ने न्यायालय से उसे न्यायिक अभिरक्षा में लिए जाने हेतु याचना की। अभियुक्त की ओर से डिप्टी चीफ डिफेंस काउंसिल प्रकाश चंद्र शुक्ल ने रिमांड प्रार्थना पत्र का विरोध करते हुए कहा कि विवेचक ने जिन धाराओं में रिमांड के लिए याचना की है।

# हत्याकर फेंकी गयी युवती की लाश बरामद

**गोरखपुर (एसएनबी)।** पीपीगंज पुलिस ने सोमवार की सुबह थाना क्षेत्र के जसवल बाजार-सहजनवा मार्ग पर राप्ती नदी के सिसईघाट पुल के समीप झाड़ियों से 26 वर्षीया युवती का हत्या कर फेंका गया शव बरामद किया। युवती की पहचान शाहपुर थाना क्षेत्र के एल्युमिनियम फैक्टरी बशारतपुर निवासी राजेंद्र कुमार ने अपनी बेटी रूबी उर्फ मुस्कान के रूप में की। रूबी रविवार की सुबह घर से गोलघर स्थित एक कपड़े की दुकान पर काम करने के लिए निकली थी। बीती रात 9 बजे के बाद भी घर न पहुंचने पर परिजन उसकी तलाश कर रहे थे। सोशल मीडिया पर रूबी की फोटो देख पीपीगंज थाने परिवार के लोग पहुंचे जिसके बाद शिनाख्त हो सकी।

**जसवल बाजार प्रतिनिधि** से मिली जानकारी के मुताबिक राप्ती नदी के सिसई घाट पुल के समीप जसवल-सहजनवा मार्ग के किनारे सुनसान स्थल पर तकरीबन सड़क से दस फीट नीचे झाड़ियों में एक युवती का शव राहगीरों ने देखा। आसपास क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग पहुंच गए। किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही सीओ सर्किल कैम्पियरगंज रत्नेश्वर सिंह, एसओ पीपीगंज आशीष कुमार सिंह मयफोर्स मौके पर पहुंचकर जांच की। सूचना पर पहुंची फॉरेंसिक जांच टीम ने भी जांच के लिए नमूना संकलित किया। काफी देर तक शव मौके पर पुलिस ने छोड़ रखा था लेकिन शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने युवती के शव की तस्वीर एवं विडियो सोशल मीडिया पर वायरल की ताकि उसकी शिनाख्त हो सके।

> पीपीगंज के सिसईघाट के समीप झाड़ियों में थी लाश
>
> शाहपुर के एल्युमिनियम फैक्ट्री की रहने वाली थी युवती रूबी उर्फ मुस्कान
>
> गोलघर स्थित एक कपड़े की दुकान पर करती थी काम
>
> रविवार की सुबह 10 बजे घर से दुकान जाने के लिए निकली थी रूबी

### वायरल तस्वीर से पिता ने की शिनाख्त

वायरल तस्वीर को देख बशारतपुर एल्युनियम फैक्टरी निवासी राजेंद्र कुमार अपनी पत्नी, दो बेटों और बेटी के साथ थाना पीपीगंज पहुंचे और शव की शिनाख्त अपनी छोटी बेटी रूबी उर्फ मुस्कान के रूप में की। परिजनों ने बताया कि रूबी गोलघर स्थित एक कपड़े की दुकान पर काम करती थी। रोज सुबह 10 बजे घर से दुकान के लिए निकलती थी और रात 9 बजे तक घर लौट आती थी। रविवार की रात 10 बजे तक घर न पहुंचने पर उसके मोबाइल पर कॉल किया गया लेकिन मोबाइल बंद बता रहा था। दुकान पर पता करने का प्रयास किया गया लेकिन दुकान बंद मिली। सोमवार की सुबह दुकान खुलने पर उक्त लोग पहुंचे और रूबी के बारे में पूछताछ की। दुकान मालिक ने बताया कि रूबी रविवार को दुकान पर आयी ही नहीं थी। सोशल मीडिया के माध्यम से रूबी का शव पीपीगंज क्षेत्र में मिलने की जानकारी हुई।

### चेहरे व शरीर पर मिले चोट के निशान

भाई ने बताया कि रूबी के चेहरे पर पीटे जाने का निशान मिला है। शरीर पर भी कई जगह चोट है। यह भी आशंका जताई जा रही है कि रूबी के साथ कुछ गलत भी हो सकता है जिसके बाद उसकी हत्या की गयी है। हत्यारों ने उसके शव को किसी वाहन से वहां ले जाकर सड़क से ही नीचे खड्ड में फेंक दिया होगा। परिजनों ने शक के आधार पर कुछ मोबाइल नंबर पीपीगंज पुलिस को दिया है। पुलिस शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दी। पुलिस सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद से मामले की जांच और हत्यारों तक पहुंचने में जुटी हुई है।

# पिता को शरण देने वाले साधुओं को पीटा

**उनवल (एसएनबी)।** खजनी थाना क्षेत्र उनवल चौकी अंतर्गत झारखण्डेश्वर महादेव की कुटिया में साधुओं को एक वृद्ध को भोजन देना महंगा पड़ गया। वृद्ध पिता को साधुओं द्वारा भोजन कराना पुत्रों को नागवार लगा। गोलबन्द होकर बुजर्ग के पुत्रों द्वारा साधुओं को कमरे में बंदकर पिटाई की गयी जिससे वह घायल हो गए। घायल साधुओं ने प्राथमिक उपचार के बाद खजनी पुलिस को मनबढ़ युवकों के विरूद्ध तहरीर दी है। मामला खजनी थाना क्षेत्र उनवल चौकी अन्तगर्त स्थित झारखण्डेश्वर महादेव के परिसर का है। जहां बीती रात 9 बजे साधु भोजन रूपी प्रसाद ग्रहण कर रहे थे। उसी दौरान कोटा निवासी बैगन तिवारी बिलखते हुए पहुँचे। भावुक होकर साधुओं द्वारा बुजुर्ग को भोजन कराया गया। ढांढस देकर समझाया बुझाया। बुजुर्ग वहीं कुटिया पर रात गुजारने के चक्कर में रुका था। उसी दौरान बुजुर्ग बैगन तिवारी के पुत्र हन्नु त्रिपाठी अपने कुछ सहयोगियों के साथ कुटिया पर पहुंचा और अपने पिता को ले कर चला गया। इस दौरान एक साधु से उसकी कुछ कहासुनी भी हो गयी। वह दुबारा गोलबंद होकर अपने साथियों के साथ पहुंचा और साधुओं को कमरे में बंद कर बुरी तरह से मारपीटकर घायल कर दिया। आसपास के लोगों के ललकारने पर आरोपित साधुओं का दो मोबाइल लेकर फरार हो गए। घटना में दो साधु घायल हुए हैं। घटना के संबंध में साधु जोखू दास व रामजी दास ने तहरीर दी है। उनवल चौकी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की।

# 14 जिलों में खोला फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज, 800 स्टूडेंट का फ्यूचर खराब

**आगरा के शातिर जालसाज को गुलरिहा पुलिस ने अरेस्ट कर किया खुलासा**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (11 Sept):** अगर आप किसी पैरामेडिकल कॉलेज में एडमिशन लेने जा रहे हैं तो सावधान हो जाइए. सबसे पहले वहां का प्रॉसपेक्टस और नियमावली को अच्छे से पढ़िए फिर एडमिशन करवाइए. गुलरिहा पुलिस ने एक ऐसा शातिर जालसाज पकड़ा है. जो आगरा में अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट नाम से एनजीओ खोलकर पैरामेडिकल कॉलेज की फ्रेंचाईजी दे रहा था. उसने प्रदेश के आगरा, प्रयागराज, गोरखपुर समेत 12 जिलों में 14 फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज खुलवाकर 800 बच्चों का फ्यूचर खराब कर दिया. जालसाज की पहचान गणेश नगर सुचेता थाना शाहगंज जिला आगरा निवासी पंकज पोरवाल के रूप में हुई. सोमवार को एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, सीओ मानुष पारिख और एसपी नॉर्थ ने विस्तार से सारी बात बताई.

## 2013 में एनजीओ रजिस्टर्ड

अधिकारियों ने जानकारी देते हुए बताया कि शातिर पंकज पोरवाल ने बकायदा आगरा के शाहगंज में अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के नाम से बोर्ड ऑफिस खोल रखा है. इसका रजिस्ट्रेशन साल 2013 में एनसीटी दिल्ली चिट फंड से कराया था. जिसमें 13 पदाधिकारी हैं. इसके बाद बतौर सोसाइटी बायलॉज बनवाकर प्रदेश भर में पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट खोलने के लिए फ्रेंचाइजी देने लगा. इसके बदले 2 से 3 लाख रुपए सम्बन्धित पैरामेडिकल कॉलेज से लेता था. साथ ही प्रत्येक छात्र /छात्रा की प्रवेश फीस और एग्जाम फीस से 30 प्रतिशत खुद ले लेता था.

PICS: DAINIK JAGRAN I NEXT




खुलासा करते एसएसपी.

## फर्जी कॉलेजों से कराया जाता था यह कोर्स

- एएनएम
- जीडीए
- मेडिकल ड्रेसर
- सीएमएस एंड ईडी
- डीएमएलटी
- डीएमआरटी
- एक्स रे
- ईसीजी
- सीएमएलटी
- डेंटल नर्सिंग
- डेंटल हाइजीनिस्ट
- डीओटीटी
- डीपीटी
- एचडीएचएम
- डायलिसिस टेक्नीशियन
- डिप्लोमा इन हेल्थ सैनिटरी
- ऑफ्थलमिक असिस्टेंट

## इन 14 पैरामेडिकल कॉलेज को दी थी फ्रेंचाइजी

| कॉलेज | संचालक |
|---|---|
| 1. जीवन छवि पैरा मेडिकल कॉलेज प्रयागराज | निरंकार त्रिपाठी |
| 2. शम्भूनाथ तिवारी कॉलेज ऑफ नर्सिंग अयोध्या | चन्द्रदेव तिवारी |
| 3. छत्रपति शिवाजी कॉलेज ऑफ साइन्स एण्ड पैरा. देवरिया | प्रशान्त कुमार कुशवाहा |
| 4. वंश पैरा मेडिकल कॉलेज फिरोजाबाद | कमल किशोर |
| 5. प्रतिभा पैरा मेडिकल एण्ड नर्सिंग कॉलेज ट्रस्ट देवरिया | प्रतिभा सिंह |
| 6. जननी पैरा मेडिकल नर्सिंग साइंस कुशीनगर | विजय प्रताप सिंह |
| 7. शौम्य सावय पैरामेडिकल देवरिया | रमाकान्त कुशवाहा |
| 8. मां विन्ध्यवासिनी पैरामेडिकल कॉलेज रानीडिहा गोरखपुर | गिरिजा त्रिपाठी |
| 9. अन्नपूर्णानन्द पैरामेडिकल बलिया | गुप्तेश्वर पाण्डेय |
| 10. रुद्रा पैरामेडिकल कॉलेज वाराणसी | डॉ. पवन साहनी |
| 11. ऑल इंडिया पैरामेडकल सीतापुर | राजीव विश्वास |
| 12. सतीश चन्द्र इन्स्टीटिट्यूट चांदपुर शाहजहांपुर | मुकेश शुक्ला |
| 13. खान हॉस्पिटल नरियावल अड्डा बरेली | डॉ. फहीम खान |
| 14. वासु पैरामेडिकल बुलन्दशहर | रुचि |

## स्टूडेंट से लेते थे शपथ पत्र

शातिर जालसाज कोर्स कराने के नाम पर मोटी रकम लेकर अब्दुल कलाम इंस्टीट्यूट और आयुष पैरामेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के नाम से अवैध और कूटरचित अंक पत्र, प्रमाण पत्र दे देते थे. अपने बचाव के लिए स्टूडेंट्स से प्रवेश के समय ही शपथ पत्र ले लेते थे. जिसकी सत्यता स्टूडेंट नहीं जानते थे. एक स्टूडेंट से सेल्फ इम्प्लामेंट कोर्स के डिप्लोमा के लिए 50 हजार से 2 लाख लेते थे.

## इस तरह हुआ पर्दाफाश

फर्जी डिग्री के आरोप में कुशीनगर की हाटा पुलिस ने चौरीचौरा के विशम्भरपुर निवासी विजय प्रताप सिंह को जेल भेजा था. जेल से छूटने के बाद गिरोह के बारे में उसने कोर्ट द्वारा 156(3) के तहत चौरीचौरा थाने में जनवरी 2023 में केस दर्ज कराया. केस गुलरिहा पुलिस को ट्रांसफर हुआ. जिसके बाद जांच में आया कि सभी कोर्स बिना किसी विधिक मान्यता के कराया जा रहा था. जिसकी कोई भी शासकीय व गैर शासकीय संस्था मे विधिक मान्यता नहीं है.

## ये हैं 13 पदाधिकारी

एनजीओ में 13 पदाधिकारी हैं. जिसमे सचिव शातिर पंकज पोरवाल है. उसका भाई इन्दीवर पोरवाल, पत्नी कंचन पोरवाल, चाचा जयवीर प्रसाद, मित्र अनिरुद्ध, नरेश कुमार, निखिल , कमलकान्त, कुलदीप वर्मा, सुरेन्द्र कुमार, रुची गुप्ता, दर्शन खट्टरी, प्रेमचन्द्र, मोहित कुमार सदस्य है. यह सब भी नामजद आरोपी बनाए गए है.

# नाबालिग से रेप का आरोपी गिरफ्तार

बड़हलगंज। कोतवाली पुलिस ने नाबालिग को अगवा कर रेप के आरोपी बढ़या टीकुर गांव निवासी अमित निषाद को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया जहां से जेल भेज दिया गया। पुलिस ने आरोपी के साथ नाबालिग को भी बरामद कर लिया। कोतवाल कल्यान सिंह सागर ने बताया कि 27 दिसंबर 2022 को आरोपी ने नाबालिग का अपहरण कर दुष्कर्म किया था। नाबालिग की मां की तहरीर पर आरोपी पर पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था।

# नौकरी के नाम पर ठगी करनेवाला गिरफ्तार

गोरखपुर। रामगढ़ताल पुलिस ने जॉब के नाम पर ठगी करने के आरोपी इंद्रानगर के दिग्विजय यादव को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त दिग्विजय ने एक महिला से नौकरी दिलाने के नाम पर 4,30,000 रुपये ले लिया था। दूसरी तरफ स्थानीय पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपी नन्हे पासवान निवासी खोराबार को भी सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

# दो बदमाशों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित

गोरखपुर। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने सोमवार को दो बदमाशों पर 10-10 हजार का इनाम घोषित किया है। एक बदमाश गोला का नितेश यादव है जिसपर गगहा थाने में अपहरण, रेप व पास्को के आरोप में केस दर्ज है। वह 2021 से फरार है। वहीं दूसरा बिहार के मुज्जफरपुर का जावेद है। उसपर भी चौरीचौरा में वर्ष 2021 में रेप का केस दर्ज है। वह तभी से फरार है।

# बिजली बिल का मैसेज भेज 60 हजार उड़ाए

पादरी बाजार। बिजली का फर्जी बिल भेज कर जालसाज ने जेल रोड स्थित मधुसुदन अपार्टमेंट निवासी डॉ जवाहर लाल से 60 हजार रुपये ठग लिए। तहरीर के अनुसार 14 जुलाई को अनजान नंबर से बिजली बिल जमा करने का मैसेज आया। लिखा था कि बिल जमा नही करने पर कनेक्शन कट जाएगा। उस नंबर पर उन्होंने फोन किया तो जालसाज ने एनीडेस्क एप डाउनलोड करा दी और पीड़ित के बैंक डिटेल ले ली। कुछ देर बाद खाते से 60 हजार उड़ा दिये।

# भ्रष्टाचार के जुर्म में तीन साल की सजा

गोरखपुर। भ्रष्टाचार के मामले में विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम तनु भटनागर ने बस्ती जिले के परसहर स्थित साधन सहकारी समिति लिमिटेड के तत्कालीन सचिव एवं खाद्यान्न वितरणकर्ता अभियुक्त सुरेश चंद्र नायक को तीन साल के कठोर कारावास एवं एक लाख रुपए अर्थदंड से दण्डित किया है। अर्थदंड न देने पर अभियुक्त को छह माह का कारावास अलग से भुगतना होगा।

# 10 हजार के इनामी गैंगस्टर को भेजा जेल

खोराबार। खोराबार पुलिस ने सोमवार को 10 हजार के इनामी गैंगस्टर निखिल साहनी पुत्र मुन्नीलाल साहनी निवासी खोराबार सूबा बाजार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। उसके खिलाफ खोराबार थाने में गैंगस्टर एक्ट के तहत केस दर्ज हुआ था। उसी समय से वह फरार चल रहा था।

पुलिस ने बताया कि निखिल का एक सुसंगठित गैंग है जिनके द्वारा अपने व साथियों के साथ अनुचित, भौतिक, आर्थिक व बुनियादी लाभ हेतु आए दिन चोरी, नकबजनी जैसे अपराध करता रहता। उसकी गिरफ्तारी के लिए एसएसपी ने 10 हजार का इनाम घोषित किया था। खोराबार इंस्पेक्टर ने बताया कि उसके खिलाफ चार केस दर्ज हैं।

# वसूली में दो सिपाही निलंबित किए गए

गोरखपुर। गुलरिहा थाने के दो सिपाहियों को वसूली करना महंगा पड़ गया। एसएसपी डॉ गौरव ग्रोवर ने दोनों सिपाहियों अग्निवेश कुमार एवं ओम प्रकाश को सस्पेंड कर दिया। दोनों की विभागीय जांच भी शुरू हो गई है।

दरअसल दोनों सिपाही बीते मंगलवार को महराजगंज के पनियरा चले गए। वहां कच्ची शराब के अड्डे से 45 हजार वसूल लिया। जब एसओ से शिकायत हुई तो उन्होंने 45 हजार वापस कराया। एक सिपाही को अपना हमराही बनाया तो दूसरे को मेडिकल कालेज चौकी पर भेज दिया। मामला एसएसपी तक पहुंचा तो उन्होंने दोनों को सस्पेंड कर दिया गया।

# आरोपी गया जेल, खोला दवा की दलाली का खेल

**फॉलोअप**

- जिला अस्पताल के आर्थो सर्जन की ओटी में घुस कर धमकाया था प्रमोद ने
- बाहर की दवा पर 40 प्रतिशत डॉक्टर और इतना ही दलाल का कमीशन

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। जिला अस्पताल के आपरेशन थिएटर में डाक्टर की कुर्सी पर बैठने और रंगदारी के लिए धमकी देने वाले दलाल प्रमोद सिंह को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहां से उसे जेल भेज दिया गया। हालांकि इससे पहले पुलिस ने दलाल से कई बिंदुओं पर पूछताछ की जिसमें उसने कई सनसनीखेज खुलासे किए हैं। जिला अस्पताल में दवा के नाम पर चल रहे कमीशन के खेल को उजागर किया है।

पुलिस की पूछताछ सामने आया है कि तीन हिस्सों में कमीशन का खेल चलता है। कमीशन में तीन हिस्सा लगता है। 40 प्रतिशत दलाल और 40 प्रतिशत डॉक्टर तथा 20 प्रतिशत दवा दुकानदार का हिस्सा होता है। कमीशन देने पर ही डॉक्टर बाहर की दवा लिखते हैं। बाहर की दवा चलाने के लिए डॉक्टर को एडवांस में कमीशन का पैसा दिया जाता है और उसके बाद जैसे-जैसे दवा की ब्रिकी होती उसी हिसाब से बाकी दो हिस्सा लगता है।

बांसगांव के रहने वाले प्रमोद सिंह पर चार सितंबर को कोतवाली थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिला अस्पताल के डा. आरके सिंह की शिकायत पर कार्रवाई हुई थी। आरोप है कि प्रमोद अपने साथियों संग आर्थो की ओटी में पहुंचा और डाक्टर की कुर्सी पर बैठ गया। बाहर जाने के लिए उन्होंने कहा तो धमकी देने लगा। कर्मचारियों के विरोध करने पर साथियों को बुलाकर गाली देने लगा। पुलिस के पहुंचने पर फरार हो गया था। हिरासत में लेकर पूछताछ करने के बाद पुलिस ने इस मामले में रंगदारी की धारा बढ़ा दी थी जिसके बाद उसे गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया है।

## डॉक्टर की गाड़ी चलाते सीखा दलाली का खेल

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि प्रमोद सिंह पर यह दूसरा केस है। 2019 में भी उसका एक डॉक्टर से विवाद हुआ था। उस मामले में भी सरकारी कार्य में बाधा सहित अन्य धारा में केस दर्ज हुआ था। उन्होंने बताया कि प्रमोद सिंह जिला अस्पताल के ही एक डॉक्टर की पहले गाड़ी चलाता था। वहीं से वह इस दलाली के धंधे में घुसा था।

# फर्जी बोर्ड बना बांट दी पैरामेडिकल की डिग्री

**खुलासा**

- गोरखपुर पुलिस ने मास्टर माइंड को आगरा से गिरफ्तार किया
- आयुष पैरामेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के नाम से था पंजीकरण
- 2013 से चल रहे फर्जीवाड़े में 800 छात्रों का इनरोलमेंट



पुलिस शिकंजे में मास्टर माइंड

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। प्रदेश भर में छात्रों के साथ पैरा मेडिकल शिक्षा के नाम पर फर्जी बोर्ड और कालेज संचालित कर जालसाजी का एक बड़ा गिरोह सामने आया है। गोरखपुर पुलिस ने मास्टर माइंड आगरा के पंकज पोरवाल को गिरफ्तार कर सोमवार को इसका खुलासा किया। गिरोह ने आयुष पैरामेडिकल काउंसिल ऑफ इण्डिया नाम से संस्था का रजिस्ट्रेशन कराकर अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के नाम से कालेज खोला। फिर प्रदेश भर के 12 जिलों में 14 कालेज खोल कर फर्जीवाड़ा करने लगे। दस साल से चल रहे इस फर्जी इंस्टीट्यूट से अब तक 800 अभ्यर्थियों को डिग्री बांटी जा चुकी है। वर्तमान में भी 200 अभ्यर्थी कोर्स कर रहे हैं।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने बताया कि चौरीचौरा थाने में एक कालेज संचालक विजय प्रताप सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया था। आरोप था कि अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट नामक संस्था के संचालक सहित अन्य पदाधिकारियों ने उसके साथ जालसाजी की है। जांच में पता चला कि यह संस्था पैरा मेडिकल से जुड़ा जो भी कोर्स करा रही है, उसकी मान्यता नहीं है। संस्था द्वारा जारी अंकपत्र व प्रमाण पत्र अवैध व कूटरचित है। संस्था ने पैरामेडिकल बोर्ड संचालित करने के लिए किसी भी सक्षम मेडिकल फैकल्टी के अधिकारी से न तो अनुमति ली है और न ही रजिस्ट्रेशन करया है। फर्जीवाड़े की पुष्टि होने पर पुलिस ने संस्था के संचालक आगरा के शाहगंज थाना क्षेत्र स्थित 15 गणेश नगर सुचेता को पंकज पोरवाल को गिरफ्तार कर लिया।

➤जेल गया तो खुलासा P04

## चौरीचौरा के विजय प्रताप ने कुशीनगर के हाटा में खोला था पैरामेडिकल कॉलेज, छात्रों ने दर्ज कराया था केस

# संचालक जेल गया तब खुला फर्जीवाड़ा

गोरखपुर, वरिष्ठ संवाददाता। चौरीचौरा के विश्वभरपुर निवासी विजय प्रताप सिंह ने फर्जीवाड़ा के खुलासे में अहम योगदान दिया। संस्था से जुड़े लोगों ने विजय प्रताप को पैरा मेडिकल की फ्रेंचाइजी दी थी। कुशीनगर जिले के हाटा स्थित जननी पैरामेडिकल एवं नर्सिंग साइंस इंस्टीट्यूट के नाम से उन्होंने कालेज खोला और छात्रों का प्रवेश लिया। सरकारी तथा गैर सरकारी नौकरियों में पैरामेडिकल एवं नर्सिंग स्टाफ, टेक्नीशियन आदि की भर्ती में जब छात्रों ने संस्था का प्रमाणपत्र लगाया तब स्वास्थ्य विभाग ने इसे फर्जी बता दिया। छात्रों ने विजय प्रताप सिंह पर केस दर्ज कराया और पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

उधर, जेल में रहते हुए आरोपी विजय प्रताप ने खुद को जालसाजी का शिकार बताते हुए 156 (3) के तहत कोर्ट में प्रार्थनापत्र दिया था। कोर्ट के आदेश पर अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ एजुकेशन, शाहगंज आगरा के सचिव पंकज पोरवाल, कथित प्रशासनिक अधिकारी इंदर पोरवाल आदि पर 13 जनवरी 2023 को चौरीचौरा थाने में केस दर्ज किया गया। इन पर फर्जी दस्तावेज तैयार कर षड्यंत्र के तहत पैरामेडिकल कोर्सेस से संबंधित कालेज की फ्रेंचाइजी बांटने, धोखाधड़ी करने की विवेचना दरोगा दिनेश कुमार को सौंपी गई। विवेचना में अनियमितता की शिकायत विजय कुमार ने अधिकारियों सहित कोर्ट से भी की थी। कई बार आरोपियों द्वारा मामले को मैनेज करने का प्रयास किया गया था। विवेचना में अनियमितता को देखते हुए केस को चौरीचौरा से गुलरिहा थाने के दरोगा शेष कुमार शर्मा को ट्रांसफर किया गया था। विवेचक ने अब्दुल कलाम ग्रुप आफ एजुकेशन को नोटिस जारी कर जांच शुरू की तो फर्जीवाड़ा सामने आया।

**दिल्ली में एनजीओ का रजिस्ट्रेशन, यूपी में चला रहा था कॉलेज :** जांच में सामने आया कि पंकज पोरवाल ने संस्था का पंजीकरण वर्ष 2013 में एनसीटी दिल्ली चिट फन्ड में कराया गया था। उसने अपने बायलॉज में अब्दुल कलाम सर्व शिक्षा अभियान जैसा वाक्य लिखवा रखा था। अब्दुल कलाम इंस्टीट्यूट व आयुष पैरामेडिकल काउंसिल ऑफ इण्डिया के नाम से अवैध व कूटरचित अंक पत्र व प्रमाण पत्र देता था। पुलिस के अनुसार आरोपित पंकज ही परीक्षा दिलवाता था। वही कंट्रोलर था। उसने सरकार के समानांतर अपनी एक फर्जी संस्था खोल रखी थी।



सोमवार को पकड़े गए जालसाज के बारे में जानकारी देते एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर।

### इन कोर्स की डिग्री, जिसका नौकरी में कोई मतलब नहीं

एएनएम, जीडीए, मेडिकल ड्रेसर, सीएमएस एंड ईडी, डीएमएलटी, डीएमआरटी, एक्स-रे, ईसीजी, सीएमएलटी, सीसीसीई, डेंटल नर्सिंग, डेंटल हाईजेनिस्ट, डीओटीटी, डायलिस टेक्निकल, डिप्लोमा इन हेल्थ सेनिटरी ओपथलेमिक एसिस्टेंट, डीपीटी, एचडीएचएचएम।

### कॉलेज संचालकों को भेजा पत्र

अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट की बोर्ड ऑफिस शाहगंज आगरा द्वारा बांटी गई फ्रेंचाइजी पर संचालित प्रदेश भर के 14 कालेजों को पुलिस ने नोटिस भेजा है। इनमें एक कालेज जहां गोरखपुर का है वहीं सर्वाधिक कॉलेज देवरिया जिले से संचालित हो रहे हैं। जबकि एक कालेज कुशीनगर में है। इन कॉलेजों के संचालक से पुलिस जवाब मांगेगी।

### पदाधिकारियों पर गैंगस्टर की तैयारी

अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट का संचालन करने वाली सोसाइटी के सभी 14 पदाधिकारियों पर गैंगस्टर की कार्रवाई कर उनकी सम्पति जब्त करने की भी तैयारी पुलिस ने शुरू कर दी है।

### फ्रेन्चाइजी के नाम पर वसूले दो से तीन लाख

गोरखपुर। पकंज ने बताया कि अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट के नाम से आगरा के शाहगंज में उसका बोर्ड ऑफिस है। इसमें उसके अलावा 13 अन्य लोग शामिल हैं, जो बोर्ड के पदाधिकारी हैं। प्रदेश के अलग-अलग जनपदों में खुद कालेज खोलकर या फ्रेन्चाइजी देकर विभिन्न कोर्स के नाम पर पैसा लिया जाता है। एसएसपी ने बताया के फ्रेन्चाइजी देने के बदले कालेजों से यह गिरोह 2 से 3 लाख रुपये वसूलता था। गिरोह प्रवेश लेने वाले छात्रों की फीस का 30 प्रतिशत तथा परीक्षा कराने के दौरान भी पैसा लेता था। एसएसपी ने बताया कि जिन लोगों ने संस्था की फ्रेन्चाइजी ली है, हो सकता है उनके साथ भी जालसाजी हुई है। ऐसे में सभी को पत्र लिखकर अपना पक्ष रखने को कहा जा रहा है।

### 12 जिलों में संचालित 14 पैरामेडिकल कॉलेज

- मां विन्धवासिनी पैरामेडिकल कालेज, रानीडीहा, जनपद गोरखपुर, संचालिका गिरिजा त्रिपाठी
- प्रतिभा पैरा मेडिकल एण्ड नर्सिंग कालेज, देवरिया मीर, देवरिया, संचालिका प्रतिभा सिंह
- छत्रपति शिवाजी कालेज ऑफ साइन्स एण्ड पैरामेडिकल, निकट हनुमान मंदिर महावीर लेन देवरिया, संचालक प्रशान्त कुमार कुशवाहा
- जननी पैरा मेडिकल एंड नर्सिंग साइन्स, निकट हनुमान चौराहा हाटा, कुशीनगर, संचालक विजय प्रताप सिंह
- शौम्य साक्य पैरामेडिकल, देवरिया, संचालक रमाकान्त कुशवाहा
- जीवन छवि पैरा मेडिकल कालेज, 62 नीम सराय पीडीए कालोनी मुण्डेरा प्रयागराज, संचालक निरंकार त्रिपाठी
- शम्भूनाथ तिवारी कालेज ऑफ नर्सिंग, गंगौली, पुरा बाजार, अयोध्या, संचालक चन्द्रदेव तिवारी
- वंश पैरा मेडिकल कालेज, सिरसागंज, जनपद फिरोजाबाद, संचालक कमल किशोर
- अन्नपूर्णानन्द पैरामेडिकल कालेज, चरजपुरा बैरिया मोड़, बलिया, संचालक गुप्तेश्वर पाण्डेय
- रुद्रा पैरामेडिकल कालेज, रामनगर मोड़, वाराणसी, संचालक डॉ. पवन साहनी
- ऑल इण्डिया पैरामेडकल कालेज, उर्दौली घुणपुरा, सीतापुर, संचालक राजीव विश्वास
- सतीश चन्द्र इंस्टीट्यूट, चांदपुर, शाहजहापुर, संचाकल मुकेश शुक्ला
- सान हास्पिटल, नरियावल अड्डा, बरेली, संचालक डॉ. फहीम खान
- वाशु पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट, पावर स्टेशन के पास गंगा कालोनी, नरौना, बुलन्दशहर, संचालिका रुचि।

## सब्जी लेने बाजार गया किशोर गायब, केस दर्ज

करमैनीघाट : कैंपियरगंज भैंसला के रहने वाले रमेश साहीन का पुत्र सुनील रविवार से गायब है। वह घर से बाजार सब्जी लेने निकला था। पुलिस केस दर्ज कर किशोर की तलाश में जुटी है। मां सुमित्रा ने बताया कि उसके पति गुजरात में रहकर पेंट पालिश करते हैं।

## सरयू पुल से कूदी युवती नाविक ने बचाया

बड़हलगंज : बड़हलगंज-दोहरीघाट सरयू पुल से सोमवार को एक युवती ने नदी में छलांग लगा दी। युवती को कूदता देख मुक्तिपथ पर मौजूद नाविक नागेन्द्र साहनी ने नदी में उतर युवती को बचा लिया। पूछताछ में उसने बताया कि वह अपने दोस्त की परेशानी से आहत थी। इसी वजह से आटो से बड़हलगंज पहुंची और नदी में कूद गई। कोतवाली पुलिस की सूचना पर पहुंचे स्वजन युवती को घर ले गए। (जासं)

# डाक्टर को धमकाने व रंगदारी मांगने वाले को भेजा गया जेल

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : जिला अस्पताल में डाक्टर को धमकाने व रंगदारी मांगने के आरोपित को कोतवाली थाना पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। छानबीन में पता चला कि वह मूल रूप से बस्ती जिले का रहने वाला है। उस पर वर्ष 2019 में भी सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज हो चुका है। पूछताछ में आरोपित ने जिला अस्पताल में दलाली करने वाले कई लोगों का नाम बताया जिनकी तलाश चल रही है।

एसपी सिटी कृष्ण कुमार बिश्नोई ने बताया कि बस्ती, मुंडेरवा के सोनखर गांव का रहने वाला महेंद्र प्रताप सिंह उर्फ प्रमोद अपना पता सबसे छिपाता था। जिला अस्पताल के लोगों को भी मालूम था कि वह बांसगांव क्षेत्र का रहने वाला है। मुकदमा दर्ज होने के बाद जांच में पता चला कि वह बस्ती जिले का रहने वाला है। पहले वह जिला अस्पताल के एक डाक्टर की गाड़ी चलाता था। उनका तबादला होने के बाद रोगियों को गुमराह कर दलाली करने लगा। आरोपित से पूछताछ में कई अन्य लोगों के नाम सामने आए हैं, जिनकी तलाश चल रही है।

## यह है मामला

जिला अस्पताल के डा. आरके सिंह चार सितंबर को आर्थो की ओटी में बैठे थे। इसी दौरान प्रमोद सिंह साथियों संग पहुंचा और डाक्टर की कुर्सी पर बैठ गया। बाहर जाने के लिए कहने पर धमकी देने लगा। कर्मचारियों के विरोध करने पर साथियों को बुलाकर गाली देने लगा। डाक्टर की तहरीर पर सरकारी कार्य में बाधा डालने, धमकी देने और रंगदारी मांगने का मुकदमा दर्ज किया था।

# मनबढ़ युवकों ने शरणदाता संतों को पीटा, शिकायत

**उनवल** : झारखंडेश्वर महादेव कुटिया में संतों द्वारा एक वृद्ध को भोजन देना महंगा पड़ गया। वृद्ध पिता से नाराज पुत्रों ने संतों को कमरे में बंदकर पिटाई कर दी। संत जोखू दास व रामजी दास ने खजनी थाने में पहुंचकर मनबढ़ों के विरुद्ध तहरीर दी है। थाना प्रभारी राजेश कुमार ने बताया कि उनवल चौकी पुलिस मामले की जांच कर रही है। (जास)

# पुलिस ने ट्रक से बरामद किया 25 गोवंश, छह मृत पाए गए

जागरण संवाददाता, बड़हलगंज : रामजानकी मार्ग स्थित टेढ़िया बंधे के पास से कोतवाली पुलिस ने गोवंश लदा ट्रक पकड़ा। पुलिस ने उस पर लदे दो दर्जन पशु बरामद किए। इसमें से छह की मृत्यु हो चुकी थी। पशुओं को पुलिस ने पास क्षेत्र में स्थित गोशाला में रखवा दिया है। वहीं मृत पशुओं का पशु चिकित्सक की टीम ने पोस्टमार्टम किया। पुलिस ने ट्रक को कब्जे में ले लिया है।

कोतवाल कल्यान सिंह सागर के अनुसार भोर के समय दोहरीघाट की तरफ से एक ट्रक आता देख रोकने के लिए हाथ दिया गया, लेकिन चालक ट्रक लेकर भागने लगा। पीछा करने पर टेढ़िया बंधे के पास चालक और खलासी ट्रक छोड़कर फरार हो गए।

## 12 गोवंश लदे दो पिकअप के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

जासं, गोला: छितौना मोड़ पर सोमवार को गोला पुलिस ने दो पिकअप के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। दोनों गाड़ियों से 12 गोवंश बरामद हुए। तस्करों की पहचान पुलिस ने आजमगढ़ के सरायमीर पारा के जावेद आलम, गहनी के हेसामुद्दीन और पहरौला महियापार के मोबिन के रूप में की।

थाना प्रभारी गोला धीरेंद्र राय ने बताया कि तस्करों ने पूछताछ में बताया कि वह दिन के समय गांव गांव में रेकी करते थे। पशुओं की संख्या जहां ज्यादा मिलती थी। वहां से रात में गाड़ी पर लाद दिया जाता था। इसके बाद बिहार के सिवान में ले जाकर बेच देते थे।

# दुकान के लिए निकली युवती की हत्या, दो युवक हिरासत में

## शाहपुर क्षेत्र की रहने वाली थी, सिसई घाट पर बरामद हुआ शव

जागरण संवाददाता, पीपीगंज : दुकान पर जाने के लिए रविवार को सुबह घर से निकली युवती का शव सोमवार को सिसई घाट पर राप्ती नदी किनारे झाड़ी में मिला। शाहपुर क्षेत्र की युवती विजय चौक पर स्थित साड़ी की दुकान पर काम करती थी। खोजबीन में जुटे स्वजन ने पुलिस को सूचना नहीं दी थी। इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे फोटो के देख भाई ने पहचान की। रात में अज्ञात के विरुद्ध हत्या कर शव फेंकने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया। सर्विलांस की मदद से छानबीन में जुटी पीपीगंज थाना पुलिस ने दो युवकों को हिरासत में लिया है, जिनसे पूछताछ चल रही है।

सोमवार की सुबह गांव के लोगों ने संतकबीरनगर को जोड़ने वाले जसवल- सिसई मार्ग पर राप्ती के नदी किनारे झाड़ी में 22 वर्षीय युवती का शव देखा। आशंका जताई जा रही थी कि हत्या करने के बाद शव को लाकर फेंका गया है। फोरेंसिक टीम के साथ पहुंचे एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पहचान के लिए फोटो को पुलिस के वाट्सएप ग्रुप पर डाला। कुछ ही देर में फोटो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुई तो सुड़िया कुआं के पास रहने वाला विजय कुमार शाहपुर थाने पहुंचा। पुलिसकर्मियों को बताया कि पीपीगंज में मिला शव उसकी बहन मुस्कान उर्फ रूपांजली का है। पीपीगंज पुलिस स्वजन को मोर्च्यूरी ले गई। पहचान होने के बाद सर्विलांस की मदद से खोजबीन शुरू की। विजय चौक स्थित दुकान पर थाने की टीम पहुंची तो पता चला कि दो युवकों से उसकी दोस्ती थी। पीपीगंज थाना पुलिस दोनों युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।



मुस्कान, फाइल फोटो सौ. इंटरनेट मीडिया

- विजय चौक पर स्थित साड़ी की दुकान पर काम करती थी मुस्कान उर्फ रूपांजली
- भाई ने अज्ञात के विरुद्ध हत्या कर शव फेंके जाने का आरोप लगाते हुए दर्ज कराया मुकदमा

### नहीं पहुंची थी दुकान, स्वजनों ने जताई अनहोनी की आशंका

परिवार के लोग मुस्कान के साथ अनहोनी की आशंका जता रहे हैं। सुबह 10 बजे घर से दुकान जाने की बात कह वह निकली थी। छानबीन करने पर पता चला कि वह दुकान पर नहीं गई थी। पुलिस ने दुकान व उसके आसपास लगे सीसी कैमरे का फुटेज देखा तो इसकी पुष्टि हुई।

युवती के शरीर पर कोई जाहिरा चोट के निशान नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु की वजह स्पष्ट होगी। शाहपुर क्षेत्र से वह पीपीगंज के जसवल कैसे पहुंची इसकी जांच चल रही है। कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। जल्द ही गुत्थी सुलझा ली जाएगी।

**डा. गौरव ग्रोवर, एसएसपी**

### यह और अन्य खबरें देखें

https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# गैंगस्टर के आरोपित को भेजा जेल

जासं., गोरखपुर : रामगढ़ताल थाना पुलिस ने गैंगस्टर के आरोपित 10 हजार के इनामी नन्हे पासवान को सोमवार की सुबह गिरफ्तार किया। न्यायालय ने उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि पकड़ा गया आरोपित खोराबार का रहने वाला है।

# बढ़ते हादसे बता रहे बस नाम की रह गई है सड़क सुरक्षा समिति

सतीश पांडेय • गोरखपुर

**2** वर्ष से नहीं हो रही नियमित बैठक, यातायात निदेशालय नाराज, समिति को हर माह सार्वजनिक करनी है हादसे की जानकारी

**2023** में समिति की पिछली बैठक हुई थी लेकिन इसकी सूचना सार्वजनिक नहीं की गई ऐसा दावा किया जा रहा है

जिला सड़क सुरक्षा समिति अपना काम नहीं कर रही है। लापरवाही की स्थिति यह है कि पिछले दो वर्ष से समिति की नियमित बैठक नहीं हो रही। यातायात निदेशालय के अधिकारियों ने समीक्षा की तो सामने आया कि सड़क सुरक्षा समिति में शामिल विभाग के अधिकारी अपनी जिम्मेदारी को लेकर गंभीर नहीं हैं। इसकी वजह से हर वर्ष हादसे बढ़ रहे हैं। पिछली बैठक में जो निर्णय लिए गए उस पर काम नहीं हुआ।

जिले में लगातार बढ़ रही दुर्घटनाओं की वजह तेज रफ्तार, नशे में वाहन चलाना, हेलमेट व सीट बेल्ट न लगाना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग और सड़कों की खराब इंजीनियरिंग है। जिला सड़क सुरक्षा समिति का दायित्व है कि हर माह बैठक कर खामियों की समीक्षा कर इसे दूर करने का उपाय करे, लेकिन परिवहन, लोक निर्माण और यातायात विभाग के अधिकारी ऐसा नहीं कर रहे हैं। दावा है कि जुलाई, 2023 में समिति की पिछली बैठक हुई, लेकिन इसकी सूचना सार्वजनिक नहीं की गई।

फैसले भी कई हुए, लेकिन अमल नहीं। हादसे रोकने के लिए जिला सड़क सुरक्षा समिति कितनी गंभीर है आंकड़े खुद ही बयां कर रहे हैं। इस वर्ष जनवरी से लेकर अब तक जिले में कुल 840 दुर्घटनाएं हो चुकी हैं जिसमें 365 लोगों की मृत्यु और 545 लोग घायल हुए हैं। पिछले वर्ष जनवरी से सितंबर के बीच 405 दुर्घटनाएं हुई थी जिसमें 155 लोगों की मृत्यु हुई थी।

**समिति में शामिल हैं ये अधिकारी** : जिले में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की वजह जानने और इसका समाधान कराने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार को हर जिले सड़क सुरक्षा समिति का गठन करने का आदेश दिया था। जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति में परिवहन, यातायात पुलिस, लोकनिर्माण विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारियों के अलावा आटो मोबाइल्स यूनियन के पदाधिकारी सदस्य हैं। हर माह बैठक कर यह समिति न सिर्फ सड़क दुर्घटनाओं की समीक्षा करती है, बल्कि उन्हें रोकने के लिए कदम भी उठाती है। निर्देश है कि बैठक के बाद अधिकारी इसकी रिपोर्ट सार्वजनिक करेंगे।



कोनी स्थित फोरलेन का ब्लैक स्पाट • जागरण

### इन मुद्दों पर चर्चा तो हुई लेकिन अमल नहीं

- तीव्र मोड़ व कट के पास संकेतक लगवाया जाएं।
- हाईवे पर हादसे की वजह से बने अवैध कट बंद कराया जाए।
- कोहरे मे हादसा न हो इसके लिए सड़क पर सफेद पट्टी का निर्माण कराया जाए।
- खराब इंजीनियरिंग की वजह से हादसे का केंद्र बने कोनी व कालेसर पर नए सिरे से सड़क का निर्माण हो।
- घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले मददगार (गुड सेमेरिटन) को सम्मानित किया जाए, ऐसा नहीं हो रहा।



### समिति की यह है जिम्मेदारी

दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जिला सड़क सुरक्षा समिति को ऐसे स्थान, जहां लगातार हादसे हो रहे हैं, उन्हें ब्लैक स्पाट के रूप में चिह्नित करते हुए कमियों को दूर कराना होता है। दुर्घटना के बाद घायल को तुरंत उपचार मिल सके, इसके लिए प्रमुख मार्गों पर एंबुलेंस की उपलब्धता और नजदीकी अस्पतालों मे उपचार की उपलब्धता भी सुनिश्चित करना समिति का काम है ताकि समय पर घायल को उपचार देकर उसकी जान बचाई जा सके।

**840** दुर्घटनाएं हो चुकी है जनवरी से अब तक

"जुलाई के बाद से जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक नहीं हुई है। यह बैठक लोक निर्माण विभाग के अधिकारी बुलाते हैं और हादसे के आंकड़े भी वही जारी करते हैं।

**संजय कुमार झा**, संभागीय परिवहन अधिकारी (प्रवर्तन)

यातायात व्यवस्था को लेकर रोजाना बैठक होती है। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक कब हुई, इसकी जानकारी नहीं है। मेरी अनुपस्थिति मे यातायात निरीक्षक इसमें शामिल हुए होंगे।"

**श्यामदेव**, एसपी यातायात

# भूखे पिता को भोजन कराने पर साधुओं को पीटा

## खजनी इलाके में झारखंडेश्वर महादेव की कुटिया में हुई घटना, केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

उनवल। खजनी थाना क्षेत्र झारखंडेश्वर महादेव की कुटिया में पहुंचे भूखे बुजुर्ग को भोजन कराना साधुओं को महंगा पड़ गया। नाराज पुत्रों ने भोजन कराने की बात को लेकर साधुओं से मारपीट की। घायल दो साधू का स्वास्थ्य केंद्र में उपचार कराया गया। पुलिस दो साधू की तहरीर पर केस दर्ज कर जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, घटना झारखंडेश्वर महादेव के परिसर की है, जहां रविवार रात नौ बजे साधू भोजन कर रहे थे। उसी दौरान कोठा निवासी बैगन तिवारी बिलखते हुए पहुंचे। साधुओं ने बुजुर्ग को भोजन कराया और ढांढस देकर समझाया।

बुजुर्ग वहीं कुटिया पर रात गुजारने के चक्कर में थे। उसी दौरान बुजुर्ग के पुत्र हन्नु त्रिपाठी अपने कुछ सहयोगियों के साथ कुटिया पर पहुंचे और पिता को लेकर चले गए।

कुछ देर बाद व गोलबंद होकर आया और साधुओं को कमरे में बंद कर बुरी तरह से मारा पीटा। अगल-बगल के लोगों के पहुंचने पर सभी फरार हो गए। पुलिस ने साधू जोखू दास व रामजी दास की तहरीर पर केस दर्ज किया।

# 10 हजार के इनामी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

गोरखपुर : खोराबार पुलिस ने सोमवार को 10 हजार के इनामी गैंगस्टर सूबा बाजार के निखिल साहनी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी जयंत सिंह ने बताया कि निखील गिरोह बनाकर आपराधिक घटनाओं को अंजाम देता था। गैंगस्टर की कार्रवाई के बाद से ही पुलिस इसकी तलाश कर रही थी।

# किशोरी के अपहरण मामले में पुलिस ने दर्ज किया केस

**उनवल** : खजनी थाना पुलिस ने सोमवार को किशोरी के अपहरण मामले में अभय चौधरी पर केस दर्ज किया है। पुलिस ने यह कार्रवाई किशोरी की मां की तहरीर पर की है। मां ने बताया कि उनकी बेटी पांच सितंबर की सुबह घर से विद्यालय जाने के लिए निकली। इसके बाद घर वापस नहीं आई। जांच में पता चला कि आरोपित ने उसका अपहरण कर लिया है।

# किशोरी का अपहरण करने के दो आरोपित गिरफ्तार

गोरखपुर : अलग-अलग थानों की पुलिस ने सोमवार को किशोरियों का अपहरण करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। झंगहा संवाददाता के अनुसार किशोरी का अपहरण करने वाले आरोपित अभिषेक पासवान को पुलिस ने बेलही मोड़ के पास से गिरफ्तार किया। उसके विरुद्ध किशोरी की मां ने 16 अगस्त को तहरीर देकर केस दर्ज कराया था। बड़हलगंज संवाददाता के अनुसार किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म करने वाले आरोपित अमित को बड़हलगंज कोतवाली पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया।

# पत्नी की पिटाई कर तेजाब फेंकने वाला गिरफ्तार

**कैंपियरगंज** : थाना पुलिस ने सोमवार को पत्नी की पिटाई कर तेजाब फेंकने वाले आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसकी पहचान बरगदही के शनिचरहिया के दुर्गेश वर्मा के रूप में की है। पुलिस ने आरोपित को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी कैंपियरगंज अनूप सिंह ने बताया कि आरोपित की पत्नी पिंकी सोनी ने तहरीर देकर बताया था 23 अगस्त को पति ने मारने-पीटने के बाद उस पर तेजाब फेंक दिया।

# पीपीगंज में युवती की हत्या कर फेंकी गई लाश मिली, केस दर्ज

## शाहपुर की रहने वाली युवती गोलघर में कपड़े की दुकान पर करती थी काम, दो हिरासत में

अमर उजाला ब्यूरो

**पीपीगंज (गोरखपुर)।** शाहपुर इलाके के एल्युमिनियम फैक्ट्री के पास रहने वाली रुपाजंली (26) की हत्या कर फेंकी गई लाश मिली। सोमवार को पीपीगंज के जसवल चौराहे के पास उसका शव मिला। आशंका है कि गला दबाकर हत्या की गई है।

पुलिस ने भाई की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया है। पुलिस ने जांच शुरू करते हुए युवती के मोबाइल फोन को कब्जे में ले लिया है। उसकी सीडीआर के इंतजार में है। पुलिस ने युवती के पुरुष मित्र समेत दो युवकों को हिरासत में लिया है। बताया गया कि पुरुष मित्र युवती के साथ दुकान पर काम करता था।

जसवल चौराहे से राप्ती नदी पर स्थित सिसई पुल के मध्य सड़क के किनारे झाड़ियों में सुबह करीब सात बजे स्थानीय ग्रामीणों ने शव देखा और पीपीगंज पुलिस को सूचित किया। एसपी नार्थ मनोज कुमार अवस्थी व एसओ आशीष कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे।

पुलिस ने अगल-बगल के गांवों में शव की पहचान के लिए प्रयास किया, लेकिन शिनाख्त नहीं हो पाई थी। देर शाम सोशल मीडिया पर फोटो देखकर परिजन थाने पहुंच गए थे। पुलिस के साथ मेडिकल कॉलेज में जाकर शिनाख्त किए। पिता राजेंद्र ने पुलिस को बताया कि बेटी गोलघर के कपड़े की दुकान पर काम करती थी।

रविवार को दुकान पर जाने की बात कहते हुए घर से निकली थी, लेकिन दुकान पर नहीं गई थी। शाम को घर नहीं आने पर उसकी तलाश शुरू की गई। मोबाइल फोन से भी संपर्क नहीं हो पा रहा था। इसी बीच सोमवार को सोशल मीडिया के एक ग्रुप पर शव की तस्वीर देख जानकारी हुई।

**पिता ने किसी से दुश्मनी से किया इन्कार, एक पर शक :** पिता राजेंद्र ने अभी किसी से दुश्मनी से इन्कार किया है, लेकिन पुलिस से उन्होंने एक युवक पर शक जाहिर किया है। पिता ने बताया कि बेटी घर से दुकान पर जाने की बात कही थी। रविवार को गोलघर की बंदी होती है, उसने बताया था कि दुकान खुली है। शाम में फोन से दुकान पर संपर्क करने पर पता चला कि वह नहीं आई है।

शव की शिनाख्त हो गई है। युवती के गले पर कुछ निशान हैं। मौत की वजह जानने के लिए शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। भाई की तहरीर के आधार पर पुलिस ने हत्या का केस दर्ज किया है।

**- मनोज अवस्थी,** एसपी नार्थ

### छेड़खानी के आरोपी के भाई की पिटाई से मौत, केस दर्ज

**पिपराइच (गोरखपुर)।** इलाके के एक गांव में छेड़खानी के आरोपी के भाई अनिल (28) की सोमवार को मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। आरोप है कि पिटाई से वह गंभीर रूप से घायल हो गया था और फिर भर्ती में कराया गया था। हालांकि, गांव में चर्चा है कि वह खुद छत से कूद गया था। पुलिस तहरीर के आधार पर किशोरी के बाबा, पिता व दो चाचा के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का केस दर्ज कर लिया है। उधर, पुलिस मृतक के भाई सुनील पर भी छेड़खानी व पॉक्सो का केस दर्ज की है। पुलिस दोनों मामलों की जांच कर रही है। गांव वालों का कहना है कि पूरे घटनाक्रम के पीछे पुलिस की लापरवाही है। ब्यूरो

### स्पोर्ट्स कॉलेज के पास नाले में मिला युवक का शव

**पादरी बाजार (गोरखपुर)।** शाहपुर इलाके के स्पोर्ट्स कॉलेज स्थित एक अस्पताल के सामने सोमवार सुबह नाले में 30 वर्षीय युवक की शव मिलने से सनसनी फैल गई। युवक के नाक से खून निकला था, जिससे लोगों ने तरह-तरह की आशंका जाहिर की है। ब्यूरो

# नौकरी के नाम पर ठगी करने वाला गिरफ्तार

जासं, गोरखपुर: नौकरी के नाम पर 4.30 लाख रुपये ठगी करने के आरोपित को रामगढ़ताल थाना पुलिस ने सोमवार की सुबह गिरफ्तार कर लिया। दोपहर में उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से जेल भेज दिया गया।

प्रभारी निरीक्षक थाना रामगढ़ताल संजय सिंह ने बताया कि इंद्रानगर के दिग्विजय यादव ने नौकरी के नाम पर महिला से रुपये लिएथे। नौकरी न मिलने पर महिला ने रुपये मांगे तो धमकी देने लगा। महिला की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पुलिस आरोपित को ढूंढ रही थी।

# छात्रा से छेड़खानी करने वाले आरोपित पर केस

जासं, उरुवा : सिकरीगंज क्षेत्र की बीए की छात्रा से छेड़खानी करने वाले सत्य प्रकाश के विरुद्ध पुलिस ने सोमवार को केस दर्ज किया है। आरोपित छात्रा का आपत्तिजनक वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी देकर उससे पैसे और जेवर भी लेता था। छात्रा की मां की तहरीर पर पुलिस ने कार्रवाई कर आरोपित की तलाश कर रही है।

महिला ने पुलिस को बताया कि उसकी छोटी बेटी को स्कूल आते-जाते आरोपित परेशान करता है। थाना प्रभारी मनीष यादव ने बताया कि बेलघाट पुलिस की मदद से आरोपित की तलाश की जा रही है।

# फर्जी मान्यता देकर खुलवाए पैरामेडिकल कालेज

## चार से पांच लाख लेकर 11 जिलों में दी थी मान्यता, गुलरिहा पुलिस ने आगरा के सरगना को भेजा जेल

- गोरखपुर पुलिस ने किया पर्दाफाश, 800 छात्रों का अंधेरे में लटका भविष्य
- जेल से छूटे कालेज संचालक ने पंकज पर दर्ज कराया था जालसाजी का मुकदमा

जागरण संवाददाता, गोरखपुर : फर्जी मान्यता देकर जालसाज ने प्रदेश के 11 जिलों में पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट खुलवा दिए। कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुए मुकदमे की जांच गुलरिहा थाना पुलिस ने शुरू की तो आगरा के रहने वाले जालसाज की परत-दर-परत पोल खुल गई। चिट एंड फंड कार्यालय में संस्था का पंजीकरण कराकर वह चार से पांच लाख रुपये लेकर पैरामेडिकल कालेज खोलने की मान्यता दे रहा था। सोमवार को गुलरिहा थाना प्रभारी ने आगरा के रहने वाले आरोपित को गिरफ्तार कर लिया। दोपहर बाद उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया। गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश चल रही है।



पुलिस लाइन में फर्जी पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट प्रकरण का पर्दाफाश करते एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर, अभिरक्षा में आरोपित व अन्य • जागरण

### इन पैरामेडिकल कालेज को दी थी फ्रेंचाइजी

- मां विंध्यवासिनी पैरामेडिकल कालेज, रानीडीहा गोरखपुर -संचालिका गिरिजा त्रिपाठी
- सौम्य शाक्य पैरामेडिकल, देवरिया- संचालक रमाकांत कुशवाहा
- प्रतिभा पैरा मेडिकल एंड नर्सिंग कालेज ट्रस्ट, देवरिया -संचालिका प्रतिभा सिंह
- छत्रपति शिवाजी कालेज आफ साइंस एंड पैरामेडिकल, देवरिया - संचालक प्रशांत कुमार कुशवाहा
- वंश पैरा मेडिकल कालेज, फिरोजाबाद- संचालक कमल किशोर
- जननी पैरा मेडिकल नर्सिंग साइंस, कुशीनगर -संचालक विजय प्रताप सिंह
- जीवन छवि पैरा मेडिकल कालेज, प्रयागराज - संचालक निरंकार त्रिपाठी
- शंभूनाथ तिवारी कालेज आफ नर्सिंग, अयोध्या - संचालक चंद्रदेव तिवारी
- अन्नपूर्णानंद पैरामेडिकल, बलिया -संचालक गुप्तेश्वर पाण्डेय
- रुद्रा पैरामेडिकल कालेज, वाराणसी- संचालक डा. पवन साहनी,
- आल इंडिया पैरामेडिकल, सीतापुर - संचालक राजीव विश्वास
- सतीश चन्द्र इंस्टीट्यूट, चांदपुर ,शाहजहांपुर- संचालक मुकेश शुक्ला
- शान हास्पिटल, नरियावल अड्डा, बरेली- संचालक डा. फहीम खान
- वाशु पैरामेडिकल, बुलंदशहर - संचालिका रुचि।

एसएसपी डा. गौरव ग्रोवर ने सोमवार की दोपहर पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता कर बताया कि आगरा, शाहगंज के गणेशनगर में रहने वाले पंकज पोरवाल ने अब्दुल कलाम ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट के नाम से बोर्ड की आफिस खोली थी। इसका पंजीकरण वर्ष 2013 में उसने दिल्ली स्थित चिट एंड फंड कार्यालय में कराया। संस्था में 13 पदाधिकारी हैं। ये सभी पंकज के स्वजन व रिश्तेदार हैं। संस्था की आड़ में वह प्रदेशभर में पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट खोलने की फ्रेंचाइजी देने लगा। चौरी चौरा, विशंभरपुर के रहने वाले विजय प्रताप सिंह ने जनवरी, 2023 में न्यायालय के आदेश पर पंकज के विरुद्ध कूटरचित दस्तावेज तैयार कर जालसाजी करने का मुकदमा चौरी चौरा थाने में दर्ज कराया। इस मुकदमे की विवेचना गुलरिहा थानेदार कर रहे थे। इस दौरान पता चला कि कालेज खोलने वालों से पंकज मान्यता के नाम पर चार से पांच लाख रुपये लेता था। छात्र/छात्रा की प्रवेश व परीक्षा फीस में से भी 30 प्रतिशत हिस्सा वह स्वयं लेता था। जांच में पता चला कि उसने 11 जिलों में कूटरचित दस्तावेज के आधार पर 14 पैरामेडिकल इंस्टीट्यूट खुलवाए हैं, जिसमें वर्ष 2013 से अब तक करीब 800 छात्रों ने प्रवेश लिया है।

वर्तमान में करीब 200 छात्र अलग-अलग इंस्टीट्यूट में एएनएम, जीएनएम, मेडिकल ड्रेसर, सीएमएस एंड ईडी, डीएमएलटी, डीएमआरटी, एक्स-रे, ईसीजी, सीएमएलटी, डेंटल नर्सिंग, डेंटल हाइजीनिस्ट, डायलिसिस टेक्नीशियन, डिप्लोमा इन हेल्थ सैनिटरी, अप्थैलमी असिस्टेंट, डीपीटी, एचडीएचएम की पढ़ाई कर रहे हैं। आरोपित छात्रों को अब्दुल कलाम ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट और आयुष पैरामेडिकल काउंसिल आफ इंडिया के नाम से कूटरचित अंकपत्र दिया जाता था। अपने बचाव के लिए एडमिशन लेने वाले से एक शपथ पत्र पर हस्ताक्षर भी कराता था, जिसकी सत्यता वे लोग नहीं जानते थे। विजय प्रताप भी उसके झांसे में आ गए थे और कालेज खोल दिया। कुछ दिन पहले हाटा पुलिस ने फर्जी पैरामेडिकल कालेज चलाने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर विजय प्रताप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। जेल से छूटने के बाद उन्होंने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर मुकदमा दर्ज कराया।

आरोपित बनाए गए संस्था के पदाधिकारी व सदस्य : अब्दुल कलाम ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट में कुल 13 पदाधिकारी हैं। इसमें पंकज पोरवाल सचिव है। वहीं भाई इंदीवर पोरवाल, पत्नी कंचन पोरवाल, चाचा जयवीर प्रसाद, मित्र अनिरुद्ध कुमार, नरेश कुमार, निखिल कुमार, कमलकांत, कुलदीप वर्मा, सुरेन्द्र कुमार, रुचि गुप्ता, दर्शन कुमार खट्टरी, प्रेमचंद्र, मोहित कुमार सदस्य हैं। इन लोगों को भी पुलिस ने आरोपित बनाया है। इनकी तलाश चल रही है।

कब्ज? गैस, पेट का भारीपन दूर करे।
टेक्नोफार्म की
कैस्टोफीन
टेबलेट्स व चूर्ण
8601 841 515

# झुलसे पति की भी मौत

उनवल। नगर पंचायत के वार्ड नंबर चार निवासी सूरज तिवारी की भी मौत हो गई। शनिवार को विवाद के बाद पत्नी अंजनी ने खुद को आग लगा लिया था, बचाने के दौरान पति भी झुलस गया। दोनों को भर्ती कराया गया था। शनिवार को अंजनी की मौत हो गई। जबकि, रविवार को पति सूरज की भी मौत हो गई। ब्यूरो

# चोरी के दो आरोपी गिरफ्तार

जंगल कौड़िया। पीपीगंज क्षेत्र के नयनसर टोल प्लाजा से गोलीगंज बाईपास रोड पर निर्माण कार्य चल रहा है। यहीं से रविवार की रात में पाइप, जैक चोरी करने के दो आरोपियों को पुलिस ने पकड़ा। आरोपियों की पहचान क्षेत्र के तुर्कवलिया गांव के अभिषेक यादव व चिलुआताल के चकिया शुक्ल निवासी लवकुश के रूप में हुई। आरोपियों पर केस दर्ज कर पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

## 12 गोवंशों के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार

गोला (गोरखपुर)। गोला पुलिस ने दो पिकअप से 12 गोवंशों के साथ तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। आरोपियों को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। आरोपियों से पूछताछ की जा रही है। आरोपियों की पहचान आजमगढ़ के सरायमीर थाना क्षेत्र के पारा गांव निवासी जावेद आलम, यहीं के हेसामुद्दीन और आजमगढ़ के मेहियापार निवासी मोबिन के रूप में हुई है। ब्यूरो

## बड़हलगंज में 25 गोवंश बरामद, छह की मौत

**बड़हलगंज।** बड़हलगंज पुलिस ने सोमवार की भोर में क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर स्थित टेढ़िया बंधे के पास ट्रक पर लदे 25 गोवंशों को बरामद किया। इस दौरान दम घुटने से छह पशुओं की मौत हो चुकी थी। प्रभारी निरीक्षक कल्याण सिंह सागर ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने वाहनों का पीछा करना शुरू किया। पीछा करते देखकर पशु तस्कर बड़हलगंज क्षेत्र के रामजानकी मार्ग पर स्थित टेढ़िया बंधे के पास ट्रक छोड़कर भाग निकले। ब्यूरो

## वसूली के आरोप में दो सिपाही निलंबित

**गोरखपुर।** गुलरिहा थाने के दो सिपाहियों को वसूली करने के आरोप में एसएसपी ने निलंबित कर दिया। शिकायत के आधार पर एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर ने जांच कराकर दोनों सिपाहियों अग्निवेश कुमार एवं ओम प्रकाश पर कार्रवाई करते हुए विभागीय जांच का आदेश दिया है। जानकारी के मुताबिक, आरोप है कि दोनों सिपाही पिछले मंगलवार को महराजगंज के पनियरा चले गए। वहां कच्ची शराब के अड्डे से 45 हजार वसूल लिए। जब एसओ से शिकायत हुई तो उन्होंने रुपये वापस कराया। एक सिपाही को अपना हमराही बनाया तो दूसरे को मेडिकल कॉलेज चौकी पर भेज दिया। मामला एसएसपी तक पहुंचा तो उन्होंने जांच कराई। सोमवार को दोनों को जांच रिपोर्ट के आधार पर निलंबित कर दिया गया। ब्यूरो

# रिटायर्ड प्रोफेसर के घर 10 लाख की चोरी

**पादरी बाजार (गोरखपुर)।** शाहपुर इलाके के पादरी बाजार स्थित लतीफ नगर कॉलोनी में रिटायर्ड प्रोफेसर के मकान का ताला तोड़कर चोरों ने 10 लाख रुपये के गहने समेत 30 हजार रुपये नकद उठा ले गए। सोमवार सुबह पीड़ित मकान पर पहुंचे तो चोरी की जानकारी हुई। जिसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस जांच करने के बाद सीसीटीवी कैमरे की मदद से चोरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, देवरिया जिले के भाटपाररानी निवासी मोहम्मद आलमगीर आजमगढ़ में एक डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर थे। शाहपुर के लतीफ नगर में मकान बना कर परिवार के साथ रहते थे। उनकी 2 साल पहले मौत हो चुकी है। शनिवार को उनका लड़का अल्तमस आलम मकान में ताला बंद कर अपनी मां के साथ गांव चला गया था। सोमवार की सुबह मकान पहुंचा तो देखा चोर कमरे का ताला तोड़कर आलमारी से लगभग 10 लाख रुपये के गहने समेत 30 हजार रुपये उठा ले गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही। ब्यूरो

# एमआर बनकर कर रहा था दलाली... डॉक्टर से दुकानदार तक बांटता था कमीशन

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। बीआरडी मेडिकल कॉलेज की तरह ही जिला अस्पताल में भी मरीजों से वसूली और खरीद-फरोख्त का खेल चल रहा है। इसका खुलासा एक दलाल के पकड़े जाने के बाद हुआ है। जिला अस्पताल के ओटी में डॉक्टर की कुर्सी पर बैठकर रंगदारी व धमकी देने के आरोप में गिरफ्तार हुए दलाल प्रमोद सिंह से पूछताछ में पुलिस को जानकारी मिली है कि वह डॉक्टर से लेकर दवा के दुकानदार तक कमीशन देता था।

बिना डिग्री और लाइसेंस के ही दवा का सप्लायर बना प्रमोद मोटा मुनाफा कमाता था। वह खुद को एमआर बताता था। सोमवार को आरोपी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। खबर है कि पूछताछ में दलाल ने अपने कई साथियों के नाम भी बताए हैं, जिसके आधार पर पुलिस ने जांच तेज कर दी है।

आरोपी प्रमोद सिंह उर्फ महेंद्र प्रताप सिंह बस्ती जिले के मुंडेरवा थाना क्षेत्र के सोनखर गांव का निवासी है। पुलिस के मुताबिक, एक सप्ताह पहले जिला अस्पताल के डॉ. राजेश कुमार ने आरोपी दलाल पर केस दर्ज कराया। आरोप है कि जिला अस्पताल के ओटी में डॉक्टर की सीट पर प्रमोद बैठा था। उसने रंगदारी मांगते हुए धमकी दी। सरकारी काम में बाधा डाली। केस दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को पकड़ा। पूछताछ की तो उसने कई चौंकाने वाले तथ्य बताए हैं। उसने बताया कि उसके पास दवा भंडारण का लाइसेंस नहीं है, न ही उसने बीफार्मा किया है।

बिना डिग्री के ही वह दवाओं का भंडारण कर रहा था और इसी के सप्लाई और कमीशन को लेकर विवाद हुआ था। आरोपी ने पुलिस को बताया कि दवाओं को लिखने के लिए डॉक्टर को एडवांस धनराशि देता था।

मुनाफे का करीब 40 प्रतिशत डॉक्टर को देता था और 40 प्रतिशत खुद रखता था। इसके अलावा जिन दवा की दुकानों से उसकी दवा बिकती थी, उसे 20 प्रतिशत देता था। आरोपी ने अपने साथियों के नाम भी बताए हैं।

## दलाल को भेजा जेल, एमआर की डिग्री न दवा भंडारण का लाइसेंस फिर भी बन गया था सप्लायर



गिरफ्तार जिला अस्पताल का बिचौलिया प्रमोद। संवाद

## *बिचौलिए के पकड़े जाते ही होने लगी पैरवी*

*जिला अस्पताल से बिचौलिए के पकड़े जाने के बाद पैरवी में कई लोग सामने आ गए। सत्ताधारी दल के नेता ही नहीं, कई दूसरे विभागों के अधिकारी भी पुलिस अफसरों के पास पहुंचकर उसे शरीफ बताने में गुरेज नहीं किए। लेकिन पुलिस ने जांच के आधार पर आरोपी को जेल भिजवा दिया है।*



दलालों और उनके खैरख्वाहों की अब अच्छी तरह खबर लेंगे जिलाधीश

11 सितंबर को प्रकाशित खबर।

# एम्स में नौकरी के नाम पर हड़पे लाखों रुपये

## दस से ज्यादा लोगों के साथ दो युवकों ने की जालसाजी, ट्रेनिंग के बाद नौकरी का दिया झांसा

अमर उजाला ब्यूरो


गोरखपुर। पीपीगंज व महराजगंज के बेरोजगारों से एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) में स्वास्थ्य कर्मी की नौकरी दिलाने के नाम पर फिर जालसाजी का मामला सामने आया है।

आरोप है कि गोरखनाथ इलाके के दो युवकों ने दस से अधिक युवाओं से जालसाजी की है। सोमवार को पीड़ित युवकों ने एसपी नार्थ से मुलाकात कर जानकारी दी है। पीड़ितों ने बताया कि कई और लोगों से भी ठगों ने रुपये लेकर हड़प लिए हैं। एसपी ने सीओ कैंपियरगंज को पूरे प्रकरण की जांच सौंपी है।

जानकारी के मुताबिक, पीपीगंज के बगहा भारी गांव के रहने वाले दिनेश उर्फ राजू और उसके साथ आए युवकों ने एसपी नार्थ को प्रार्थनापत्र दिया है। उनका कहना है कि गोरखनाथ इलाके के नथमलपुर में रहने वाले दो युवकों से उनकी मुलाकात हुई। बताया गया कि एम्स में स्वास्थ्य कर्मी की सीधी भर्ती आई है। इसके लिए ट्रेनिंग की जिम्मेदारी हम लोगों को दी गई है। पहले तीन महीने की ट्रेनिंग होगी और फिर नौकरी लग जाएगी।

जालसाजों ने झांसा देकर राजू से 1.30 लाख रुपये, उमेंद्र से एक लाख, संजय यादव से दो लाख, पनियरा के दिनेश से 80 हजार, मिथिलेश से 80 हजार, अजय कुमार से एक लाख 30 हजार, अजय साहनी से 82 हजार, विजय से 90 हजार, दीपू से 70 हजार, महेंद्र यादव से 60 हजार रुपये ले लिए। लेकिन, न तो ट्रेनिंग शुरू हुई और न ही नौकरी मिली।

कुछ समय बीत जाने के बाद पीड़ितों को ठगी की जानकारी हुई है। जब उन्होंने ठगी करने वालों से संपर्क किया तो पहले तो रकम वापस करने की बात कही, लेकिन बाद में टाल-मटोल करने लगे। इसके बाद दोनों ठगों ने अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। इसके बाद पीड़ितों ने एसपी से शिकायत की है।


एम्स में नौकरी दिलाने के नाम पर 7.15 लाख रुपये हड़पे, मुकदमा

26 मई को प्रकाशित खबर।

पीड़ित युवकों ने शिकायत की है। पूरे प्रकरण की जांच सीओ कैंपियरगंज को सौंपी गई है। जांच के बाद केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।
**- मनोज अवस्थी, एसपी नार्थ**

### पहले भी एम्स में नौकरी के नाम पर हुई है जालसाजी

**18 जनवरी 2023 :** कुशीनगर जिले के हनुमानगंज, छितौनी वार्ड नंबर सात निवासी प्रमोद उपाध्याय ने बेलीपार के कन्हइल गांव निवासी राजेश शुक्ल ने एम्स में नौकरी दिलाने का झांसा देकर जालसाजी करने का केस दर्ज कराया। आरोपी जेल भेजा गया।

**09 जनवरी 2023 :** कैंट पुलिस ने एम्स में नौकरी के नाम पर 17 लाख रुपये की ठगी करने के आरोपी को जेल भेजा था। आरोपी ने महराजगंज के फरेंदा के सेखुई निवासी कन्हई प्रसाद से रुपये लेकर फर्जी नियुक्तिपत्र भी दिया था।

**21 फरवरी 2023 :** गुलरिहा थाना क्षेत्र के बिस्टौली निवासी सुनेसर ने सीएम से जनता दरबार में शिकायत की थी। बताया था कि चिलुआताल क्षेत्र में रहने वाली उसकी बहन हेवंती देवी मेडिकल कॉलेज में सफाईकर्मी है। उसने तीन लोगों के साथ एम्स में नौकरी के नाम पर जालसाजी की।

**20 अप्रैल 2023 :** पीपीगंज निवासी वीरेंद्र व दुर्गेश सहित छह युवकों ने कैंपियरगंज थाना क्षेत्र के राखुखोर निवासी रहमान पर केस दर्ज कराया। आरोप है कि एम्स में नौकरी लगवाने के नाम पर रुपये लिए गए और फर्जी नियुक्तिपत्र थमा दिया गया।

**02 सितंबर 2021 :** धर्मपुर के त्रिभुवन नाथ ने एम्स में नौकरी के नाम पर जालसाजी करने के आरोपी दंपती पर केस दर्ज कराया। इन दोनों ने रुपये लेकर लौटाने से मना कर दिया था। पुलिस ने कार्रवाई की।

**30 जुलाई 2022 :** एम्स में नौकरी के नाम पर 35 लोगों से 70 लाख रुपये की जालसाजी करने के आरोप में चार महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। महिलाओं ने सभी को नर्स व दाई की नौकरी दिलाने का वादा किया था।

# जालसाज के आगरा दफ्तर और लैपटॉप को खंगालेगी पुलिस

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। फर्जी संस्था खोलकर जालसाजी करने वाले आगरा के पंकज पोरवाल की गिरफ्तारी के बाद अब पुलिस आगरा में उसके दफ्तर और लैपटॉप की जांच की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि इसके बाद ठगी के शिकार छात्रों की संख्या बढ़ सकती है।


आरोपी पंकज।

पुलिस की जांच में यह भी पता चला है कि ठगी के शिकार कई छात्रों ने सरकारी नौकरी तक हासिल कर ली थी, लेकिन सर्टिफिकेट सत्यापन के दौरान उन्हें मार्कशीट फर्जी होने की जानकारी मिली। उन्होंने कहीं शिकायत नहीं दर्ज कराई। इसकी वजह से पंकज पोरवाल ने फ्रेंचाइजी देकर 14 जिलों में अपना धंधा फैला लिया।

जांच में यह भी सामने आया है कि आरोपी पंकज ने अपने संस्था के महत्वपूर्ण पदों पर किसी भी बाहरी को नहीं रखा था। पत्नी, चाचा, भाई के अलावा करीबी दोस्तों को ही पदाधिकारी बनाया था, ताकि इसका भंडाफोड़ न हो सके। पुलिस की जांच में सामने आया है कि दो सौ छात्र अब भी संस्था के विभिन्न शाखाओं में शिक्षण प्राप्त कर रहे हैं।

पुलिस ने पूरे मामले को पकड़ने के बाद लोकल स्तर पर सीएमओ दफ्तर के जिम्मेदार अफसरों को भी बुलाकर सहयोग लिया। इनकी जांच के बाद यह पूरी तरह से साफ हो गया कि यह सभी फर्जी संस्था खोलकर जालसाजी कर रहे हैं।

बताया जा रहा है कि पंकज ने संस्था का एनसीटी दिल्ली से पंजीकरण कराया था। एनजीओ के तौर पर पंजीकृत संस्था के जरिए बड़ी सावधानी से जालसाजी कर रहे थे। मार्कशीट तक पर लिख दिए थे कि कोर्ट से मिलने वाली डिग्री का नौकरी में इस्तेमाल नहीं कर सकते हैं। इससे जालसाज आसानी से बच जाते थे। पुलिस के हत्थे चढ़ने के बाद इस गिरोह के पूरे नेटवर्क को खंगाला जा रहा है। पुलिस इस मामले में एक-एक बिंदु का गहनता से जांच कर रही है।

**सामने आएंगे कई और राज**

**गोरखपुर पुलिस करेगी जांच, अभी बढ़ सकती है ठगी के शिकार विद्यार्थियों की संख्या**

### *गुलरिहा थाने की पुलिस ने की विवेचना*

*केस को पहले कोर्ट के आदेश पर चौरीचौरा थाने में दर्ज किया गया था। बाद में एएसपी मानुष पारिक ने इस पूरे प्रकरण की जांच गुलरिहा पुलिस को सुपुर्द कर दिया। गुलरिहा थाने के एसएसआई शेष कुमार शर्मा ने विवेचना की। एसएसपी खुद इस केस की मानीटरिंग कर रहे थे।*

### शातिर हैं पंकज, फ्रेंचाइजी लेकर भी कई फंसे

**पुलिस** की जांच में पता चला है कि पंकज बेहद शातिर है और वह लोगों को बातों में उलझाना जानता है। फ्रेंचाइजी लेने वालों से भी उसने ठगी की है। कई लोगों ने बिना जानकारी के ही फ्रेंचाइजी ले ली। फ्रेंचाइजी देने के दौरान तीन से चार लाख रुपये लेता था और फिर छात्र के दाखिला के समय ली जाने वाली फीस का 30 प्रतिशत भी ले लेता था। इसके अलावा विभिन्न मदों में आने वाले रुपयों में भी इसका शेयर था। परीक्षा भी खुद कराता था और मार्कशीट भी खुद ही जारी करता था।

# फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज खोलकर 14 जिलों में की 20 करोड़ की ठगी, संचालक गिरफ्तार

## आगरा में मुख्यालय खोलकर 800 छात्रों से की जालसाजी, आरोपी को जेल भेजा गया

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। आगरा में मुख्यालय बनाकर प्रदेश के 14 जिलों में फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज खोलकर छात्रों से 20 करोड़ रुपये से अधिक की जालसाजी करने के आरोपी संचालक पंकज पोरवाल को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। वर्ष 2013 से अब तक करीब 800 छात्रों से जालसाजी का मामला सामने आ रहा है। पुलिस ने आरोपी संचालक को कोर्ट में पेश करके 14 दिन का रिमांड लिया है। फर्जी संस्था में शामिल अन्य 13 लोगों को वांछित किया गया है, तलाश में पुलिस जुट गई है।

बताया जा रहा है कि आरोपी संचालक पंकज पोरवाल ने फ्रेंचाइजी देने के नाम पर भी कइयों से तीन से चार लाख रुपये वसूले हैं। इन्हीं में से एक हैं चौरीचौरा के विजय प्रताप सिंह। इन्होंने कुशीनगर जिले में फ्रेंचाइजी ली थी। जालसाजी के शिकार होने पर विजय प्रताप सिंह ने पुलिस में केस दर्ज कराया, तब मामला सामने आ पाया है।

एसएसपी डॉ. गौरव ग्रोवर, एएसपी मानुष पारिक व एसपी नार्थ मनोज अवस्थी ने सोमवार को संयुक्त प्रेस वार्ता में पकड़े गए जालसाज के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एसएसपी ने आरोपी की गिरफ्तारी करने वाली टीम को 25 हजार रुपये का इनाम दिया है।



**हर छात्र से वसूले ढाई लाख शुल्क सर्टिफिकेट पर लिखा था- नौकरी के लिए नहीं कर सकते उपयोग**

पुलिस गिरफ्त में पंकज। संवाद

### इनको भी बनाया गया आरोपी

पंकज के भाई इंद्रीवर पोरवाल, पत्नी कंचन पोरवाल, चाचा जयवीर प्रसाद, मित्र नरेश कुमार, कमलकांत, सुरेंद्र कुमार, दर्शन कुमार खट्टरी, मोहित कुमार, अनिरुद्ध कुमार, निखिल कुमार, कुलदीप वर्मा, रुचि गुप्ता और प्रेमचंद्र।

एसएसपी ने बताया कि जिस जिले में फ्रेंचाइजी लेकर संस्थाएं संचालित की जा रही हैं, वहां की पुलिस को पत्र भेजा जाएगा। पकड़ा गया संचालक पंकज पोरवाल आगरा के शाहगंज थाना क्षेत्र के 15 गणेश नगर सुचेता का रहने वाला है।

एसएसपी ने बताया कि चौरीचौरा के विशंभरपुर निवासी विजय प्रताप सिंह को कुशीनगर के हाटा थाने से जेल भेजा गया था। छूटने के बाद कोर्ट के आदेश पर उन्होंने चौरीचौरा थाने में 13 जनवरी को केस दर्ज कराया। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू की तो पता चला कि एक संस्था आगरा के शाहगंज में अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट नाम से है। यहां से जिलों में लोगों से तीन से चार लाख रुपये लेकर फ्रेंचाइजी दी जाती है। जांच में पता चला कि संस्था एएनएम, जीडीए, मेडिकल डिग्री, पैथोलॉजी असिसटेंट, डेंटल जैसे कोर्स की डिप्लोमा डिग्री देती है। इसके लिए छात्रों का प्रवेश लिया जाता है और कई किस्तों में ढाई लाख रुपये तक का फीस ली जाती है।

>> संबंधित पेज 3 और 10 पर

### एम्स में नौकरी के नाम पर हड़प लिए लाखों रुपये

गोरखपुर। पीपीगंज व महराजगंज के बेरोजगारों से एम्स (अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान) में स्वास्थ्य कर्मी की नौकरी दिलाने के नाम पर फिर जालसाजी का मामला सामने आया है। आरोप है कि गोरखनाथ इलाके के दो युवकों ने दस से अधिक युवाओं से जालसाजी की है। सोमवार को पीड़ित युवकों ने एसपी नार्थ से मुलाकात कर जानकारी दी है। पीड़ितों ने बताया कि कई और लोगों से भी ठगों ने रुपये लेकर हड़प लिए हैं। एसपी ने सीओ कैंपियरगंज को पूरे प्रकरण की जांच सौंपी है। >> पेज 3

### फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने वाले सात गिरफ्तार

महराजगंज। जिले में सोमवार को सहज जनसेवा केंद्रों से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी करने का मामला पकड़ा गया है। इसमें पुलिस ने सात संचालकों को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी फर्जी पोर्टल से जन्म प्रमाण पत्र जारी कर रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने सोमवार को बताया कि पुलिस को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी करने की शिकायतें मिल रही थीं। इसपर मामले की जांच की गई। पुख्ता सुराग पर संदिग्ध सहज जन सेवा केंद्र के संचालकों के मोबाइल एवं लैपटॉप जांचे गए। >> पेज 7

### गोरखपुर, देवरिया समेत इन जिलों में हैं संस्थाएं

■ जीवन छवि पैरामेडिकल कॉलेज, पता 62 नीम सराय पीडीए कॉलोनी मुंडेरा, प्रयागराज - संचालक निरंकार त्रिपाठी ■ शंभुनाथ तिवारी कॉलेज ऑफ नर्सिंग, गंगौली पुरा बाजार अयोध्या - संचालक चंद्रदेव तिवारी ■ छत्रपति शिवाजी कॉलेज ऑफ साइंस एंड पैरामेडिकल, हनुमान मंदिर महावीर लेन देवरिया -संचालक प्रशांत कुमार कुशवाहा ■ वंश पैरामेडिकल कॉलेज सिर्सागंज जनपद फिरोजाबाद -संचालक कमल किशोर ■ प्रतिभा पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कॉलेज, ट्रस्ट देवरिया मीर देवरिया -संचालिका श्रीमती प्रतिभा सिंह ■ जननी पैरामेडिकल नर्सिंग साइंस, हनुमान चौराहा हाटा नगर पालिका परिषद कुशीनगर -संचालक विजय प्रताप सिंह ■ शौम्य साक्ष्य पैरामेडिकल, देवरिया -संचालक रमाकांत कुशवाहा ■ मां विंध्यवासिनी पैरामेडिकल कॉलेज रानीडिहा, गोरखपुर -संचालिका श्रीमती गिरिजा त्रिपाठी ■ अन्नपूर्णानंद पैरामेडिकल कॉलेज चरजपुरा बैरिया मोड़, बलिया -संचालक गुप्तेश्वर पांडेय ■ रुद्रा पैरामेडिकल कॉलेज रामनगर मोड़ वाराणसी -संचालक डॉ. पवन साहनी ■ ऑल इंडिया पैरामेडिकल, उर्दौली घुणपुरा सीतापुर - संचालक राजीव विस्वास ■ सतीश चंद्र इंस्टीट्यूट चांदपुर, शाहजहांपुर -संचालक मुकेश शुक्ला ■ सान हॉस्पिटल नरियावल अड्डा, बरेली -संचालक डॉ. फहीम खान ■ याशु पैरामेडिकल पावर स्टेशन के पास गंगा कालोनी नरौरा बुलंदशहर -संचालिका श्रीमती रुचि

# पीपीगंज में पत्नी ने सभासद पति पर दर्ज कराया दरिंदगी का केस

गोरखपुर। इलाके के एक सभासद पर गंभीर आरोप लगा है। पूर्व सभासद पत्नी ने पति पर दहेज उत्पीड़न और मारपीट करने के साथ ही अप्राकृतिक दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पत्नी भी दो बार सभासद रह चुकी है। पत्नी के आरोपी के आधार पर पुलिस ने सभासद पति पर मारपीट, उत्पीड़न और प्राकृतिक दुष्कर्म की धाराओं में केस दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि महिला ने सभासद से दूसरी शादी की है। सभासद की पत्नी ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उसकी शादी को करीब 22 साल हो गए। बावजूद इसके पति आए दिन दहेज के लिए उत्पीड़न करता है। एसपी नार्थ मनोज ने बताया कि केस दर्ज कर जांच की जा रही है। ब्यूरो

# जालसाज ने 60 हजार रुपये उड़ाए

पादरी बाजार (गोरखपुर)। शाहपुर इलाके के जेल रोड स्थित मधुसूदन अपार्टमेंट निवासी डॉ. जवाहर लाल के मोबाइल फोन पर जालसाज ने बिजली का फर्जी बिल भेज कर 60 हजार रुपये उड़ा दिए। पुलिस रविवार को केस दर्ज कर मामले की जांच कर रही है। ब्यूरो

# 10 हजार का इनामी बदमाश गिरफ्तार

खोराबार। पुलिस सोमवार को 10 हजार रुपये के इनामी गैंगस्टर निखिल साहनी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी सूबा बाजार का रहने वाला है। गैंगस्टर का केस दर्ज होने के बाद से फरार चल रहा था। सोमवार को गिरफ्तार कर उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेजा गया। ब्यूरो

# DEORIA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2023

# हत्याभियुक्त गया जेल

मईल (एसएनबी)। थाना क्षेत्र के ईशारू गांव निवासी शंकर पाण्डेय 48 वर्ष पुत्र चन्द्रभान पाण्डेय की गत दिनों हत्या कर शव को छुपाते हुए सरयू नदी में फेंक दिया गया। इस मामले में पुलिस ने दो हत्याभियुक्तों में से एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। हत्याभियुक्त के निशानदेही पर पुलिस ने घटनास्थल से मृतक का मोबाइल व हत्या में प्रयुक्त कार को बरामद कर लिया।

जानकारी के अनुसार मईल थाना क्षेत्र के ग्राम ईशारू निवासी शंकर पाण्डेय को उनके ही एक साथी ने मोबाइल से फोन कर भागलपुर बुलाया था। सुबह जब शंकर पाण्डेय घर वापस नहीं आये तो उनकी पत्नी शिवानी को संदेह होने लगा और सुबह ही टेलीफोन से बुलाने वाले श्री पाण्डेय के साथी भागलपुर निवासी संजय यादव टाटा के घर पहुंच गयी। घर से संजय यादव उर्फ टाटा गायब थे तब मृतक की पत्नी को किसी अनहोनी को लेकर और संदेह बढ़ गया। महिला ने मईल पुलिस को पति के गायब होने की तहरीर दी। पुलिस ने मृतका की पत्नी की तहरीर पर गुमशुदगी दर्ज करने के बाद भागलपुर निवासी संजय यादव उर्फ टाटा तथा सीएम यादव के खिलाफ हत्या व शव छिपाने के मामले में नामजद मुकदमा पंजीकृत किया। रविवार को प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज, एसआई मान सिंह पुलिस बल के साथ भ्रमणशील थे कि इसी बीच मुखबिर से सूचना मिली कि घटना में वांछित अभियुक्त शिवम यादव भागलपुर चौराहे पर मौजूद है। सूचना मिलते ही पुलिस हरकत में आयी और भागलपुर चौराहे से शिवम को गिरफ्तार कर लिया। कड़ाई से पूछताछ में शिवम ने हत्या की घटना को कबूल करते हुए अपने आप को घटना में शामिल होना बताया। उसने बताया कि शंकर पाण्डेय की हत्या भागलपुर पिण्डी मार्ग पर मंगरू बीर बाबा के स्थान पर चाकू से गोदकर किया गया।

लाश को बोरे में भरकर गांव के एक व्यक्ति के कार में रखकर भागलपुर पक्के पुल से सरयू नदी में फेंक दिया गया। शिवम के निशानदेही पर पुलिस ने घटना स्थल से मृतक का मोबाइल व घटना में प्रयुक्त कार को बरामद कर लिया। सोमवार को स्वास्थ्य परीक्षण कराने के बाद पुलिस ने आरोपी युवक को जेल भेज दिया जबकि घटना में शामिल संजय यादव उर्फ टाटा की गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है। शीघ्र ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# मारपीट बलबा का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर। स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तारासारा निवासी सुमन देवी पत्नी रामू ने रुद्रपुर कोतवाली पुलिस को दिये गये तहरीर में कहा कि प्रशासन द्वारा मेरे दरवाजे पर खड़ी दिवाल को 27 अगस्त को गिरा दिया गया है। परिवार के लोग उसमें कोई दखल नहीं किये। प्रशासन के जाने के उपरान्त मेरे गांव के आधा दर्जन लोगों ने लाठी डण्डा से लैस होकर मेरे दरवाजे पर आये तथा मां बहन की गाली देने लगे। गाली देने से मना करने पर वे लोग हमलावर हो गये। वह जान बचाकर भाग निकली। उपरोक्त लोग घर में घुसकर मारेपीटे व सामान का तोड़-फोड़ किये। इस मामले में पुलिस ने वादनी सुमन देवी के तहरीर पर उपरोक्त गांव निवासी खुशहाल गोड़, हरिहर गोड़, प्रेम चन्द, धनेश साहिल के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

# अतिक्रमण को लेकर ठेले वालो को थमाया नोटिस

लार (एसएनबी)। लार कस्बे की मुख्य सड़क पर जाम का झाम झेलना कोई नई बात नही है। इस मुद्दे को लेकर जनता कुछ नेताओं की कुर्सी तक छीन ली लेकिन यह समस्या हल नही हुआ। जाहिर सी बात है कि इन दिनों सड़कों पर लगने वाली जाम की समस्या तो मात्र एक ट्रेलर है आगे पि र अभी बाकी है। मतलब ज्योही त्योहारों का दौर शुरू होगा समस्या और बढ़ेगी। बहरहाल इस समस्या से निपटने के लिए प्रशासन कोई स्थाई समाधान ढूढने के बजाय अब ठेले वालों से जुर्माना वसूलने व उन्हें नोटिस थमाने की कार्यवाही की है। भोजपुरी में एक कहावत है कि खेत खाये गदहा आ मार खाये जोलहा की कहावत यहां चरितार्थ हो रही है। मतलब प्रशासन सड़को पर बड़े वाहन खड़ा करके माल लोडिंग अनलोडिंग करने वाले, सड़को पर दुकान लगाने वाले, सड़क बेतरतीब वाहन खड़ा करने वालो पर शिकंजा कसने के बजाए अपना गुस्सा इन ठेले वालो पर निकाल रही है। इधर ठेले वालो का कहना है कि प्रशासन हमे जगह उपलब्ध करा दे हम स्वेच्छा से पटरी खाली कर देंगे। सूत्रों की माने तो कुछ ठेले वाले भी मनबढ़ किस्म के है व्यवस्था में सहयोग करने के बजाय सड़क पर दुकान लगाकर अव्यवस्था फैला रहे है।

# घायल महिला की उपचार के दौरान मृत्यु, केस

भटनी (देवरिया)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम खोरीबारी चौराहे पर बुलेट की ठोकर से घायल महिला की मृत्यु उपचार के दौरान होने के मामले मे पुलिस ने अज्ञात बुलेट चालक के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है । इस सम्बन्ध मे मृतक महिला सरोज देवी के पति कमलेश पुत्र सुदामा चौहान ने घटना के तीन दिन बाद थाने मे तहरीर दिया जिसमे लिखा है कि बुलेट संख्या यू पी -52 बी क्यू -7926के चालक द्वारा तेजी से लापरवाही पूर्वक गलत दिशा मे जाकर ठोकर मार दिया ।जिससे मेरी पत्नी सरोज देवी गम्भीर रुप मे घायल हो गयीं ।जिसकी उपचार के दौरान अस्पताल मे मौत हो गयी ।तहरीर के आधार पर अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279304(ए) के अन्तर्गत मुकदमा दर्ज कर चालक की तलाश मे पुलिस जुट गयी है।

## पशु तस्कर गिरफ्तार

तरकुलवा। तरकुलवा थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर के वांछित चल रहे एक पशु तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ बलरामपुर जिले के गौरा थाने में पशु तस्करी का केस दर्ज था। थानाक्षेत्र के नरायनपुर गांव का रहने वाला गोविंद गोंड पुत्र राम नरेश गोंड अपने घर के छत पर था, इसी बीच मुखबिर की सूचना पर तरकुलवा व बलरामपुर की पुलिस ने उसे घर से दबोच लिया।

## अधेड़ की मौत के मामले में दंपति को जेल

पथरदेवा। रविवार को बघौचघाट थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रामनगर में गाय के शव दफनाने को लेकर विवाद हो गया । इस दौरान मारपीट में एक पक्ष के लोगों ने दूसरे पक्ष के चंद्रदेव यादव( 60) को जोर से धक्का दे दिया। इससे चंद्रदेव जमीन पर गिर गए और उनकी मौत हो गई। मृतक के भाई काशी यादव ने नरेश यादव व उसकी पत्नी हीरमति के खिलाफ थाने में तहरीर दी। पुलिस ने दंपति के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर हिरासत में ले लिया।

## पति व सास को जेल भेजा

महुआडीह। सोनबरसा गांव में फंदे से लटकी मिली नवविवाहिता की मौत मामले में पुलिस ने सोमवार को पति और सास को जेल भेज दिया। क्षेत्र के सोनबरसा गांव निवासी राज चौहान की पत्नी सविता ने दो दिन पूर्व पंखे से लटकर आत्महत्या कर ली थी। मृतका के पिता गुड्डू चौहान की तहरीर पर पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज हुआ था।

# सीसीटीवी में एक साथ नजर आए तीन लिफ्टर

**फॉलोअप**

- नगर में पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं बाइक लिफ्टर
- पहले रेकी फिर दे रहे बाइक चोरी की वारदात को अंजाम

भटनी, हिन्दुस्तान संवाद। नगर के दो मुहल्लों से दो बाइक लेकर फरार हुए वाहन लिफ्टर पुलिस को खुली चुनौती दे रहे हैं। गोल बनाकर पहले रेकी कर रहे फिर दो पहिया वाहनों को लेकर मौके से फरार हो रहे हैं। एक माह में आधा दर्जन से अधिक बाइक लेकर फरार हुए बाइक चारों तक पहुंचने में पुलिस नाकाम साबित हुई है। एक सीसी टीवी फुटेज में एक साथ तीन बाइक लिफ्टर घूमते नजर आए हैं। पुलिस उनकी तलाश में जुटी है।

नगर के सोनारी गली से रविवार को विजय जायसवाल की बाइक चोरी हो गयी। बाइक चोरों की तलाश दुकानदारों ने शुरु की तो सीसीटीवी कैमरे में चोरों के रेकी करने तथा बाइक चोरी करने की कहानी खुली। सिनेमा गली से अभिमन्यु मद्धेशिया की बाइक लेकर भाग रहे बाइक चोर को भी दुकानदारों ने अपने सीसीटीवी कैमरे में देखकर उसकी तस्वीर तथा वीडियो वायरल कर लोगों से सचेत रहने की जानकारी दी। जिस केवरा वार्ड से अक्सर पुलिस अपराधियों को भागते हुए पकड़ने का दावा करती है वहीं से लगातार एक सप्ताह में बाइक चोरों ने तीन बाइक चुरा लिया। नगरवासियों ने पुलिस की शिथिलता को लेकर काफी आक्रोश है। व्यापार मडल अध्यक्ष नवीन गुप्त ने बताया कि पुलिस की शिथिलता को लेकर पुलिस अधीक्षक से शिकायत की गयी है।

> बाइक चोरी की घटना की जानकारी मिल रही है। चारों को पकड़ने के लिए पुलिस टीम को निर्देश दिया गया है। बाइक चोरों के गिरोह के हाथ लगते ही बड़े गिरोह के पर्दाफाश होने की उम्मीद है।
>
> **अंशुमान श्रीवास्तव, सीओ, भाटपाररानी।**

**नगरवासियों को जागरुक कर रहा है व्यापार मण्डलः** व्यापार मण्डल के अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्त ने सोशल मीडिया पर संदेश भेजकर लोगों को बाइक चोरों से सतर्क रहने की सलाह दे रहे हैं। नवीन गुप्त अपने संदेश में संदिग्ध युवकों के दिखने पर पुलिस को सूचित करने तथा व्हील लाक रखने की सलाह दे रहे हैं।

# सिक्योरिटी गार्ड की हत्या में एक आरोपी दबोचा

**फॉलोअप**

- लार थाना क्षेत्र के इशारु गांव का रहने वाला था सिक्योरिटी गार्ड
- हत्याकांड के मुख्य आरोपी की तलाश में पुलिस कर रही है छापेमारी



मईल पुलिस की गिरफ्त में सिक्योरिटी गार्ड की हत्या का एक आरोपी।

भागलपुर(देवरिया), हिन्दुस्तान टीम। सिक्योरिटी गार्ड को घर से बुला कर हत्या करने के मामले में सोमवार को एक आरोपी को मईल पुलिस ने गिरफ्तार कर चालान कर दिया। वारदात को अंजाम देने से पहले दोनों अभियुक्तों ने भागलपुर बाजार में मुर्गा भुजवाकर शराब का सेवन किया था। देर शाम को घर छोड़ने के बहाने दोनों सिक्योरिटी गार्ड को अपने साथ ले गए और रास्ते में जिरासो गांव के समीप चाकू से हत्या कर शव को बोरे में भर कर सरयू नदी में फेंक दिया।

पुलिस ने मृतक की पत्नी की तहरीर पर दो के खिलाफ हत्या का केस दर्ज किया था। सिक्योरिटी गार्ड का शव अभी तक पुलिस बरामद नहीं कर सकी है। मईल थाना क्षेत्र के इशारु गांव के रहने वाले शंकर पाण्डेय (45)पुत्र चन्द्रभान पाण्डेय को गोरखपुर में एक प्राइवेट स्कूल में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते थे। उनकी पत्नी गांव में आंगनबाड़ी कार्यकत्री है। शंकर पाण्डेय की मईल थाना क्षेत्र के भागलपुर के रहने वाले संजय यादव उर्फ टाटा पुत्र मुन्नर यादव से भी जान पहचान थी। दोनों साथ में बैठकर शराब पीते थे। जिससे संजय का अक्सर शंकर के घर आना-जाना लगा रहता था। 8 सितंबर की शाम शंकर पाण्डेय के मोबाइल पर फोन कर संजय ने उन्हें भागलपुर बाजार में बुलाया। जहां पर संजय ने अपने दोस्त शिवम पाण्डेय के साथ कार से बाजार में पहुंचा। जहां पर शंकर भी आया तो तीनों ने मुर्गा को भुनवाकर खाया और जमकर शराब का सेवन किया। इसके बाद तीनों कार में सवार होकर इशारु गांव के लिए चल दिए। भागलपुर जिरासो मार्ग पर जिरासो गांव स्थित मगरु बीर बाबा के स्थान के समीप संजय ने शिवम के साथ मिलकर शंकर की चाकू से प्रहार कर हत्या कर दिया। इसके बाद दोनों ने शव को बोरे में रख कर उसे बांध कर कार में रख कर भागलपुर में सरयू नदी में फेंक कर गांव चले गए। जहां से संजय गांव में एक व्यक्ति को कार देकर फरार हो गया। उधर शंकर के परिजन उन्हें खोज रहे थे। 9 सितंबर को शंकर की पत्नी शिवानी संजय के घर गई तो वह घर पर नहीं मिला। पत्नी शिवानी पाण्डेय ने शनिवार को मईल थाने में पति की गुमशुदगी का मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस ने काल डिटेल के सहारे भागलपुर के रहने वाले शिवम यादव को गिरफ्तार कर सख्ती से पूछताछ किया तो उसने हत्या की घटना को स्वीकार किया।

# पशु तस्कर को बलरामपुर पुलिस ने दबोचा

तरकुलवा। थाना क्षेत्र के नरायनपुर गांव के रहने वाले गोविंद गोंड पुत्र राम नरेश गोंड़ के विरुद्ध बलरामपुर के गौरा थाने में पशु तस्करी के मामले में मुकदमा दर्ज था। वह वांछित चल था । उसे बलरामपुर पुलिस ने सोमवार की शाम उसके गांव से ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम कागजी कार्रवाई पूरी कर अपने साथ लेकर चली गई।

# महिला समेत दो पर लूट का मुकदमा

देवरिया : गौरीबाजार थाना के बर्दगोनिया की रहने वाली विमला देवी ने पुलिस को तहरीर दी है। जिसमें गले से मंगलसूत्र निकाल लेने का आरोप मां-बेटे पर लगाई है। तहरीर के आधार पर पुलिस ने बुच्ची देवी पत्नी जयप्रकाश व निकेत पुत्र जयप्रकाश के विरुद्ध लूट का मुकदमा दर्ज किया है।

# मारपीट व लूट का मुकदमा

देवरिया : लार थाना क्षेत्र के चटिया गांव में जुलाई माह में हुई लूट व मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर की है। चटिया गांव की रहने वाली दुर्गावती देवी ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि नौ जुलाई 2023 की रात घर में घुसकर मारपीट की गई और सामान लूट लिए गए। इस मामले में गांव के रामानंद, विकास, ललिता देवी, संदीप प्रसाद, सुभाष चंद के विरुद्ध कार्रवाई की है।

# युवक की हत्या के मामले में आरोपित गिरफ्तार

जासं, देवरियाः मईल थाना के इशारू के शंकर पांडेय की हुई हत्या के मामले में शामिल एक आरोपित को पुलिस ने सोमवार को न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपित को जेल भेज दिया गया। जबकि फरार चल रहे मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी को पुलिस दबिश दे रही है। मोबाइल बंद होने के चलते पुलिस को कोई लोकेशन नहीं मिल पा रहा है। उधर दूसरे दिन भी पीएसी वाहनी गोरखपुर की टीम नदी में शव की तलाश की।

इशारू गांव के रहने वाले शंकर पांडेय को 8 सितंबर की रात भागलपुर गांव रहने वाला संजय यादव उर्फ टाटा ने फोन कर बुलाया और उसी दिन से वह गायब हो गए। इस मामले में पुलिस ने रविवार को हत्या का मुकदमा दर्ज कर एक आरोपित शिवम यादव निवासी भागलपुर को गिरफ्तार कर लिया।

उसने पूछताछ में बताया कि बुलाने के बाद मुख्य आरोपित संजय यादव ने चाकू से गोदकर उनकी हत्या की। जबकि शिवम पकड़ा हुआ था।

इसके बाद शव को बोरे में रख कर सरयू नदी में दोनों ने फेंक दिया। इसके बाद से ही शव की तलाश सरयू नदी में की जा रही है, लेकिन अभी तक शव बरामद नहीं हो सका है।

प्रभारी निरीक्षक गोरखनाथ सरोज ने बताया कि एक आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है, जहां से जेल भेज दिया गया है। मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी के लिए कई टीमें लगी हैं। जल्द ही उसकी भी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

- मईल थाना के इशारू गांव के युवक के गायब होने का मामला
- मुख्य आरोपित की गिरफ्तारी को पुलिस दे रही दबिश, मोबाइल भी बंद
- दूसरे दिन भी सरयू नदी में शव की तलाश कराती रही पुलिस

### विश्वास में संजय ने किया धोखा

शंकर पांडेय व संजय अच्छे दोस्त थे। दोनों जब भी गांव पर रहते तो साथ जरूर होते थे। शंकर पांडेय गोरखपुर स्थित किसी विद्यालय में कार्य करते थे। तीन दिन पहले ही गांव आए थे। संजय के फोन करने पर वह साइकिल से ही उसके पास पहुंचे। पुलिस अधिकारी अवैध संबंध को मुख्य बिंदू पर रखकर जांच कर रहे हैं।

## एक व्यक्ति के वाहन का किया गया प्रयोग

पुलिस के अनुसार भागलपुर के दोनों युवक भागलपुर कस्बा के रहने वाले एक व्यक्ति के यहां गए और वाहन की मांग की। उसने बताया कि उसकी मां की तबीयत खराब है, इसलिए वाहन दे दीजिए। वाहन ले जाने के लगभग डेढ़ घंटे बाद ही वापस कर दिए। उसके बाद से ही संजय फरार हो गया। उसका मोबाइल भी अब बंद चल रहा है।

यह और अन्य खबरें देखें-
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

# तीन सगे भाई समेत चार लोग किए गए जिला बदर

जासं, देवरिया: बरियारपुर के वार्ड संख्या 13 के रहने वाले तीन सगे भाइयों समेत चार को मुख्य राजस्व अधिकारी ने छह माह के लिए जिला बदर करने का निर्णय सुनाया है। साथ ही बरियारपुर थाने की पुलिस को आदेश की कापी आरोपितों को को सौंपने का निर्देश दिया गया है।

बरियारपुर के वार्ड संख्या 13 के रहने वाले तीन सगे भाई शंभू गिरि, हरिवंश गिरि, पुष्कर गिरि पुत्रगण रामवेलास व रामकृपाल गिरि पुत्र हरिवंश गिरि पर बरियारपुर थाने में मारपीट करना, महिला के साथ दुर्व्यवहार करने समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज है। बरियारपुर थाने की पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध जिला बदर करने की रिपोर्ट दी थी। मुख्य राजस्व अधिकारी रजनीश राय की अदालत ने चारों को छह माह के लिए जिला बदर करने का आदेश दिया है।

# सावधान! यहां तो कोतवाली में होती है चोरी

**जासं, देवरिया:** कोतवाली में चोरी होती है, यह बात आपको भले ही गलत लग रही हो, लेकिन यह 100 प्रतिशत सच है। परिसर में सीज वाहनों से डीजल की चोरी कर पुलिस कर्मियों के वाहन चलाए जाते हैं। हालांकि जिम्मेदार अधिकारी इसकी जांच कराकर कार्रवाई करने का दावा कर रहे हैं।

पुलिस थाने सबसे सुरक्षित माने जाते हैं। कोतवाली में विभिन्न मामलों में पकड़े गए वाहन खड़ा किए जाते हैं। सोमवार को यहां कुछ अजीब सा नजारा दिखा। यहां पुलिस क्लब के सामने खड़े ट्रक की टंकी से रिसाव हो रहा है। उस पर साबुन लगाकर चिपकाया गया है। चौकीदार व कोतवाली में सफाई करने वाली एक महिला पहुंची और दोनों टंकी से एक दो लीटर के बोतल में डीजल निकाले और फिर कोतवाली में ले जाकर रख दिया। चौकीदार का कहना था कि दीवान जी ने मांगा है तो हम निकाल कर ले जा रहे हैं। अपर पुलिस अधीक्षक डा. राजेश सोनकर ने बताया कि इसकी जानकारी नहीं है। जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।



कोतवाली में सीज ट्रक की टंकी से डीजल निकालता चौकीदार • जागरण

IIEIT PARAMEDICAL INSTITUTE
हरिओम नगर (गेट नं.1), सिविल लाइन्स, गोरखपुर
Diploma, Degree, Master Degree

# एडी बेसिक ने भी दी क्लिनचिट, महानिदेशक को भेजेंगे रिपोर्ट

**जासं, देवरिया:** भागलपुर के बीईओ (खंड शिक्षा अधिकारी) व दो शिक्षक नेताओं पर लगे कथित शोषण के आरोप के मामले में बीएसए के बाद अब एडी बेसिक गोरखपुर ने भी क्लिन चिट दे दी है। अंतरजनपदीय स्थानांतरित शिक्षिकाओं ने दोनों अधिकारियों की जांच में आरोपों को गलत बताया है। एडी बेसिक ने बताया कि रिपोर्ट महानिदेशक स्कूल शिक्षा को भेज दी जाएगी।

भागलपुर ब्लाक के बीईओ व दो शिक्षक नेताओं पर गुमनाम चिट्ठी भेजकर कथित रूप से शोषण का आरोप लगा था। यह पत्र 13 अगस्त को बीएसए कार्यालय में मिला था। इस मामले में बीएसए ने 18 अगस्त को दोनों शिक्षक नेताओं व बीईओ से स्पष्टीकरण मांगा। गुमनाम चिट्ठी व बीएसए की ओर से जारी स्पष्टीकरण पत्र इंटरनेट मीडिया पर प्रचारित होने के बाद मामला सुर्खियों में आ गया। महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने एडी बेसिक गोरखपुर विनोद कुमार मिश्र व बीएसए शालिनी श्रीवास्तव से प्रकरण की जांच कर रिपोर्ट मांगी। दोनों अधिकारियों ने 13 अगस्त से पूर्व अंतरजनपदीय स्थानांतरण में कार्यमुक्त तीन शिक्षिकाओं समेत चार से घटना के बारे में जानकारी की। एडी बेसिक, गोरखपुर विनोद कुमार मिश्र ने बताया कि बीएसए देवरिया व मैंने प्रकरण की जांच की है। दूसरे जिलों में स्थानांतरित शिक्षिकाओं से जानकारी ली गई है। आरोप गलत पाए गए हैं।

# आशा कार्यकर्ता की बहन को भी पुलिस ने बनाया आरोपित

जागरण संवाददाता, देवरिया: बरियारपुर थाना क्षेत्र के बरइठा टोला के चौबरिया की महिला के नवजात के अपहरण करने के मामले में पुलिस की विवेचना तेज हो गई है। पुलिस ने आशा कार्यकर्ता की बहन को भी विवेचना में आरोपित बनाया है। साथ ही उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस दबिश दे रही है।

बरियापुर थाना के बरइठा टोला के चौबरिया पट्टी की रहने वाली उमरावती देवी पत्नी राहुल को तीन सितंबर को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र किशुनपाली में दो बच्चे जन्म लिए, जिसमें से एक बच्चे के चेहरे पर थोड़ी दिक्कत दिख रही थी। उमरावती के अकेली होने पर आशा कार्यकर्ता सुभावती देवी ने उपचार कराने का झांसा देकर नवजात को लेकर गायब हो गई। बाद में उसकी मृत्यु होने की बात कहने लगी।

सात सितंबर को पुलिस ने नवजात को बरामद किया, जबकि आशा कार्यकर्ता को आठ सितंबर को जेल भेज दिया। पुलिस की विवेचना में नवजात को छिपाने का कार्य करने वाली तरकुलवा थाने के गोपालपुर की रहने वाली आशा कार्यकर्ता की बहन उमा पत्नी कपूरचंद को भी आरोपित बनाया गया है।

पुलिस ने उसे नोटिस देने के साथ ही उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश शुरू कर दी है। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि टीमें लगी हैं। जल्द फरार आरोपित महिला को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# पुलिस की विवेचना पर ब्रेक पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार

**जासं, देवरिया**: बनकटा के सुंदरपार भटवलिया पांडेय की युवती के रेलवे ट्रैक से मिले शव के मामले में भले ही पुलिस पांच लोगों के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज की है, लेकिन पुलिस की विवेचना पोस्टमार्टम रिपोर्ट न आने के चलते एक कदम भी नहीं चली है। पुलिस अधिकारी पोस्टमार्टम रिपोर्ट एक से दो दिनों में आ जाने की बात कह रहे हैं।

गांव की रहने वाली एक युवती का शव एक सितंबर की तड़के मैरवा थाना के नरहिया के समीप रेलवे ट्रैक से बरामद किया गया था। उसके बाद से ही स्वजन गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। 4 सितंबर को बनकटा पुलिस न इसम माले में गांव के विजय कुमार, सतीश कुमार, बेचू प्रसाद, जवाहर लाल, रानू के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक मुकेश मिश्र का कहना है कि टीम लगी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है।

# छह के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज

देवरिया : रामनाथ देवरिया के रहने वाले छह लोगों के विरुद्ध पुलिस ने दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है। मदनपुर थाना के बरांव के रहने वाले ज्ञानेंद्र पांडेय ने आरोप लगाया है कि उनकी बेटी प्रिया की शादी 28 जनवरी 2022 को रामनाथ देवरिया के रहने वाले कृष्णदेव मणि के साथ हुई थी। जब से वह ससुराल गई, तभी से ससुराली दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे। अब मारपीट कर घर से निकाल दिए हैं। इस मामले में पुलिस ने कृष्णदेव मणि, रेनू, ननद पूनम, गुड्डी, गुंजन, मंजू के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।(जासं)

# पांच नामजद पर हत्या के प्रयास का मुकदमा

देवरिया : सदर कोतवाली के पिपरपाती गांव में मार्च माह में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने एसपी के आदेश पर पांच नामजद व कई अज्ञात के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने जनार्दन यादव की तहरीर पर की है। जिसमें मनीष यादव, भीम यादव, अर्जुन यादव, नगीना यादव, रोहित यादव पर कार्रवाई की गई है।

# बलरामपुर पुलिस ने पशु तस्कर को किया गिरफ्तार

जासं, तरकुलवा: क्षेत्र के नरायनपुर गांव में बलरामपुर पुलिस ने सोमवार को छापेमारी की और एक पशु तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उसे अपने साथ लेकर चली गई।

गांव के रहने वाले गोविंद गोंड पुत्र राम नरेश गोंड के विरुद्ध बलरामपुर जनपद के गौरा थाना में पशु तस्करी के मामले में मुकदमा दर्ज है। दोपहर को गौरा थानेदार कमलेश यादव पुलिस टीम के साथ तरकुलवा थाने पर पहुंचे और तरकुलवा थाने की पुलिस के सहयोग से नरायनपुर गांव में छापेमारी की। साथ ही तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक दिलीप कुमार ने बताया कि तस्कर को गिरफ्तार का बलरामपुर पुलिस ले गई है।

# रास्ता बंद होने के विरोध में छात्रों ने किया सड़क जाम



प्राथमिक विद्यालय बरारी प्रथम में रास्ता बंद होने के कारण मंदिर परिसर में खड़े छात्र व शिक्षक • जागरण

**करीब एक घंटे तक किया प्रदर्शन, पहुंचे अधिकारी, बैतालपुर के प्राथमिक विद्यालय बरारी प्रथम का मामला**

**जासं, बैतालपुर:** नगर पंचायत बैतालपुर के प्राथमिक विद्यालय बरारी प्रथम को जाने वाला रास्ता अवरुद्ध होने के विरोध में छात्रों ने सोमवार को बैतालपुर-पांडेयचक मार्ग जाम कर धरना दिया। खंड शिक्षा अधिकारी के समझाने पर बच्चे सड़क से हटे व मंदिर परिसर में आकर बैठ गए। एक माह तक बच्चे मंदिर परिसर से ही आवाजाही कर सकेंगे। प्राथमिक विद्यालय बरारी प्रथम की स्थापना करीब 72 वर्ष पूर्व हुई थी। विद्यालय आने व जाने के लिए छात्र श्रीठाकुरजी मंदिर परिसर व खेत की पगडंडी का प्रयोग करते हैं। श्रीठाकुर जी मंदिर समिति के लोगों ने चहारदीवारी का निर्माण करा दिया। जिसके कारण यह रास्ता बंद हो गया।

उधर, काश्तकार ने भी नया रास्ता देने से इन्कार कर दिया और लकड़ी आदि रख दिया। जिसके चलते सोमवार की सुबह बच्चे व शिक्षक विद्यालय तक नहीं पहुंच सके। रास्ता अवरुद्ध होने से नाराज बच्चों ने बैतालपुर-पांडेयचक मार्ग जाम कर दिया व धरना शुरू कर दिया।

इसकी जानकारी होने पर पुलिसकर्मी व बीईओ बैतालपुर मौके पर पहुंचे।

बच्चों को समझा-बुझाकर मंदिर परिसर में ले गए। बीईओ ने भू-स्वामी व मंदिर समिति के लोगों से वार्ता की। बात नहीं बनने पर एसडीएम सदर को जानकारी दी। एसडीएम ने मौके पर नायब तहसीलदार मुकेश कुमार वर्मा को भेजा।

मंदिर समिति के लोगों व काश्तकार विजय नारायण मणि से बातचीत घंटों तक चलता रहा, लेकिन कोई रास्ता नहीं निकला। अधिकारियों ने मंदिर समिति से एक माह तक पुराने रास्ते से बच्चों को आने व जाने में अवरोध पैदा न करने को कहा। बीईओ जयराम ने बताया कि एक माह तक बच्चे पुराने रास्ते से ही आएंगे व जाएंगे। उच्चाधिकारियों से इसका समाधान कराने के लिए अनुरोध किया गया है।

# जिले में अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार जारी, एसपी से मिले

विधि संवाददाता, देवरिया: उप्र बार काउंसिल के आह्वान पर अधिवक्ताओं का सोमवार से दो दिन के लिए कार्य बहिष्कार जारी है। अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल एसपी से भी मिला और पुलिस से हुए झपड़ मामले में समाधान निकालने की मांग की।

हापुड़ की घटना को लेकर 30 अगस्त से दीवानी न्यायालयों में न्यायिक कार्य नहीं हो रहे हैं। उप्र बार काउंसिल का रविवार की रात में निर्देश मिलने के बाद डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन व दी सेंट्रल बार एसोसिएशन ने सोमवार को अलग-अलग बैठक की। साथ ही न्यायिक कार्य का बहिष्कार करने का निर्णय लिया। डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के नेतृत्व में अधिवक्ताओं का प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला। अधिवक्ताओं और पुलिस के बीच हुए झड़प के मामले में समाधान निकालने को लेकर चर्चा की। दोनों पक्षों के बीच वार्ता जारी रहेगा। इस मौके पर डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील कुमार मिश्र, मंत्री अरुण कुमार उपाध्याय, जिला कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश मिश्र, मंत्री ज्ञानेश्वर मिश्र उर्फ प्रीतम, दी सेंट्रल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राणा प्रताप सिंह, मंत्री राकेश सिंह आदि मौजूद रहे। इसके अलावा सभी तहसीलों में भी हड़ताल रही।

# पोस्टमार्टम में व्यवसायी की मृत्यु का कारण स्पष्ट नहीं

**जासं, देवरिया:** आर्य समाज गली के रहने वाले पान मसाला व्यवसायी की मृत्यु का कारण सोमवार को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में भी स्पष्ट नहीं हो सका है, जिसके बाद विसरा सुरक्षित कर दिया गया है। व्यवसायी की मृत्यु का स्पष्ट कारण नहीं होने से मृत्यु का रहस्य बरकरार है। लोग तरह-तरह से कयास लगा रहे हैं।

- पान मसाला व्यवसायी का कमरे से शव बरामद होने का मामला
- दुर्गंध आने पर पड़ोसियों को देर रात हुई थी मौत की जानकारी



व्यवसायी की मृत्यु के बाद रोती पत्नी प्रीति • जागरण

शहर के आर्य समाज गली के रहने वाले सतीश चंद्र जायसवाल पान मसाला के थोक विक्रेता थे। रविवार की रात साढ़े ग्यारह बजे उनके कमरे से दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों को किसी अनहोनी की आशंका हुई तो अंदर जाकर देखे। अंदर सतीश चंद्र जायसवाल की मृत्यु हो गई थी। लोगों की सूचना पर आधी रात को पहुंची पुलिस ने शव का सोमवार को पोस्टमार्टम कराया गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। स्वजन ने पुलिस को लिखित दिया है कि वह नशे के आदी थे, सभी भाई उनसे अलग रहते थे। पत्नी से मतभेद होने के चलते वह गोरखपुर में इकलौते बेटे के साथ रहती थी। सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। विसरा सुरक्षित कर लिया गया है। लैब से रिपोर्ट आने के बाद ही मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

### पति का शव देखते ही फफक पड़ी प्रीति

विवाद के कारण कुछ समय से पत्नी प्रीति गोरखपुर में रहती थी। दोपहर बाद सीधे वह पोस्टमार्टम हाउस पहुंची और पति का शव जब शाम को बरहज स्थित सरयू नदी पर अंतिम संस्कार के लिए जाने लगा तो अंतिम बार पति का चेहरा देखने की जिद प्रीति करने लगीं। पति का शव देखते ही प्रीति फफक पड़ीं। वहीं इकलौते बेटे अनूज का भी रो-रोकर बुरा हाल हो गया था। सतीश पांच भाइयों में सबसे छोटे थे। चार बहनें भी भाई की मृत्यु की सूचना पर घर पहुंची।

# पोस्टमार्टम में नहीं खुला व्यापारी की मौत का राज

## पुलिस ने विसरा किया सुरक्षित, परिवार से किसी ने नहीं दी तहरीर

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। शहर की पुरानी आर्य समाज गली निवासी पान मसाला व्यवसायी सतीश जायसवाल की मौत के राज से पर्दा नहीं उठ पाया है। सोमवार को उनके शव के पोस्टमार्टम से मौत का कारण स्पष्ट नहीं हो सका। इस वजह से पुलिस ने विसरा सुरक्षित करा दिया है। वहीं, मौत की सूचना पर उनकी पत्नी देर रात ही देवरिया पहुंच गईं। उन्होंने बताया कि सतीश की किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी। सतीश के भाई या पत्नी ने मामले में अबतक कोई तहरीर नहीं दी है।



सतीश चन्द्र (फाइल फोटो)



सतीश के आर्य समाज गली स्थित घर पर पसरा सन्नाटा। संवाद



पत्नी पिंकी को संभालती मां। संवाद

शहर के पुरानी आर्य समाज गली निवासी व्यवसायी सतीश जायसवाल (37) की भीखमपुर रोड पर पान मसाला की थोक दुकान थी। वह अपने घर पर अकेले रहते थे। उनकी पत्नी गोरखपुर में बेटे के साथ रहती हैं।

**घर में बंद मिला युवा व्यवसायी का शव**

अमर उजाला में प्रकाशित खबर।

रविवार की रात घर से तेज दुर्गंध आने पर मोहल्लेवासियों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर उनके भाई भी पहुंच गए। पुलिस ने देखा कि शव करीब तीन दिनों से पड़ा हुआ है।

संदिग्ध हालात में मौत होने के कारण पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया और मौके पर फॉरेंसिक टीम ने साक्ष्य भी जुटाया है। पोस्टमार्टम हाउस के डॉक्टर के अनुसार शरीर पर कहीं भी चोट के निशान नहीं थे। शव करीब तीन दिन पुराना भी था। दुकान के आसपास के लोगों का भी कहना था कि तीन दिन से दुकान नहीं खुल रही थी।

मोहल्लेवासी भी बता रहे थे कि कई दिनों से वह दिखाई नहीं दे रहे थे। सीओ सदर श्रीयश त्रिपाठी ने बताया कि परिजनों ने तहरीर नहीं दी है। पोस्टमार्टम के बाद विसरा प्रिजर्व किया गया है उसे जांच के लिए भेजा जाएगा।

### तकरार भूलकर पहुंचीं पत्नी

देवरिया। सतीश जायसवाल की पत्नी पिंकी अपने पुत्र अमन के साथ करीब छह वर्ष से गोरखपुर के कृष्णा नगर कालोनी में रहती हैं, जहां उनका बेटा पढ़ता है। किन्हीं कारणों से पति-पत्नी के रिश्तों में दरार आ गई थी। जिसके कारण पत्नी का देवरिया आना नहीं होता था। रविवार की रात पति की मौत की खबर सुनते ही पिंकी अपने बेटे के साथ मौके पर पहुंच गईं। पति की मौत के बाद उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उन्होंने बताया कि उन्हें किसी पर शक नहीं है। कुछ आदतों की वजह से सतीश से बातचीत नहीं होती थी। फिलहाल उन्हें किसी के खिलाफ कार्रवाई नहीं करानी है। संवाद

# पांच के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज

रुद्रपुर : क्षेत्र के तारासारा में हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने पांच लोगों के विरुद्ध बलवा समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। गांव की सुमन देवी ने तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उनकी चहारदीवारी कुछ लोगों ने तोड़ दी। विरोध करने पर मारपीट की। इस मामले में पुलिस ने गांव के खुशहाल गोंड, हरिहर गोंड, प्रेमचंद, धनेश, शाहिल के विरुद्ध बलवा का मुकदमा दर्ज किया है।

# पति समेत दो आरोपितों को पुलिस ने भेजा जेल



पुलिस की गिरफ्त में आरोपित ● जागरण

जासं, देसही देवरिया: क्षेत्र के सोनबरसा गांव में दहेज के लिए विवाहिता की हुई हत्या के मामले में पुलिस ने पति व सास को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से आरोपितों को जेल भेज दिया गया।

सदर कोतवाली के मुड़ाडीह के रहने वाले गुड्डू चौहान ने अपनी बेटी सविता की शादी महुआडीह थाने के सोनबरसा में राज चौहान से की थी। नौ सितंबर को दहेज के लिए विवाहिता की हत्या कर दी गई। इस मामले में पुलिस ने पति राज चौहान व सास तारा देवी को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद पुलिस ने दोनों को न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक गिरीश चंद राय ने बताया कि फरार चल रहे अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी को दबिश दी जा रही है।

# ग्राम प्रधान सहित पांच पर मारपीट का केस

रुद्रपुर। तारासारा गांव में जमीन की पैमाइश के लिए हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने ग्राम प्रधान सहित पांच लोगों पर दरवाजे पर चढ़ कर मारपीट कर हाथ तोड़ने का केस दर्ज किया है। घटना 27 अगस्त की है। मामले में दूसरे पक्ष के लोगों पर भी मारपीट का केस दर्ज हो चुका है। गांव के रामू गौड़ की पत्नी सुमन देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि एक जमीन की पैमाइश के बाद प्रशासन के अवैध निर्माण गिराने को लेकर पड़ोसी नाराज थे। इस बात को लेकर 27 अगस्त की शाम को ग्राम प्रधान सहित पांच लोग उनके दरवाजे पर चढ़ कर मारपीट करने लगे। संवाद

# पशु तस्कर को बलरामपुर पुलिस ने दबोचा

देवरिया। तरकुलवा थाना क्षेत्र के ग्राम नरायनपुर के वांछित चल रहे एक पशु तस्कर को बलरामपुर जिले की पुलिस ने सोमवार शाम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस तस्कर से पूछताछ के बाद उसे गिरफ्तार कर साथ ले गई। आरोपी के खिलाफ बलरामपुर जिले के गौरा थाने में पशु तस्करी का केस दर्ज था, वह काफी दिनों से वांछित चल था। जिसकी पुलिस तलाश कर रही थी। संवाद

# तीन फर्जी पैरामेडिकल कॉलेजों का पर्दाफाश

## दे रहे थे फर्जी प्रमाणपत्र, सैकड़ों विद्यार्थियों का भविष्य दांव पर

संवाद न्यूज एजेंसी

देवरिया। अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स से संबद्धता दिखाकर जिले में संचालित तीन पैरामेडिकल कॉलेजों का पर्दाफाश हुआ है। पता चला है कि अवैध तरीके से संचालित इन संस्थानों से विद्यार्थियों को एएनएम, जेएनएम सहित कई डिग्रियां दी जा रहीं थीं।

इनके झांसे में आकर कइयों ने मोटी रकम गवां दी। मामले का खुलासा गोरखपुर जनपद के चौरीचौरा थाने में पंकज पोरवाल निवासी गणेशनगर सुचेता थाना शाहगंज आगरा के विरुद्ध मुकदमा दर्ज होने के बाद हुआ है।

दर्ज मामले के अनुसार पंकज पोरवाल अब्दुल कलाम ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूट्स नाम से कॉलेजों को संबद्धता बांट रहा था। उससे फ्रैंचाइजी लेकर देवरिया, गोरखपुर में कई पैरामेडिकल कॉलेज खोले गए हैं।

शहर के हनुमान मंदिर चौराहे के पास छत्रपति शिवाजी कालेज आफ साइंस एंड पैरामेडिकल, प्रतिभा पैरामेडिकल एंड नर्सिंग कालेज ट्रस्ट देवरिया मीर और सौम्या शाक्य पैरामेडिकल कालेज देवरिया की भी संबद्धता इसी संस्थान से है। फर्जीवाड़े पर पुलिस की गिरफ्त में आया पंकज पोरवाल ने इन कालेजों के माध्यम से विद्यार्थियों से फीस के रूप में मोटी रकम वसूल की है। सूत्रों के मुताबिक शहर के ये कॉलेज एएनएम, जीएनएम कोर्स कराने के नाम पर दो से तीन लाख रुपये लेते थे। अब इनका खुलासा होने के बाद छात्रों का भविष्य भी दाव पर लग गया है।

### इससे पहले भी पकड़े जा चुके हैं फर्जी कॉलेज

देवरिया। शहर के मेहड़ा पुरवा के पास दो माह पहले एक फर्जी पैरामेडिकल कॉलेज का खुलासा हुआ था। कॉलेज संचालक ने करीब 30 छात्राओं से एएनम, जीएनएम के नाम पर करीब बीस लाख रुपये ले लिए थे। उसकी गिरफ्तारी के बाद कॉलेज बंद हो गया। इसी तरह जिले में अभी कई कालेज हैं जो स्वास्थ्य विभाग की विभिन्न डिग्रियों को दिलाने के नाम पर लाखों रुपये वसूल रहे हैं। संवाद

# 75 हजार और सोने की चेन छीनने का लगाया आरोप

देवरिया। बरियारपुर क्षेत्र के एक युवक ने एक व्यक्ति पर मारपीट, 75 हजार रुपये नकद और सोने की चेन छीनने का आरोप लगाया है। उसने पुलिस को तहरीर दी है। तरकुलवा थाना क्षेत्र के मुजहना गांव निवासी राहुल मद्धेशिया बरियारपुर क्षेत्र के महुआपाटन में कबाड़ की दुकान चलाते हैं, वहीं बगल में मुजहना निवासी एक व्यक्ति भी कबाड़ की दुकान चलाता है। राहुल ने आरोप लगाया है कि रविवार देर शाम वह दुकान बंद कर रहे थे। तभी एक व्यक्ति कुछ लोगों के साथ आकर उन्हें मारने-पीटने लगा और दुकान में रखे 75 हजार रुपये नकद और सोने की चेन छीन ली। किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और पुलिस को सूचना दी। एसओ बरियारपुर ने कहा कि तहरीर मिली है। मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। संवाद

# छात्रों ने सड़क तक खड़ी कीं साइकिलें पुलिस उठाकर ले गई चौकी पर

संवाद न्यूज एजेंसी



लार में सड़क पर खड़ी साइकिलों को ले जाती पुलिस। संवाद

सलेमपुर। लार नगर में एक कॉलेज के छात्र दोपहर की छुट्टी के बाद भागने के लिए कॉलेज के सामने सड़क की पटरी तक साइकिल खड़ी कर देते हैं। सोमवार को भी स्कूल पहुंचे छात्रों व वहीं पर संचालित हो रहे एक कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों ने सड़क तक साइकिलें खड़ी कर दीं। इससे जाम की स्थिति उत्पन्न हो गई।

इसी बीच अरुण कुमार सिंह गुड्डू ने इसकी शिकायत डीएम से कर वीडियो वायरल कर दी। हरकत में आई कस्बा चौकी के पुलिस कर्मियों ने बेतरतीब खड़ी साइकिलों को चौकी लेकर पहुंच गए। उधर छुट्टी के बाद साइकिल नहीं दिखी तो छात्र अवाक रह गए। कुछ देर बाद पता चला कि पुलिस ले गई है।

इसके बाद वे कस्बा चौकी पहुंचे। यहां अभिभावकों की मौजूदगी में हिदायत देकर साइकिलें लौटाई गईं। प्रभारी निरीक्षक कपिलदेव चौधरी ने बताया कि सड़क तक साइकिल खड़ी करने पर पुलिस ने हटाया है। सभी को हिदायत देकर दोबारा नहीं खड़ी करने को कहा गया है।

# विद्यालय जाने वाले रास्ते को किया अवरुद्ध तो धरने पर बैठे विद्यार्थी और शिक्षक

संवाद न्यूज एजेंसी

**बैतालपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बरारी प्रथम का मामला**

देवरिया। बैतालपुर क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय बरारी प्रथम को जाने वाली पगडंडी मार्ग के अवरुद्ध किए जाने से नाराज विद्यार्थी और शिक्षक सोमवार को धरने पर बैठ गए। उन्होंने बैतालपुर-पांडेयचक मार्ग पर जाम लगाकर रास्ता खुलवाने की मांग की। मौके पर पहुंचे खंड शिक्षाधिकारी व पुलिस के हस्तक्षेप के बाद जाम समाप्त हुआ।

प्राथमिक विद्यालय बरारी प्रथम के स्थापना काल से ही वहां आवागमन के लिए कोई रास्ता नहीं है। आवागमन के लिए बरारी मंदिर कुटी से होते हुए विजय नारायण मणि के खेत से होकर पगडंडी के सहारे विद्यालय तक बच्चे और शिक्षक पहुंचते हैं। यहां चुनाव बूथ भी है। जहां इसी मार्ग से लोग पहुंचकर वोट भी करते हैं। कभी भी किसी अधिकारी की नजर सड़क पर नहीं पड़ी कि यहां पर लोग क्यों खेत की मेढ़ से आ-जा रहे हैं।

सोमवार को मंदिर समिति ने रास्ते को चहारदीवारी चलाकर रोक दिया। मंदिर समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बीच से मार्ग के बजाय अब एक तरफ दस फुट का रास्ता दिया गया है। उससे विद्यालय के लोग और बच्चे जाएं। जब उधर से बच्चे जाने लगे तो उसके बाद पड़ने वाले खेत के स्वामी ने वहां रास्ता रोक दिया कि इस तरफ से कोई नहीं जाएगा। कोई रास्ता न देख विद्यालय के शिक्षक और बच्चे सड़क पर धरने पर बैठ गए। रास्ता बंद होने की सूचना पाकर खंड शिक्षा अधिकारी पहुंच गए।

उन्होंने भू-स्वामी और मंदिर समिति से वार्ता की। लेकिन कोई ठोस बात न बनते देख खंड शिक्षा अधिकारी ने एसडीएम सदर को इसकी जानकारी दी। जिस पर उन्होंने मौके पर तहसीलदार सदर और नायब तहसीलदार को भेजने की बात कर मामले का समाधान करने का आश्वासन दिया।

# प्रेम प्रसंग में बाधक बनने पर की गई शंकर की हत्या, एक गिरफ्तार

## आरोपी ने कबूला- हत्या कर शव को भागलपुर पुल से नदी में फेंका था

संवाद न्यूज एजेंसी

सलेमपुर। मईल थाने के ईशारू गांव के शंकर पांडेय की हत्या एक आरोपी के प्रेम संबंध में बाधक बनने पर कर दी गई। मामले में पकड़े गए आरोपी युवक से पूछताछ में यह बात सामने आई है। आरोपी ने बताया कि हत्या के बाद शंकर का शव नदी में फेंक दिया गया। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने शंकर का मोबाइल व घटना में प्रयुक्त कार बरामद की है। हालांकि, घटना का मुख्य आरोपी अभी पुलिस की पहुंच से दूर है। वहीं, शंकर का शव भी नदी से बरामद नहीं किया जा सका है।

मईल थाना क्षेत्र के ईशारू गांव निवासी शंकर पांडेय शुक्रवार की शाम भागलपुर के एक युवक के बुलाने पर घर से निकले थे। वापस न आने पर उनकी पत्नी शिवानी पांडेय ने नौ सितंबर को पुलिस को तहरीर देकर बताया कि आठ सितंबर की शाम पांच बजे मित्र संजय यादव उर्फ टाटा के बुलाने पर शंकर उसके साथ भागलपुर गए


शंकर (फाइल फोटो)


गिरफ्तार हत्यारोपी

थे। इसके बाद नहीं लौटे। काफी तलाश करने के बाद भी उनका पता नहीं चला। इसके बाद मईल पुलिस गुमशुदगी का केस दर्ज कर जांच में जुटी थी।

दस सितंबर को शिवानी पांडेय ने संजय यादव उर्फ टाटा व शिवम यादव निवासी भागलपुर पर पति की हत्या कर शव नदी में फेंककर साक्ष्य मिटाने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। केस दर्ज कर मईल पुलिस ने भागलपुर से एक आरोपी शिवम कुमार यादव (21) को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी ने हत्या कर शव को कार से भागलपुर पुल पर ले जाकर नदी में फेंकने की बात स्वीकार की है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक अब तक की जांच में जो संकेत मिले हैं, उससे साफ जाहिर हो रहा है कि शंकर की हत्या प्रेम प्रसंग में बाधा बनने के कारण हुई है। मुख्य आरोपी की जिस महिला से करीबी है, उससे मिलने-जुलने में शंकर बाधक बन रहे थे. इस कारण उनकी हत्या कर शव को नदी में फेंक दिया गया, ताकि राज न खुले सके।

सीओ अंशुमन ने बताया कि जांच में प्रथम दृष्टया यह संकेत मिल रहा है कि प्रेम प्रसंग में बाधक बनने पर हत्या की गई है। मुख्य आरोपी की गिरफ्तारी का प्रयास किया जा रहा है।

### दिनभर चलती रही शव की तलाश

सलेमपुर। शंकर पांडेय को फोन कर बुलाने वाला फरार है। दूसरे आरोपी ने हत्या कर शव पुल से नदी में फेंकने की बात कही तो पुलिस शव के खोजबीन में जुट गई। सरयू नदी में एसडीआरएफ टीम ने तलाश की, लेकिन शव का पता नहीं चला। आरोपियों ने बुलाकर उसकी हत्या की गई है। मृतक की पत्नी शिवानी पांडेय आंगनबाड़ी कार्यकर्ता हैं। संवाद

# चार लोगों पर दहेज उत्पीड़न का केस

देवरिया। सोनबरसा गांव में नौ सितंबर को नवविवाहिता की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने मायके वालों की तहरीर पर पति समेत चार पर दहेज उत्पीड़न का केस दर्ज किया है। पति और सास को गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया। महुआडीह थानाक्षेत्र के सोनबरसा गांव में नौ सितंबर को सविता देवी घर में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। सूचना पर पहुंचे मायके वालों ने दहेज उत्पीड़न का आरोप लगाया। सविता के पिता गुड्डू चौहान ने पुलिस को तहरीर दी। संवाद

# नदी में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

सलेमपुर। छोटी गंडक नदी में सोमवार को एक युवक का शव मिला। सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस जांच में जुटी हुई है। परिजनों के मुताबिक युवक बीमार चल रहा था। बरहज थाना क्षेत्र के पैना गांव निवासी भोलू मद्धेशिया (32) पुत्र रामचंद्र मद्धेशिया नगर के लोहिया नगर में अपने बड़े भाई के साथ रहता था। सुबह सोहनाग रोड स्थित अपने बड़े भाई की दुकान पर साइकिल खड़ी कर पैदल निकल गया। दोपहर में किसी ने सूचना दी कि नदावर मंदिर के पास नदी में शव दिखाई दिया है। सूचनां पर पहुंची पुलिस उसकी पहचान में जुट गई। खबर मिलते ही परिजनों ने घटनास्थल पर पहुंच कर शव की पहचान की। परिजनों का कहना है कि युवक की दिमागी हालत ठीक नहीं थी। वह मानसिक बीमारी से ग्रसित था। कोतवाल गोपाल पांडेय ने बताया कि नदावर नदी से युवक का शव मिला है। संवाद

KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2023

# नए मोहल्ले व आबादी से दूर बने मकान होंगे चिह्नित

- वर्षा के मौसम में बढ़ जाती है घुमंतू गिरोह की सक्रियता
- चोरी, लूट, डकैती की घटनाओं को देते हैं अंजाम

जासं, पडरौना: नए मोहल्ले व आबादी से दूर एकांत में बने मकानों को पुलिस चिह्नित करेगी, ताकि वहां गश्त बढ़ाकर नागरिकों को सुरक्षा प्रदान की जा सके, क्योंकि वर्षा के इस मौसम में घुमंतू गिरोह की सक्रियता बढ़ जाती है। इनके निशाने पर खासकर नए मोहल्ले व एकांत में बने मकान होते हैं। इन जगहों पर गिरोह के सदस्य चोरी, लूट, डकैती की घटनाओं को अंजाम देते हैं।

हाल ही में प्रयागराज में सामने आई लूट की घटना के बाद घुमंतू गिरोह के सक्रिय होने की पुष्टि हुई है। यह देखते हुए यह कदम उठाया गया है। एसपी ने थानेदारों को निर्देश जारी कर कहा है कि प्रायः वर्षा व सर्दी के मौसम में इस गिरोह की गतिविधियां बढ़ जातीं हैं। जो कस्बों, गांव व शहरों की नई बस्तियों एवं एकांत में बने मकानों को चिह्नित कर वहां चोरी, लूट, डकैती की घटनाओं को अंजाम देते हैं। यह देखते हुए नए मोहल्लों तथा एकांत में बने मकानों के आसपास रात में पेट्रोलिंग बढ़ाई जाए। आवश्यकता के अनुसार इन स्थानों पर पिकेट भी लगाए जाएं। बता दें कि पूर्व में जिले में घुमंतू गिरोह की सक्रियता उजागर हो चुकी है।

**होटल-ढाबा व शराब की दुकानों के आसपास रहेगी विशेष नजरः** गिरोह के सदस्य प्रायः घटना कारित करने के पूर्व होटल, ढाबा व शराब की दुकानों के आसपास शराब का सेवन करते हैं। इस तरह रात के समय इन जगहों पर सघन वाहन व संदिग्ध व्यक्तियों की चेकिंग के साथ ही विशेष नजर रखने को कहा गया है।

> घुमंतू गिरोह पर शिकंजा कसने के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। नए मोहल्लों के साथ ही आबादी से दूर बने मकानों को चिह्नित कर वहां गश्त बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील स्थानों पर पुलिस विशेष चौकसी बरत रही है।
>
> धवल जायसवाल, एसपी

**सक्रिय होंगीं ग्राम-मोहल्ला सुरक्षा समितियां :** इस नई व्यवस्था में ग्राम-मोहल्ला सुरक्षा समितियों को सक्रिय कर चौकीदारों संग गश्त के निर्देश दिए गए हैं। गश्त करने वाले कर्मचारियों के पास डंडा, टार्च व सीटी अनिवार्य रूप से रखने को कहा गया है। कर्मचारियों को अकेले गश्त पर न भेजने का निर्देश दिया गया है।

**तैयार हो रही सूची :** जिलास्तर पर घुमंतू गिरोह व उसके सदस्यों की सूची तैयार की जा रही है। सूचीबद्ध अपराधियों का सत्यापन होगा। पूर्व में सामने आई घटनाओं में शामिल अपराधियों का नाम, पता व फोटो सुरक्षित किया जा रहा है, ताकि इस तरह की घटना सामने आने के बाद अपराधियों की पहचान हो सके।

# हत्यारोपित को पुलिस ने किया गिरफ्तार

हाटा: कोतवाली के मठिया मिश्र गांव के अमरजीत के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज है, वह फरार चल रहा था। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल सत्यनारायन राय, रणजीत सिंह, कांस्टेबल सचिंद्र यादव की टीम ने आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने नष्ट कराई शराब

**खड्डा :** आबकारी एक्ट के तहत सत्र 2022-23 में बरामद किए गए 15 लाख रुपये कीमत की अंग्रेजी शराब व कच्ची को न्यायालय के आदेश पर रविवार की शाम खड्डा पुलिस ने नष्ट कराया। थाना परिसर में गड्ढा खोदकर उसमें 4680 लीटर शराब को डाल दिया गया। सीओ संदीप वर्मा, सीजेएम कोर्ट के स्टेनो शशिकांत, प्रभारी निरीक्षक आशुतोष सिंह, गवाह राजन पांडेय, बद्री प्रसाद तिवारी की मौजूदगी में कार्रवाई की गई। (जासं)

# चोरी के सिगरेट व पान मसाला के साथ एक गिरफ्तार

**जासं, पडरौना**: कोतवाली पुलिस ने सोमवार शाम को मिल कालोनी के पास चोरी का सिगरेट व पान मसाला के साथ चोर को गिरफ्तार किया। उसकी पहचान अभय उर्फ बिहारी मद्धेशिया मेन बाजार नौका टोला पडरौना के रूप में हुई। कोतवाल राजप्रकाश सिंह ने बताया कि गश्त के दौरान मिल कालोनी के समीप पुलिस का वाहन देख एक युवक तेजी से मोहल्ले की तरफ भागा। दौड़ाकर पुलिसकर्मियों ने उसे पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से झोला में 11 पैकेट सिगरेट, दो पैकेट पान मसाला व 850 रुपये नकद मिले। कोतवाल ने बताया कि मेन बाजार नौका टोला में बीते दिनों पान की दुकान में चोरी हुई थी। मामला दर्ज कर पुलिस जांच कर रही है।

**आमरण अनशन की चेतावनी** : पिपरा बाजार: नेबुआ नौरंगिया के पिपरा बुजुर्ग की तरीकुन नेशा ने पुलिस-प्रशासन पर न्याय न दिलाने का आरोप लगाते हुए 18 सितंबर से स्वजन सहित आमरण-अनशन करने की चेतावनी दी है। उनका कहना है कि पति तीन भाई हैं। बड़े भाई ने अपने हिस्से की भूमि बगल के गांव मिठहा माफी के पूर्व प्रधान को बैनामा कर दिया। पूर्व प्रधान द्वारा मेरे पति के हिस्से की भूमि पर भी मक्के की बोआई कर दी।

# बेचने के लिए की थी ट्रैक्टर-ट्राली की लूट, सरकारी मुलाजिम भी शामिल

## बिहार के गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र का है व्यक्ति, गिरफ्तार किए गए पांचों आरोपी कुशीनगर जिले के निवासी, रहते हैं बिहार में

संवाद न्यूज एजेंसी

कुशीनगर। तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र में पांच सितंबर की रात में चालक को बंधक बनाकर ट्रैक्टर-ट्रॉली लूट के मामले का पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लूटी गई ट्रैक्टर-ट्रॉली, लूट में प्रयुक्त पिकअप, तमंचा और कारतूस बरामद कर लिया है। पुलिस की पूछताछ में आरोपियों ने सोमवार को बताया कि उन लोगों ने बेचने के लिए ट्रैक्टर-ट्राली की लूट की थी। इस मामले में एक सरकारी मुलाजिम भी शामिल है, जो कबाड़ का धंधा करता है।

कुशीनगर जिले के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के रहने वाले पांचों आरोपी इन दिनों बिहार के गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र में रहते हैं। ये बिहार और उत्तर प्रदेश में ट्रैक्टर-

**ट्रैक्टर-ट्रॉली बेचने से पहले ही गिरफ्तार कर लिए गए**

**ट्रैक्टर-ट्राली के साथ पिकअप तमंचा व कारतूस बरामद**

ट्राली ही नहीं, कोई भी वाहन चुरा लेते थे और कुचायकोट थाना क्षेत्र में एक ऐसे कबाड़ी के हाथ बेच देते थे, जो उन्हें काटकर बेच देता था। वह एक सरकारी मुलाजिम है। कुशीनगर पुलिस ने उसके बारे में गोपालगंज जिले की पुलिस को रिपोर्ट कर दी है।

एसपी धवल जायसवाल ने बताया कि तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के घोरठ-शंकरपुर के बीच स्थित मटियरिया गांव के पास ट्रैक्टर-ट्रॉली लूटने वाले पांचों बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इनका नाम ओमप्रकाश यादव और बिग्गू यादव, सुजीत यादव निवासी ठाढ़ीभार इंदरपट्टी



तुर्कपट्टी थाना परिसर में ट्रैक्टर लूट के आरोपी । संवाद

(धूस) थाना विशुनपुरा, छोटे यादव निवासी शाहपुर खलवापट्टी व प्रदीप सैनी निवासी बतरौली धुरखड़वा थाना विशुनपुरा है। सभी कुशीनगर जिले के विशुनपुरा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इन्हें बिहार के दोघरा ठाकुर चौराहा के पास गिरफ्तार किया गया। इनकी निशानदेही लूटे गए ट्रैक्टर ट्रॉली, लूट में प्रयुक्त पिकअप, दो तमंचा और तीन कारतूस बरामद कर लिया गया है। एक मोबाइल और कुछ नकद भी बरामद हुआ है। ये बदमाश आए दिन रात में अकेले मिल रहे राहगीरों से छिनैती तथा लूट की घटना को अंजाम देकर अपनी जगह बदल लेते थे। इस बार भी इन्होंने घटना को अंजाम देकर ट्रैक्टर ट्रॉली को बिहार में बेचने की कोशिश की थी। एसपी ने बताया कि छह सितंबर की देर रात नागेंद्र गोंड ट्रैक्टर ट्राली लेकर दुदही की तरफ से तुर्कपट्टी की तरफ आ रहा था, तभी यह लूट हुई थी। मैजिक सवार इन बदमाशों ने पीछे से आकर ट्रैक्टर-ट्रॉली को रोक लिया। नागेंद्र अभी कुछ समझ पाता, तब तक बदमाशों ने उसे पीटकर घायल कर दिया और हाथ-पैर बांधकर पिकअप में लाद लिए। उसे पटहेरिया जाने वाले मार्ग पर एक गन्ने के खेत में फेंककर भाग गए। चालक को होश आया तो उसने किसी प्रकार वाहन स्वामी विशुनपुरा थाना क्षेत्र के अहिरौली निवासी परमहंस कुशवाहा को इसकी जानकारी दी। वाहन स्वामी ने तुर्कपट्टी पुलिस को घटना से अवगत कराया था। इसके बाद पुलिस ने खोजबीन की थी। इसमें स्वॉट टीम और तुर्कपट्टी थाने की पुलिस लगाई गई थी।

एसपी ने बताया कि पूछताछ में इन बदमाशों ने बताया कि बिहार के गोपालगंज जिले के कुचायकोट थाना क्षेत्र में एक सरकारी मुलाजिम है, जो चोरी की गाड़ियां खरीदने और उन्हें कटवाकर बेचने का काम करता है। ये व्यक्ति उसके लिए काम करते थे। उस सरकारी मुलाजिम के बारे में गोपालगंज जिले की पुलिस को रिपोर्ट कर दी गई है।

इस खुलासे में स्वॉट टीम प्रभारी सुशील कुमार शुक्ल और तुर्कपट्टी के थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह अपनी टीम के साथ शामिल थे। इस खुलासे में सीओ सदर की भूमिका भी सराहनीय रही।

# जुलूस व झांकियां रहीं डोल मेले का आकर्षण

## सुरक्षा व्यवस्था के बीच दो दिवसीय डोल मेला शांतिपूर्ण माहौल में सकुशल संपन्न

**संवाद न्यूज एजेंसी**

**कसया।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर आयोजित डोल मेला सोमवार को सुरक्षा व्यवस्था के बीच शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। जुलूस व झांकियां डोल मेले का आकर्षण रहीं। नगर के डोल मेले का शुभारंभ रविवार शाम को जुलूस व झांकियों के प्रदर्शन के साथ हुआ।

जुलूस में भव्य राम मंदिर के साथ-साथ भगवान श्रीकृष्ण के विभिन्न रूपों का चित्रण, देवी देवताओं का स्वरूप प्रदर्शन, विशाल रूप में त्रिशूल व गदा का प्रदर्शन आकर्षण का केंद्र रहा। डोल मेले से पूर्व महावीरी अखाड़ा, विश्वकर्मा सेवा दल, बजरंग दल, हिंदू सम्राट दल, शिव सेना आदि अखाड़ा एवं डोल मेला समितियों की ओर से जुलूस व झांकियों का प्रदर्शन हाईवे ओवर ब्रिज से लेकर गांधी चौक, पडरौना मार्ग, सपहा मार्ग व गोरखपुर मार्ग सहित पूरे नगर में किया गया।



कसया डोल मेले में निकाली गईं झांकियां। संवाद

जुलूस व झांकी प्रदर्शन के उपरांत सभी दलों द्वारा रात में धार्मिक नृत्य कला, संगीत, भजन सहित अखाड़ा के खिलाड़ियों ने बाना, बनैठी, भाला, फरसा सहित हैरत अंगेज कलाओं का प्रदर्शन कर दर्शकों को आकर्षित किया। इस दौरान नृत्य-संगीत सुनने-देखने के लिए दर्शकों का हुजूम चल रहा था। रात में बारिश के बावजूद भीड़ जुटी रही।

डोल मेला समितियों व अखाड़े नगर के मार्गों पर करतब दिखाते हुए देर शाम को लौट आए। इस दौरान उपजिलाधिकारी कसया योगेश्वर सिंह व क्षेत्राधिकारी कुंदन कुमार सिंह, थानाध्यक्ष कसया सहित कई थानों की पुलिस व पीएसी के जवान तैनात रहे। इसी क्रम में नगरपालिका परिषद कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश कुमार जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, ओमप्रकाश वर्मा, गोपाल शर्मा, सभासद राजेश जायसवाल, राजेश कुमार मद्धेशिया आदि डोल मेला को सकुशल संपन्न कराने में जुटे रहे।

### डोल मेले का लिया आनंद

**पडरौना।** तरयासुजान थाना क्षेत्र के सलेमगढ़ बाजार में आयोजित डोल मेला सोमवार को संपन्न हो गया। मेले में आए लोगों ने विभिन्न तरह की झांकी का आनंद लिया। इसके बाद मेले में लगी दुकानों से खरीदरी की। मेला में पहले ही आर्केस्ट्रा आदि पर रोक लगा दी गई थी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात रही। एसएचओ तरयासुजान अमित कुमार शर्मा ने बताया कि सलेमगढ़ बाजार में आयोजित डोल मेला शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हो गई है। किसी भी तरह की अप्रिय घटना नहीं हुई है। संवाद

# एंटी रोमियो स्क्वॉयड के कार्यों की समीक्षा की

**पडरौना।** अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर रितेश कुमार सिंह ने पुलिस पुलिस कार्यालय के सभागार में दैनिक अपराध सूचना व एन्टी रोमियो स्क्वाड की कार्रवाइयों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपर पुलिस अधीक्षक कुशीनगर ने दैनिक अपराध सूचना व एन्टी रोमियो स्क्वाड के कार्रवाई की समीक्षा की।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली लूटकांड में पांच बदमाश गिरफ्तार

तुर्कपट्टी, हिन्दुस्तान संवाद। तुर्कपट्टी पुलिस ने पांच दिन पूर्व हुई ट्रैक्टर ट्राली लूटकांड का सोमवार को पर्दाफाश कर दिया है। पुलिस ने लूटी गयी ट्रैक्टर ट्राली व लूट में प्रयुक्त पिकअप बरामद कर लिया है। पुलिस ने लूट में शामिल सभी पांच बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से दो अवैध तमंचा व जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है।

तुर्कपट्टी थाने में सीओ पडरौना उमेशचन्द भट्ट ने लूट की घटना का खुलासा करते हुए बताया कि गत छह सितम्बर को घोरठ शंकरपुर के मटियार में हुईघटना में शामिल पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण के नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने लूट में शामिल बदमाशों को दोघरा ठाकुर चौराहा के समीप से गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि ट्रैक्टर ट्राली की लूट की घटना को ओमप्रकाश यादव, बिग्गू यादव व सुजीत यादव निवासीगण ठाढीभार इन्दरपट्टी थाना विशुनपुरा, छोटे यादव निवासी शाहपुर खलवापट्टी व प्रदीप सैनी निवासी दुखंडवा बतरौली थाना विशुनपुरा ने अंजाम दिया था।



तुर्कपट्टी थाने में ट्रैक्टर ट्राली लूट का खुलासा करते सीओ पडरौना उमेश चंद्र भट्ट।

सभी को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनके पास से लूटी गया ट्रैक्टर ट्राली तथा लूट में प्रयुक्त पिकअप के अलावा दो अवैध तमंचा 315 बोर, तीन जिन्दा कारतूस, चोरी की दो मोबाइल व 1060 रुपये नगदी बरामद की है।

मेरी माटी मेरा देश

# नहीं मिली आगे की सीट तो विधायक भड़के, पीछे बैठे

कुशीनगर। जनपद मुख्यालय स्थित बुद्धा पार्क में सोमवार को हुए कार्यक्रम मेरी माटी मेरा देश में विलंब से पहुंचे खड्डा विधायक को आगे की सीट नहीं मिली तो वह नाराज हो गए। विधायक डीएम और एसपी के पीछे की सीट पर बैठ गए।

उनके तमतमाए चेहरे पर कुछ अधिकारियों की नजर पड़ी तो मंच पर ही उन्हें मनाने में लग गए। काफी मनाने के बाद विधायक पीछे से उठकर आगे बैठे अधिकारियों के सोफे पर जाकर बैठे।

दरअसल, सोमवार को सुबह मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का आयोजन हुआ था। इसमें सांसद, सभी विधायक और अफसरों को आमंत्रित किया गया था। डीएम और एसपी भी सम्मिलित हुए। सांस्कृतिक कार्यक्रम से पहले दीप प्रज्ज्वलित कर सभी जनप्रतिनिधि और अधिकारी कार्यक्रम स्थल पर बने मंच पर स्थान ले लिए, लेकिन खड्डा के विधायक विवेकानंद पांडेय कार्यक्रम में थोड़ी देर से पहुंचे। अगली पंक्ति में अपने लिए बैठने की व्यवस्था न देख नाराज हो गए। वह अफसरों के पीछे की लाइन में जाकर बैठ गए। जब अधिकारियों की नजर विधायक पर पड़ी तो सभी उन्हें मनाने में जुट गए। उसके बाद सोफे पर बैठे डीएम उमेश मिश्रा और एसपी धवल जायसवाल के बीच जगह मिली।

विधायक बोले-मुझे कार्यक्रम में पहुंचने में थोड़ी देर हो गई। तब तक आगे की सीट भर चुकी थी। जगह न होने के कारण मैं पीछे जाकर बैठ गया। यह देखकर बाद में अफसरों ने खुद ही जगह दी और मुझे आगे बैठाया। इसमें किसी की गलती नहीं थी। संवाद

# नाराज छात्रों ने नदी घाट पर किया प्रदर्शन तब आई नाव

## भुगतान न मिलने से नाराज नाविक ने हटाई नाव, सौ से अधिक छात्र हुए परेशान, सेवरही क्षेत्र के बांसी नदी के गोला घाट का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर/तमकुहीरोड।** घर से स्कूल जाने के लिए सोमवार को निकले छात्र नदी घाट पर पहुंचे तो नाव नहीं थी। एक घंटे इंतजार के बाद भी नाव नहीं आई। इससे नाराज छात्र और गांववालों ने प्रदर्शन कर प्रशासन पर मनमानी का आरोप लगाया। एसडीएम तक मामला पहुंचने के बाद जिम्मेदर हरकत में आए और तीन घंटे बाद नाव घाट भेजी गई। इसके बाद नाराज छात्रों का गुस्सा शांत हुआ। देर होने की वजह से कुछ छात्र घर लौट गए। नाव हटने की वजह नाविक का भुगतान नहीं होना बताया जा रहा है।

पिपराघाट गांव के गोलाघाट स्थित बांसी नदी के उस तार दस से अधिक गांव हैं। पीपा का पुल हटने के बाद गांववालों को आने-जाने का साधन छोटी नाव है, जो प्रशासन की ओर से मुहैया कराई गई है। एक माह से नाविक का भुगतान नहीं हुआ है। इससे नाराज होकर नाविक ने नाव हटा दी थी। सोमवार को सुबह छह बजे से नदी घाट पर लोग पहुंचने लगे।

सात बजे स्कूल जाने के लिए 30 से अधिक छात्र नदी घाट पर पहुंचे। इंतजार के बाद भी नाव नहीं आई तो प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए नारेबाजी करने लगे। एसडीएम तक मामला पहुंचने के बाद कानूनगो जयंत गुप्ता और लेखपाल रविकांत को प्रधान रामजी निषाद ने फोन कर जानकारी दी। राजस्व विभाग के अधिकारियों ने नाविक गौरीशंकर निषाद से वार्ता कर अविलंब बकाया भुगतान का आश्वासन दिया। इसके बाद नाव लेकर नाविक पहुंचा और आवागमन शुरू हो सका।

**स्थायी समाधान के लिए पक्के पुल का निर्माण जरूरी**

नदी उस पार बसे जोगनी, इमिलिया टोला, बुटन टोला, प्रभुनाथ चौराहा, नौका टोला, मोतीराय टोला समेत दस से अधिक गांवों के लोगों को स्कूल, बाजार, अस्पताल आने-जाने के लिए एकमात्र साधन नाव है। क्योंकि वर्ष 2012 में यहां पर पीपा का पुल लगा था। बरसात में 15 जून के बाद पुल को खोल दिया जाता है। इस वर्ष बांसी नदी में देर से उफान आने के कारण 11 अगस्त को पुल खोला गया। गांववालों को आने-जाने के लिए सरकारी नाव लगा दी गई।

इन गांवों के छात्र-छात्राएं सेवरही के विभिन्न स्कूलों में पढ़ते हैं और कोचिंग करते हैं। सुबह अचानक नाव हटने के कारण घाट पर भीड़ लग गई। राजकिशोर, निरंकारी, सुदामा यादव, चंद्रिका मुखिया, पवहारी यादव, नंदलाल निषाद, नवमी साह, विवेक यादव, विश्वनाथ चौधरी और मोहन यादव का कहना है कि करीब दस हजार की आबादी के आवागमन का एक मात्र साधन पीपा का पुल और नाव है। जब तक गोलाघाट के बांसी नदी पर पक्के पुल का निर्माण नही होगा, तक तक लोगों को दुश्वारियां झेलनी पड़ेंगी।



गोलाघाट से नाव हटाए जाने पर नाराजगी जताते छात्र। संवाद

### पुल बनना तो दूर, अब तक पहल भी नहीं हुई

**गोलाघाट** पर बने पीपा पुल की जगह पक्के पुल के निर्माण की मांग को लेकर पिछले विधान सभा चुनाव में तीन मार्च को होने वाले मतदान का विरोध जोगनी गांव के लोगों ने किया था। गोलाघाट में पुल नहीं तो वोट नहीं का बैनर लोगों ने लगाया था। तीन घंटे तक मतदान का बहिष्कार चला था। चुनाव आयोग ने इसका संज्ञान लिया था और तहसील प्रशासन पहुंच गया था। तत्कालीन एसडीएम ने चुनाव बाद गोलाघाट के बांसी नदी पर पक्का पुल निर्माण कराने का आश्वासन दिया था, लेकिन डेढ़ साल बाद भी पुल निर्माण के लिए कोई पहल प्रशासनिक स्तर पर नहीं हुई। जान जोखिम में डालकर नाव से आना-जाना लोगों की मजबूरी है।



गोलाघाट में नाव लगाए जाने के बाद नदी पार करते छात्र। संवाद



बरसात में इस पीपे के पुल को खोल दिया जाता है। खेती किसानी से आवागमन में दिक्कतें होती हैं। रात को इमरजेंसी में खुद नाव खेनी पड़ती है। इसे लेकर जनप्रतिनिधि और अफसर गंभीर नहीं हैं। पक्का पुल निर्माण जरूरी है। **-सरल शर्मा**, बीडीसी सदस्य



नदी के उस पार दस हजार की आबादी गांवों में है। आने-जाने के लिए पीपा का पुल और बरसात में नाव ही सहारा है। इसके चलते लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। छोटे बच्चों को चाहकर भी स्कूल नहीं भेजा जाता है। **-रामाजी निषाद, प्रधान,** पिपराघाट एहतमाली



पीपा का पुल हटा दिए जाने के बाद सर्वाधिक दिक्कत छात्र-छात्राओं की होती है। सेवरही पढ़ने के लिए जाने वाले छात्र सुबह ही घर से निकलते हैं। एक घंटे सभी छात्रों को नदी पार करने में लग जाते हैं। जनहित में पुल का निर्माण होना चाहिए। **-ध्रुव निषाद,** राजपुर खास

# प्रेमी ने किया कुबूल- दुष्कर्म की शक्ल देने की थी कोशिश

## सोमवार को हुआ युवती का मेडिकल परीक्षण, पूरी तरह स्वस्थ होने पर होगा मजिस्ट्रेट के समक्ष बयान, जिला अस्पताल में चल रहा इलाज

संवाद न्यूज एजेंसी

**कुशीनगर।** तमकुहीराज थाना क्षेत्र में चखनी पुल के पास गन्ने के खेत में युवती को फेंकने वाले प्रेमी ने ही घटना का रुख मोड़ने के लिए उसे अर्द्धनग्न कर दिया था। ताकि घटना दुष्कर्म की लगे और लोग उसमें उलझकर रह जाएं। प्रेमिका की हालत बिगड़ने पर उसके साथ सहानुभूति दिखाते हुए अस्पताल पहुंचाने के बजाय गन्ने के खेत में फेंक दिया। दूसरी ओर युवती उसकी इस हरकत से अनजान होने के कारण अभी भी उससे शादी करने की रट लगाई हुई है।

पुलिस की पूछताछ में सेवरही थाना क्षेत्र के कोटवा निवासी कन्हैया पाल ने सारी सच्चाई पुलिस के सामने उगल दी। उसने यह बात स्वीकार किया कि उसने अपने सहयोगी मुकेश यादव के साथ मिलकर इस घटना को अंजाम दिया। बताया कि सात सितंबर को दोनों उसके पैतृक घर पर एक साथ रहे। युवती शादी करने और साथ लेकर बाहर चलने की जिद कर रही थी, लेकिन वह इतनी जल्दी शादी से इन्कार कर रहा था। उसकी बड़ी बहन ने आकर समझाया, फिर भी नहीं मानी। वह अपने घर जाने से मना कर दी और तत्काल शादी के लिए दबाव बनाने लगी। इसलिए उसी दिन करीब तीन बजे कन्हैया पाल ने युवती को तनाव की दवा बताकर घर में रखी मिर्गी की दवा का ओवरडोज दे दिया। जब युवती की हालत बिगड़ने लगी तो अस्पताल भी नहीं ले गया। रात करीब आठ बजे युवती बेहोश हो गई तो उसे मरा समझकर अपने सहयोगी मुकेश यादव के साथ उसे चखनी पुल के पास गन्ने के खेत में फेक दिया। एक तो उसने प्रेमिका का इलाज नहीं कराया, दूसरे मरने के लिए बेहोशी की हालत में गन्ने के खेत में फेंक दिया। उसने उसे अर्द्धनग्न कर दुष्कर्म की तरफ घटना को मोड़ने की कोशिश की, ताकि पुलिस और अन्य लोग इस मामले से भटक जाएं।

**चार महीने पहले अनजान कॉल से दोनों का हुआ था संपर्क** :जिला अस्पताल में भर्ती युवती की हालत सोमवार को पहले से काफी बेहतर रही। उसने बताया कि चार महीना पहले आए अनजान कॉल से उसका प्रेम बढ़ा। मुलाकात भी हुई तो 24 घंटे भी साथ नहीं रहे। दोनों शादी के लिए तैयार थे, लेकिन प्रेमी शादी बाद में करना चाहता है। जब उसे पता चला कि उसका प्रेमी ही उसे गन्ने के खेत में फेंक गया है तो उसे विश्वास नहीं हो रहा था कि आखिर वह ऐसा कैसे कर सकता है?

जिला अस्पताल में युवती कह रही थी कि कन्हैया से मुलाकात कराइए। वह बार-बार यही बात रट रही थी। उसने बताया कि चार महीना पहले एक अनजान नंबर से फोन आया था। दोनों की बीच बातें शुरू हुई और करीबी बढ़ती गई। युवती ने शादी का प्रस्ताव रखा तो कन्हैया ने हामी भर दी। कन्हैया इस बीच छुट्टी पर घर आया तो उसने फोन किया। इसकी जानकारी होने पर युवती ने कहा कि हमारे पास आओ और अपने साथ ले चलो। युवती ने बताया कि कन्हैया आना नहीं चाह रहा था। बोला कि तुम मुझे फंसाओगी, लेकिन मेरे दबाव बनाने पर घर आया। बाइक से अपने घर ले गया। उसका प्रेमी तीन भाई और चार बहनें हैं, जबकि यह युवती इकलौती है और 12वीं की छात्रा है। युवती अपने प्रेमी की हरकतों से अनजान है। उसका का कहना है कि वह कन्हैया से ही शादी करेगी। उसी के नाम की रट लगाई हुई है।

### तमकुहीराज थाना क्षेत्र के चखनी पुल के पास गन्ने के खेत में अचेत मिली थी युवती



आरोपी मुकेश यादव और सफ़ेद कपड़े में मुख्य आरोपी प्रेमी कन्हैया। संवाद

### मार्कशीट से हुआ उम्र का निर्धारण

बताया जा रहा है कि युवती की उम्र का निर्धारण के लिए सोमवार को उसे सीएमओ कार्यालय ले जाया गया, लेकिन इसके पहले ही परिजनों की ओर से उसके हाईस्कूल का मार्कशीट उपलब्ध करा दिया गया, जिससे मार्कशीट के आधार पर ही उसकी उम्र 18 वर्ष बताई गई। इसकी जानकारी नोडल अधिकारी डिप्टी सीएमओ डॉ. आरडी कुशवाहा ने दी।

### युवती के मेडिकल परीक्षण में नहीं हुई दुष्कर्म की पुष्टि

**कुशीनगर/तमकुहीराज।** युवती का सोमवार को जिला अस्पताल में महिला डॉक्टर ने मेडिकल परीक्षण किया। उसमें उसके साथ दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई। अलबत्ता सिर और शरीर के कुछ हिस्सों में हल्के चोट के निशान मिले। उधर, उसका अपहरण कर हत्या के प्रयास के मामले में गिरफ्तार किए गए प्रेमी और उसके सहयोगी को पुलिस ने घटना का पर्दाफाश करने के बाद जेल भेज दिया। युवती का इलाज सोमवार को भी जारी रहा। उसका महिला डॉक्टर से मेडिकल परीक्षण कराया गया। मेडिकल परीक्षण करने वाली महिला डॉक्टर ने बताया कि उसके साथ किसी तरह का दुराचार नहीं हुआ है। कुछ हल्की चोटें हैं। उसका इलाज चल रहा है। उधर, तमकुहीराज के सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने थाने पर इस घटना का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी प्रेमी कन्हैया पाल और उसके सहयोगी मुकेश यादव को तरयासुजान थाना क्षेत्र के भगवानपुर से गिरफ्तार किया गया है। दोनों आरोपी सेवरही थाना क्षेत्र के कोटवा गांव के निवासी हैं। उन्होंने बताया कि चखनी पुल के पास शनिवार की सुबह करीब आठ बजे अर्द्धनग्न स्थिति में मिली युवती को उसके प्रेमी कन्हैया पाल ने अपने सहयोगी मुकेश यादव के साथ बाइक से शुक्रवार रात करीब नौ बजे मृत समझकर चखनी पुल के पास खेत में फेंक दिया था। संवाद

# युवती को जहर देने के बाद बाइक से खेत मे फेंका था



प्रेसवार्ता में सीओ तमकुहीराज ने किया घटना का खुलासा, पीछे खड़े आरोपी।

## खुलासा

**दाहूगंज, हिन्दुस्तान संवाद।** तमकुही राज थाना क्षेत्र में चखनी पुल के पास शनिवार को गन्ने के खेत में अचेत मिली युवती को उसके प्रेमी ने जहर दिया था। इसके बाद देर रात अचेत हाल में उसे बाइक पर लाद कर दोस्त के साथ गांव से आठ किमी दूर यहां लाकर फेंक दिया था। इसके बाद दोनों उसे मरा समझ फरार हो गए थे। संयोग ही था कि अगले दिन सुबह ग्रामीणों की उस पर नजर पड़ गयी और उसकी जान बच गयी।

पुलिस ने आरोपी प्रेमी व उसके दोस्त पर बहला फुसला कर अपहरण, जहर देकर हत्या के प्रयास व साक्ष्य छुपाने की धाराओं में केस दर्ज किया है। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

तमकुही राज सीओ ने अपने कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में प्रकरण का खुलासा करते हुए यह जानकारी दी। सीओ ने बताया कि युवती गोपालगंज जिले के विजय पुर थाने के एक गांव की निवासी है। अपने पिता के पास रहकर ही पढ़ाई करती थी। उसकी मां पटहेरवा थाना क्षेत्र के एक गांव में रहती है। तीन महीने पहले वह पिता के पास से अपनी मां के पास आ कर रहने लगी। सेवरही थाने के कोटवा गांव निवासी कन्हैया पाल उसका प्रेमी है। वह पंजाब में काम करता है। कुछ दिन पहले ही वह पंजाब से गांव आया था। फोन पर जब भी युवती, प्रेमी से शादी की बात करती वह टाल देता था।

# तीन वारंटी गिरफ्तार

**पडरौना।** पटहेरवा थाना के दरोगा सुनील यादव, अरविन्द कुमार, सिपाही शोभनाथ प्रसाद व संजय यादव ने तीन वारण्टी अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आशीष निवासी बलुआ तकिया थाना पटहेरवा, कल्लू उर्फ सद्दाम व बुलट उर्फ इब्राहिम अली निवासी डूभा नियलापुर थाना पटहेरवा को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# 90 हजार की शराब नष्ट करायी

**पडरौना।** कुबेरस्थान थाने की पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत वर्ष 2023 के कुल 16 मुकदमों में बरामद कुल 210 लीटर अवैध अंग्रेजी व कच्ची शराब न्यायालय के आदेश पर सोमवार को नष्ट करायी गयी। नष्ट करायी गयी शराब की कीमत 90 हजार है। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देश पर क्षेत्राधिकारी सदर उमेश चन्द भट्ट के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक कुबेरस्थान 16 मुकदमे में बरामद 210 लीटर अवैध देशी व कच्ची को नष्ट कराया।

# हत्यारोपी गिरफ्तार

**हाटा।** कोतवाली हाटा के प्रभारी निरीक्षक निर्भय कुमार सिंह, सिपाही सत्यनरायन राय, रणजीत सिंह व सचिन यादव ने हत्या के मुकदमे में वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाये जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने हत्या के मुकदमे में वांछित अभियुक्त अमरजीत मिश्रा निवासी मठिया मिश्रा कोतवाली हाटा को गिरफ्तार कर लिया।

# चोरी के सामान सहित शातिर चोर गिरफ्तार

**पडरौना।** पडरौना कोतवाली पुलिस ने सोमवार को चोरी का सामान के साथ एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। पुलिस को चोर को जेल भेज दिया। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर धवल जायसवाल के निर्देशन में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत पडरौना कोतवाली पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा किया है।

# आत्महत्या के प्रयास के 7 से 10 मामले आ रहे रोज

## चिंताजनक

- आत्महत्या करने वालों में ज्यादातर 29 से 30 वर्ष के युवा
- 40 वर्ष से कम आयु के लोग उठाते हैं आत्महत्या जैसे कदम

■ गंगेश्वर त्रिपाठी

**पडरौना।** आत्महत्या की घटनाओं में लगातार वृद्धि हो रही है। इसे रोकने के लिए तमाम कदम भी उठाए जा रहे हैं। जागरूकता कार्यक्रमों के जरिए भी लोगों को इस तरह के कदम उठाने से रोकने का प्रयास किया जा रहा है। बावजूद इसके कुशीनगर के जिला अस्पताल में प्रतिदिन तकरीबन 7 से 10 आत्महत्या के प्रयास के मामले आ रहे हैं। इसमें सर्वाधिक मामले जहरीले पदार्थों के सेवन के होते हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार आत्महत्या करने वालों में अधिकतर 29 वर्ष के युवा होते हैं। जबकि 40 वर्ष से कम आयु के लोग आत्महत्या जैसे कदम उठाते हैं। ऐसा कदम उठाने वाले व्यक्ति पहले से ही कुछ संकेत देने लगते हैं, लेकिन जानकारी व जागरूकता के अभाव में लोगों का ध्यान उन संकेतों की तरफ नहीं जा पाता है।

जिला अस्पताल में प्रतिदिन आने वाले लगभग 7 से 10 आत्महत्या के प्रयास के मामलों में अधिकतर जहरीले पदार्थों के सेवन के होते हैं। जिला मानसिक स्वास्थ्य टीम की ओर से जिले में विभिन्न विद्यालयों, डिग्री कॉलेजों व आमजनमानस के बीच जागरूकता कार्यक्रम भी चलाये जा रहे हैं। साइकोथेरेपिस्ट योगिता कुशवाह ने बताया कि आत्महत्या के पीछे डिप्रेशन, बाइपोलर व पर्सनैलिटी डिसऑर्डर प्रमुख वजह है। अचानक किसी घटना का मानसिक तनाव जैसी कई वजह हो सकती हैं। कुछ लोग इंपल्सिविटी में आकर भी आत्महत्या कर लेते हैं। उन्होंने बताया कि आत्महत्या करने वाले 81 प्रतिशत लोग आत्महत्या से पहले कुछ न कुछ संकेत जरूर देते हैं। जैसे अक्सर उदास रहना, मन में हर समय नकारात्मक ख्याल आना, कई बार अपने आपको परिस्थितियों के सामने असहाय महसूस करना आत्महत्या का ख्याल आने का संकेत है। इसके अलावा हर बात पर गुस्सा करना, उदास रहना, भविष्य को लेकर आशंकित रहना, अपनी वसीयत लिखना, आत्महत्या के साधनों की खोज, तरीकों पर चर्चा करना भी एक तरह से संकेत है।

ऐसे लोगों में अवसाद के साथ-साथ चिंता विकृति के लक्षण भी देखने को मिलती है। जैसे कि हमेशा अलग रहना, लोगों से कम बातें करना, नकारात्मक बातें करना है। साइकोथेरेपिस्ट योगिता ने बताया कि आत्महत्या को रोकने का सबसे अच्छा तरीका इसके संकेतों, डिप्रेशन और लक्षणों को पहचानना है। इससे समय रहते व्यक्ति का इलाज कराया जा सकता है। इस तरह के लोग अपने दोस्तों, रिश्तेदारों से खुलकर बात करें। अकेले नहीं रहे और जरूरत पड़ने पर मदद मांगे और मानसिक रोग विशेषज्ञ, मनोचिकित्सक अथवा साइकोथेरेपिस्ट से संपर्क करें।

# लक्ष्मीगंज सीएससी से लूटे थे 60 हजार रुपये

## कबूलनामा

- ग्राहक सेवा केन्द्र लक्ष्मीगंज में 5 सितंबर को दिनदहाड़े हुई थी लूट
- सीएससी संचालक ने दर्ज कराया था सवा दो लाख की लूट का केस
- संत कबीरनगर में पकड़े गए लुटेरों की सीएससी संचालक से करायी पहचान

कुशीनगर, वरिष्ठ संवाददाता। बीते 5 सितंबर को दिनदहाड़े रामकोला थाने की लक्ष्मीगंज बाजार में सीएससी में लूट हुई थी। इस दुस्साहसिक घटना में शामिल बदमाशों के संत कबीरनगर में गिरफ्तार किए जाने की सूचना पर एसपी धवल जायसवाल ने रामकोला पुलिस को वहां भेजा था। सीससी संचालक ने लुटेरों की पहचान कर ली। लूट में प्रयुक्त उनकी बाइक भी पहचान ली गयी। मामला तब फंसा जब लुटेरों ने सीएससी से महज 60 हजार रुपये ही लूटने का कबूलनामा किया। पुलिस ने लूटी गयी रकम के बारे में संचालक से साक्ष्य मांगा तो उसने 60 हजार रुपये के साक्ष्य तो तुरंत दे दिए मगर शेष रकम का साक्ष्य देने को मौका मांगा है।

रामकोला थाना क्षेत्र में लक्ष्मीगंज स्थित यूपी बड़ौदा बैंक का ग्राहक सेवा केन्द्र चलाने वाले अनिल यादव ने रामकोला थाने में केस दर्ज कराया था कि बीते 5 सितंबर को पिस्टल के बल पर बदमाशों ने सवा दो लाख रुपये लूट लिए। दुस्साहसी बदमाशों ने दिनदहाड़े तब घटना को अंजाम दिया जब केन्द्र में अन्य ग्राहक भी मौजूद थे। बदमाशों ने तीन लोगों को गनप्वाइंट पर लेकर अन्य को डरा दिया और आराम से फरार हो गए। जिले की पुलिस लुटेरों की तलाश में जुटी ही थी कि सोमवार को संत कबीरनगर पुलिस ने लुटेरों के पकड़े जाने की जानकारी दी। एसपी के निर्देश पर संत कबीरनगर पहुंची पुलिस ने भी लुटेरों से पूछताछ की। लुटेरों ने महज 60 हजार रुपये ही सीएससी से लूटे गए बैग में होने की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस ने इसकी तस्दीक के लिए संचालक से पूछताछ को उसने जोर देकर कहा कि उसके यहां से 2.30 लाख रुपये लूटे गए थे। अब पुलिस ने संचालक से लूटे गए रुपयों का साक्ष्य मांगा है।

> सीएससी में लूट के आरोपी बदमाश संत कबीरनगर में पकड़े गए हैं। जिले की पुलिस संचालक को लेकर वहां गयी थी। संचालक ने लुटेरों की पहचान कर ली है। लुटेरों ने 60 हजार रुपये के ही लूट की बात कबूली है। संचालक भी अब तक 60 हजार रुपये बैग में होने के साक्ष्य दे पाए हैं। शेष रकम का साक्ष्य देने को एक दिन का मौका लिया है। साक्ष्य नहीं मिलेगा तो संचालक पर भी शक गहराएगा।
>
> -धवल जायसवाल,
> एसपी-कुशीनगर

# स्काउटिंग से होता है शारीरिक व मानसिक विकास : नीरज



देवपोखर के इंटेलिजेंट पब्लिक इंटरमीडिएट कालेज परिसर में स्काउट की छात्राओं द्वारा बनाए गए व्यजनों को देखते एसएचओ नीरज कुमार राय • जागरण

**जासं, देवपोखर**: स्काउटिंग दूरदर्शी नागरिकों का निर्माण करने वाली पाठशाला है। यह मनोविज्ञानिक प्रगतिशील प्रशिक्षण है, जिससे व्यक्ति का चरित्र, शारीरिक और बौद्धिक विकास होता है। इससे समाज-सेवा और ईश्वर के प्रति कर्तव्यबोध होता है। यह बातें इंटेलिजेंट पब्लिक इंटरमीडिएट कालेज लछियां देवरिया में रविवार को त्रिदिवसीय स्काउट-गाइड शिविर के समापन सत्र को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि थानाध्यक्ष तमकुहीराज नीरज कुमार राय ने कही।

विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रधान प्रतिनिधि विनय त्रिपाठी ने कहा कि स्काउट-गाइड एक कुशल नागरिक का निर्माण करता है। स्काउट-गाइड सदैव सेवा कार्य में लगे रहते हैं। कार्यक्रम अधिकारी जेपी रावत व ऋषि यादव ने कहा कि शिविर में सीखे गए कार्यों का प्रयोग समाजसेवा में करें। कार्यक्रम को व्रजेश पांडेय, विवेक उपाध्याय, प्रधान मैनेजर गुप्ता, अभय दुबे, अरुण तिवारी, दिलीप यादव, प्रहलाद सिंह, राम सिंह आदि ने संबोधित किया। इसके पूर्व अतिथियों द्वारा ध्वजारोहण किया गया। प्रधानाचार्य शंभू यादव ने अतिथियों का माला पहनाकर स्वागत किया।

# शादी से इन्कार पर खाई थी मिर्गी की दवा



तमकुहीराज थाना में पकड़े गए आरोपितों के बारे में जानकारी देते ( दाएं से दूसरे) सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ● जागरण

जागरण संवाददाता, तमकुहीराज: बिहार के गोपालगंज जिले की किशोरी का तमकुहीरोड के कोटवा के युवक से प्रेम-प्रसंग चल रहा था। बीते कुछ समय से किशोरी युवक पर शादी का दबाव बना रही थी। घटना वाले दिन प्रेमी के घर पहुंच वह इसी को लेकर सवाल-जवाब करने लगी। प्रेमी ने शादी से इन्कार कर दिया तो आहत प्रेमिका ने मिर्गी की दवा खा ली। तबीयत बिगड़ने पर प्रेमी घबरा गया और दोस्त संग मिलकर उसे गांव से दूर गन्ने के खेत में फेंक दिया। उसके कपड़े उतार दिए, जिससे घटना को दूसरा रूप दिया जा सके। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। किशोरी की हालत में सुधार हो रहा है।

तमकुहीराज थाने में सीओ जितेंद्र सिंह कालरा ने पत्रकारों को बताया कि बीते नौ सितंबर की सुबह क्षेत्र के चखनी खास के समीप गन्ने के खेत में अर्धनग्न हाल में 17 वर्षीय किशोरी अचेत मिली। पुलिस उसे सीएचसी फिर जिला अस्पताल ले गई। उसी दिन देर रात होश में आने पर उसने आपबीती बताई। किशोरी की पहचान बिहार के गोपालगंज जिले के विजयीपुर थाना क्षेत्र निवासी के रूप में हुई। सीओ ने बताया कि किशोरी पटहेरवा क्षेत्र स्थित ननिहाल में रहकर कक्षा 11वीं में पढ़ती है। सहेली के घर आने-जाने के दौरान उसके कोटवा के रिश्तेदार कन्हैया पाल से प्रेम-प्रसंग शुरू हो गया। वह कर्नाटक में मजदूरी करता है। कन्हैया बीते कुछ दिनों से वह घर पर ही है। आठ सितंबर की शाम को बुलाने पर कन्हैया किशोरी के मामा के घर पहुंचा। वहां से बाइक से दोनों कोटवा गए। वहां घर में कन्हैया व उसका छोटा भाई मौजूद था। परिवार के लोग रिश्तेदारी में गए थे। किशोरी उस पर शादी के लिए दबाव बनाने लगी। इन्कार करने पर वह आहत हुई। इस बीच कन्हैया छोटे भाई को कोचिंग छोड़ने गया। तभी किशोरी की नजर वहां मेज पर रखी दवाओं पर पड़ी। उसने कई दवाओं को एक साथ खा लिया।

दवाएं मिर्गी रोग से जुड़ीं थीं। इधर कन्हैया लौट कर आया तो देखा कि किशोरी की हालत ठीक नहीं है। रात को उसने दोस्त मुकेश यादव को बुलाया और बाइक से दोनों उसे चखनी खास के समीप गन्ने के खेत में फेंक कर फरार हो गए। प्रेमी ने उसके शरीर के ऊपरी हिस्से का कपड़ा उतार दिया, जिससे घटना को दूसरी तरफ मोड़ा जा सके। दोनों को तमकुहीरोड से गिरफ्तार कर लिया गया। टीम में एसएचओ नीरज राय, दारोगा बादशाह सिंह आदि शामिल रहे।

# न्यायालय के आदेश पर नष्ट की गई 210 लीटर शराब

जागरण संवाददाता, कुबेरस्थान: न्यायालय के आदेश पर कुबेरस्थान पुलिस द्वारा मालखाने में जमा अवैध शराब को सोमवार को नष्ट किया गया। पुलिस व न्यायिक अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी निरीक्षक पंकज गुप्त ने मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट न्यायालय में प्रार्थनापत्र देकर मालखाना में वर्ष 2023 में दर्ज कुल 16 मुकदमों में जमा 210 लीटर शराब को नष्ट कराए जाने की अनुमति मांगी थी। प्रार्थनापत्र में उन्होंने कहा है कि विभिन्न मामलों से जुड़ी वस्तुओं के अलावा बरामद शराब जमा करने से मालखाना भरा पड़ा है। न्यायालय ने अवैध शराब को न्यायिक व पुलिस अधिकारियों की मौजूदगी में नष्ट कराने का आदेश दिया।

# भूमि विवाद को लेकर होमगार्ड व चौकीदार भिड़े

जासं, खड्डाः क्षेत्र के हीराछपरा में भूमि विवाद को लेकर सोमवार शाम को होमगार्ड व चौकीदार आमने-सामने आ गए। दोनों पक्ष में लाठी-डंडा चलने लगा। तीन महिलाओं समेत चार घायल हो गए। लोगों की मदद से घायलों को अस्पताल ले जाया गया, वहां से सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गांव के रामदुलारे होमगार्ड व हरिवंश चौकीदार हैं। दोनों के बीच काफी समय से भूमि विवाद चल रहा है। शाम को इसी बात को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी होने लगी। देखते ही देखते बात बढ़ गई और दोनों तरफ से लाठी-डंडा चलने लगा। इसमें एक पक्ष की सिंधु, शीला व नीतू तथा दूसरे पक्ष के राधाकृष्ण घायल हो गए। शोर सुनकर जुटे लोग बीच-बचाव किए। घायलों को निजी साधन से सीएचसी तुर्कहां ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद डाक्टरों ने चारों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। एक दिन पूर्व रविवार को भी दोनों पक्ष आमने-सामने हुए थे। पुलिस ने एक पक्ष से हरिवंश, बाबूलाल तथा दूसरे पक्ष के रामदुलारे को शांतिभंग में चालान किया था। एएसपी रितेश कुमार सिंह ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है।

# लूट की ट्रैक्टर-ट्राली बरामद, पांच गिरफ्तार

जागरण संवाददाता, तुर्कपट्टीः क्षेत्र के जंगल शंकरपुर के समीप हाईवे पर चालक को बंधक बनाकर लूटी गई ट्रैक्टर-ट्राली को पुलिस टीम ने रविवार देर रात को क्षेत्र के ही दोघरा के ठाकुर चौराहे के पास से बरामद कर पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया। बदमाशों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिकअप भी बरामद कर लिया गया।

दो बदमाशों के पास से तमंचा व कारतूस मिला। पकड़े गए बदमाशों को पुलिस कोर्ट ले गई, जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया।

थानाध्यक्ष अनिल कुमार सिंह तथा स्वाट व सर्विलांस टीम तुर्कपट्टी क्षेत्र में गश्त पर थी। सूचना मिली दोघरा के ठाकुर चौराहे के पास कुछ संदिग्ध लोग मौजूद हैं। संयुक्त टीम ने वहां छापेमारी कर पांच शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया। जिनकी पहचान ओमप्रकाश यादव, बिग्गू यादव व सुजीत यादव निवासी ठाड़ीभार इंदरपट्टी तथा छोटे यादव शाहपुर खलवापट्टी व प्रदीप सैनी दुखड़वा बतरौली थाना विशुनपुरा के रूप में हुई।

ओमप्रकाश व बिग्गू के पास से तमंचा व कारतूस मिला। कुछ दूरी पर गन्ने के खेत में ट्रैक्टर-ट्राली देख पुलिस ने पूछताछ कि तो बदमाशों ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली लूट की है। बदमाशों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त पिकअप भी बरामद किया। टीम में स्वाट प्रभारी सुशील शुक्ल, सर्विलांस प्रभारी शरद भारती, दारोगा आलोक यादव, जीत बहादुर यादव, रोमेश कुमार, पंकज सिंह, अभिषेक सिंह आदि शामिल रहे।

# आरोपित के घर पर पुलिस ने चस्पा किया नोटिस

**अहिरौली बाजार :** कप्तानगंज थाने के बरवा कोटवा गांव के कृष्ण कुमार प्रजापति के विरुद्ध दहेज उत्पीड़न का मुकदमा चल रहा है, लेकिन वह न्यायालय में हाजिर नहीं हो रहा है। पुलिस ने आरोपित के हाजिर न होने के कारण कोर्ट से सीआरपीसी की धारा 82 की कार्रवाई की मांग की थी। एसीजेएम कोर्ट कसया के निर्देश रविवार को कप्तानगंज थाने के एसआइ शैलेश यादव, कांस्टेबल रवींद्र सिंह व रवींद्र यादव ने ग्रामीणों की मौजूदगी में आरोपित के घर पर नोटिस चस्पा किया। (जासं)

# MAHARAJ GANJ POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2023

# फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मामले में सात सीएससी संचालक धराए

## 27 ग्राम सचिवों की भूमिका संदिग्ध, लागिन आइडी की जांच जारी, चार फर्जी वेबसाइट का पर्दाफाश

जासं, महराजगंज: फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने के आरोप में सात कामन सर्विस सेंटर (सीएससी) के संचालकों को गिरफ्तार किया गया है। सीएससी संचालकों ने प्रमाणपत्र बनाने के लिए ग्राम सचिवों की आइडी हैक कर ली थी। संचालकों के पास से 45 फर्जी जन्मप्रमाण पत्र बरामद हुए हैं।

अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि कुछ दिनों पूर्व परिवार रजिस्टर की जिला स्तरीय समीक्षा में पता चला कि नौतनवा के बैंकुठपुर टोला बोदरवार में एक ही गांव में 280 जन्म प्रमाणपत्र बनाए गए हैं। इसके बाद पुलिस और प्रशासन की टीमें इसकी जांच करने लगीं। इसी बीच सदर ब्लाक के एडीओ पंचायत सुधीर सिंह ने सदर कोतवाली में अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध 27 ग्राम पंचायतों के सचिवों की आइडी हैक करके उससे जन्म प्रमाणपत्र बनाने और इंटरनेट पर पूर्व से मौजूद फेक व फर्जी वेबसाइट के माध्यम से फर्जी जन्म प्रमाणपत्र बनाने का मुकदमा दर्ज कराया।

इस प्रकरण की जांच के क्रम में पता चला कि फर्जी वेबसाइट से जन्म प्रमाणपत्र बनाने वालों में पिपरदेउरा निवासी रमेश प्रजापति, चौक थाना के बरगदही बसंतनाथ निवासी अभिषेक पांडेय, धर्मपुर निवासी सत्येन्द्र साहनी, सोनारी खास के कृष्णा निषाद, केवलापुर चौक निवासी गौतम, सोहगीबरवा निवासी अजय निषाद और गौनरिया बाबू निवासी संजय विश्वकर्मा शामिल हैं। यह सभी सीएससी संचालक हैं। इनके द्वारा फर्जी वेबसाइट का प्रयोग करते हुए जन्म प्रमाणपत्र बनाए गए हैं। अबतक की जांच में इंटरनेट पर रन कर रहे ऐसे चार फर्जी वेबसाइट साइबर सेल की टीम ने ट्रैक किया है, जहां से कोई भी फर्जी जन्म प्रमाणपत्र जारी किया जा सकता है।

हालांकि इन वेबसाइट का मुख्य सर्वर कहां है, और इनकी हॉस्टिंग कहां से हो रही थी, इसका पता नहीं लग सका है। गिरफ्तार सभी आरोपितों को जेल भेज दिया गया है।

सचिवों की भूमिका की भी हो रही है जांच : जिले के जिन 27 सचिवों की लागिन आइडी से अधिकांश जन्म प्रमाणपत्र बनाए गए हैं, साइबर सेल की टीम उनकी भूमिका की भी जांच कर रही है।

अधिकांश मामलों में यह भी देखा जाता है, कि कई ग्राम सचिव अपने पास काम कराने के लिए बाहरी लोगों को भी रखते हैं, या फिर रिपोर्ट लगवाने और इंटरनेट संबंधी कार्यों के लिए किसी न किसी सीएससी संचालक को सेट किए रहते हैं। वहीं से अपने गोपनीय कार्य भी कराते हैं।

पुलिस का मानना है, कि ग्राम पंचायत सचिवों की इस प्रकार की लापरवाही के चलते उनकी आइडी और पासवर्ड सार्वजनिक हुए होंगे और वहां से जालसालों ने इसका लाभ लेकर जन्म प्रमाणपत्र जारी कर दिया होगा।



पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सीएससी संचालकों की गिरफ्तारी की जानकारी देते अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह • जागरण

### आधार कार्ड व सरकारी योजनाओं में होता है प्रयोग

महराजगंज: जन्म प्रमाण पत्र का प्रयोग आधार कार्ड बनाने से लेकर स्कूल में बच्चो के दाखिले, बच्चों का पासपोर्ट बनवाने के समय आयु की सही जानकारी तथा मतदाता सूची में नाम डालने के लिए प्रयोग किया जाता है। साइबर सेल के प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय ने बताया कि अबतक बने जन्म प्रमाणपत्रों की जांच की जा रही है। इसमें फर्जी वेबसाइट से बने प्रमाणपत्रों का तो कहीं प्रयोग नहीं हो सकता है, लेकिन ग्राम पंचायत सचिवों की सरकारी वेबसाइट से बने प्रमाणपत्रों से आधार कार्ड, वोटर लिस्ट में नाम बढ़वाने से लेकर अन्य सरकारी योजनाओं के लाभ लिए जा सकते हैं। इसमें कुशीनगर, वाराणसी समेत कई अन्य जनपद के लोगों के भी प्रमाणपत्र बनाए गए है। समस्त डाटा की जांच की जा रही है।

### ब्लाक किए गए चारों फर्जी वेबसाइट

इंटरनेट पर संचालित हो रहे फर्जी वेबसाइट को साइबर सेल की टीम ने ब्लाक कर दिया है। अब इनके माध्यम से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाकर धनउगाही करने वालों का काम बंद हो गया है। वहीं टीम अब इस बात की जानकारी जुटा रही है कि इन चारों वेबसाइट का संचालन कहां से किया जा रहा था।



# मध्यस्थता करने वाला सिपाही व मददगार गए जेल

## आरोपित नेता भाजपा से निष्कासित, पीड़िता के घर पुलिस तैनात, बरामद रुपये के संबंध में हो रही पूछताछ

जासं, महराजगंज: किशोरी से दुष्कर्म, पीड़िता के पिता की हत्या व छोटी बहन से छेड़खानी सहित अन्य गंभीर धाराओं में आरोपित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही की मदद करने व पूरे प्रकरण में मध्यस्थता कर पीड़िता को रुपये दिलवाने वाले महराजगंज मीडिया सेल के सिपाही आबिद अली व महराजगंज निवासी मददगार गुड्डू शाह को सोमवार को जेल भेज दिया गया। आरोपित की सुपुर्दगी लेने वाले पुलिस अधीक्षक कार्यालय के परिवार परामर्श केंद्र के काउंसलर समशुल होदा खान को भी पद से हटा दिया गया है। वहीं भाजपा ने भी घटना के 14 दिन बाद आरोपित जिलाध्यक्ष को पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया है।

आरोपित भाजपा नेता मासूम रजा राही के फरार होने के बाद पुलिस ने अब उसकी मदद करने वालों को निशाने पर ले लिया है। सोमवार को पुलिस ने मीडिया सेल में तैनात देवरिया जिले के थाना भटनी के हटवा गांव निवासी सिपाही आबिद अली और शहर के निवासी गुड्डू शाह के विरुद्ध आरोपित की मदद करने के मामले में कार्रवाई करते हुए जेल भेज दिया है। इस मामले में पांच सितंबर को मुकदमा दर्ज होने के बाद पीड़िता का 161 का बयान कराया गया, अगले दिन 164 का बयान भी अंकित कराया गया। जिसमें पीड़िता लगाए गए आरोपों से मुकर गई थी। इस मामले में विवेचना प्रचलित ही थी कि इसी दौरान आरोपित को थाने से छोड़ दिया गया। इसके बाद आरोपित की तलाश और जांच के दौरान कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। पीड़िता के घर से नौ लाख रुपये की बरामदगी हुई। जांच में पाया गया कि पीड़िता को बयान बदलने के एवज में डरा धमकाकर नौ लाख रुपये दिए गए थे। इस प्रकरण में मीडिया सेल में तैनात और आरोपित के घर में किराये पर कमरा लेकर रहने वाले सिपाही आबिद अली और शहर के विस्मिलनगर वार्ड निवासी गुड्डू शाह समेत अन्य कई लोगों का नाम प्रकाश में आया। जिसके बाद सिपाही आबिद अली और गुड्डू शाह के विरुद्ध पीड़िता को प्रलोभन देकर साक्ष्यों और गवाही से छेड़छाड़ और आरोपित की मदद करने के मामले में कार्रवाई करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। सोमवार को दोपहर बाद दोनों को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, वहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

पिता की मृत्यु के बाद बेसहारा हुई बेटियों को छत देने के लिए डूडा की ओर से शहर के ही एक वार्ड में आवास आवंटित किया गया है। जहां पर शनिवार की शाम से ही सुरक्षा के लिए महिला पुलिस तैनात की गई है। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता के सुरक्षा के लिए पुलिस टीम लगाई गई है। मामले की जांच की जा रही है।

**छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित :** भाजपा के जिला संयोजक संजय पांडेय ने बताया कि प्रदेश व क्षेत्रीय नेतृत्व के निर्देश पर पार्टी के अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष मासूम रजा राही की प्राथमिक सदस्यता समाप्त कर उन्हें पार्टी से छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। उनके द्वारा किया गया कृत्य पार्टी की नीतियों व सिद्धांतों के विपरीत है। जिसके चलते यह कार्रवाई की गई है।

### कोतवाली में उपनिरीक्षक समेत 17 पुलिसकर्मियों की तैनाती

जासं, महराजगंज : भाजपा नेता प्रकरण मामले में नगर चौकी प्रभारी प्रवीन कुमार सिंह समेत पांच के निलंबन और सदर कोतवाल रवि कुमार राय समेत 14 को लाइन हाजिर करने के बाद एसपी ने सोमवार को नई तैनाती दी है। पुलिस लाइन में तैनात उपनिरीक्षक घनश्याम समेत 17 पुलिस कर्मियों को कोतवाली में पोस्टिंग दी गई है। अन्य 12 पुलिसकर्मियों का भी स्थानांतरण किया गया है।

### पीड़िता से न मिलने देने का आरोप

भारतीय किसान संघर्ष समिति के अध्यक्ष और कांग्रेस किसान नेता राजू कुमार गुप्ता ने पुलिस पर पीड़िता से मिलने के लिए रोकने का आरोप लगाया है। किसान नेता ने बताया कि सोमवार को वह राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता श्रीदेव उपाध्याय, ब्रह्मदेव गुप्ता तथा सत्यप्रकाश सिंह के साथ पीड़िता से मिलकर घटना की जानकारी प्राप्त करना चाहते थे। पुलिस ने मिलने देने से रोक दिया, और उच्चाधिकारियों से आदेश लेकर आने को कहा।

### पीड़िता को नौकरी का प्रस्ताव

दुष्कर्म पीड़िता को जिला प्रशासन ने आवास देने के साथ ही नगर पालिका में नौकरी का भी प्रस्ताव दिया है। अपर जिलाधिकारी डा. पंकज कुमार वर्मा ने बताया कि पीड़िता को नगर पालिका की ओर से यह प्रस्ताव दिया गया है, कि वह चाहे तो आउटसोर्सिंग के तहत नगर पालिका परिषद महराजगंज में जीवन यापन के लिए सफाई कर्मचारी की नौकरी कर सकती है।

# चिता पर शव छोड़कर भागे ससुराल के लोग

जासं, सिंदुरिया: बसंतपुर खुर्द गांव में सोमवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता अंकिता विश्वकर्मा की मृत्यु हो गई। ससुराली उसे गांव के ही नहर किनारे जलाने का प्रयास किया जा रहा था, इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी। पुलिस के पहुंचते ही अंतिम संस्कार को पहुंचे ससुरालीजन मौके से अधजला शव छोड़कर मौके से भाग निकले।



अंकिता ● फाइल फोटो



घटनास्थल पर पहुंचे नायब तहसीलदार देश दीपक त्रिपाठी को मामले की जानकारी देतीं थानाध्यक्ष कंचन राय ● जागरण

भिटौली थाना क्षेत्र के विशुनपुरा गांव निवासी अंकिता की शादी तीन वर्ष पूर्व बसंतपुर खुर्द गांव के मंजीत विश्वकर्मा से हुई थी। दोनों के एक पुत्र कृष्णा है।

ग्रामीणों के अनुसार पति पंजाब कमाने गया है। बताया जा रहा है कि सोमवार की सुबह अचानक ही रहस्यमय परिस्थितियों में अंकिता की मृत्यु हो गई। जिसके बाद बिना मायके वालों को सूचना दिए ही गांव के किनारे नहर तट पर अंतिम संस्कार कर रहे थे।

किसी ने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। सूचना पाकर मौके पर सिंदुरिया थानाध्यक्ष कंचन राय, नायब तहसीलदार देशदीपक त्रिपाठी पहुंचे। चिता से शव को उतारकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थाना कार्यालय पर पहुंची मृतका की मां सुधा देवी ने मामले में तहरीर देकर ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया है।

महिला थानाध्यक्ष कंचन राय ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# भाजपा नेता की गिरफ्तारी के लिए 15 टीमें गठित

- आरोपित के घर पर 41 सीआरपीसी का नोटिस चस्पा
- सुपुर्दगी लेने वाले की कार में देखा गया था आरोपित

**जासं, महराजगंज**: हत्या, दुष्कर्म और छेड़छाड़ के मामले में मुकदमा दर्ज होने के सात दिन बाद भी भाजपा नेता पुलिस की पकड़ से दूर है। आरोपित के घर 41 सीआरपीसी का नोटिस चस्पा करने के बाद पुलिस अधीक्षक ने गिरफ्तारी के लिए एसओजी (स्पेशल आपरेशन ग्रुप), स्वाट (स्पेशल विपंस एंड टैक्टिस) व सर्विलांस समेत कुल 15 टीमें गठित की हैं।

यह टीमें महराजगंज से लेकर मूल निवास देवरिया और फिर प्रयागराज में लगातार छापेमारी कर रहीं हैं। आरोपित के जमानत के लिए हाईकोर्ट, प्रयागराज पहुंचने के इनपुट पुलिस को मिले हैं। छह सितंबर को थाने से छोड़ने के समय शहर निवासी दो लोग उसकी सुपुर्दगी लेने पहुंचे थे। जिनमें से शहर निवासी और एसपी आफिस के परिवार परामर्श केंद्र में तैनात काउंसलर तथा दूसरे बसंतपुर राजा निवासी पार्टी के पूर्व नेता बताए जा रहे हैं। पुलिस की अबतक की जांच के अनुसार अंतिम बार आरोपित को बसंतपुर राजा निवासी सुपुर्दगी लेने वाले व्यक्ति की कार में देखा गया था। पुलिस की टीमें आरोपित के मूल निवास देवरिया के अलावा कसया, मुंबई, गोरखपुर, वाराणसी और प्रयागराज में छापेमारी कर रही हैं। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपित की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

**परतावल और कसया में रुकने के मिले है साक्ष्य** : छह सितंबर को महराजगंज कोतवाली से छोड़ने के बाद आरोपित नेता परतावल में एक जानने वाले के घर रुका हुआ था। अगले दिन कसया में रुकने की भी जानकारी पुलिस को मिली है। जिसके बाद पुलिस महराजगंज से लेकर परतावल और फिर कुशीगनर जाने वाले मार्गों पर लगे लगभग प्रत्येक सीसीटीवी फुटेज की जांच कर रही है।

# विवाहिता की मौत, पुलिस ने चिता से उठाया अधजला शव

## पोस्टमार्टम के लिए भेजा, मृतका की मां ने ससुराल पक्ष पर लगाया हत्या का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बसंतपुर खुर्द में अधजले शव को चिता से उठाकर पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मायके वालों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने यह कार्रवाई की। मृतका की मां सुधा देवी ने ससुराल पक्ष पर बेटी की हत्या करने का आरोप लगाया है।



**अंकिता** (फाइल फोटो)

जानकारी के अनुसार भिटौली थाना क्षेत्र के ग्राम सभा विशुनपुरा की 25 वर्षीय अंकिता शर्मा की शादी करीब दो वर्ष पूर्व सिंदुरिया थाना क्षेत्र के ग्राम सभा बसंतपुर खुर्द निवासी मंजेश के साथ हुई थी। दोनों का दो वर्षीय एक बच्चा भी है। सोमवार सुबह अंकिता का शव उसके ससुराल में संदिग्ध परिस्थितियों में पंखे के सहारे फंदे से लटकता हुआ मिला था। ससुराल पक्ष के लोग बसंतपुर खुर्द में नहर के किनारे शव जला रहे थे। इस बीच मृतका के मायके वालों ने फोन से पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अधजले शव को अपने कब्जे में लेकर अंकिता के ससुर लल्लू विश्वकर्मा व एक ग्रामीण पिंटू को हिरासत में ले लिया।



अंकिता की मौत के बाद रोते-बिलखते परिजन। संवाद

मायके पक्ष ने आरोप लगाया कि पूर्व में भी अंकिता व उसके पति के बीच कहासुनी के दौरान मारपीट होती रहती थी।

अंकिता ने अपनी मां को पूरी बात बताई थी। उसने कहा कि था कि यह लोग कभी भी मेरी हत्या कर सकते हैं। अंकिता के पति लुधियाना में एक फैक्ट्री में काम करते हैं। सोमवार को मृतका के सास-ससुर थाना क्षेत्र के मथनियां स्थित एक रिश्तेदार के यहां गए थे। दोपहर में लल्लू विश्वकर्मा के मोबाइल पर फोन आया कि अंकिता ने फांसी लगा ली है। इसके बाद ससुरालियों ने फंदे से शव उतारकर दाह संस्कार में जुट गए। थानाध्यक्ष कंचन राय ने बताया कि मृतका के ससुर व एक ग्रामीण को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

### मासूम के सिर से उठा मां का साया

**महराजगंज।** मां की मौत के बाद दो वर्षीय बेटे कृष्णा का सहारा छीन गया। कृष्णा की मौसी खुशबू का कहना है कि हम लोगों ने कभी सोचा नहीं था कि बड़ी बहन अंकिता की मौत इस तरह हो जाएगी। माता सुधा देवी ने बताया कि सोमवार को दिन में 11बजे अंकिता से वीडियो कालिंग से बात हुई थी। बहुत खुश थी मायका जल्द आने की बात कर रही थी। 12 बजे उसकी मौत हो गई। चार बहनो में अंकिता सबसे बड़ी थी। संवाद

# रोजगार सेवक ने पूर्व ग्राम प्रधान को चप्पल से पीटा



परतावल ब्लॉक में चप्पल से पीटने का वीडियो हुआ वायरल। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** परतावल ब्लाक के ग्राम सभा बलुआ में मनरेगा मजदूरी न मिलने की शिकायत पर सोमवार को जांच करने पहुंची सेक्रेटरी के सामने ही महिला रोजगार सेवक ने पूर्व ग्राम प्रधान की चप्पल से पिटाई कर दी। मामले में भिटौली पुलिस ने पूर्व ग्राम प्रधान की तहरीर पर रोजगार सेवक के खिलाफ केस दर्ज किया है।

जानकारी के अनुसार, परतावल ब्लाक के ग्राम सभा बलुआ में मनरेगा मजदूरी न मिलने से नाराज मजदूरों ने खंड विकास अधिकारी से शिकायत की थी। शिकायत की जांच करने के लिए ग्राम पंचायत अधिकारी सुमन गुप्ता ग्राम सभा में पहुंची।

वहां बारी-बारी से मजदूरों का बयान दर्ज किया जा रहा था। इसी दौरान मनरेगा मजदूर व पूर्व ग्राम प्रधान ने भी अपनी शिकायत दर्ज कराया। उन्होंने बताया कि काम हम लोगों ने किया और मजदूरी दूसरे के खाते में भेज दिया गया है।

## मनरेगा मजदूरी न मिलने से नाराज मजदूरों ने बीडीओ से की थी शिकायत

उनकी इस शिकायत से बौखलाई महिला रोजगार सेवक ने उनकी चप्पल से पिटाई कर दी। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। रोजगार सेवक के इस हरकत से बौखलाए ग्रामीण भिटौली थाने में पहुंचे और रोजगार सेवक के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

थानाध्यक्ष रामाज्ञा सिंह ने बताया कि पूर्व ग्राम प्रधान जयश्री यादव की तहरीर पर रोजगार सेवक स्नेहलता के खिलाफ केस दर्ज कर जांच की जा रही है।

# नर कंकाल के बारे पता लगाने में जुटी पुलिस

**नौतनवां।** महुअवां अड्डा गांव के सिवान में धान के फसल में मिले नर कंकाल के शिनाख्त करने में नौतनवां पुलिस जुटी है। सोमवार को प्रभारी निरीक्षक ने गांव में जाकर पूछताछ की।

नौतनवां थाना क्षेत्र के गांव महुअवां अड्डा निवासी शैलेश 19 अगस्त से लापता है। 24 अगस्त को शैलेश की पत्नी शर्मिला की तहरीर पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश में जुटी थी। पांच सितंबर को गांव से पूरब सिवान में धान के फसल के बीच नरकंकाल मिला। उसके पास मिले कपड़े से शैलेश के पिता रामबेलास ने शिनाख्त किया था। पुलिस शव को पोस्टमार्टम भेज दिया था। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया डीएनए रिपोर्ट के बाद ही पता चल पाएगा कि नर कंकाल किसका है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच की जा रही है। संवाद

# हत्या, छेड़छाड़, मारपीट के आरोपी भेजे गए जेल

## पुलिस को चकमा देकर फरार होने वाले पूर्व भाजपा नेता का नहीं लग रहा सुराग

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** हत्या, छेड़छाड़, मारपीट के आरोपी पूर्व भाजपा नेता के मददगार नगर पुलिस चौकी निलंबित सिपाही आबिद व मुहल्ले के गुड्डू शाह को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। उधर, आरोपी का पता नहीं चल रहा है।

नगर पुलिस चौकी का सिपाही निलंबित हो चुका है। वह आरोपी के घर में ही किराए पर रहता था। पूरे प्रकरण में पुलिस को लापरवाह होने का प्रमुख कारण है कि आरोपी की अच्छी पैठ पुलिस कर्मियों के बीच थी।

इस वजह से उसकी गलतियों को नजरंदाज किया जाता था। जब पहली बार मामला पुलिस के पास आया तो किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई। आरोपी को कार्रवाई के प्रत्येक कदम की जानकारी हो जाती है।

निलंबित पुलिस कर्मी ही उसे समय-समय पर जानकारी दे रहा था। दूसरा मददगार गुड्डू भी आरोपी को पल-पल की खबर देने में लगा था।



आरोपी कांस्टेबल आबिद अली। संवाद

### पहली बार मामला पुलिस के पास आया तो किसी ने गंभीरता नहीं दिखाई

जांच में पुलिस ने दोनों को दबोच लिया तो इनकी पूरी कहानी सामने आ गई।

प्रभारी निरीक्षक सदर कोतवाली आनंद कुमार गुप्ता ने बताया कि आरोपी की मदद करने वाले एक निलंबित सिपाही व मुहल्ले के एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। अन्य से पूछताछ की जा रही है।

### पीडिता के आवास पर पुलिस का पहरा आरोपी भूमिगत

**महराजगंज।** हत्या, छेड़छाड़, मारपीट के मारपीट के आरोप में फंसा पूर्व भाजपा नेता पुलिस को चकमा देकर भूमिगत हो गया है। उसका पता नहीं चल रहा है। पार्टी ने भी उससे अपना नाता तोड़ लिया है। पीड़िता को आवास मुहैया करा दिया गया है। उसके आवास पर सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए महिला सिपाही की ड्यूटी लगा दी गई है। पुलिस आरोपी को अब तक गिरफ्तार नहीं कर सकी है। आसपास के जिले से लेकर लखनऊ तक पुलिस खाक छान चुकी है। आरोपी के करीबी लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है। उनके जरिए मिली जानकारी के आधार पुलिस छापा डालने में जुटी है। अब तक करीब 12 लोगों से पूछताछ हो चुकी है। गोपनीय ढंग से अन्य लोगों पर नजर रखी जा रही है, जिससे आरोपी का पता चल सके। सूत्र बता रहे हैं कि आरोपी पुलिस को चकमा देने की खास तकनीकी अपना रहा है। जहां उसका लोकेशन बता रहा है, वहां जाने पर वह नहीं मिल रहा है। पुलिस की कई टीमें आरोपी को ढूंढने में लगी हैं। पीड़िता को दिया गया रकम भी पुलिस ने बरामद कर लिया है।

**...आरोपी कहीं नेपाल तो नहीं भाग गया : महराजगंज।** जिस आरोपी को पुलिस आसपास के जिलों में खोज रही है। कहीं वह नेपाल में तो नहीं पहुंच गया है। सूत्रों की माने को वह चकमा देकर एक व्यक्ति की मदद से नेपाल चला गया है।

पुलिस को इसकी भनक भी नहीं लगी। वह पुलिस की प्रत्येक हलचल पर नजर रख रहा था। गिरफ्तार हुआ पुलिस कर्मी ही उसका असल मददगार था। सूत्र बता रहे हैं कि आरोपी अपने एक सहयोगी की कार से नेपाल की राह पकड़ लिया है। अपना मोबाइल किसी दूसरे को दे दिया है, इस वजह से लोकेशन अगल-अलग बता रहा है। पुलिस वहां पहुंच भी रही है तो कुछ हाथ नहीं लग रहा है।

# पुलिस लाइन के 29 मुख्य आरक्षी-आरक्षा कोतवाली सहित अन्य थानों पर नियुक्त

**महराजगंज (एसएनबी)**।जनपद के बहुचर्चित दुष्कर्म, हत्या, छेड़खानी, पाक्सो एक्ट व एससी/एसटी एक्ट केमामले में पुलिस अधीक्षक नेप्रभारी निरीक्षक व 13 आरक्षियों को लाइन हाजिर कर दिया था। वहीं चौकी प्रभारी व 4 आरक्षियोंको निलंबित कर दिया था। इस क्रम में एसपी ने पुलिस लाइन के 17 मुख्य आरक्षी/आरक्षियों को कोतवाली में नैतान किया है जबकि 11 अन्य को बृजमनगंज, परसामलिक,निचलौल, फरेन्दा,कोठीभार,ठूठीबारी, सोहगीबरवा, श्यामदेउरवा व नौतनवां थाने पर तैनात किया है जबकि घुघली थाने पर तैनात एक आरक्षी को लाइन हाजिर किया है।

# राजस्थान-बिहार के लोगों के यहीं बनाए गए थे फर्जी जन्म प्रमाणपत्र

## 27 ग्राम सचिवों की आईडी हैक कर किया गोलमाल, अधिक प्रमाणपत्र जारी होने पर खुली पोल

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनने की परत दर परत खुल रही है। 27 ग्राम सचिवों की आईडी हैक करके फर्जी जन्म प्रमाण पत्र जारी हुआ था। इसमें राजस्थान, बिहार, असम के लोगों का यहां के पते पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बना दिया गया था। इसमें सहज सेवा केंद्र की भूमिका अधिक रही है। हैरानी की बात यह है कि ग्राम सचिवों की आईडी हैक हो गई और इसकी भनक उनको नहीं लगी।

सूत्र बता रहे हैं कि फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले में सहज सेवा केंद्रों की भूमिका संदिग्ध लग रही है। इस प्रकरण की जांच हो रही है, लेकिन फर्जीवाड़े में कौन-कौन शामिल है, इसके बारे में कुछ पता नहीं चल पा रहा है। बिहार, राजस्थान के अलावा पड़ोसी जिले गोरखपुर, देवरिया, सिद्धार्थनगर के लोगों ने भी यहां से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनवाया है। यह खेल लंबे समय से चल रहा था। पोर्टल पर अधिक संख्या में प्रमाण पत्र जारी हुआ तब विभाग के अधिकारियों को संदेह हुआ। सचिवों से जानकारी ली गई तब पूरी कहानी खुलकर सामने आ गई। ग्राम सचिवों की इसकी जानकारी भी नहीं हुई और यह अवैध धंधा आसानी से चलता रहा। ग्राहक सेवा केंद्रों पर फर्जी वेबसाइट बनाकर फर्जी तरीके से कूटरचना करते हुए वेबसाइट से फर्जी तरीके से जन्म प्रमाण पत्र जारी कर दिया जाता था।

**आखिर बिना यूजर आईडी के कैसे जारी हुआ प्रमाणपत्र?** 27 ग्राम पंचायतों की सीआरएस साफ्टवेयर यूजर आईडी का प्रयोग करके जनवरी 2022 से मार्च 2022 के मध्य अधिक जन्म प्रमाण पत्र जारी हुए हैं। ग्राम पंचायत के रजिस्ट्रार (जन्म-मृत्यु) सचिव के अनुसार उन्होंने इस अवधि में अपने ग्राम पंचायतों की सीआरएस साफ्टवेयर की यूजर आईडी का प्रयोग ही नहीं किया है।

### रजिस्टर में पांच, पोर्टल पर मिले 20 से 80 नाम

**पोर्टल** के डिस्प्ले बोर्ड पर जन्म प्रमाण पत्रों की जारी संख्या अधिक दिखने पर संदेश हुआ तो शासन ने इसका संज्ञान लिया। ग्राम पंचायत अधिकारियों के माध्यम से जांच कराई गई तो उनके रजिस्टर में चार से पांच नाम मिले। जबकि पोर्टल के माध्यम से कहीं 20, कहीं 50 तो कहीं 80 प्रमाण पत्र जारी किए गए थे। प्रमाण पत्र के लिए 500 से 1000 रुपये तक लिया जाता था।

**बोदरवार में 280 लोगों को फर्जी जन्म प्रमाणपत्र मिले थे :** नौतनवां तहसील क्षेत्र के बैकुंठपुर उर्फ बोदरवार में 280 लोगों को फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मिला था। जांच होने पर जिस नाम से प्रमाण पत्र जारी हुआ था, उस नाम का कोई व्यक्ति गांव में नहीं मिला। बताया जा रहा है कि वर्ष 2019 से 2023 के बीच में यह जारी हुआ है। प्रमाण पत्र बोदरवार गांव के पते पर है।



बरामद हुई फर्जी जन्म प्रमाणपत्र को बनाने में इस्तेमाल सामग्री। संवाद

मामले की जांच के बाद पोल खुला। जन्म से ज्यादा प्रमाण पत्र ही जारी हो गए थे। इससे शक होने पर शासन ने जांच कराई। ग्राम सचिवों को पता ही नहीं था की पोर्टल से इतनी अधिक संख्या में जन्म प्रमाण पत्र जारी कैसे हो गया। जानकारी के बाद कोतवाली में तहरीर दी गई थी। - **सुधीर कुमार सिंह**, एडीओ पंचायत सदर ब्लॉक

# महकमे में कायम रहा वर्चस्व कानून होता रहा ध्वस्त

**महराजगंज (एसएनबी)**। जनपद में हत्या व छेड़खानी का एक बड़ा मामला उजागर हुआ तो पुलिस के दो धारी चरित्र का पता चल सका लेकिन न जाने कितने मामले पुलिस के खौफ में दम तोड़ चुके जिन्हे कानून के चौखट पर ही दफन कर दिया गया। विभाग अपने कारनामें से खुद अपनी किरकीरी करा रहा है। कारण यह है कि जनपद में एक ही वर्ग के फलदार वृक्ष पर विभाग व सफेदपोश मेहरबान रहे और कानून का राज जनपद में ध्वस्त होता रहा। ऐसा ही नहीं कि विभाग अनजान रहा बल्कि मीडिया जनता की आवाज बन सुर्खियां बनी रही लेकिन फलदार वृक्ष के रस में जिम्मेदार मदहोश रहे और धनबल का बोलवाला बढ़ता रहा पीड़ितों की आवाज दबती रही। उल्लेखनीय है कि कोतवाली थानाक्षेत्र के नगर पालिका कस्बे में भाजपा नेता के ऊपर हत्या छेड़खानी व बलात्कार के आरोप लगे। मामले में खाफी बदनाम हुई और 5 पुलिस अफसरों को सस्पेंड व एक इंस्पेक्टर सहित 13 आरक्षियों पर नरम रुख दर्शाते हुए लाइन हाजिर कर कार्यवाही का कोरम पूरा किया गया। रसूखदार को कानून के पंजे से बचाने के खेल में माहिर पुलिस इस बार हिट विकेट पर आउट हुई तो विभाग की खूब किरकीरी हुई।तमाम हत्या जैसे संगीन मामले का पर्दाफाश न कर पाने वाली जनपद की पुलिस पर सवाल उठते रहे है लेकिन जनता मे असंतोष होने के बाद भी फलदार वृक्ष को जड़े जमाने का हमेशा मौका मिलता रहा। कुर्सी हथियाने मे एक ही वर्ग का वर्चस्व पहेली है। सालो से जमें पुलिस अफसरो को सफेदपोशों का खुब सह मिला नतीजा यह रहा कि जिस जनता ने हम दर्द चुना उसी जनता को जख्म मिलता रहा। अंगद के जैसे जमाए जिम्मदारो के पांव को विभाग द्वारा न हिला पाने से भष्ट्राचार व मनमानी करने का मनोबल बढ़ता गया। कोतवाली पुलिस पर बड़े आरोपो व बदनामी के बाद भी विभाग की चुप्पी ने इस कदर पुलिस कर्मियों का हौसला बढ़ा दिया कि हत्या, रेप व छेड़खानी जैसे गम्भीर मामलों में भी पुलिस ने खाकी को शर्मसार कर दिया। विभाग की मेहरबानी से उप निबंधन कार्यालय के सब रजिस्ट्रार के मामले में लीपापोती पर कोतवाली पुलिस सुर्खियों में रही। आखिर किसकी छत्रछाया में फलदार वृक्ष जड़े जमाता रहा और विभाग आंखे मूंदता रहा इसकी चर्चाए खूब हो रही है।

# दामन पर लगे दाग फिर भी हुए नजरअंदाज

महराजगंज (एसएनबी)। पुलिस के दामन पर लगे दाग पर गौर करें तो भिटौली थाना क्षेत्र में दो मामलों में पुलिस की किरकीरी हुई जिसमें गैर जिम्मेदाराना कार्य से दो व्यक्तियों को हत्या में जान गवानी पड़ी। प्रकरण में भी विभाग संवेदनहीन रहा और हल्का सिपाही पर कार्यवाही कर मामले का अल्पीकरण कर दिया। घुघली थानाक्षेत्र के पड़री खुर्द में एसडीएम के परमिशन के बगैर पुलिस की मौजूदगी में बवाल और वृद्ध की मौत पर घुघली पुलिस सवालों में घिरी रही। सिंदुरिया थानाक्षेत्र के एक गांव में पुलिस पर बर्बरता का आरोप लगा।

दर्जनभर महिलाएं मुख्यालय पर पहुच विरोध दर्ज करायीं। इनमे आपरेशन कराई महिला व बच्चों को पिटने का गम्भीर आरोप लगा लेकिन विभाग की मेहरबानी बनी हुई है। पनियरा पुलिस द्वारा कुछ दिन पूर्व एक नाबालिग युवक को पीटने व महिला के साथ अभद्रता का वीडियो वायरल हुआ। पुलिस के अमानवीय चेहरे को देख खुब किरकीरी हुई। कोठीभार के बसडिला में एक पक्ष के व्यक्ति की हत्या के बाद पुलिस शिथिल रही और दूसरे पक्ष के रिश्तेदार की भी हत्या हो गयी हालांकि मामले में थानाध्यक्ष समेत 12 पुलिस कर्मियों पर कार्यवाही हुई।

**चला ट्रासफर का चाबुक फिर हुए बैकफुट** : थाने व चौकी की कुर्सी पर मनमाफिक तैनाती भी खूब देखने को मिली। छोटे कर्मी तास के पत्ते की तरह फेटे गये लेकिन फलदार वर्षो से एक ही जगह चिपके रहे। एक वर्ग की सदर सर्किल में भरभार और वर्षो से जमें अफसरों का टिकाऊ पन रहस्य बना रहा। इंस्पेक्टर कार्यालयों में फाइल निपटाते रहे और दारोगा थानेदार बन सरकारी वाहनों से फरटि भरते रहे। 21 दिन में ही क्षेत्राधिकारियों के तबादले पर यू टर्न व थानेदारों को तबादला के बाद नवीन स्थल रास न आने पर विभाग का रिवर्स मोड और मनपंसद क्षेत्रों में तैनाती के मामले पर सवाल उठे लेकिन विभाग नजरअंदाज करता रहा। इंस्पेक्टर व दारोगाओं के चट ट्रासफर पट संशोधन समझ से परे नजर आया। खास चेहरे पर विभाग के मेहरबान रवैये से थानेदारों की मनमानी बढती गयी जिसका परिणाम यह है कि न्याय के लिए पीड़ितों को मुख्यमंत्री दरबार तक पहुचना पड़ रहा है।

**लाइन हाजिर मतलब थानेदार के हुए काबिल** : जनपद में पुलिस पर लगते दाग और मनमाने तैनाती सुर्खियों में रही है। कुर्सी एक ही वर्ग का बाहुल्य सीनियर को छोड़ जूनियर को जिम्मा का मामला तो उठता रहा है लेकिन कई ऐसे अफसर हैं जिन्हें दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता पर लाइंन हाजिर होना पड़ा और उसके बाद थानेदारी का रस चखने को मिला। बार्डर क्षेत्र के एक ऐसे थानेदार हैं जो चौकी प्रभारी रहने के बाद लाइन हाजिर हुए। यही नही सत्ता दल ने एसपी आफिस पर प्रदर्शन कर उनके आचरण पर रोष जताया। बावजूद चौकी चलाने में नाकाम दारोगा को लाइन हाजिर होने के बाद थाने का चार्ज सौंप दिया गया।सदर सर्किल में एक नव नवीन थाने पर इसी जनपद में थानाध्यक्ष को भी लाइन हाजिर होने का धब्बा लगा है लेकिन विभाग ने बड़ा दायित्व सौंप दिया।

# चोरी की बाइक बरामद, एक गिरफ्तार

**पनियरा (एसएनबी)**। थानाध्यक्ष देवेन्द्र कुमार सिंह पनियरा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अख्तर आलम द्वारा मय हमराहियान मुखबिर की सूचना पर पर सोमवार को चोरी की बाइक के साथ बभनौली चौराहे के पास से एक आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायलय भेज दिया। उल्लेखनीय है कि क्षेत्र से एक बाइक चोरी होने के सम्बन्ध में मुकदमा अपराध संख्या 349/23 भारा 379 भादवि दर्ज किया गया था। उसमें सुरागकसी के लिए पनियरा पुलिस लगी रही। सोमवार को मुखविर की सूचना पर सम्बन्धित अभियुक्त अरमान खान पुत्र हदीश निवासी ग्राम जद्दपिपरा थाना भिटौली जनपद महराजगंज को चोरी हुई एक अदद बाइक स्प्लेण्डर प्लस 56 3540 के साथ गिरफ्तार कर आवश्यक कार्रवाई करते हुए चालान न्यायालय भेज दिया रही।

# मारपीट के मामले में अभियुक्त को 6 दिन की सजा

■ महराजगंज।

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

जनपद के थाना पनियरा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सभा डिगुरी में वर्ष 1999 में गाली गलौज एवं मारपीट के मामले में आरोपी अभियुक्त जगदीश पुत्र बंधु द्वारा अपना जुर्म स्वीकार करने कर लेने के आधार पर अपर मुख्य न्यायाधीश मजिस्ट्रेट आस्था श्रीवास्तव ने धारा 323 504 भारतीय दंड संहिता के तहत जेल में बिताई गई 6 दिवस के करावास के साथ ही साथ ₹ 7000 के अर्थ दंड से दंडित किया गया है। अर्थ दंड न देने पर दो माह का अतिरिक्त कारावास भुगतना पड़ेगा । इस मामले के वादी मुकदमा राम रतन सिंह पुत्र रामदास निवासी डिगुरी ने थाना पनियरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि गांव के ही रहने वाले जगदीश पुत्र बंधु ने उसे गाली गुप्ता देते हुए मारा पीटा है। इस आधार पर थाना पनियरा मेंभादंवि की धारा 323, 504 भारतीय दंड संहिता का दर्ज कर विवेचक द्वारा आरोप पत्र प्रेषित किया गया। इस मामले में आरोपी अभियुक्त जगदीश द्वारा अपना जुर्म स्वीकार कर लेने के कारण उक्त सजा सुनाई गई है।

# अधजला शव पुलिस ने चिता से उठवाया

सिन्दुरिया (एसएनबी)। स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बसन्तपुर खुर्द में सोमवार को सूचना पर पहुंची पुलिस ने अधजले शव को चिता से उठा लिया। साथ ही शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस शव का अंतिम संस्कार कर रहे मृतका के ससुर व एक ग्रामीण को हिरासत में लेकर थाने ले आयी।

मिली जानकारी के अनुसार सिन्दुरिया थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बसन्तपुर खुर्द स्थित देवरिया शाखा की नारायणी नहर के की पटरी पर एक शव जलाया जा रहा था। शव जलाने की सूचना सिन्दुरिया पुलिस को भिटौली थाना क्षेत्र के

## मृतका की मां ने लगाया हत्या का आरोप

ग्रामसभा विशुनपुरा निवासी गोधन विश्वकर्मा नेदी कि उनकी बहन अंकिता को उसके ससुराल वालों ने हत्याकर गांव के बाहर स्थित देवरिया शाखा की नारायणी नहर के पटरी पर अंतिम संस्कार कर रहे है। मृतका के भाई की सूचना पर पहुची सिन्दुरिया थानाध्यक्ष मयफोर्स अधजली शव को कब्जे में लेकर मृतक अंकिता के ससुर लल्लू विश्वकर्मा व पिंटू नामक एक ग्रामीण को हिरासत में लेकर थाने लायी। साथ ही अधजली शव को पीएम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। इस दौरान सिन्दुरिया थाना पर पहुंचे मृतका की मां सुधा समेत अन्य लोगों ने आरोप लगाते हुए बताया कि पूर्व में भी अंकिता व उसके पति मंजीत के बीच में कहासुनी के दौरान मारपीट होती रही है। अंकिता ने अपनी मां से आंशका जता चुकी थी कि ये लोग कभी भी उसकी हत्या कर सकते हैं। मृतका अंकिता के पति वर्तमान में लुधियाना शहर में स्थित एक फैक्ट्री में रहकर रोजी-रोटी के लिए कार्य करता है। वहीं दूसरी ओर ग्रामसभा बसंतपुर खुर्द के ग्रामीणों की माने तो घटना के दिन मृतका के सास - ससुर थाना क्षेत्र के मथनिया स्थित एक रिश्तेदार के यहां गए थे। सोमवार की दोपहर बारह बजे के करीब लल्लू विश्वकर्मा के मोबाईल पर उनके बेटे मंजीत द्वारा बताया गया कि अंकिता द्वारा घर में फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास कर रही है। आनन-फानन में लल्लू अपनी पत्नी मीरा के साथ जब अपने घर बसन्तपुर खुर्द पहुंचे तो देखा कि अंकिता घर में लगी कुंडी के सहारे लटकती मिली। लल्लू व मीरा ने ग्रामीणों को इकठ्ठा कर मृतका अंकिता के शव को नीचे उतारवाया और गांव के पश्चिम स्थित नहर के पटरी पर शव को दाह-संस्कार करने में जुट गये। इसी बीच मृतका के परिजन पुलिस को सूचना देकर घटना स्थल पर पहुंच गये । पुलिस को आता देखकर दाह-संस्कार में जुटे ग्रामीण फरार हो गये । पुलिस ने अधजले शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। बताते चले कि मृतका अंकिता का एक दो वर्ष का कृष्णा नाम का पुत्र भी है। इस सम्बन्ध में अपर पुलिस अधीक्षक आतीश कुमार सिंह ने बताया कि सूचना मिलने पर शव को कब्जे में लेकर पीएम केलिए भेज दिया गया। पीएम रिपोर्ट एवं तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जायेगी।



रोते-बिलखती मां तथा इनसेट में मृतका की फाइल फोटो।

**मृतका की मां ने लगाया हत्या का आरोप** : भिटौली थाना क्षेत्र के ग्रामसभा विशुनपुरा निवासी मृतका की मां सुधा देवी ने सिन्दुरिया थाने में तहरीर देकर ससुराल पक्ष के विरुद्ध गला दबाकर हत्या करने का आरोप लगायी है। तहरीर में पीड़िता ने लिखा है कि 16 फरवरी 2020 को अपनी पुत्री अंकिता की शादी सिन्दुरिया थाना क्षेत्र के ग्रामसभा बसन्तपुर खुर्द निवासी लल्लू विश्वकर्मा के पुत्र मं जीत विश्वकर्मा के साथ अपने सामर्थ के हिसाब से दहेज देकर की थी। पुत्री अं किता को पति व ससुर समेत ससुराल के अन्य सदस्य दो लाख ₹ दहेज की मांग करते थे। नहीं देने पर मारते-पीटते थे। एक माह पहले इसी बात को लेकर सुलह-समझौता हुआ था। उसके बाद सोमवार को अंकिता को घर में बन्द कर पति ,ससुर,सास, देवरानी, देवर ने गला दबाकर जान से मार दिया और शव को गांव के बाहर नहर की पटरी पर जलाने लगे।

## फर्जी जन्मप्रमाण पत्र मामले में पुलिस ने किया खुलासा

# सात सीएससी संचालक गिरफ्तार

महराजगंज (एसएनबी)। जनपद के 27 ग्राम सचिवों की आइडी और फर्जी वेबसाइट पर बिना आइडी के जन्म प्रमाणपत्र बनाने के मामले में साइवर सेल, कोतवाली पुलिस व एसओजी की संयुक्त टीम ने सोमवार को सात सीएससी संचालकों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उनके पास से फर्जी वेबसाइट से निर्मित 45 कूटरचित जन्म प्रमाणपत्र भी बरामद किया है। पुलिस ने पकड़े गये आरोपियों को भादवि की धारा 420, 465, 467, 468 व 471 तथा 66 डीआईटी एक्ट के तहत चालान न्यायाल किया है जहां सेउन्हें जेल भेज दिया गया। इसका खुलासा पत्रकार वार्ता में अपर पुलिस अधीक्षक आतीश कुमार सिंह ने किया है।

**फर्जी वेबसाइट से निर्मित 45 कूटरचित जन्म प्रमाणपत्र बरामद**

पत्रकार वार्ता के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने बताया कि कुछ दिनों पूर्व जिला स्तरीय जन्म-मृत्यु की समीक्षा बैठक में पाया गया कि नौतनवा के बैंकुठपुर टोला बीदरवार में एक ही गांव में 280 जन्मप्रमाणपत्र बने हुए थे। इसके बाद से पुलिस और प्रशासन की टीमें जांच में लगी थीं। इसी बीच सदर ब्लाक के एडीओ पंचायत सुधीर सिंह की तहरीर पर सदर कोतवाली में अज्ञात आरोपितों द्वारा जिले के 27 ग्राम पंचायतों के सचिवों की आइडी हैक करके उससे जन्म प्रमाणपत्र बनाने का मुकदमा दर्ज कराया साथ ही इंटरनेट पर पूर्व से मौजूद फेक व फर्जी वेबसाइट के माध्यम से फर्जी जन्मप्रमाणपत्र बनाने के मामले में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में जांच के दैरान यह पाया गया कि फर्जी वेबसाइट से जन्म प्रमाणपत्र बनाने वालों में पिपरदेउरा निवासी रमेश प्रजापति, चौक थाना के बरगदही बसंतनाथ निवासी अभिषेक पांडेय, धर्मपुर निवासी सत्येन्द्र साहनी, सोनारड़ी खास के कृष्णा निषाद, केवलापुर चौक निवासी गौतम, सोहगीबरवा निवासी अजय निषाद और गौनरिया बाबू निवासी संजय विश्वकर्मा का नाम सामने आया। उक्त सीएचसी संचालकों द्वारा फर्जी वेबसाइट का प्रयोग करते हुए जन्म प्रमाणपत्र बनाए गए हैं। पुलिस की अबतक की जांच में इंटरनेट पर दिखायी दे रहे ऐसे चार फर्जी वेबसाइट को साइबर सेल की टीम ने ट्रैक किया है जहां से कोई भी फर्जी जन्म प्रमाणपत्र जारी कर सकता है। इन वेबसाइट का मुख्य सर्वर कहां है और इनकी हैकिंग कहां से हो रही थी इसका पता नहीं चल पाया है। अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि ऐसे वेबसाइट को लाक कर दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि फर्जी तौर पर जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने का मामला केवल जनपद तक ही नहीं सीमित है बल्कि अन्य जनपदों में भी प्रकाश में आये हैं। उन्होंने बताया कि फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का काम 1 जनवरी 2022 से मार्च 2022 तक किया गया है। पूरे मामले में अभी ग्राम पंचायत सचिवों की आइडी से बने प्रमाणपत्रों में उनकी भूमिका और फर्जी वेबसाइट निर्माण करने वालों की जांच की जा रही है। सीएचसी संचालकों को गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी साइवर सेल सत्येन्द्र कुमा राय, उपनिरीक्षक बृजभान यादव, जितेन्द्र मल्ल, हेका प्रफुल्ल कुमार यादव, सत्येन्द्र मल्ल, आलोक पाण्डेय, आशुतोष सिंह, विद्या सागर यादव, समीउल्लाह, आरक्षी लाल बहादुर यादव, प्रवीण बंसल, हृदयानंद यादव, महिला आरक्षी गुंजन यादव शामिल रहीं।



गिरफ्तार आरोपियों के बारे में जानकारी देते एएसपी।

# भाजपा नेता को बचाने में सिपाही व एक अन्य को जेल

महराजगंज (एसएनबी)। जनपद के कोतवाली थाना क्षेत्र के नगर चौकी अन्तर्गत एक वार्ड में दुष्कर्म, हत्या, छेड़खानी, पॉक्सो एक्ट व एससी/एसटी एक्ट में आरोपित भाजपा नेता राही मासूम रजा की मुश्किलें बढ़ती ही जा रही हैं। जनपद के भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर आसीन भाजपा नेता के उक्त मामलों में आरोपित होने के कारण भाजपा की प्राथमिक सदस्यता को समाप्त करते हुए पार्टी से 6 वर्ष के लिए निष्कासित कर दिया है। इसकी पुष्टि भाजपा के जिला संयोजक संजय पाण्डेय ने की है। उक्त मामले में आरोपी को प्रश्रय देने व तथ्यों को छिपाने के मामले में नगर चौकी के आरक्षी आबिद अली व बिस्मिल नगर निवासी गुड्डू शाह को धारा 214 व 201 के तहत चालान कर जेल भेज दिया गया।

पुलिस ने इस मामले को मैनेज करने व तथ्यों को छिपाने के मामले में चौकी के सिपाही आबिद अली निवासी हरण भटनी, थाना भटनी जनपद देवरिया व नगर चौकी के बिस्मिल नगर निवासी गुड्डू शाह को

**■ दुष्कर्म, हत्या, छेड़खानी, पॉक्सो एक्ट व एससी/एसटी एक्ट में आरोपित भाजपा नेता पार्टी से निष्कासित, घर पर धारा 41 का नोटिस चस्पा**

धारा 214 201 के तहत जेल भेज दिया है। इतना ही नहीं पुलिस ने आरोपी भाजपा नेता व अधिवक्ता के घर पर धारा 41 का नोटिस चस्पा किया है ताकि आरोपी पुलिस के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सके। फिलहाल इस मामले में पीड़िता का 164 का पुनः बयान समाचार लिखे जाने तक नहीं हो सका है।

पुलिस के आला अधिकारियों के अनुसार पीएम रिपोर्ट में शरीर पर चोट के कोई निशान नहीं मिला लेकिन जहरीला पदार्थ खाने की पुष्टि हुई और बिसरा प्रिजर्व कर दिया गया। 5 सितम्बर को युवती द्वारा कोतवाली में तहरीर दी गयी कि उसके साथ जबरिया दुष्कर्म किया गया तथा छोटी बहन के साथ छेड़खानी की गयी। साथ ही पिता द्वारा घटना का विरोध करने पर उन्हें मारा पीटा और हत्या कर दी गयी। इस सम्बन्ध मेंअपर पुलिस अधीक्षक आतीश कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कई टीमें लगी हैं। इस मामले में आरोपी को प्रश्रय देने व तथ्य छिपाने के आरोप में चौकी के आरक्षी आबिद अली व बिस्मिल नगर निवासी गुड्डू शाह को जेल भेज दिया गया है। **(संबंधित खबर पेज 07)**

# महिला रोजगार सेवक ने पूर्व प्रधान को चप्पल से पीटा, वीडियो वायरल

**■ ग्राम बलुआ का मामला, प्रधानी जाने के बाद अब मनरेगा में मजदूरी करता है पूर्व प्रधान**

**■ मजदूरी नहीं मिलने की शिकायत पर जांच करने गांव में पहुंची महिला जांच अधिकारी**

परतावल, हिन्दुस्तान संवाद। भिटौली थाना क्षेत्र के ग्राम बलुआ में मनरेगा मजदूरी की शिकायत पर जांच के दौरान ही महिला रोजगार सेवक पूर्व प्रधान की चप्पल से पिटाई कर दी। इससे हड़कंप मच गया। किसी ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इस मामले में पूर्व प्रधान की तहरीर पर भिटौली पुलिस ने महिला रोजगार सेवक के खिलाफ केस दर्ज कर जांच-पड़ताल शुरू कर दी है।

प्रधानी जाने के बाद ग्राम बलुआ के पूर्व प्रधान जयश्री यादव परिवार की परवरिश करने के लिए मनरेगा में मजदूरी करते हैं। गांव के मनरेगा मजदूरों ने बीडीओ परतावल से मजदूरी भुगतान नहीं होने का शिकायत की थी। इसी क्रम में शिकायत की जांच करने सेक्रेटरी सुमन गुप्ता सोमवार को गांव में पहुंची थी। वह सभी मनरेगा मजदूरी से बारी-बारी उनका बयान दर्ज कर रही थीं। उसी दौरान पूर्व प्रधान जयश्री यादव ने भी अपनी शिकायत दर्ज कराई। बताया कि मनरेगा में उसने भी काम किया है, लेकिन अन्य मजदूरों की तरह उसकी भी मजदूरी दूसरे के बैंक खाता में भेज दी गई है। आरोप है कि पूर्व प्रधान के इस शिकायत से बौखलाई महिला रोजगार सेवक सैकड़ों लोगों के सामने पूर्व प्रधान की चप्पलों से पिटाई कर दी। एसओ रामाज्ञा सिंह ने बताया कि रोजगार सेवक स्नेहलता पर केस दर्ज किया गया है।

# दो गांवों में हुई मारपीट, छह के खिलाफ केस

**निचलौल।** निचलौल क्षेत्र के ग्राम भेड़ीहारी और बढ़या मुस्तकिल के टोला गेठियहवा में पुरानी रंजिश में मारपीट हो गई। दोनों मामलों में कुल छह लोगों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है।

ग्राम भेड़ीहारी निवासिनी प्रेमा देवी द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में बताया गया है कि पुरानी रंजिश की बात को लेकर इनके गांव के कुछ लोगों ने पांच दिन पहले इनके साथ मारपीट किया था और इसका विरोध करने पर इन लोगों ने गाली देते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। इस मामले में पुलिस ने दिनेश और पप्पू निवासी ग्राम भेड़ीहारी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरी घटना रविवार को ग्राम बढ़या मुस्तकिल के टोला गेठियहवा में हुई। इस गांव की उर्मिला देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि इनके गांव के कुछ लोग पुरानी रंजिश में इन्हे गाली देते हुए मारपीट किया, इसका विरोध करने पर इन लोगों ने जान से मारने की धमकी दी।

### फर्जी पोर्टल पर असली जैसा नकली जन्म प्रमाण पत्र बना रहे थे आरोपित, एएसपी ने किया खुलासा

# सात सीएससी संचालक गिरफ्तार, जेल

**फर्जी प्रमाण पत्र**

**महराजगंज, निज संवाददाता।** महराजगंज जिले में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने का पुलिस ने खुलासा कर दिया। साइबर सेल ने सात सीएससी संचालकों को गिरफ्तार कर सोमवार को जेल भेज दिया। इस मामले में प्रभारी एडीपीआरओ ने कोतवाली में केस दर्ज कराया था और एसपी ने कार्रवाई के लिए साइबर सेल, एसओजी की टीम को लगाया था। आरोपियों के कब्जे से 45 फर्जी जन्म प्रमाण पत्र, चार लैपटॉप व नौ मोबाइल सेट बरामद हुए। एडिशनल एसपी आतिश कुमार सिंह ने सोमवार को खुलासा किया कि पंचायती रात विभाग ने जानकारी दी थी कि जिले कुछ सहज जन सेवा केन्द्रों पर फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाकर निर्गत किया जा रहा है। प्रभारी डीपीआरओ/एडीओ पंचायत सदर सुधीर कुमार सिंह की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने केस दर्ज किया।



पुलिस कार्यालय के सभागार में एएसपी आतिश कुमार सिंह ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के मामले का खुलासा किया।

एसपी ने कार्रवाई के लिए साइबर सेल व एसओजी को लगाया और टीम ने जांच के लिए कई सीएससी संचालकों को अपने रडार पर ले लिया। छापेमारी में उनके पास से फर्जी जन्म प्रमाण मिलने के बाद टीम ने गिरफ्तार किया। उनके मोबाइल व लैपटॉप कब्जे में लेकर सील कर दिया। बरामद लैपटॉप व फर्जी प्रमाण पत्रों की जांच जिला पंचायती राज विभाग व प्रशासनिक अधिकारियों ने की थी। जांच में फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाना प्रमाणित होने पर सात सीएससी संचालकों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

**चार फर्जी वेबसाइट से बनाए जा रहे थे जन्म प्रमाण पत्र:** जांच में यह जानकारी सामने आई कि सीएससी संचालक चार वेबसाइट से फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बना रहे थे। वेबसाइट फर्जी पाए जाने पर साइबर सेल ने उसे बंद कराने के लिए विधिक प्रक्रिया शुरू करा दी है।

### सौ रुपये में जन्म प्रमाण दे रहे थे आरोपित

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने के आरोप में साइबर सेल व एसओजी की टीम ने रमेश प्रजापति निवासी पिपरदेउरा थाना कोतवाली, अभिषेक पांडेय निवासी बरगदही बसंतपुर थाना चौक, सत्येन्द्र साहनी निवासी धर्मपुर थाना चौक, कृष्णा निषाद निवासी सोनाड़ी खास , गौतम निवासी केवलापुर, अजय निषाद निवासी ग्राम व थाना सोहगीबरवा व संजय विश्वकर्मा निवासी गौनरिया बाबू थाना कोतवाली को गिरफ्तार किया।

### 27 गांवों के मामले में विस्तृत जांच जारी

एडीपीआरओ ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि सीआरएस साफ्टवेयर से 27 ग्राम पंचायतों से फर्जी ढंग से जन्म प्रमाण पत्र जारी किए गए हैं। सीआरएस साफ्टवेयर का यूजर आईडी व पासवर्ड ग्राम सचिव के पास होता है। पूछताछ में ग्राम पंचायत विकास अधिकारियों ने बताया कि जनवरी 2022 से मार्च 2022 के बीच उनके द्वारा कोई जन्म प्रमाण पत्र जारी नहीं किया गया।

### पुलिस की इस टीम ने किया खुलासा

फर्जी जन्म प्रमाण पत्र बनाने वाले सीएससी संचालकों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में साइबर सेल प्रभारी सत्येन्द्र कुमार राय, कोतवाली के एसआई बृजभान यादव, एसओजी के एसआई विपेन्द्र मल्ल, साइबर सेल के हेड कांस्टेबल प्रफुल्ल कुमार यादव, सत्येन्द्र मल्ल, आलोक कुमार पांडेय, एसओजी के हेड कांस्टेबल आशुतोष सिंह, विद्यासागर, कोतवाली के हेड कांस्टेबल समीउल्लाह, साइबर सेल के कांस्टेबल लाल बहादुर यादव, कोतवाली के कांस्टेबल प्रवीण वंशल, एसओजी के कांस्टेबल ह्रदयानंद यादव, साइबर सेल की महिला कांस्टेबल गुंजन यादव शामिल रहीं।

# आरोपी भाजपा नेता की मदद में सिपाही समेत दो को जेल

## रेप-हत्या केस

- महराजगंज का केस, पीड़िता के पास से मिले नौ लाख
- सिपाही और दूसरे आरोपी ने किया था रुपये का इंतजाम

**महराजगंज, निज संवाददाता।** भाजपा नेता के खिलाफ दर्ज हत्या, रेप, पॉक्सो, एससी-एसटी एक्ट के मामले को मैनेज कराने के मामले में सिपाही समेत दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। विवेचना के दौरान साक्ष्य मिलने के बाद सीओ सदर अजय सिंह चौहान के आदेश पर पुलिस ने यह कार्रवाई की।

कार्रवाई की जद में आया कांस्टेबल आबिद अली मीडिया सेल में तैनात था और एक दिन पहले हुए निलंबन के बाद पुलिस लाइन में था। उसके साथ गिरफ्तार दूसरा आरोपी शहर के बिस्मिलनगर निवासी गुड्डू उर्फ मुमताज है।

वहीं, केस दर्ज कराने के बाद बयान के दौरान मुकरने वाली संतकबीरनगर की पीड़िता व उसकी बहनों के पास से पुलिस ने नौ लाख रुपये बरामद किए हैं। आरोप है कि यह धनराशि दर्ज केस को वापस लेने के लिए दी गई थी। सिपाही आबिद अली ने मामले को मैनेज कराने में अहम रोल निभाया था। गुड्डू उर्फ मुमताज ने धन का इंतजाम कराकर भाजपा नेता को दिया था। भाजपा नेता ने नौ लाख रुपया पीड़िता व उसके परिवार को दिया था।

### आरोपी पार्टी से निष्कासित

आरोपित भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष राही मासूम रजा की सदस्यता को समाप्त करते हुए पार्टी ने छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। ब्योरा P03

> भाजपा नेता ने नौ लाख रुपये पीड़िता को दिया था, जिसे बरामद कर लिया गया है। सिपाही आबिद अली व गुड्डू उर्फ मुमताज के खिलाफ सबूत मिलने के बाद दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।
>
> **अजय सिंह चौहान,** सीओ सदर

# प्रधानपति सहित 10 पर धोखाधड़ी का मुकदमा

जासं, आनंदनगर: ग्राम पंचायत कैथवलिया सर्वजीत उर्फ खजुरहटा गांव के प्रधान पति पटेश्वरी प्रसाद सहित 10 लोगों पर पुरंदरपुर थाने में धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज हुआ है। गभूमि लिखवाने के मामले में पुलिस आरोपितों की तलाश कर रही है।

पीड़ित कृष्णमुरारी ने पुलिस को दी गई तहरीर में लिखा है कि ग्राम पंचायत कैथवलिया सर्वजीत के पटेश्वरी की सह पर एक एकड़ 14 डिस्मिल भूमि धोखे से लिखवा ली गई है। इस मामले में 10 लोग शामिल है। भूमाफिया 13 मार्च को उनके साथ साजिश कर बैनामा कराए। तहरीर के आधार पर पुलिस ने आरोपित रामबचन, अंगद पासवान,पटेश्वरी निवासी कैथवालिया सर्वजीत उर्फ खजुराहटा, दीनानाथ, पन्नेलाल गोकुलपुर, बबलू यादव महुआ सर्वजीत,धर्मेंद्र मद्धेशिया समरधीरा, अनीता एवं श्रीराम महावनखोर थाना कैंपियरगंज के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है। थानाध्यक्ष पुरुषोत्तम राव ने कहा कि आरोपितों की तलाश की जा रही है।

# प्रतिबंधित केवटलिया सीमा से भारत में चार कारों के प्रवेश



केवटलिया सीमा से सीमा पार कर भारत में प्रवेश करती कार। सौ. ग्रामीण

- वाहनों के प्रवेश करने की जांच कर रही है पुलिस
- रजिया घाट से अरघा होते हुए नौतनवा पहुंच गए वाहन

जासं, खनुआ (महराजगंज) : नेपाल से लगने वाली केवटलिया सीमा से चार पहिया वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध है, लेकिन सोमवार को इस सीमा से चार कारों के भारत में प्रवेश किए जाने का मामला सामने आया है। एसएसबी ने ऐसी किसी जानकारी से इन्कार किया है, लेकिन ग्रामीणों की सूचना के आधार पर पुलिस जांच करा रही है।

केवटलिया गांव के लोगों के अनुसार, तेज रफ्तार से रजिया घाट से अरघा गांव होते हुए नौतनवा और वहां से गोरखपुर की तरफ जाने वाले चारों वाहन लखनऊ के नंबर वाले थे। एक सप्ताह से ऐसी गतिविधि बढ़ गई है। पहले यहां एसएसबी का गश्ती दल तैनात रहता था। उधर नेपाल का बेलहिया भंसार कार्यालय उन 17 चार पहिया वाहनों की तलाश कर रहा है, जो सोनौली सीमा से नेपाल गए हैं और समयावधि बीत जाने के बाद भी नहीं लौटे। एसएसबी के कार्यवाहक कमांडेंट वरुण कुमार ने कहा कि केवटलिया सीमा से वाहनों के आने की जानकारी नहीं है। एएसपी आतिश कुमार सिंह का कहना है कि केवटलिया सीमा पर निगरानी के लिए सोनौली कोतवाली को विशेष निर्देश दिए गए हैं। जांच कराई जा रही है।

# BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांकः- 12-09-2023

# चोरी व मारपीट के आरोप में सात नामजद

**बस्ती (एसएनबी)**। ताला तोड़कर आभूशण व नकदी की चोरी करने तथा पूछे जाने पर दम्पत्ति की पिटाई करने के आरोप में सात लोगो को हर्रैया पुलिस ने नामजद किया है। कार्यवाही न्यायालय के आदेश पर की गयी है। हर्रैया थानान्तर्गत जोतकीपुर गांव निवासिनी सान्त्वना पाण्डेय पत्नी प्रवीण पाण्डेय ने न्यायालय में अर्जी देते हुए बताया कि विपक्षीगण शीतल प्रसाद पाण्डेय तथा उनके बेटो द्वारा उसके कमरे का ताला तोड़कर सोने के आभूषण तथा 51 हजार रूपए सहित अन्य सामानो की चोरी कर लिया। जिसके बारे में पूछने पर उसके तथा उसके पति को गालियां देते हुए धार दार हथियार से मारा पीटा व उसके साथ अश्लील हरकत की गयी। मामले में न्यायालय के आदेश पर हर्रैया थाने की पुलिस ने आरोपी शीतल प्रसाद पाण्डेय पुत्र जगनारायण पाण्डेय, श्रवण कुमार पाण्डेय, पवन कुमार पाण्डेय, सुनील कुमार पाण्डेय, अनिल कुमार पाण्डेय, आशीष कुमार पाण्डेय पुत्रगण शीतल प्रसाद पाण्डेय तथा किरण पाण्डेय पत्नी अनिल पाण्डेय निवासीगण जोतकीपुर थाना हर्रैया के विरुद्ध धारा 147, 280, 323, 504, 324, 354ख आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# शेड गिराने से मना करने पर युवक की पिटाई

**बस्ती (एसएनबी)**। घर के सामने रखे गये टीन शेड को विपक्षियों ने जबरन गिरा दिया। जिसका विरोध करने पर पीड़ित को मारा पीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। परसरामपुर थानान्तर्गत बबौना गांव निवासी आलोक कुमार सिंह ने अपने दरवाजे के सामने टीन शेड रखा हुआ था। जिसे विपक्षी विक्रम सिंह, अशोक कुमार तथा अन्य लोगो ने मिलकर टीन शेड को गिरा दिया। जिन्हे ऐसा करने से जब रोका गया तो आलोक कुमार सिंह को आरोपियों ने गालियां देते हुए घर में घुसकर मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित आलोक कुमार सिंह पुत्र राघवेन्द्र प्रताप सिंह निवासी बबौना थाना परसरामपुर की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी विक्रम सिंह पुत्र अशोक सिंह, अशोक सिंह पुत्र चन्द्रिका सिंह, पार्वती सिंह पत्नी अशोक सिंह, पंकज सिंह पुत्र चन्द्रवीर सिंह, मधु सिंह पुत्री अशोक सिंह, गंगाजली सिंह पत्नी चन्द्रिका सिंह निवासीगण बबौना थाना परसरामपुर के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506, 427, 452 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# ग्राहक बुलाने को लेकर मारपीट, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। एक भोजनालय पर खाना खाने के लिए आये ग्राहको को बगल के होटल वालो द्वारा बुलाया जाने लगा। जिसका होटल के मालिक ने विरोध किया तो उसे मारापीटा गया तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत रोडवेज तिराह स्थित सुरेन्द्र पाल के होटल पर तीन ग्राहक खाना खाने के लिए रूके जिन्हे देखते ही बगल में स्थित दूसरे होटल के लोगो द्वारा ग्राहको को अपने दुकान पर बुलाया जाने लगा। जिन्हे ऐसा करने से सुरेन्द्र पाल ने जब मना किया तो उन्हे अभियुक्त जगन्नाथ, गोपी, सोनू व सर्वजीत ने मिलकर गालियां देते हुए मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित सुरेन्द्र पाल पुत्र मायाराम निवासी पिकौरा शिवगुलाम थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी जगन्नाथ, गोपी, सोनू, सर्वजीत पुत्रगण सूर्यबली निवासीगण खीरीघाट भटोलवा थाना कोतवाली के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कपड़ा खरीदने के बाद बिना पैसे दिये भागा ग्राहक

**बस्ती (एसएनबी)**। कपड़ा खरीदने के बाद गाड़ी में सामान रखने तथा फोन पे से पैसे भेजने की का बहाना करते हुए भाग गया। जिससे दुकानदार द्वारा जब फोन करके पैसे मांगे तो उसे जान से मारने की धमकी दी गयी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत सोनूपार चौराहा स्थित अभिमन्यू सिंह के कपड़े की दुकान पर एक व्यक्ति आया और दुकान से 8900 रूपये का साड़ी, सूट, मेक्सी व बच्चो का कपड़ा खरीदा। पैसे की आदायगी फोन पे पर करने के लिए कहते हुए कपड़ा गाड़ी में रखवाने का बहाना करते हुए निकला और मौका मिलते ही फरार हो गया। अभिमन्यु सिंह ने जब ग्राहक के द्वारा दिये गये मोबाइल नम्बर पर फोन करके पैसे मांगे तो पैसे देने से इन्कार करते हुए जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पीड़ित अभिमन्यु सिंह निवासी सिविल लाईन प्रहलाद कालोनी थाना कोतवाली की तहरीर पर पुलिस ने अज्ञात के विरुद्ध धारा 420, 406, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# सचिव व रोजगार सेवक समेत पांच नामजद

**बस्ती (एसएनबी)**। फर्जी जाबकार्ड बना कर सरकारी धन का गबन करनेका एक औरमामला बहादुरपुर विकास खंड के बेलवाडाड़ ग्राम पंचायत का है। जहां भी आपसी मिलीभगत कर सरकारी धन का बंदरबांट किया गया।बेलवाडाड़ गांव के डा. प्रेम नारायन की शिकायत परउजागर हुए इस मामले में अंजनी देवी पत्नी रमेश चन्द्र, रमेश चन्द्र पुत्र रामसूरत, अर्चना देवी पत्नी सरोज कुमार चौधरी निवासी बेलवाडाड़ थाना कलवारी, ग्राम रोजगार सेवक, ग्राम पंचायत सचिव व विकास खंड बहादुरपुर केअन्य अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# रसोईया व नाबालिग का भी बना दिया जॉबकार्ड

# खाते में भेज दिया पैसा

बस्ती।

सहारा न्यूज ब्यूरो

रसोइयों का जाबकार्ड बनाकर उनके खाते में मनरेगा के मजदूरी की धनराशि स्थानान्तरण करने का मामला प्रकाश में आया है। बनकटी विकास खंड के बैदूखोर उर्फ दतुआखोर गांव में सामने आये इस मामले में गांव की ग्राम प्रधान,दोग्राम पंचायत अधिकारियों व ग्राम रोजगार सेवक सहित कुल सात लोगो कोसरकारी धन के दुरुपयोग करने के मामले में नामजद किया गया है।

**प्रधान,सचिव,रोजगार सेवक सहित सात पर केस दर्ज**

**बनकटी विकास खंड के बैदूखोर उर्फ दतुआखोर गांव का मामला**

उल्लेखनीय है कि बनकटी विकास खंड के बैदूखोरउर्फ दतुआ खोरगांव की ग्राम प्रधान गीता देवी ने अपने गांव के ही दो सगे भाईयों मस्तराम व अवधेश के नाम सेजाबकार्ड जारी किया। फिरवर्ष 2021-22 मेंमस्तराम को 32 दिन व अवधेश कुमार को 28 दिन काम देते हुए मजदूरी रोजगार सेवक से मस्टररोल में दर्ज कराकर सरकारी धन सेमजदूरी आहरित की गयी। जबकि इन दोनोंही भाई इसी माह में रसोईया के रूप मे भी मानदेय हासिल किये गये हैं। जिसका जांच में खुलासा हुआ तो पता चला कि ग्राम प्रधान व सचिव नेयही नहीं मिलीभगत करते हुए गांव की इन नाबालिग लड़की के नाम से जाबकार्ड जारी कररोजगार सेवक से फर्जी उपस्थिति दर्ज कराया और 28 दिनों के मजदूरी का भुगतान सरकारी धन से किया गया। 23664 रुपयेके गबन के इस मामले को लेकर कुंवर ब्रह्मदेव उपाध्याय पुत्र गंगासरन उपाध्याय निवासी कनथुई थाना सोनहां ने शिकायत दर्ज करायी जब मामले में जांच के बाद कार्यवाही न हुई तो कुंवर ब्रह्मदेव उपाध्याय ने न्यायालय की शरण ली। जहां से आदेश के बाद ग्राम प्रधान गीता देवी, पूर्व ग्राम पंचायत अधिकारी रणविजय सिंह, ग्राम रोजगार सेवक , ग्राम पंचायत अधिकारी अर्जुन वरुण, जाबकार्डधारक मस्तराम व अवधेश कुमार पुत्रगण ब्रह्मदेव,रेनू पत्नी शिवकुमारको नामजद किया गया है। इसके अलावा विकास खंड केअन्य अज्ञात अधिकारियों के विरुद्ध भी न्यायालय के आदेश के बाद धारा 419,420,409 आईपीसी के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित हो निस्तारण

**बस्ती (एसएनबी)**। मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक में सुनवाई के बाद गनेशपुर के पटवा आर्गेनिक फूड इन्डस्ट्रीज की विद्युत समस्या का समाधान हो गया है। इसी प्रकार टीबी अस्पताल के पास सड़क का निर्माण हो गया। बैठक में मण्डलायुक्त अखिलेश सिंह ने अधिकारियों को संवेदनशील होकर उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित निस्तारण करने का निर्देश दिया। उन्होंने इंडस्ट्रियल एरिया के पास की सड़क एक सप्ताह में पूरा करने के लिए अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी निर्माण खंड को निर्देशित किया है। उन्होंने संयुक्त निदेशक उद्योग को निर्देशित किया है कि बैठक में उठाए गए मामलों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग के सक्षम अधिकारी को अवश्य बुलाए।

**मण्डलीय उद्योग बंधु की बैठक में मामलों का हुआ निस्तारण**

उल्लेखनीय है कि संत कबीर नगर इन्डस्ट्रियल एरिया के विद्युत ट्रिपिंग की समस्या का समाधान अभी तक नहीं हो पाया है और बैठक में अधीक्षण अभियंता भी उपस्थित नहीं रहे। बैठक में उद्यमियों द्वारा बस्ती कांटे मार्ग की जर्जर स्थिति के बारे में जानकारी दी गई। ग्लोबल इन्वेस्टर समिट 2023 में पर्यटन संबंधी श्याम वाटिका होटल एण्ड रिसार्ट बनाने के लिए एमओयू साईन किया गया है परन्तु चयनित स्थल पर 11 किलोवाट की हाईटेंशन बिजली के दो तार जा रहे है। जिसके कारण निर्माण कार्य रूक गया है। मण्डलायुक्त ने इस समस्याओं के निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है। मण्डलायुक्त ने प्लास्टिक कामप्लेक्स इंडस्ट्रियल एरिया में बरसात के जल निकासी के लिए नया प्रोजेक्ट तैयार करने के लिए निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा पूर्व में प्रेषित 3.25 करोड़ का प्रोजेक्ट निरस्त कर दिया है। बैठक में उन्होने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना, ओडीओपी, वित्त पोषण योजना, निवेश मित्र पोर्टल आदि की समीक्षा किया। आईजी आरकेभारद्वाज ने उद्यमियों को आश्वस्त किया कि कानून व्यवस्था संबंधी समस्याओं का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। बैठक में इससे संबंधित कोई प्रकरण उद्यमियों द्वारा नही रखा गया। बैठक का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग हरीश प्रताप सिंह ने किया। बैठक में अपर आयुक्त राजीव पाण्डेय, उप जिलाधिकारी शत्रुघ्न पाठक, चेम्बर आफ इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष अशोक सिंह, महासचिव हरिश्चन्द्र शुक्ला, अध्यक्ष आईडीए अनिल सिंह रैकवार,अधीक्षण अभियन्ता विद्युत रामदास, यूपीसीडा के एससी पाण्डेय, उपायुक्त सेलटेक्स प्रभाकर सरोज, ईओ नगर पालिका दुर्गेश्वर त्रिपाठी, उद्यमी अरविन्द पाठक, गौरव अग्रवाल, अशोक कुमार अग्रवाल, जिलों के उपायुक्त उद्योग, लीड बैंक मैनेजर, पुलिस अधिकारी तथा विभागीय अधिकारी एवं उद्यमी उपस्थित रहें।



बैठक को सम्बोधित करते मण्डलायुक्त।

# दो लोगों पर एससी एसटी का केस

**बस्ती (एसएनबी)**। पुरानी रंजिश की बात को लेकर विपक्षियों ने मिलकर एक महिला को जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कप्तानगंज थानान्तर्गत बैदौलिया गांव में पुरानी रंजिश की बात को लेकर भानुमति को गांव के ही राजन यादव व सत्यराम यादव ने मिलकर जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पीड़िता भानुमति पत्नी राम नरेश निवासी बैदोलिया थाना कप्तानगंज की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजन यादव पुत्र वेद प्रकाश, सत्यराम यादव पुत्र बद्री यादव निवासीगण बैदोलिया थाना कप्तानगंज के विरुद्ध धारा 323, 504, 506 आईपीसी व 3(1)द, 3(1)ध, व 3(2)5अ एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# कम दहेज लाने पर विवाहिता को पीटा

**बस्ती (एसएनबी)**। कम दहेज लाने पर ससुरालियों ने विवाहिता को मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थानान्तर्गत रूधौली खास निवासिनी सुमित्रा ने पुलिस को बताया कि कम दहेज लाने की बात को लेकर उसके पति पिन्टू तथा ससुराल के अन्य सदस्यों द्वारा उसे प्रताड़ित करने के अलावा मारा पीटा तथा जानमाल की धमकी दी। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पति पिन्टू, जेठ अशोक व जेठानी रीना निवासी ग्राम रूधौली थाना रूधौली के विरुद्ध धारा 498ए, 323 आईपीसी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

# पुरानी रंजिश में युवक की पिटाई, केस दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)**। पुरानी रंजिश की बात को लेकर विपक्षियों ने मिलकर एक युवक को पहले गालियां दी और फिर उसे मारापीटा गया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थानान्तर्गत माझा खुर्द गांव में पुरानी रंजिश की बात को लेकर ज्ञानचन्द्र को अभियुक्त रामचन्दर व राम सुरेश ने मिलकर पहले गालियां दी। जिन्हे ज्ञानचन्द्र ने रोका तो उन्हे अभियुक्तो ने मिलकर मारापीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित ज्ञानचन्द्र निवासी माझाखुर्द थाना कलवारी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी रामचन्दर, रामसुरेश निवासी माझाखुर्द थाना कलवारी के विरुद्ध धारा के विरुद्ध केस दर्ज किया है।

# मार्ग दुर्घटना में बाइक चालक जख्मी, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। दो बाइक की आमने सामने हुई भिड़न्त में एक युवक गम्भीर रूप से जख्मी हो गया और वाहन क्षतिग्रस्त हो गयी। इस सम्बन्ध में घायल के भाई की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चालक पर मुकदमा दर्ज किया है। वाल्टरगंज थाने पर तहरीर देकर सत्यम यादव पुत्र मानिकराम निवासी मिश्रौलिया ने बताया कि उसका भाई अमर कुमार गांव के लवकुश यादव को बाइक पर बैठाकर मनौरी चौराहे के तरफ जा रहा था। इसी बीच मनौरी के करीब 200 मीटर पहले पेट्रोल पम्प के पास गलत दिशा से आकर बाइक संख्या यूपी 51 बीएफ/ 4328 के चालक ने ठोकर मार दी। जिससे अमर कुमार गिरकर गम्भीर रूप से जख्मी हो गया तथा बाइक क्षतिग्रस्त हो गयी। मामले में पुलिस ने घायल के भाई की शिकायत पर अज्ञात चालक के विरुद्ध धारा 279, 337, 338, 427 आईपीसी व 184 एमवी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# जाली उखाड़ने से रोकने पर महिला को पीटा, केस

**बस्ती (एसएनबी)**। मछली को बहने के लिए तालाब पर लगायी गयी जाली को उखाड़े जाने से महिला ने रोका तो उसे विपक्षियों ने जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया है। रूधौली थानान्तर्गत मुड़ियार टोला बरडीहा गांव निवासिनी इसलावती द्वारा तालाब में मछली पालन किया गया था। मछलियों को बहने से रोकने के लिए चारो तरफ जाली लगवायी थी। जिस जाली को गांव के ही राज नरायन सिंह व उनके लड़को द्वारा उखाड़कर फेक दिया गया। जिनका इसलावती ने विरोध किया तो उसे जाति सूचक गालियां देते हुए मारा पीटा तथा जान से मारने की धमकी दी। इस मामले में पीड़िता इसलावती पत्नी निरहू ग्राम मुड़ियार टोला बडडीहा थाना रुधौली की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी राजनरायन सिंह पुत्र दुबरी, गिरजेश सिंह, बृजेश सिंह, राजेश सिंह, जितेन्द्र सिंह, अजीत सिंह व सुजीत सिंह पुत्रगण राजनरायन सिंह निवासीगण ग्राम मुड़ियार टोला बडडीहा थाना रुधौली के विरुद्ध धारा 147, 323, 504, 506 आईपीसी 3(1) द, ध, 3(2)(वीए) एससी एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

# रूपया हड़ने का आरोप, मुकदमा दर्ज

**बस्ती (एसएनबी)**। उधार में लिये हुए पैसे को वापस मांगने पर अभियुक्त ने पीड़ित को गालियां व जान से मारने की धमकी दी। इस सम्बन्ध में पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी पर मुकदमा दर्ज किया है। परसरामपुर थानान्तर्गत परसरामपुर कस्बा स्थित सुरेन्द्र कुमार से गुरू सहाय गुप्ता ने गूलग पे तथा नगद के रूम में 20 हजार रूपये उधार लिये थे। रूपया सुरेन्द्र द्वारा जब वापस मांगा गया तो गुरूसहाय ने पैसे देने से इन्कार करते हुए गालियां व जान से मारने की धमकी दी। मामले में पीड़ित सुरेन्द्र कुमार पुत्र बदलू निवासी नरायनपुर पोस्ट हरिवंशपुर बुजुर्ग थाना दुबौलिया की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी गुरुसहाय गुप्ता पुत्र रामकरन निवासी परसरामपुर थाना परसरामपुर के विरुद्ध धारा 406, 504, 506 आईपीसी के तहत मुकदमा दर्ज किया है।

## बाउन्ड्रीवाल ध्वस्तीकरण के लिए धरना शुरू

भानपुर। रामनगर ब्लॉक के बड़ौंगी में बने खेल के मैदान की बाउन्ड्रीवाल को ध्वस्त कराने के लिए एक संगठन के लोगों ने धरना शुरू कर दिया है। संगठन के लोगों का आरोप है कि बाउन्ड्रीवाल को अवैध तरीके से बनाया गया है। बीडीओ रामनगर रमेश दत्त मिश्र ने बताया कि बाउन्ड्रीवाल मेरे कार्यकाल से पूर्व में बनी है। इस बारे में से राजस्व विभाग से जानकारी ली जा रही है। वहीं तहसीलदार पंकज गुप्ता ने राजस्व निरीक्षक द्वारा दोबारा जांच कराए जाने की बात कही है।

## फोन-पे पर की जालसाजी

बस्ती। कोतवाली क्षेत्र के सोनूपार चौराहे पर फोन-पे नाम पर की जालसाजी करने का मामला सामने आया है। प्रहलाद कालोनी, सिविल लाइन निवासी दुकानदार अभिमन्यु सिंह ने अज्ञात के खिलाफ 8900 रुपये मूल्य का सामान हड़प लेने का मामला दर्ज कराया है।

## बलवा व मारपीट में छह नामजद

बस्ती। परसरामपुर थानाक्षेत्र के ग्राम बबौना में टीनशेड रखने के विवाद में बलवा व मारपीट का मामला सामने आया है। इस मामले में आलोक सिंह ने गांव के ही विक्रम सिंह, अशोक सिंह, पार्वती सिंह, पंकज सिंह, मधु सिंह व गंगाजली सिंह के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## पैसा मांगने पर दी धमकी

बस्ती। परसरामपुर कस्बे में गूगल-पे के माध्यम से दस हजार रुपये लेने के बाद उसे मांगने पर धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने नरायनपुर, थाना दुबौलिया निवासी सुरेन्द्र कुमार की तहरीर पर परसरामपुर निवासी गुरुसहाय गुप्ता के खिलाफ धमकी देने का मामला दर्ज कराया है।

## सात लोगों पर बलवा करने का मामला दर्ज

बस्ती। रुधौली पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ बलवा मारपीट का मामला दर्ज किया है। मुड़ियार टोला बड़डीहा निवासनी इसलावती ने मछली पालन किया गया है। मछली बहने से रोकने के लिए जाली लगाई थी। गांव के दबंगों ने उसे उखाड़कर फेंक दिया। पीड़िता ने राजनरायन सिंह, गिरजेश सिंह, बृजेश सिंह, राजेश सिंह, जितेन्द्र सिंह, अजीत सिंह और सुजीत सिंह को नामजद कराया है।

## छेड़खानी व चोरी में सात पर मुकदमा दर्ज

बस्ती। हर्रैया पुलिस ने तीन माह पूर्व चोरी व छेड़खानी के मामले में जोतकीपुर निवासनी सांत्वना पाण्डेय की तहरीर पर शीतल पाण्डेय, श्रवण, पवन, सुनील कुमार, अनिल कुमार, आशीष व किरण के खिलाफ नामजद तहरीर देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

## सरकारी धन का गोलमाल, मामला दर्ज

बस्ती। कलवारी पुलिस ने बेलवाडाड गांव निवासी प्रेमनरायन की तहरीर पर गांव के ही अंजनी देवी, रमेश चन्द्र, अर्चना देवी, रोजगारसेवक व सेक्रेट्री के भी खिलाफ तहरीर देकर जॉबकार्ड के जरिए सरकारी धन का गबन करने का मामला दर्ज कराया है।

# वकील 14वें दिन भी रहे हड़ताल पर

**ज्ञापन**



सोमवार को न्याय मार्ग पर विरोध प्रदर्शन करते अधिवक्ता। • हिन्दुस्तान

बस्ती, निज संवाददाता। हापुड़ में पुलिस लाठीचार्ज को लेकर अधिवक्ताओं में नाराजगी बरकरार है। सोमवार को 14वें दिन भी अधिवक्ता हड़ताल पर रहे। न्यायमार्ग पर जमा होकर पुलिस प्रशासन व सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। मंगलवार को अधिवक्ता विरोध मार्च निकालकर डीएम को ज्ञापन सौंपेंगे।

यूपी बार काउंसिल ने सोमवार को हड़ताल स्थगित रखने का निर्णय लिया था। बताया जा रहा है कि इसे लेकर अधिवक्ताओं में विरोध के स्वर उभरने लगे तो काउंसिल को अपना निर्णय वापस लेना पड़ा। काउंसिल की ओर से जारी पत्र में अब सोमवार और मंगलवार को हड़ताल की बात कही गई है। मंगलवार को अगले कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की जाएगी। यंग बार के महामंत्री विनोद कुमार भट्ट व सिविल बार के मंत्री शिवपूजन मिश्र ने बताया कि हापुड़ में अधिवक्ताओं पर पुलिस लाठीचार्ज करने के दोषी अधिकारियों के खिलाफ अब तक कार्रवाई नहीं की गई। डीएम व एसपी को अभी तक हटाया नहीं गया है। अधिवक्ताओं पर लगातार हमले हो रहे हैं, संगठन की ओर से एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किए जाने की मांग लम्बे समय से की जा रही है। सरकार की ओर से अधिवक्ताओं की जायज मांगों पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस दौरान अजय प्रताप सिंह, रजनीश दुबे, रमेशचंद्र पांडेय, शशिप्रकाश शुक्ल, उपेंद्रनाथ दुबे, अंगद मिश्र, महेश श्रीवास्तव, शैलजा प्रसाद मिश्र, राजेंद्र प्रसाद यादव, तिलकराम चौधरी, कृष्ण मुरारी मिश्र, प्रदीप चतुर्वेदी, देवव्रत उपाध्याय लालजी त्रिपाठी आदि विरोध प्रदर्शन में शामिल रहे।

# दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज

बस्ती। रुधौली कस्बे में दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। विवाहिता सुमित्रा ने पति पिंटू, जेठ अशोक, जेठानी रीना के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।

# हड़ताल से टूट रही जमानत की आस

बस्ती। वकीलों की हड़ताल अब वादकारियों पर भारी पड़ती जा रही है। हड़ताल के कारण जेल में बंद कैदियों की जमानत की आस टूट रही है।

सोमवार को अदालती कार्य होने की संभावना थी, लेकिन अचानक अधिवक्ता संगठनों की ओर से हडताल का निर्णय लिए जाने से जमानत की आस लगाए बंदियों व उनके घर वालों की आस एक बार फिर टूट गई है। सिविल अदालतों में हर रोज लगभग दो हजार मुकदमों में केवल तारीख पड़ जा रही है। जमानत के लिए आवेदन पत्र तक नहीं पड़ पा रहे हैं। दीवानी व फौजदारी वाद से सम्बंधित दावा दाखिल नहीं हो पा रहा है। धीरे-धीरे अब जेल पर भी इसका असर पड़ना स्वाभाविक है। बंदियों की जमानत नहीं होने से जहां वह छूट नहीं पा रहे हैं, वहीं नए कैदियों का जेल में आने का सिलसिला जारी है।

# ग्राम प्रधान समेत आठ लोगों पर ठगी का केस

बस्ती। फर्जी जॉबकार्ड के आधार पर अपात्रों के जरिए सरकारी धन के गोलमाल का मामला सामने आया है। मुण्डेरवा थानाक्षेत्र के बेदूखोर उर्फ दतूआखोर गांव में ग्राम प्रधान गीता देवी ने अपने सगे भाई मस्तराम और अवधेश कुमार के नाम से जॉबकार्ड जारी करा लिया।

इसके बाद वर्ष 2021-22 में रोजगारसेवक से मिलीभगत कर क्रमशः 32 दिन व 28 दिन की मजदूरी मस्टररोल में दर्ज करा लिया। दोनों के नाम से सरकारी धन से मजदूरी आहरित कर लिया गया। जबकि इसी माह में अगस्त 2021 मे ही रसोइया के रुप में भी मानदेय प्राप्त किया है। ग्राम प्रधान व सचिव ने मिलकर गांव की नाबालिक लड़की के नाम से भी जॉबकार्ड जारी कर रोजगार सेवक से फर्जी उपस्थिति दर्ज कराकर 28 दिनों की मजदूरी ले ली। कुल 23664 रुपया गबन कर लेने के मामले में पुलिस ने कुंवर ब्रम्हा देव उपाध्याय निवासी कन्थुई की तहरीर पर ग्राम प्रधान बेदूखोर उर्फ दतूआखोर गीता देवी, पूर्व सेक्रेट्री रणविजय सिंह, अर्जुन वरुण, मस्तराम, अवधेश कुमार, रेनू समेत आठ के खिलाफ पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है।

# एसपी ने आधी रात में देखे तीन थाने

**बस्ती, निज संवाददाता।** पुलिस कप्तान गोपालकृष्ण चौधरी ने आधी रात को जिले के तीन थानों में सरप्राइज विजिट की। इसको लेकर महकमे में खलबली मची रही। पुलिस कप्तान ने कप्तानगंज, हर्रैया व थाना परसरामपुर का रात्रि में आकस्मिक निरीक्षण किया। रात्रि में होने वाले अपराध, असामाजिक तत्वों पर लगाम लगाने का सुझाव देते हुए, रात्रि गश्त पाइंट में तैनात जवानों की गतिविधि देखी।

रात्रि गश्त के प्रभारी अधिकारी, पेट्रोलिंग पार्टी के रात्रि गश्त ड्यूटी पर तैनात अधिकारी-पुलिस कितने मुस्तैद हैं, यह देखने के लिए थाना, चौकी, पाइंट ड्यूटी और डायल-112 का निरीक्षण किया। उन्होंने रात में हर व्यक्ति से रात्रि में कहां से आ रहे और कहां जा रहे हैं। इसको जरूर पूछे। यदि कारण उचित ना लगे तो पेट्रोलिंग को बुलाकर थाने में आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजें। कप्तानगंज थाने में ड्यूटी पर लापरवाही पूर्वक मिले पुलिसकर्मी को हिदायत दी।

थाना प्रभारियों को एसपी ने निर्देश दिया गया कि ड्यूटी पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।



हर्रैया थाने पर आधी रात को पुलिस स्टाफ की क्लास लेते पुलिस कप्तान गोपालकृष्ण चौधरी, साथ में सीओ हर्रैया शेषमणि उपाध्याय।

# चिकित्सक से 93 लाख की धोखाधड़ी

- बस्ती के सोनहा क्षेत्र के गदापुर चक के हैं आरोपी मियां-बीवी और बेटा
- बाराबंकी के चिकित्सक ने सीएम पोर्टल पर एसपी बस्ती से की थी शिकायत

**सल्टौआ (बस्ती), हिन्दुस्तान संवाद।** बस्ती की सोनहा पुलिस ने एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी के निर्देश पर जमीन बेचने के नाम पर 93 लाख रुपये से ज्यादा की धोखाधड़ी के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया है। बाराबंकी जिले के चिकित्सक ने सोनहा के एक दंपति और उसके पुत्र पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया है।

बाराबंकी के कोतवाली थानाक्षेत्र के दुर्गापुरी, देवा रोड निवासी डॉ. वीरेंद्र सिंह बाराबंकी में आस्था हॉस्पिटल चलाते हैं। जनसुनवाई पोर्टल पर एसपी बस्ती को शिकायती पत्र भेजा है। इसके मुताबिक वर्ष 2020 में बस्ती के सोनहा थाना क्षेत्र के गदाचक निवासी मो. अजीज अपनी पत्नी का इलाज कराने उनके पास आए थे। उसी दौरान उन लोगों ने उनसे कहा कि उनके पास अच्छी जमीन है, यदि आप अस्पताल खोलना चाहें तो जमीन आपको बेच देंगे। उन्होंने जमीन देखी तो अच्छी लगी। इसके बाद अजीज, उसकी पत्नी व बेटा परवेज अहमद उनके अस्पताल पर आए और धनराशि की मांग की। उन्होंने 16 लाख नकद दिए। फिर दिसंबर 2020 में मो. अजीज फिर आए और कहा कि उसे रुपये की बहुत जरूरत है। इस पर उन्होंने कई बार में कुल 93 लाख 35 हजार रुपये बैनामे के लिए दिए। आरोप लगाया कि अब आरोपियों की नीयत बदल गई है। वे उक्त जमीन के बदले दूसरी जमीन दिखा रहे हैं। ज्यादा दबाव पड़ने पर चेक देकर विश्वास में लिए रहे। तकादा करने पर अब फोन पर गाली देते हुए धमकी दे रहे हैं। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर आरोपी मो. अजीज, परवेज अहमद और अजीज की पत्नी निवासीगण गदापुर चक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# बरईजोत में एक साथ दो शव पहुंचते ही छाया मातम

छावनी, हिन्दुस्तान संवाद। क्षेत्र के बरईजोत गांव में रविवार की देर रात मो. इबरार ऊर्फ जुम्मन (65) और इरशाद (62) के शव गांव में आते ही कोहराम मच गया। मालूम हो कि रविवार की भोर करीब चार बजे इबरार अपने बेटे मोहम्मद फईम को सऊदी अरब की फ्लाइट पकड़वाने के लिए लखनऊ एयरपोर्ट गए थे।

बेटे को छोड़कर कार से इरशाद अली व सऊदी जाने वाले मोहम्मद फईम के बेटे अब्दुल हई, बेटी नायरा व गांव के चालक मुजीब के साथ आ रहे थे। सभी लोग जैसे ही लखनऊ के शहीद पथ पर पहुंचे। तभी उनकी कार सड़क हादसे की शिकार हो गई। कार सवार मोहम्मद इबरार उर्फ जुम्मन और इरशाद अली की मौके पर ही मौत हो गई। अब्दुल हाई, बेटी नायरा व चालक मुजीब दुर्घटना में घायल हो गए। तीनों घायलों को लखनऊ ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया है। सोमवार दोपहर बाद इबरार ऊर्फ जुम्मन व इरशाद को गांव के पास कब्रिस्तान में मिट्टी दी गई। मृतक इबरार के चार बेटे हैं, चारों सऊदी अरब में रहते हैं। फईम सऊदी अरब जा रहे थे, वे हैदराबाद से ही वापस घर आ गए।

# फर्जी सूचना देने वाले को दबोचा

सल्टौआ। थानाक्षेत्र के डाकबगंला के गेट के पास नगर पचांयत की कैटल कैचर गाड़ी गोवंश पकड़ने के लिए खड़ी थी। करीब साढ़े ग्यारह बजे एक व्यक्ति शराब के नशे में डायल 112 पर सूचना दिया कि कुछ लोग गोवंश पकड़कर लादने के लिए खड़े हैं। सूचना पर अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक दयानंद यादव, मोबाइल वैन के साथ मौके पर पहुंचे तो देखा कि नगर पंचायत की कैटल कैचर खड़ी है। गलत सूचना देने वाला युवक शराब के नशे में था। पुलिस उसे पकड़कर थाने ले आई।

इस बाबत प्रभारी निरीक्षक शैलेश सिंह ने बताया कि युवक शराब के नशे में फर्जी सूचना दिया था, आरोपी को शांतिभंग में पांबद किया गया है।

# चार बंदीरक्षकों पर कार्रवाई दूसरी जेलों में हुए शिफ्ट

- डीएम दफ्तर पर जेलर के खिलाफ प्रदर्शन करने का मामला
- दो को फतेहगढ़, एक आगरा और एक बंदीरक्षक को इटावा भेजा

बस्ती, निज संवाददाता। बस्ती जिला जेल में बंदीरक्षकों की ओर से किए गए बवाल की प्रारंभिक जांच में चार बंदीरक्षकों की भूमिका संदिग्ध मिली है। इन सभी का पश्चिमी यूपी की जेलों में तबादला कर दिया गया है।

अप्रैल माह में छुट्टी को लेकर जेलर के खिलाफ बंदीरक्षकों ने मोर्चा खोलते हुए डीएम दफ्तर पर नारेबाजी कर प्रदर्शन किया था। शासन ने सबसे पहले तत्कालीन जेलर सतीश चन्द्र त्रिपाठी को लखनऊ संबद्ध कर दिया। इस मामले की जांच करने डीआईजी जेल खुद पहुंचे। उसके बाद समूचे प्रकरण की जांच वरिष्ठ अधीक्षक जिला कारागार गोरखपुर को दी गई। जांच में प्रथमदृष्टया चार बंदीरक्षकों की संलिप्तता मिली। इनमें से शिवजीत सिंह को जिला जेल इटावा, सूरज जायसवाल को जिला कारागार फतेहगढ़, विमलेश पाल को केन्द्रीय कारागार फतेहगढ़ और प्रशांत को सेंट्रल जेल आगरा ट्रांसफर किया गया है। इस बात की पुष्टि जेल सुप्रिन्टेंडेंट विवेकशील त्रिपाठी ने की है। उन्होंने बताया कि अभी अन्य बंदीरक्षकों की जांच गोरखपुर जिला जेल के अधीक्षक दिलीप पाण्डेय कर रहे हैं।

# व्यावसायिक प्रतिद्वंद्विता को लेकर मारपीट

बस्ती। व्यवसायिक प्रतिद्वंदिता को लेकर दो दुकानदारों में मारपीट का मामला सामने आया है। तहरीर के मुताबिक कोतवाली थानाक्षेत्र के रोडवेज तिराहा कमला मार्केट के पास होटल पर दो तीन ग्राहक आए जो सुरेन्द्र पाल की दुकान पर भोजन करना चाहते थे। दुकान के बगल में दूसरे भोजनालय के दुकानदार कस्टमर को बुलाने लगे। मना करने पर दूसरे दुकानदार ने मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। इस मामले में पुलिस ने सुरेन्द्र की तहरीर पर जगन्नाथ,गोपी, सोनू व सर्वजीत निवासी खीरीघाट भटोलवा के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया है।

# एसपी के निर्देश पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

सल्टौआ, हिसं। सोनहा पुलिस ने पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर जमीन बेचने के नाम पर रुपये लेने के आरोप में तीन के खिलाफ केस दर्ज किया है।

बाराबंकी के कोतवाली थानाक्षेत्र के निवासी डॉ. वीरेंद्र सिंह ने शिकायती-पत्र देकर आरोप जमीन के नाम पर रकम लेने और बैनामा नहीं करने का आरोप लगाया। तहरीर के मुताबिक गदापुर चक गांव निवासी मो. अजीज ने अस्पताल खोलने के लिए जमीन देने की बात की थी। जमीन के लिए पीड़ित ने 16 लाख रुपये नकद दे दिया। मो. अजीज ने दोबारा 34 लाख रुपये नकद ले लिया। आरोपी ने कुल 93 लाख पैतीस हजार रुपये उक्त जमीन के लिए लिया। प्रभारी निरीक्षकने बताया कि तहरीर पर आरोपी मो. अजीज, परवेज और अजीज की पत्नी के खिलाफ मुकदमा दर्जकर जांच की जा रही है।

# डेढ़ माह बाद भी नहीं लगा नजरुल का सुराग

बस्ती। कप्तानगंज थानाक्षेत्र के पुलिस चौकी दुबौला अंतर्गत हरदी बाबू गांव निवासी नजरूल (12) पुत्र बच्चू का डेढ़ माह बाद भी सुराग नहीं लगा। वह निकट के शिवमंदिर बाबा भारीनाथ स्थान पर मेले में गया था और वहीं से लापता हो गया था। परिजनों ने सम्बंधित थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर धीरे-धीरे डेढ़ माह का समय बीत गया, लेकिन न तो परिजन ही उसे ढूंढ पाए और न ही पुलिस किसी नतीजे पर पहुंची। इस बाबत थाना अध्यक्ष कप्तानगंज रोहित उपाध्याय ने बताया कि पुलिस बच्चे को तलाश रही है।

# न्यायालय के आदेश पर गबन के दो मामलों में मुकदमा

जासं बस्ती : जिले के दो थानों में कोर्ट के आदेश पर प्रधान, सचिव, रोजगार सेवक सहित अन्य लोगों के विरुद्ध सरकारी धन के गबन सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। कलवारी थाने के बेलवाडाड़ गांव निवासी डा. प्रेमनरायन ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देकर बताया था कि एक नवंबर 2016 से 31 मार्च 2019 तक कुछ लोगों ने मिलकर कर फर्जी जाब कार्ड से सरकारी धन का गबन कर लिया। मामले में न्यायालय के आदेश पर अंजनी देवी, उनके पति रमेश चंद्र, अर्चना देवी निवासी बेलवाडाड़, रोजगार सेवक, सचिव व विकास खंड बहादुरपुर के अन्य अधिकारी व कर्मचारियों के विरुद्ध गबन व साजिश की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया है। ग्राम प्रधान व सचिव नाबालिग लड़की के नाम से जाब कार्ड जारी कर फर्जी उपस्थिति दर्ज कराकर 28 दिनों का भुगतान कर लिया। मामले में न्यायालय के आदेश पर प्रधान गीता देवी, पूर्व सचिव रणविजय सिंह, सचिव अर्जुन वरुण, रोजगार सेवक नाम अज्ञात, मस्तराम, अवधेश कुमार, रेनू के अलावा अन्य अधिकारी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया है।

# झांसा देकर ले उड़ा 8900 रुपये का कपड़ा

बस्ती : कोतवाली क्षेत्र के प्रहलाद कालोनी निवासी अभिमन्यु सिंह ने तहरीर देकर बताया कि सोनूपार चौराहे पर उनकी कपड़े की दुकान है। एक अज्ञात व्यक्ति ने 8900 रुपये कीमत का साड़ी, सूट, मैक्सी व बच्चों का कपड़ा लिया। मोबाइल से फोन पे करने तथा सामान गाड़ी में रखने का बहाना कर व धोखाधड़ी से सारा कपड़ा लेकर भाग गया।

# सात लोगों पर एससीएसटी एक्ट का मुकदमा

**जासं,रुधौली, बस्ती**: मछली पकड़ने के लिए लगाए गए जाल हटाने की बात को लेकर हुए मारपीट के मामले में सात लोगों के विरुद्ध मारपीट सहित एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

नगर पंचायत के मुडियार बड्डीहा टोला निवासी की इसलावती पत्नी स्व. निरहू ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मछली पालने के लिए उनके ससुर श्याम लाल के नाम से तालाब का पट्टा हुआ है। मछलिया तालाब से बहकर निकल न जाएं इस लिए उन्होंने जाली लगा रखा है। रविवार को राज नारायन सिंह व उनके पुत्र गिरिजेश सिंह, बृजेश सिंह, राजेश , जितेंद्र सिंह, सुजीत व अजीत सिंह ने तालाब से जाली को निकाल कर फेंक दिया। उन्होंने विरोध किया तो सभी ने मारपीट की। पुलिस ने पिता-पुत्र समेत सात पर केस दर्ज कर लिया है।

# 1185 पंचायत सहायकों के आंदोलन से ठप रहा कामकाज

## पंचायत सहायकों ने कहा- मुझे करने दें अपने काम, धमकी देते हैं वीडीओ -सेक्रेटरी, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा कोई लाभ

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: दोपहर में तापमान और गर्म हो गया जब जिले के एक-एक गांव से पंचायत सहायक विकास भवन पहुंच गए। नहीं चलेगी, नहीं चलेगी...ग्राम प्रधानों और ग्राम सचिवों की मनमानी का नारा लगाते वे सीडीओ के यहां पहुंचे, पर वे नहीं मिले। उनका काफिला जिला पंचायत राज अधिकारी रतन कुमार के यहां पहुंचा और उनका कक्ष संविदाकर्मियों से पट गया।

पंचायत सहायक संघ के आंदोलन की भनक लगने पर कुछ पल पहले ही सहायक कमरे में दाखिल हुए थे। माथे का पसीना पोंछते, सहायकों के आक्रोश को शांत किया और ज्ञापन लेने के बाद व्यवस्थागत करतूतों को लिखते गए।

साहब, पांच-छह माह से मानदेय नहीं मिला। हम लोग लेखपाल, मुंशी और कृषि विभाग का कार्य कैसे करेंगे। कोई प्रशिक्षण और न संसाधन। जो मूल काम है, वह प्रधान और सेक्रेटरी करने नहीं देते। प्राइवेटकर्मी रखे हैं।

हमें डिजिटल क्राप सर्वे का काम सौंपा जा रहा है। आखिर यह काम तो राजस्व लेखपाल द्वारा मोबाइल एप से किया जाना था। हम कैसे रखवा



जिलाधिकारी कार्यालय पर विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठे पंचायत सहायक • जागरण


विकास भवन में जिला पंचायत राज अधिकारी से मिलते पंचायत सहायक • जागरण

### जिलाधिकारी कार्यालय पर दिया धरना

बस्ती: पंचायत सहायकों ने अपनी सात सूत्री मांगों को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पर धरना दिया। एसडीएम विनोद पांडेय ने समझाकर उनका धरना खत्म कराया। कहा कि जब तक उन्हें न्याय नहीं मिलेगा वह कार्य नहीं करेंगे। एसडीएम ने बयान लेने के लिए उन्हें डीपीआरओ कार्यालय भेजा। इस अवसर पर अजय कुमार, प्रियंका, गरिमा, संजय, अमरजीत, संजय भारती, सुधीर कुमार, अंकिता, प्रियंका, हरिनाथ यादव आदि मौजूद रहे।

लिखेंगे कि किसके खेत में कौन सी फसल लगी है। अपर मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह का आदेश क्यों नहीं माना जाता।

उन्होंने पंचायत सहायकों के लिए जिन कार्यों का आवंटन किया है, वह क्यों नहीं कराए जाते। दूसरे काम करने से मना करने पर सेक्रेटरी ही नहीं बीडीओ भी धमकी देते हैं। पंचायत भवनों पर रजिस्टर नहीं रखे जा रहे। कोई जरूरी तो नहीं कि गांव के लोग अपने काम के लिए शहर आएं। उन्हें तो सारी सुविधाएं गांवों में ही मिलनी थीं।

पंचायत भवनों में सुविधाएं क्यों नहीं दी गई हैं। लाइट है न इंटरनेट। जो कंप्यूटर मिले हैं, उन्हें प्रधान अपने घर उठा ले गए हैं।

बरसात में खेतों में पानी भरा है, यदि हममें से किसी को अप्रिय घटना हो गई तो कौन जिम्मेदार होगा। यह सभी बातें लिखने के बाद डीपीआरओ ने कहा कि आपकी बातों को जिलाधिकारी और शासन के संज्ञान में लाया जाएगा।

# पुरानी पेंशन को लेकर कर्मियों ने की गेट मीटिंग

**जासं, बस्ती**: राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद द्वारा पुरानी पेंशन की बहाली की मांग को लेकर सोमवार को लोक निर्माण प्रांतीय खंड कार्यालय पर गेट मीटिंग की गई। डिप्लोमा इंजीनियर संघ लोक निर्माण के अध्यक्ष इंजीनियर आरपी यादव एवं मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव की संयुक्त अध्यक्षता में कर्मचारियों ने रणनीति बनाई।

- लोकसभा चुनाव के पहले केंद्रीय और राज्यकर्मी करेंगे आंदोलन
- 21 सितंबर को सभी कर्मचारी रैली करेंगे भागीदारी



लोनिवि प्रांतीय खंड पर गेट मीटिंग करते कर्मचारी • जागरण

परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल एवं मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली के लिए कर्मचारियों के समक्ष विषम परिस्थिति उत्पन्न हो गई है। लोकसभा चुनाव के पूर्व केन्द्रीयकर्मी, राज्यकर्मी, शिक्षक एक जुट होकर देश में बड़ा आंदोलन छेड़ने जा रहे हैं। लोक निर्माण विभाग नियमित वर्कचार्ज कर्मचारी संघ के संरक्षक रामशंकर चौधरी, अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, मंत्री अनिल कुमार, लोकनिर्माण मिनिस्ट्रीयल के अध्यक्ष वृजेश श्रीवास्तव, मंत्री संतोश सिंह, डिप्लोमा इंजीनियर महासंघ के सचिव सर्वेश कुमार व राजस्व संग्रह अमीन संघ के अध्यक्ष उमेश वर्मा ने कहा कि 21 सितंबर को सभी कर्मचारी एक जुट होकर नलकूप कालोनी से निकलने वाले रैली में भागीदारी निभाएंगे। इस दौरान अभिषेक सिंह, जोखू यादव, राम कमल पांडेय, सतीश चौबे, सियाराम, राजेन्द्र प्रसाद, पवन श्रीवास्तव, आकाश कुमार, राम बुक्षारत, दिलीप श्रीवास्तव, श्री कान्त वर्मा, बृजेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

# कप्तान ने हर्रैया थाने में विवेचकों को लगाई फटकार

**जागरण संवाददाता, बस्ती**: पुलिस अधीक्षक गोपाल कृष्ण चौधरी ने रविवार की रात हर्रैया थाने का निरीक्षण किया। थाना हर्रैया व परशुरामपुर के विवेचकों से एसपी ने मुकदमों के विवेचना की स्थिति के बारे में जानकारी ली। साथ ही समय से विवेचना पूरी करने का निर्देश दिया। लंबित विवेचनाओं के लिए फटकार भी लगाई।

अर्दली रूम में थानों पर केस से संबंधित विवेचकों से एसपी ने मुकदमे वार विवेचना की स्थिति जानी। एसपी ने रात 11 बजे थाना कप्तानगंज का निरीक्षण किया। उन्होंने मेस, मालखाना, सीसीटीएनएस कार्यालय आदि का निरीक्षण कर अभिलेखों के रखरखाव व सफाई के लिए कप्तानगंज के थानाध्यक्ष रोहित को निर्देशित किया।

# जाली उखाड़कर फेंकने पर मारपीट का केस दर्ज

**बस्ती।** मछली रोकने के लिए लगाई गई जाली उखड़कर फेंकने के मामले में रुधौली पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ बलबा मारपीट का मामला दर्ज किया है। मुड़ियार टोला बड़डीहा निवासनी इसलावती ने तहरीर दिया कि उसने तालाब में मछली पालन किया गया है।

मछली बहने से रोकने के लिए तालाब के बांध पर लगे पाइप में जाली लगाई थी। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों दबंगों ने उसे उखाड़कर फेंक दिया और उन्हें जाति सूचक शब्दों का प्रयोग करते मारापीटा। इस मामले में पीड़िता ने राजनरायन सिंह, गिरजेश सिंह, बृजेश सिंह, राजेश सिंह, जितेन्द्र सिंह, अजीत सिंह व सुजीत सिंह को नामजद कराया है। संवाद

# सभा कर पुरानी पेंशन के लिए गरजे कर्मचारी

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** पुरानी पेंशन बहाली संयुक्त मंच के केंद्रीय आह्वान पर राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद की ओर से लोक निर्माण प्रांतीय खण्ड कार्यालय पर गेट सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान पुरानी पेंशन की मांग को लेकर कर्मचारियों ने आवाज बुलंद की।

डिप्लोमा इंजीनियर संघ लोक निर्माण के अध्यक्ष इं. आरपी यादव, इं. मनोज कुमार एवं मिनिस्ट्रीयल एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव ने आंदोलन का समर्थन किया। संयुक्त परिषद के कार्यवाहक अध्यक्ष राम अधार पाल एवं मंत्री तौलू प्रसाद ने कहा कि पुरानी पेंशन की बहाली हेतु कर्मचारियों के समक्ष जीवन-मरण जैसी स्थिति है। लोक सभा चुनाव के पूर्व केंद्रीय कर्मी, राज्य कर्मी, शिक्षक एकजुट होकर देश में बड़ा आंदोलन छेड़ने जा रहे हैं।

21 सितंबर को सभी कर्मचारी एकजुट होकर नलकूप कालोनी से रैली निकालेंगे। इसे मिलकर सफल बनाना होगा। इस मौके पर इं. अभिषेक सिंह, रामशंकर चौधरी, ओम प्रकाश यादव, अनिल कुमार, संतोष सिंह, इं. सर्वेश कुमार, उमेश वर्मा मौजूद रहे।

# छेड़खानी और चोरी में सात पर केस दर्ज

**बस्ती।** हरैया पुलिस ने तीन माह पूर्व चोरी और छेड़खानी के मामले में पीड़िता की शिकायत पर गांव के सात लोगों पर केस दर्ज किया है। आरोप है कि शीतल प्रसाद पांडेय, श्रवण, पवन, सुनील कुमार, अनिल कुमार, आशीष व किरण के छोड़खानी की और सामान भी चोरी की। **संवाद**

# फोन पे के नाम पर जालसाजी का केस

बस्ती। कोतवाली क्षेत्र के सोनूपार चौराहा पर फोन पे नाम पर की जालसाजी करने का मामला सामने आया है। इस संबंध में कोतवाली क्षेत्र के प्रहलाद कॉलोनी, सिविल लाइन निवासी दुकानदार अभिमन्यू सिंह ने अज्ञात के खिलाफ 8900 रुपये का सामान हड़प लेने का मामला दर्ज कराया है। संवाद

# समधियों को एक साथ किया गया सुपुर्द-ए-खाक



बरईजोत गांव अमोढ़ा में दिवंगत के घर सांत्वना देने पहुंचे लोग। संवाद

संवाद न्यूज एजेंसी

**छावनी।** रविवार को राजधानी लखनऊ के शहीद पथ पर हुए सड़क हादसे में जान गंवाने वाले बरईजोत गांव निवासी इबरार अली (70) तथा इरशाद अली (68) का शव सोमवार को गांव पहुंचते ही कोहराम मच गया।

रिश्ते में दोनों समधी थे। उनके घर पर बड़ी संख्या में रिश्तेदार व गांव-क्षेत्र के लोग पहुंचे हुए थे। हादसे से सभी की आंखें नम थीं। दोनों के शव को गांव के कब्रिस्तान में दफन किया गया। उधर, लोग जिंदगी की जंग लड़ रहे दोनों बच्चों और चालक मुजीब की सलामती के लिए दुआ मांग रहे हैं।

इबरार अली अपने चार पुत्रों में दूसरे नंबर के मो. फहीम को सऊदी अरब भेजने के लिए लखनऊ जा रहे थे। रविवार को लखनऊ से उनकी फ्लाइट थी। कार से उन्हें एयरपोर्ट पहुंचाने के लिए पड़ोसी तथा रिश्ते में समधी इरशाद अली (फहीम के ससुर) के साथ लखनऊ एयरपोर्ट जा रहे थे।

कार मोहम्मद मुजीब चला रहा था। साथ में इबरार अली का पौत्र फहीम का बेटा अब्दुल हई तथा पोती नाइरा भी थी। लौटते समय लखनऊ में शहीद पथ पर सीएमएस स्कूल के पास कार में पीछे से किसी वाहन ने टक्कर मार दिया था। जिससे कार अनियंत्रित होकर रेलिंग से टकरा गई। कार में सवार सभी पांच लोगों को लोहिया अस्पताल भेजवाया गया, जहां दोनों समधी इबरार अली और इरशाद अली को मृत घोषित कर दिया गया।

कार चला रहे मुजीब के अलावा सऊदी अरब गए मो. फहीम के मासूम बेटे पांच साल का अब्दुल हई तथा तीन साल की बेटी नाइरा गंभीर रूप से घायल हो गई। मुजीब और दोनों मासूम बच्चे लखनऊ के ट्रामा सेंटर में जीवन के लिए जूझ रहे हैं। इस हादसे से पूरा गांव शोक में डूबा है।



सड़क हादसे में छावनी के दो चचेरे भाइयों की मौत

11 सितंबर को प्रकाशित खबर।

## लखनऊ में रविवार तड़के हुए हादसे में इबरार अली और इरशाद अली की हुई थी मौत

# युवक को ब्लेड मारकर बाइक छीन फरार हुए बदमाश

**महादेवा।** लालगंज थाना क्षेत्र के महादेवा पुलिस चौकी से महज 500 मीटर की दूर मुंडेरवा रोड पर राम जानकी स्कूल के सामने सोमवार रात करीब साढ़े आठ बजे बाइक सवार बदमाश युवक को ब्लेड मारकर घायल कर दिया। और बाइक छीनकर भाग गए। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

जानकारी के अनुसार लालगंज थानाक्षेत्र के ककरौली निवासी घनश्याम यादव रात्रि लगभग 8:30 बजे अपनी बाइक से बाजार करके घर वापस जा रहे थे। महादेवा से मुंडेरवा रोड पर कुछ दूर जाने पर राम जानकी स्कूल के पास पहले से खड़े एक युवक ने रोकने के लिए हाथ दिया। घनश्याम के रुकते ही पीछे से एक दूसरा युवक आ पहुंचा। उसने तेज धार वाले किसी चीज से हमला कर दिया।

घायल होने पर घनश्याम गिर गए और हमलावर बाइक लेकर भागने में सफल रहे। राहगीरों की सूचना पर पहुंची पुलिस छानबीन कर रही है। एसओ जितेंद्र सिंह ने बताया कि अभी तहरीर नहीं मिली है। छानबीन की जा रही है। संवाद

## रुपये मांगने पर धमकी देने का केस दर्ज

**बस्ती।** परशुरामपुर कस्बे में गूगल पे के माध्यम से दस हजार रुपये लेने के बाद उसे मांगने पर धमकी देने का मामला सामने आया है। इस मामले में पुलिस ने थाना दुबौलिया क्षेत्र के नारायनपुर निवासी सुरेंद्र कुमार की तहरीर पर परशुरामपुर निवासी गुरुसहाय गुप्ता के खिलाफ धमकी देने का केस दर्ज किया है। संवाद

## दहेज उत्पीड़न का केस

**बस्ती।** रुधौली पुलिस ने दहेज के लिए विवाहिता को प्रताड़ित करने के मामले में केस दर्ज किया है। विवाहिता सुमित्रा ने पति पिंटू, जेठ अशोक, जेठानी रीना पर तहरीर दी। पुलिस जांच कर रही है। संवाद

# दिनदहाड़े लूट कर दी पुलिस को चुनौती

## कोतवाली की रौता पुलिस चौकी से चंद कदम दूर है अधिवक्ता का घर, एसपी ने जांच के लिए लगाई टीम

संवाद न्यूज एजेंसी



अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा के घर जांच करती पुलिस। संवाद





डॉग स्क्वॉड ने भी जांच की। संवाद

**बस्ती।** शहर में पुलिस चौकी से चंद कदम दूर दिन दहाड़े अधिवक्ता की पत्नी को चाकू मारकर लूटपाट की घटना से पूरे शहर में सनसनी फैल गई। लोगों का कहना है कि दिन दहाड़े चोरी, टप्पेबाजी, छिनैती तो कई बार हो चुकी है लेकिन घर में बंधक बनाकर इस तरह की लूटपाट कभी नहीं हुई थी। वह भी मालवीय रोड के ऐसे स्थान पर जहां काफी चहल-पहल रहती है।

24 घंटे वाहनों का आवागमन भी होता रहता है। मगर बदमाशों ने जिस दुस्साहसिक ढंग से घर में घुसकर घटना को अंजाम दिया है, उसे पुलिस को खुली चुनौती के रूप में देखा जा रहा है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी गोपाल कृष्ण चौधरी ने अपनी सभी विश्वसनीय टीमों को मैदान में उतार दिया है। स्वाट, एसओजी, सर्विलांस और कोतवाली थाने की टीमों ने पूरी ताकत झोंक दिया है। एसपी का दावा है कि जल्द घटना का पुलिस खुलासा कर लेगी।

सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता सुरेंद्र मोहन वर्मा की पत्नी नूतन वर्मा को कुछ वर्ष पहले पैर में पैरालिसिस हो गई थी। तब से वह वाकर लेकर चलती हैं। उनके इकलौते पुत्र जितेंद्र मोहन वर्मा एक निजी कंपनी में मुंबई में कार्यरत हैं। वह अपने परिवार के साथ मुंबई में ही रहते हैं।

एक बेटी शादीशुदा है और अपनी ससुराल में है। रौता चौराहे के पास स्थित पुराने मकान के ऊपरी तल पर पति-पत्नी भर रहते हैं। अधिवक्ता ने बताया कि सुबह साढ़े नौ बजे कचहरी जाने के बाद पत्नी कमरा बंद करके अंदर थीं। करीब दो बजे के आसपास दो बदमाश सीढ़ी चढ़कर ऊपर पहुंचे।

**24** घंटे रहता है मालवीय रोड पर वाहनों का आवागमन

### अस्पताल में भर्ती हैं अधिवक्ता की पत्नी

उनके दरवाजा खोलते ही धक्का दे दिया और दो कमरों में रखे सारे सामान लूट ले गए। इसमें बाधा बन रही वृद्ध नूतन वर्मा के सिर में पाइप से मारा और पेट में चाकू मार दिया। उसके गिर जाने पर हाथपैर बांधकर सीढ़ी से सटे बाथरूम में बंद कर दिया। सुरेंद्र मोहन वर्मा के अनुसार घर के एक कमरे में उनकी भयहू का भी जेवर आदि रखा था। बदमाश उसे भी लूट ले गए।

**सीसीटीवी फुटेज पर दारोमदार:** ऑपरेशन त्रिनेत्र के तहत जगह-जगह सीसीटीवी लगवाने का दावा करने वाली पुलिस का सारा दारोमदार फुटेज पर टिका हुआ है। चौराहे के आसपास कई जगह कैमरे लगवाए गए हैं। पुलिस उनके फुटेज खंगालने में जुटी है। माना जा रहा है कि बदमाशों के आने और जाने की तस्वीर आसपास के कैमरे में जरूर आ गई होगी।

**स्पष्ट नहीं है बदमाशों का हुलिया :** अधिवक्ता के घर में लूटपाट करने वाले बदमाशों का हुलिया स्पष्ट न होने के कारण पुलिस की परेशानी बढ़ गई है। हमले से आहत व घायल नूतन वर्मा भी स्पष्ट तौर नहीं बता पा रही हैं कि बदमाश की शक्ल-सूरत कैसी थी।आसपास के लोगों की भी नजर नहीं पड़ी, इसलिए कोई कुछ नहीं बता पा रहा है।

### शहर में दिनदहाड़े हुईं घटनाएं

■ 06 दिसंबर 2019 को मालवीय रोड स्थित आईसीआईसीआई बैंक में शुक्रवार दोपहर एक बजे चार बदमाशों ने तमंचे से लोगों को आतंकित कर डेढ़ मिनट के अंदर करीब 38 लाख रुपये लूट लिए थे। इसमें 30 लाख रुपये बैंक के थे, जबकि वहां मौजूद कई ग्राहकों से आठ लाख रुपये लूटे गए थे। दो बाइक पर सवार होकर पहुंचे चार बदमाशों में से दो हेलमेट लगाए पहले बैंक के अंदर गए। तमंचा निकालकर उन्होंने ग्राहकों से भरी बैंक की लॉबी में सबको लाइन में खड़ा कर हाथ ऊपर करा दिए। बैंक स्टाफ को एक केबिन में ले जाकर बंद कर दिया। इसी दौरान चेहरे पर कपड़ा बांधे दो अन्य बदमाश भी वहां पहुंच गए। चारों ने मिलकर डेढ़ मिनट तक काउंटर में रखा कैश और कई ग्राहकों के पास मौजूद रकम लूट ली।

■ 26 सितंबर 2016 को कोतवाली थानान्तर्गत मड़वानगर में सोमवार को दिन-दहाड़े चोरों ने घंटे भर के भीतर पूरा घर खंगाल डाला था। कोतवाली महरीखावां के रहने वाले सुरेश उस समय अपनी पत्नी मनोरमा व एक बेटी के साथ मड़वानगर में रहते थे। सुबह बिटिया स्कूल चली और करीब दस बजे अपने काम पर चले निकल गए। करीब एक बजे उनके पत्नी रोज की तरह सिलाई सीखकर वापस लौटी तो दरवाजे पर लगा ताला टूटा देखा। करीब छह लाख रुपए के जेवर व 35 हजार नकदी चोर उठा ले गए।

■ 12 अक्तूबर 2016 को बेलवाड़ाडी मुहल्ले में दिन में बालजी श्रीवास्तव के घर में जेवरात व नगदी का सामान चोरी हो गया था। एक मोटर्स कंपनी में काम करने वाले श्रीवास्तव घर में ताला लगाकर पत्नी व बच्चों को लेने सुबह ट्रेन से गोंडा चले गए थे। करीब पांच बजे शाम को वापस आए तो देखा दरवाजे का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाने पर देखा लाकर में रखा कीमती जेवरात व बीस हजार नकदी गायब थी।

■ 04 फरवरी 2021 को कोतवाली क्षेत्र कटरा में बृहस्पतिवार दोपहर टप्पेबाजों ने पलक झपकते ही कानपुर के हार्डवेयर व्यवसायी की कार में रखे पांच लाख रुपये उड़ा दिया था। कटरा पानी की टंकी से बमुश्किल 50 मीटर दूर कार खड़ी करके सामने की दुकान पर बकाया लेने लगे। तभी एक युवक आकर उनको बताया कि उनकी कार से मोबिल गिर रहा है। हड़बड़ी में व्यापारी बोनट खोलकर लीकेज चेक करने लगे। उसी दौरान उचक्के आगे की सीट पर रखा बैग लेकर चंपत हो गए थे।

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-09-2023

# चोरी का आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

सिद्धार्थनगर। बांसी कोतवाली पुलिस ने फरार चल रहे चोरी के एक आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरफ्तार करने वाले एसआई रवि प्रताप सिंह सेंगर ने बताया कि अहमद पुत्र तसौवर साकिन दुर्गजोत थाना बखिरा जनपद संतकबीरनगर के खिलाफ केस दर्ज था।

# शिक्षक ने मारपीट, फर्जी केस में फंसाने का लगाया आरोप

भनवापुर। त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के देवरिया चमन गांव निवासी अरुण कुमार चतुर्वेदी ने सोमवार को पुलिस व बीईओ को शिकायती पत्र देकर क्षेत्र के तेनुई गांव निवासी एक व्यक्ति पर स्कूल जाते समय मारने-पीटने व महिला से फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है।

उसने कहा कि वह प्राथमिक विद्यालय वीरपुर कोहल में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत है। हमारे परिवार व तेनुई गांव निवासी एक व्यक्ति के बीच सामान्य सा विवाद चल रहा है। रविवार को एक व्यक्ति के फोन पर उसने धमकी दी है कि इसी रास्ते से स्कूल जाएंगे तो मारपीट कर हाथ-पैर तोड़ देंगे और किसी महिला को भेजकर छेड़खानी में फंसा देंगे। प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर तहसीलदार सिंह ने कहा कि शिकायती पत्र मिला है। जांच की जाएगी, जो भी तथ्य सामने आएगा उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

# प्रसारित वीडियो की जांच में डीएम ने दी दो दिन की मोहलत

**सीएमओ प्रकरण**

- सीडीओ को एक सप्ताह में करनी थी मामले की जांच
- दोनों डिप्टी सीएमओ व शिकायतकर्ता का लिया बयान

जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर : जिलाधिकारी संजीव रंजन ने सीएमओ के प्रसारित वीडियो प्रकरण मामले की जांच मुख्य विकास अधिकारी जयेंद्र कुमार को सौंपी है। एक सप्ताह में रिपोर्ट सौंपने के लिए निर्देशित किया है। समय सीमा की अवधि बीतने के बाद जिलाधिकारी ने दो दिनों के भीतर अपनी जांच रिपोर्ट सौंपने के लिए निर्देशित किया है। वहीं सोमवार को सीडीओ ने वीडियो में दिखने वाले डिप्टी सीएमओ डा. बीएन चतुर्वेदी और डा. एमएम त्रिपाठी का बयान दर्ज किया।

सीएमओ का पंजीकरण के नाम पर पैसे लेने का इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो रहे वीडियो की जांच चल रही है। सीडीओ ने केवल शिकायतकर्ता से पूछताछ की थी। डीएम के संज्ञान में लेने के बाद दोनों डिप्टी सीएमओ को अपने कार्यालय में बयान देने के लिए बुलाया। दोनों ने लिखित में अपना पक्ष रखा। एक सितंबर की शाम सीएमओ का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हुआ था। डीएम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल इसकी जांच सीडीओ को सौंप दी। सात दिनों में जांच रिपोर्ट देने के लिए निर्देशित किया था। वहीं सीएमओ की तहरीर को आधार बनाते हुए पुलिस अधीक्षक अभिषेक कुमार अग्रवाल ने एएसपी सिद्धार्थ को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। एएसपी ने अपनी जांच के क्रम में शिकायतकर्ता के साथ दोनों डिप्टी सीएमओ का बयान ले लिया है। शिकायतकर्ता रंजीत कुमार चौधरी ने लिखित में बयान में बांसी के सीएचसी अधीक्षक पर भी आरोप लगाए हैं। एएसपी ने वीडियो में कुछ देर के लिए दिखाई पड़े, एसीएमओ डा. आरके शर्मा का भी बयान लिया है।



मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय

# सीमाई कस्बों में खपाए जा रहे नकली नेपाली नोट

**जागरण संवाददाता, सिद्धार्थनगर :** जिले के सीमाई कस्बों में इस समय तेजी से नेपाली नोट खपाए जा रहे हैं। नेपाल सीमा पर स्थित ककरहवा, अलीगढ़वा, कोटिया, खुनुवा आदि कस्बों में नेपाली नोट भी भारतीय नोटों की भांति चलते हैं। सीमाई कस्बे के भारतीय व्यापारियों को नेपाली नोटों की बहुत पहचान भी नहीं है। इसके चलते वह आये-दिन इसका शिकार हो रहे हैं।

ककरहवा कस्बे में मोबाइल रिपेयरिंग का काम करने वाले राहुल से बीते 28 अगस्त को किसी ने मोबाइल ठीक कराया और उसके बदले में एक हजार रुपये का नकली नोट दे दिया। शाम को जब उन्होंने नोट को ध्यान से देखा तो पता चला कि नोट नकली है। ककरहवा कस्बा में बर्तन का व्यापार करने वाले प्रेम कुमार ने बताया कि तीन सितंबर को उन्हें एक ग्राहक एक हजार रुपये का नेपाली नोट दे गया। जब तक समझ पाते नोट नकली है, ग्राहक दुकान से जा चुका था। कोटिया में ज्वैलरी का काम करने वाले कृष्णा कसौधन ने बताया उन्हें एक ग्राहक दो दिन पहले एक नकली नेपाली नोट दे गया था। कपड़ा व्यवसायी अरविंद वर्मा ने बताया कि कुछ दिन पहले एक नोट नकली मिला था। तब से वह सतर्क हो गए हैं।

**थाने नहीं पहुंचती है शिकायतः** नेपाल से रोटी-बेटी का संबंध होने के कारण दोनों देशों के लोगों का आसानी से एक-दूसरे देश में जाना आना है। ऐसे में सीमाई व्यापारियों को नेपाली रुपये लेने कोई दिक्कत भी नहीं है। सीमाई भारतीय कस्बों में नेपाली नोट भारतीय रुपयों की तरह ही प्रचलन में है। व्यापारियों का कहना है कि घटना होने के बाद पता चलता है कि ग्राहक नेपाल पहुंच गया है। ऐसे में लोग पुलिस से शिकायत नहीं करते हैं कि इससे बहुत कुछ हासिल नहीं होगा।

- **रोटी-बेटी के संबंध होने से एक दूसरे देश में है आना-जाना**
- **नोट की पहचान न होने के कारण आती है इस तरह की समस्या**



एक हजार रुपये का असली नेपाली नोट



एक हजार रुपये का नकली नोट • जागरण

नेपाल मित्र राष्ट्र है। ऐसे में यहां का रुपये वहां चल सकता है और वहां का यहां। नकली नेपाली नोट के मामले की जांच कराई जाएगी। यदि मामले में सत्यता दिखी तो उसमें आवश्यकतानुसार कार्रवाई की जाएगी।

अभिषेक कुमार अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक

## असली नेपाली व नकली नोट में अंतर

- नेपाली एक हजार के असली नोट के अपेक्षा नकली नोट का रंग थोड़ा गाढ़ा (कालापन) दिखता है।
- नकली नोट में चांदी कोटेड तार में एनआरबी नहीं लिखा रहेगा।
- असली नोट में नत्थी वाले जगह पर गुलाब जैसा एक फूल दिखता है जबकि नेपाली नोट में फूल नजर नहीं आता है।
- असली नोट के तुलना में नकली नोट का कागज हल्का होता है।

# फर्जी मुकदमा में फंसाने की धमकी देने का आरोप

जासं, भनवापुर: त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के एक शिक्षक ने सोमवार को पुलिस व खंड शिक्षा अधिकारी भनवापुर को शिकायती पत्र देकर क्षेत्र के तेनुई निवासी एक व्यक्ति पर स्कूल जाते समय मारने पीटने व महिला से फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। थाना क्षेत्र के देवरिया चमन गांव निवासी अरूण चतुर्वेदी ने त्रिलोकपुर थाने पर दिए शिकायती पत्र में कहा कि वह प्राथमिक विद्यालय वीरपुर कोहल में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। हमारे परिवार व बगल के तेनुई गांव निवासी एक व्यक्ति से विवाद पहले से चल रहा है।

# शिक्षक ने रास्ते में मारपीट व फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का लगाया आरोप

**सिद्धार्थनगर।** त्रिलोकपुर थाना क्षेत्र के एक शिक्षक ने सोमवार को पुलिस व खंड शिक्षा अधिकारी भनवापुर को शिकायती पत्र देकर थाना क्षेत्र के तेनुई गांव निवासी एक व्यक्ति पर स्कूल जाते समय मारने-पीटने व महिला से फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया है। मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

क्षेत्र के देवरिया चमन गांव निवासी अरुण कुमार चतुर्वेदी ने त्रिलोकपुर थाने में दिए शिकायती पत्र में बताया है कि वह प्राथमिक विद्यालय वीरपुर कोहल में प्रधानाध्यापक के पद पर कार्यरत हैं। हमारे परिवार व बगल के तेनुई गांव निवासी भानू पांडेय के बीच सामान्य विवाद चल रहा है। रविवार को एक व्यक्ति के फोन पर भानू पांडेय ने धमकी देते हुए कहा कि इसी रास्ते से अरुण चतुर्वेदी स्कूल जाएंगे तो मारपीट कर उनका हाथ-पैर तोड़ देंगे और किसी महिला को स्कूल भेजकर छेड़खानी का फर्जी केस दर्ज करा दूंगा। जिसकी ऑडियो रिकार्डिंग सोमवारसुबह 10 बजे मिला। पीड़ित शिक्षक अरुण चतुर्वेदी ने त्रिलोकपुर पुलिस को शिकायती पत्र देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक त्रिलोकपुर तहसीलदार सिंह कहा कि शिक्षक का शिकायती पत्र मिला है। जांच की जाएगी। संवाद

## पंचायत करने गए ग्राम प्रधान से मारपीट

**सिद्धार्थनगर।** मोहाना थाना क्षेत्र के पननी गांव में अपने ही गांव के दो लोगों का मामला सुलझाने के दौरान ग्राम प्रधान फूलचंद (45)को एक पक्ष ने हमला कर घायल कर दिया। बचाव करने गए अन्य एक लोगों को भी चोट लगी। सूचना पर मोहाना पुलिस मौके पर पहुंच कर दोनों पक्षो को थाने ले गई। मिले तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मारपीट सहित अन्य धारा में केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है। क्षेत्र के पननी गांव निवासी राजेंद्र व किसान के बीच जमीन के मामले को लेकर कुछ विवाद था। पंचायत में सुलह समझौता हो गया था। बताया जा रहा है कि लोटन-मोहाना सड़क पर दीपू पुत्र मकसूदन की खाद की दुकान है। जहां उसी मामले को लेकर सबको गाली दे रहा था। जिसे लेकर प्रधान फूलचंद के घर जाकर घटना के बारे में लोगों ने बताया। जानकारी होने पर दोनों लोगों को विवाद खत्म करने के लिए सोमवार को लोटन मोहाना सड़क पर स्थित एक दुकान पर बुलाया। संवाद

# सीएमओ कार्यालय में सीडीओ ने की पत्रावलियों की जांच

## दोनों डिप्टी सीएमओ का फिर हुआ बयान

संवाद न्यूज एजेंसी

### निजी अस्पताल संचालक के बीच बातचीत का वीडयो वायरल होने का मामला

**सिद्धार्थनगर।** सीएमओ, डिप्टी सीएमओ और निजी अस्पताल के संचालक के बीच लेनदेन की बातचीत का वीडयो वायरल होने के मामले में सोमवार को जांच अधिकारी सीडीओ जयेंद्र कुमार ने पत्रावलियों की जांच की।

वहीं डिप्टी सीएमओ डॉ. एमएम त्रिपाठी एवं डॉ. बीएन चतुर्वेदी ने फिर बयान दर्ज कराया। वीडियो वायरल के मामले में सीडीओ जयेंद्र कुमार की रिपोर्ट पर स्वास्थ्य विभाग एवं निजी अस्पताल संचालकों की नजर टिकी हुई है। वहीं इस मामले में एएसपी सिद्धार्थ भी वीडियो की सत्यता और आरोपों की जांच कर हैं।

जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बताया कि वीडियो वायरल प्रकरण में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। सीडीओ ने बताया है कि दो दिन में जांच रिपोर्ट सौंप देंगे। रिपोर्ट के अनुसार जो दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

SANT KABEER NAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2023

# नाबालिग से दुष्कर्म करने का आरोपी गिरफ्तार

सेमरियावां (एसएनबी)। थाना दुधारा पुलिस ने नाबालिग को बहला फुसलाकर भगा ले जाने एवं उसके साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय/जेल रवाना किया। थाना दुधारा के वरिष्ठ उ.नि. थाना दुधारा चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि आरोपी विकास पुत्र मुन्ना निवासी इनवल थाना मेहनगर जनपद आजमगढ़ वादिनी को बहला फुसलाकर भगा ले गया था और उसके साथ दुष्कर्म की घटना कारित की गई थी। जिसके संबंध में वादिनी ने थाने पर दिनांक 12.08.2023 को अभियोग पंजीकृत कराया गया था। थाना दुधारा पुलिस द्वारा महिला अपराध की संवेदनशीलता को देखते हुए त्वरित कार्यवाही कर उक्त आरोपी अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया। आरोपी को गिरफ्तार करने में हे.कां. अरविन्द यादव, कां. रितेश यादव का भी सहयोग रहा।

# धर्मान्तरण के खेल में लिप्त है एक परिवार

धनघटा।
सहारा न्यूज ब्यूरो

धनघटा थाना क्षेत्र के चन्दौली माफी गांव निवासी आफताब आलम पुत्र शाह आलम का परिवार पूर्व से ही गरीब दलित परिवार की गरीबी का फायदा उठाते हुए ऐसे परिवार की किशोरियों को प्रेमजाल में फंसाकर उससे शादी करके बाद में धर्मान्तरण कराने के खेल में लिप्त रहा है।

विदित हो कि थाना क्षेत्र के चन्दौली माफी गांव निवासी आफताव आलम के उपर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी एक दलित और गरीव महिला ने अपनी 12 वर्षीय नावालिग वेटी को वहला-फुसलाकर उसे अपने प्रेमजाल में फंसाकर शादी का झांसा देकर दिल्ली तक किशोरी को साथ लेकर जाने और लगातार कई दिनों तक उसे साथ रखने का आरोप लगाते हुए धनघटा पुलिस को लिखित तहरीर बीते दिनों दी है जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपी आफताव आलम के खिलाफ अपहरण के आरोप में मुकदमा दर्ज कर किशोरी का वयान दर्ज कराने की प्रक्रिया पूरी करने में जुटी हुई है। पुलिस उच्चाधिकारियों का कहना है कि जांच में अगर दुष्कर्म का मामला सामने आया तो पुलिस नामजद आरोपी आफताब आलम के खिलाफ दुष्कर्म का भी मामला दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करेगी। दलित गरीब परिवार की मजबूरी का फायदा उठाकर ऐसे परिवार की लड़कियों को अपने प्रेम जाल में फंसाकर उसका धर्म परिवर्तन कराने का यह पहला मामला आफताब आलम के परिवार से जुड़ा हुआ सामने नहीं आया है।

**आफताब के चाचा ने भी चार वर्ष पूर्व गांव की ही दलित किशोरी से शादी कर उसे बीबी बनाने से पूर्व लड़की का कराया था धर्मान्तरण**

इससे पूर्व में भी आफताब आलम के सगे चाचा चन्दौली माफी गांव निवासी मोटू पुत्र मोहम्मद नईम द्वारा अपने भतीजे आफताब आलम की तर्ज पर ही इसी प्रकार का कारनामा चार वर्ष पूर्व किए जाते की जानकारी चन्दौली माफी गांव के ग्रामीण बंया कर रहे है। ग्रामीणों की माने तो चार वर्ष पूर्व मोटू पुत्र मोहम्मद नईम ने भी गांव की एक दलित परिवार की गरीबी की मजबूरी का फायदा उठाते हुए पहले उस परिवार की एक लड़की को अपने प्रेमजाल में फंसाया और वाद में उसका धर्मान्तरण कराकर उससे निकाह कर लिया और आज उसे बीबी बनाकर घर में रखा हुआ है। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए लगातार गरीव दलित परिवार की गरीबी का फायदा उठाते हुए ऐसे परिवार की किशोरियों को प्रेमजाल में फंसाकर उसे शादी का झांसा देने के बाद धर्मान्तरण कराने के इस खेल को तत्काल वन्द कराते हुए ऐसे घिनौने खेल में जुटे सम्बन्धित परिवार के लोगों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई करने का मांग की है।

प्रभारी निरीक्षक धनघटा संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि उन्हें दलित वालिका को प्रेमजाल में फंसाकर शादी करने का झांसा देते हुए वालिका अपहरण करने के आरोप में नामजद आफताब आलम के परिवार के सदस्यों द्वारा पूर्व में भी ऐसा कार्य किए जाने की जानकारी नहीं है। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि पूरे मामले की जांच की जाएगी और जांच में अगर नामजद आरोपी के परिवार के धर्मान्तरण जैसे खेल में लिप्त होने की पुष्टि हुई तो उसके खिलाफ अलग से कानूनी कार्रवाई होगी।

# जानलेवा हमले अभियुक्त 24 घण्टे में गिरफ्तार



पुलिस हिरासत में तमंचा बेचने वाले दोनों आरोपी।

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** सोनू पुत्र हनुमान निवासी ग्राम रसहरा थाना कोतवाली खलीलाबाद को उनके दोस्त व्यास पाठक पुत्र फणीश पाठक निवासी ग्राम रसहरा द्वारा गांव के पास स्थित मन्दिर के पास गोली मार दी गई थी। इस संबंध में वादिनी आशा पत्नी सोनू की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर मु.अ.सं. 911/2023 धारा 307 भादवि धारा 3 (2) एससी/एसटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। आरोपी तमंचा बेचने का दो आरोपी गिरफ्तार किए गए हैं। पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद रविन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा आज जानलेवा हमले करने के मामले में वांछित अभियुक्त व्यासमुनि पाठक पुत्र फणीश पाठक निवासी रसहरा थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्त की निशानदेही पर गन्ने के खेत से 01 घटना मे प्रयुक्त 01 अदद तमंचा 315 वोर व 01 अदद जिंदा कारतूस व 01 अदद फायरशुदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्त से पूछताछ के उपरान्त अभियुक्त उपरोक्त को अवैध असलहा बेचने वाले शहाबुद्दीन पुत्र मोहब्बत अली निवासी वड़ी सरौली थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को 02 अदद देशी तमंचा के साथ गिरफ्तार किया गया।

पूछताछ में अभियुक्त द्वारा बताया गया कि ग्राम रसहरा स्थित मन्दिर के पास शराब पीने के दौरान उसके दोस्त से कहासुनी होने के बाद पास रखें अवैध तमंचे से फायर कर दिया था जिसमें वह घायल हो गया था। उसके उपरांत घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचे को गांव के पास ही गन्ने के खेत में फेंक दिया था। अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि गन्ने के खेत से बरामद उक्त अवैध तमंचा वड़ी सरौली निवासी शहाबुद्दीन पुत्र मोहब्बत अली से 9000 ₹ में खरीदा था। गिरफ्तार करने वाले पुलिस बल में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद रविन्द्र कुमार सिंह, उ.नि. हरेन्द्र नाथ राय, उ.नि. रजनीश राय, हे.कां. सोनू पटेल, रामरतन तिवारी, कां. राहुल प्रसाद, राकेश कुमार गोड़, प्रदीप यादव शामिल रहे।

# न्यायिक कार्य से विरत रहे अधिवक्ता

## कलेक्ट्रेट में मुख्यमंत्री व विधायक धनघटा के लगाए मुर्दाबाद के नारे





कलेक्ट्रेट गेट पर अपने वाहन मे बैठे विधायक धनघटा गणेश चौहान के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाते अधिवक्ता तथा कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिवक्ताओं के साथ बैठक डीएम, एसपी व अन्य अधिकारीगण।

**संतकबीरनगर (एसएनबी)।** हापुड़ में अधिवक्ताओं के ऊपर हुए बर्बर लाटीचार्ज के विरोध में बार काउंसिल ऑफ यूपी के आह्वान पर और मेंहदावल में प्रस्तावित ग्राम न्यायालय के विरोध में सोमवार को जिला एवं सत्र न्यायालय के अधिवक्ता न्यायिक कार्य से विरत रहे।

अधिवक्ताओं ने सिविल कोर्ट के साथ ही किशोर न्यायालय, एआरटीओ, कर पंजीयन कार्यालय, तहसील व कलेक्ट्रेट में पहुंचकर नारेबाजी की। अधिक्ताओं ने हापुड़ के अधिवक्ताओं के विरूद्ध दर्ज मुकदमें को वापस करने, दोषी अधिकारियों और पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई करने, एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने और मेंहदावल में प्रस्तावित ग्राम न्यायालय को वापस करने की मांग की।मेंहदावल में प्रस्तावित ग्राम न्यायालय का विरोध अधिवक्ता लम्बे समय से कर रहे हैं। वहीं लगभग एक सप्ताह पूर्व हापुड़ में अधिवक्ताओं के ऊपर बर्बर लाठीचार्ज के विरोध में राज्य विधिज्ञ परिषद उत्तर प्रदेश के आह्वान पर सोमवार को सिविल बार एसोसिएशन व जनपद बार एसोसिएशन के संयुक्त नेतृत्व में अधिवक्ता न्यायालय परिसर से नारेबाजी करते हुए एआरटीओ कार्यालय, कर पंजीयन कार्यालय,किशोर न्यायालय,तहसील होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे। अधिवक्ताओं ने विभिन्न न्यायालयों और कार्यालयों में कार्य कर रहे कुछ प्रशिक्षु अधिवक्ताओं और मुंशियों को चेतावनी दी। कलेक्ट्रेट में नारेबाजी के दौरान विधायक धनघटा गणेश चौहान अधिवक्ताओं से उलझ गये। जिस पर अधिवक्ताओं ने विधायक के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। अधिवक्ता पूरी तरह से न्यायिक कार्य से विरत रहे। जिसके कारण जिला एवं सत्र न्यायालय एवं अधीनस्थ न्यायालय, न्यायालय मोटर दुर्घटना दावा, न्यायालय जिलाधिकारी एवं समस्त अधीनस्थ न्यायालय राजस्व व चकबंदी, उपभोक्ता फोरम एवं न्यायालय किशोर न्याय बोर्ड में न्यायिक कार्य प्रभावित हुआ। इस दौरान सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल, महामंत्री चतुर जी शुक्ल एडवोकेट, जनपद बार एसोसिएशन के महामंत्री सुनील कुमार पाण्डेय, दुर्गेश नारायण मिश्र एडवोकेट, राकेश जी मिश्र एडवोकेट, शत्रुघ्न यादव एडवोकेट, राजेश पाण्डेय एडवोकेट, रवि मिश्र एडवोकेट समेत अन्य अधिवक्तागण शामिल रहे।

**डीएम, एसपी व अधिवक्तागण के साथ की समन्वय बैठक :** जनपद में अधिवक्तागण द्वारा किये जा रहे विरोध प्रदर्शन को शांतिपूर्ण ढंग से किये जाने के दृष्टिगत जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने उनके साथ समन्वय बैठक की। उन्होंने कहा कि प्रदर्शन के दौरान किसी प्रकार की सरकारी अथवा सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान न पहुंचाया जाय। किसी सरकारी कार्यालय, सम्पत्ति अथवा जनसामान्य को कोई नुकसान अथवा क्षति न हो तथा किसी के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार न किया जाय। किसी वादकारी अथवा नागरिक को कोई असुविधा न हो। बैठक में उक्त बिन्दुओं पर चर्चा के उपरान्त अधिवक्तागण के साथ सहमति बनी। बैठक में अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, अपर उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र सहित अधिवक्तागण उपस्थित रहे।

# पेट्रोल पंप लूट की घटना के पांच बदमाश गिरफ्तार

संतकबीरनगर (एसएनबी)। जिले के महुली थाना क्षेत्र के ग्राम घोरहट स्थित सेनानी फिलिंग स्टेशन नाम के पेट्रोल पंप पर 9/10 सितंबर की रात में हुई डकैती को घटना का पुलिस ने अनावरण कर दिया। इसके साथ ही पुलिस ने पांच डकैतों को गिरफ्तार करके लूट के तीन लाख 11 हजार 720 रुपये जिनमें घोरहट पेट्रोल पंप से लूटा गया दो लाख 71 हजार 720 ₹ शामिल है भी बरामद कर लिया। घटना का सफल अनावरण करने वाली टीम को अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन द्वारा 75 हजार ₹ तथा आईजी रेंज बस्ती द्वारा 50 हजार ₹ कुल सवा लाख ₹ के ईनाम की घोषणा आईजी रेंज ने की है।

इसके साथ ही अनावरण करने वाली टीम को आईजी रेंज द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया गया। आईजी रेंज बस्ती आर.के. भारद्वाज ने आज शाम पुलिस लाइन में मीडिया को संबोधित करते हुए बताया कि नौ सितंबर 2023 को रात पुष्पेन्द्र कुमार सिंह निवासी शिवनगर कालोनी बशारतपुर थाना शाहपुर गोरखपुर द्वारा सूचना दी गई कि संतकबीरनगर जिले के थाना महुली अंतर्गत ग्राम घोरहट स्थित पेट्रोल पंप सेनानी फिलिंग स्टेशन में रात पौने नौ बजे मोटरसाइकिल सवार चार बदमाशों ने आफिस में घुसकर सीसीटीवी का डीवीआर तोड़कर दो लाख 73 हजार 20 ₹, लेटर पैड, एक अदद एण्ड्रायड फोन लूट कर भाग गये जिस पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मु.अ.सं. 459/2023 दर्ज किया गया। उन्होंने स्वयं घटना स्थल का निरीक्षण किया तथा घटना के त्वरित अनावरण का आदेश क्षेत्राधिकारी धनघटा के नेतृत्व में सर्विलांस-एसओजी टीम को दिया। श्री भारद्वाज ने बताया कि अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर जोन गोरखपुर अखिल कुमार तथा उनके निर्देशन एवं एसपी सत्यजीत गुप्ता के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी धनघटा वृजेश सिंह के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह, प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस दीपक दूबे, प्रभारी निरीक्षक एसओजी श्रीप्रकाश यादव के नेतृत्व में गठित संयुक्त टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर भाग मु.अ.सं. 459/2023 धारा 395 से संबंधित पांच उन्होंने बताया कि घटना में शामिल अभियुक्तों सतीश यादव पुत्र महेंद्र यादव निवासी संत गणिनाथ नगर वार्ड नं 14 कसया, कुशीनगर, राहुल सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी हरैया बुजुर्ग थाना कुबेर स्थान, कुशीनगर, दीपक यादव पुत्र चंद्रिका यादव निवासी बढ़या ठाठर थाना मेंहदावल, संतकबीरनगर, राकेश यादव पुत्रस्व दयाराम यादव निवासी मेहावर, थाना मेंहदावल, संतकबीरनगर, भालचंद्र यादव पुत्र नंदलाल उर्फ भालू यादव निवासी जमोहरा टोला मदरहवा थाना मेंहदावल, संतकबीरनगर को ग्राम हरपुर मठ के पास स्थित बगीचे में लूट के धन के बंटवारा करते समय लूट गिरफ्तार किया गया तथा लूट के 3 लाख 11 हजार 720 ₹, दो अदद लेटर पैड, एक अदद एण्ड्रायड मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त दो अदद मोटरसाइकिलें तथा एक अदद अवैध पिस्टल बिना मैगजीन बरामद किया गया। आईजी रेंज ने बताया कि उक्त घटना के अनावरण एवं गिरफ्तारी बरामदगी के साथ ही जनपद कुशीनगर में पंजीकृत मु. अ.सं. 350/2023 धारा 392 भादवि व थाना कैंपियरगंज जनपद गोरखपुर से चोरी की गई मोटरसाइकिल की घटना तथा थाना महुली पर पंजीकृत मु.अ.सं. 459/412 भादवि व 3/5 आर्म्स एक्ट की घटना का सफल अनावरण हुआ है। उन्होंने बताया कि उक्त गिरफ्तारी के क्रम में साक्ष्य बरामदगी के दौरान गैंग लीडर सतीश यादव पुत्र महेन्द्र यादव द्वारा भागने का प्रयास किया गया तथा पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने के उद्देश्य से ईंट से प्रहार किया गया जिसके आधार पर थाना महुली पर मु. अ.सं. 460/2023 धारा 224/307 का अभियोग भी दर्ज किया गया। श्री भारद्वाज ने बताया कि पुलिस द्वारा उक्त घटना के अनावरण के दौरान कुल 37 सीसीटीवी कैमरे रास्ते में तथा लालगंज बाजार तक मिले लेकिन मात्र दो सीसीटीवी कैमरे सक्रिय थे जिनके फुटेज के माध्यम से घटना का अनावरण करने में पुलिस को काफी सहूलियत हुई। आईजी रेंज ने पुलिस टीम को ईनाम के साथ प्रशस्ति पत्र देकर भी सम्मानित किया। प्रेसवार्ता के दौरान एसपी सत्यजीत गुप्ता, एएसपी संदीप कुमार सिंह, सीओ धनघटा वृजेश सिंह, सीओ सदर दॉनेंद्र राठौर सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।



पुलिस लाइन में आरोपियों को पकड़ने वाली पुलिस टीम को पुरस्कृत करते आईजी रेंज बस्ती आर.के. भारद्वाज।

**निलंबित प्रभारी निरीक्षक की बहाली के लिए पत्रकारों के मनुहार पर द्रवित हुए आईजी रेंज :** महुली थाना क्षेत्र के ग्राम घोरहट स्थित सेनानी फिलिंग स्टेशन पर गत 9 सितंबर की रात में हुई दुस्साहसिक लूट-डकैती की घटना को लेकर लापरवाही बरतने के साथ ही विभिन्न स्तरों पर उदासीनता व लापरवाही के मद्देनजर आईजी रेंज आर.के.भारद्वाज द्वारा प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह सहित पांच पुलिसकर्मियों को निलंबित करने का आदेश दिया था। यद्यपि घटना के अनावरण के लिए गठित टीम के साथ निलंबित इंस्पेक्टर भगवान सिंह व अन्य को भी शामिल किया गया था। इस दौरान पत्रकारों के समूह ने निलंबित तत्कालीन इंस्पेक्टर महुली भगवान सिंह के बचाव और उनकी बहाली के लिए आईजी रेंज की जमकर मनुहार करना शुरू कर दिया।

कुछ देर तो आईजी रेंज के समझ में नहीं आया कि माजरा क्या है और उन्होंने घटना को लेकर नहीं बल्कि विभिन्न स्तरों पर महुली पुलिस की लापरवाहियों का हवाला देते हुए इंस्पेक्टर, दरोगा व अन्य पुलिसकर्मियों के निलंबन को उचित ठहराया लेकिन जब पत्रकारों ने कहा कि घटना कहीं भी, कभी भी हो सकती है लेकिन जब घटना का 30 घण्टे के अंदर सफल अनावरण हो चुका है तब इंस्पेक्टर व अन्य के निलंबन पर पुनर्विचार करना उचित होगा। पत्रकारों का पुलिस के प्रति यह सकारात्मक रवैया देखकर आईजी रेंज भी पिघलते नजर आए और उन्होंने कहा कि आमतौर पर पुलिस की आलोचना होती है लेकिन आप लोग पुलिस के पक्ष में इस तरह खड़े हैं तो सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाएगा।

# धर्मांतरण की डीएम व एसपी से शिकायत

संतकबीरनगर/मेंहदावल (एसएनबी)। मेंहदावल, बखिरा व बेलहर थाना क्षेत्र में इन दोनों धर्म परिवर्तन का कार्य जोरों पर चल रहा है। इसकी सूचना पाते ही हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी आनंद शंकर पाठक ने नाराजगी जताते हुए जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा है और दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई कराने की मांग की है। हियुवा नेता की शिकायत पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। फिलहाल पुलिस इस मामले को लेकर जांच कर रही है और जल्द ही इस मामले का पर्दाफाश करने का भी दावा कर रही है।

**लोगों को प्रलोभन देकर करा रहे धर्म परिवर्तन, हियुवा नेता ने लगाया आरोप**

**मेंहदावल थाने के गगनईराव, बखिरा के सांगठ, बेलहर के बेलवनिया व खरवनिया आदि स्थानों पर धर्मांतरण का कार्य जोरों पर**

इस मामले की सूचना से हियुवा संगठन में रोष व्याप्त है। लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द से जल्द दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई नहीं हुई तो हिंदू युवा वाहिनी संगठन एकजुट होकर धरना प्रदर्शन के लिए बाध्य होंगे। हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी आनंद शंकर पाठक ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया है कि विगत कई महीनो से मेंहदावल थाना क्षेत्र के गगनई राव में, बखिरा थाना क्षेत्र के सांगठ गांव में, बेलहर थाना क्षेत्र के बेलवनिया, खरवनिया आदि गांवों में सांगठ निवासी एक व्यक्ति द्वारा प्रत्येक रविवार को इन गांव में पहुंचकर गरीब, अनपढ़ महिलाओं का माइन्डवास कर उनको प्रलोभन देकर ईसाई मिशनरियां अपना धर्मांतरण का कार्य जोरों पर चल रहा है। जिसकी सूचना एक वर्ष पूर्व पुलिस को दिया गया था उसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिससे दोषियों का हौसला बुलंद है। गांव - गांव धर्म परिवर्तन करने के लिए लोगों की टोलियां पहुंच रही है। लोगों को बहला फुसलाकर लालच देकर धर्म परिवर्तन करा रहे है। हियुवा नेता की शिकायत पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। इस मामले को लेकर पुलिस जांच तो कर रही है। वहीं पुलिस जल्द ही इस मामले का पर्दाफाश करने का भी दावा कर रही है।

**जांच कराई जा रही है होगी कार्रवाई : एसपी :** इस मामले में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि इस मामले को लेकर हिंदू युवा वाहिनी के जिला प्रभारी आनंद शंकर पाठक द्वारा शिकायती पत्र मिला है। जिसको लेकर जांच कराई जा रही है। मामला पुष्टि होने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# दहेज हत्या मामले में आरोपी गिरफ्तार

■ मेंहदावल।

सहारा न्यूज ब्यूरो

दहेज मृत्यु कारित करने के मामले में आरोपी को थाना मेंहदावल की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय रवाना किया। प्रभारी निरीक्षक थाना मेंहदावल विजय कुमार दूबे ने बताया कि दिनांक 22.08.2023 को वादी द्वारा थाना स्थानीय पर तहरीर दिया गया कि उसकी पुत्री का विवाह 03 वर्ष पूर्व अभियुक्त सुन्नर केवट पुत्र स्व. सुबरन केवट निवासी विसौवा टोला भटवा थाना मेंहदावल के पुत्र बाल किशुन पुत्र सुन्नर के साथ हुआ था। जिसे पूर्व में दिनांक 26.08.2023 को जेल भेजा जा चुका है। उक्त अभियुक्त व उसके परिजनों द्वारा दहेज के कारण उसके पुत्री के साथ मारपीट की घटना की जाती थी। दिनांक 16.08.2023 को दहेज के कारण वादी की पुत्री की हत्या कर दिया गया। इस संबंध में थाना मेंहादवल पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। महिला संबंधी अपराध के दृष्टिगत थाना मेहदावल पुलिस द्वारा गंभीरता से लेते हुए उक्त अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु टीमें लगायी गयी थी, आज दिनांक 11.09.2023 को थाना मेंहदावल पुलिस द्वारा उक्त अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायालय रवाना किया गया। आरोपी को उ.नि. प्रमोद कुमार नायक, कां. अंशुमान द्विवेदी, कां. अरुण यादव, कां. उत्तम मद्धेशिया ने गिरफ्तार किया है।

# पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ की बैठक

मेंहदावल। मेंहदावल थाने पर प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार दूबे ने क्षेत्र में पेट्रोल पम्प संचालकों के साथ बैठक किया। पेट्रोल पम्प पर सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था को चाक-चौबंद रखने को कहा।

बैठक को सम्बोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि सभी पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी कैमरे अनिवार्य रूप से लगाएं। साथ ही कैमरे को 24 घंटे चालू हालत में रखें। लगभग एक महीने तक की सीसीटीवी फुटेज भी रखें, ताकि आवश्यकता पड़ने पर अपराध पर रोक लग सके। ज्यादातर अपराधी सड़क मार्ग से गुजरते हैं, यदि पेट्रोल पंपों पर सीसीटीवी कैमरा में उनकी पूरी वीडियो कैद हो जाए तो अपराधियों को पकड़ने में आसानी रहती है। प्रत्येक पेट्रोल पंप पर कम से कम एक सिक्योरिटी गार्ड भी रखें, ताकि अपराधियों पर निगरानी रखी जा सके। बैठक में उन्होंने मेंहदावल, अछिया, नवदरी, टेडुआ, सांड़े कला, कुसौना कला, बनकसिया, सरहरी, नौखला, एचके सैनिक पेट्रोल पम्प के संचालकों को उच्चाधिकारियों के निर्देश की जानकारी दी।

# गोलीकांड का अरोपी तमंचे संग दबोचा

- खलीलाबाद कोतवाली पुलिस टीम को मिली कामयाबी
- आरोपित को असलहा उपलब्ध कराने वाला भी दो तमंचे के साथ गिरफ्तार

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में आरोपित को 24 घण्टे के अन्दर गिरफ्तार करने में कामयाबी पाई। आरोपित की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक अवैध तमंचा, एक जिन्दा कारतूस व एक फायरशुदा कारतूस बरामद किया। आरोपित अभियुक्त को अवैध तमंचा बेचने वाले को भी पुलिस ने दो देशी तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। रिजर्व पुलिस लाइन में सोमवार को एसपी सत्यजीत गुप्ता ने घटना का खुलासा किया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि 09 सितंबर को सोनू पुत्र हनुमान निवासी ग्राम रसहरा को उनके गांव के ही दोस्त व्यास पाठक पुत्र फणीश पाठक ने गांव के पास स्थित मन्दिर के पास गोली मार दिया था। इस सम्बन्ध में घायल की पत्नी आशा की तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली खलीलाबाद पर हत्या के प्रयास एवं एससीएसटी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत किया था। प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद रविन्द्र कुमार सिंह के अगुवाई में पुलिस टीम गठित कर आरोपित की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। 11 सितंबर को जानलेवा हमले करने के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त व्यास मुनि पाठक को पुलिस ने गिरफ्तार को गिरफ्तार किया। अभियुक्त से पूछताछ के बाद उसको अवैध असलहा बेचने वाले शहाबुद्दीन पुत्र मोहब्बत अली निवासी बड़ी सरौली थाना कोतवाली खलीलाबाद को भी पुलिस टीम ने दो देशी तमंचा के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस पूछताछ में आरोपित अभियुक्त ने बताया कि ग्राम रसहरा स्थित मन्दिर के पास शराब पीने के दौरान उसके दोस्त से कहासुनी हो गई। इसके बाद पास रखे अवैध तमंचे से फायर कर दिया था। जिसमें वह घायल हो गया। इसके बाद घटना में प्रयुक्त अवैध तमंचे को गांव के पास ही गन्ने के खेत में फेंक दिया था। आरोपित ने बताया कि गन्ने के खेत से बरामद उक्त अवैध तमंचा बड़ी सरौली निवासी शहाबुद्दीन पुत्र मोहब्बत अली से नौ हजार रूपए में खरीदा था।

# नियम तोड़ने वालों से वसूला 43 हजार शुल्क

**कार्रवाई**

**संतकबीरनगर।** पुलिस टीम ने संदिग्धों की धर पकड़ के लिए किए गए वाहन चेकिंग के दौरान नियम तोड़ने वालों से 43 हजार रूपए शमन शुल्क भरवाया। जिले के सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस टीम ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की गहनता से जांच पड़ताल किया। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 42 वाहनों के चालकों से 43 हजार रुपये जुर्माना जमा करवाया।

## अधिवक्ताओं ने हापुड़ की घटना के विरोध में किया प्रदर्शन, मांगों को लेकर कार्य बहिष्कार जारी

# कलक्ट्रेट व ट्रेजरी ऑफिस बंद करवाया

संतकबीरनगर, विधि संवाददाता। हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ताओं का आक्रोश थमने का नाम नहीं ले रहा है। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने सोमवार को जोरदार प्रदर्शन किया और सरकार के विरोध में नारे लगाए। प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं ने कलक्ट्रेट, ट्रेजरी, अभिलेखागार एवं एआरटीओ कार्यालय का कामकाज बंद करा दिया। अधिवक्ताओं का कार्य बहिष्कार जारी रहने से फरियादी हलकान रहे। अधिवक्ता हापुड़ के डीएम, एसपी के स्थानांतरण, दोषी पुलिस कर्मियों की गिरफ्तारी एवं निलम्बन की मांग कर रहे थे। मंगलवार 12 सितम्बर को भी कार्य बहिष्कार जारी रहेगा।

सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल एवं जनपद बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में सोमवार को कचहरी पंहुचे अधिवक्ता लामबंद हो गए। अधिवक्ताओं ने पहले दीवानी न्यायालय परिसर में प्रदर्शन किया। इसके बाद अधिवक्ता सरकार के विरोध में नारेबाजी करते एआरटीओ कार्यालय पहुंचे और आफिस में कार्य कर रहे लोगों को बाहर निकाला कार्य बंद करा दिया।

इस दौरान एक होमगार्ड से अधिवक्ताओं की झड़प हो गई। एआरटीओ कार्यालय से बाल न्यायालय पंहुच अधिवक्ताओं ने नारेबाजी की। बाल न्यायालय से जुलूस की शक्ल में प्रदर्शन करते अधिवक्ता कलक्ट्रेट पंहुच गए। अधिवक्ताओं ने कलक्ट्रेट न्यायालय व कार्यालय, अभिलेखागार एवं कोषागार में काम कर रहे कर्मचारियों को बाहर निकाला और कार्यालय बंद करा दिया। अधिवक्ताओं के कलक्ट्रेट पहुंचते ही अफरा-तफरी का माहौल हो गया। प्रदर्शन में जनपद बार एसोसिएशन के महामंत्री सुनील कुमार पांडेय, सिविल बार के महामंत्री चतुरजी शुक्ल, पूर्व अध्यक्ष शशि कुमार ओझा, कृष्ण मोहन मिश्र, नवनीत कुमार पांडेय, पूर्व महामंत्री राकेश जी मिश्र, दुर्गेश नरायन मिश्र, वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश चन्द्र राय, विरेन्द्र कुमार मिश्र, सुधीर श्रीवास्तव, विश्वम्भर दयाल, निरंजन सिंह, राम अवतार यादव, रत्नेश श्रीवास्तव, संभाजीत मिश्र, राजेन्द्र राय, महेन्द्र चौहान, दिवाकर विक्रम सिंह, दिनेश चौधरी, विशाल राय, सिद्धार्थ पांडेय, अवधेश पांडेय, सूरज कुमार, संतोष कुमार, प्रदीप पांडेय, सत्यवीर शुक्ल, प्रमोद कुमार यादव, योगेन्द्र यादव, विजय कुमार यादव, शत्रुघ्न यादव, विकास प्रजापति, शैलेन्द्र त्रिपाठी समेत अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।



हापुड़ की घटना के विरोध में सोमवार को कलक्ट्रेट सभागार में कोषागार बंद कराकर निकलते अधिवक्ता। • हिन्दुस्तान

### अभिलेखागार बंद होने से नहीं हो सका मुआयना

वकीलों ने सोमवार को आन्दोलन के क्रम में अभिलेखागार बंद करा दिया। अभिलेखागार बंद होने से पत्रावलियों का मुआयना नहीं हो सका और न ही नकल जारी हो पाई। मेंहदावल थाना क्षेत्र के बैरियहवा निवासी श्यामवती एवं भरथुआ निवासी विजय नाथ पांडेय ने बताया कि मुआयना कराने के लिए आए थे। वकीलों की हड़ताल के कारण मुआयना नही हो सका। इसी प्रकार बखिरा थाना क्षेत्र के घनखिरिया निवासी मेवालाल ने बताया कि अधिवक्ताओं के आन्दोलन के चलते नकल नहीं मिल सकी।



सभी कार्यालयों का कामकाज बंद कराने के दौरान बाल न्यायालय परिसर मे प्रदर्शन कर निकलते अधिवक्ता। • हिन्दुस्तान

# अधिवक्ताओं की हड़ताल से वादकारियों की परेशानी बढ़ी

संतकबीरनगर। अधिवक्ताओं का यह आन्दोलन हापुड़ की घटना को लेकर बार कौंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर बीते 30 अगस्त से चल रहा है। अधिवक्ताओं के न्यायिक काम काज न करने से मुकदमों कोई कार्रवाई नहीं हो पा रही है। वादकारी काफी परेशान हैं। मुकदमों में सिर्फ तारीख पड़ रही है।

कार्य बहिष्कार से नहीं हो पा रही जमानत: अधिवक्ताओं के न्यायिक कार्य न करने से जेल में बंद आरोपितों के जमानत प्रार्थना पत्रों की सुनवाई नहीं हो पा रही है। सुनवाई न होने से आरोपितों की जेल से रिहाई भी नहीं हो पा रही है। जनपद न्यायाधीश के कोर्ट में धनघटा थाना क्षेत्र के रुद्रनाथ, दुधारा के मोहम्मद इस्लाम, खलीलाबाद के नसीम, गुल हसन एवं बखिरा थाना क्षेत्र के श्रीराम तथा विशेष न्यायाधीश एससीएसटी के कोर्ट में दुधारा थाना क्षेत्र के बेला गांव निवासी अफरोज, शराकत एवं मोहम्मद शरूफ के जमानत प्रार्थना पत्र की सुनवाई होनी थी।

मोहम्मद इस्लाम आठ अगस्त से तथा अफरोज, शराकत एवं मोहम्मद शरूफ करीब तीन माह से जिला कारागार में बंद हैं। वकीलों के आन्दोलन के कारण जमानत प्रार्थना पत्र पर सुनवाई नहीं होने से आरोपी एवं पैरवीकार काफी परेशान हैं।

# पांच वारंटियों को भेजा जेल

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने विभिन्न मामले में पांच वारंटियों को गिरफ्तार करने के बाद जेल रवानाकर दिया। जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस टीम ने विभिन्न स्थानों पर छापेमारी किया। थाना धनघटा पुलिस ने वारण्टी रामललित एवं समसूचित निवासीगण कुरमौल थाना धनघटा एवं थाना मेंहदावल पुलिस ने वारण्टी समसुद्दीन उत्तरपट्टी व दुर्गेश निवासी केवटलिया अव्वल एवं जवाहिर केवट औरही थाना मेंहदावल को न्यायालय प्रस्तुत करके जेल रवाना कर दिया।

# बाइक चोर को दबोचकर की धुनाई, पुलिस को सौंपा

- कांटे पुलिस चौकी क्षेत्र के टेमा रहमत चौराहे पर हुई घटना
- आरोपी का पिता बोला, बेटे का ठीक नहीं है दिमागी संतुलन

कांटे, हिन्दुस्तान संवाद। कांटे चौकी क्षेत्र के टेमा रहमत चौराहे पर सोमवार को दोपहर में दुकान के सामने खड़ी बाईक चुरा रहे एक चोर को चौराहे के लोगों ने पकड़ लिया। उसकी जमकर धुनाई की। उसके बाद नजदीकी चौकी पर सूचना देकर चोर को पुलिस के हवाले कर दिया।

घटना की जानकारी मिलते ही टेमा रहमत चौराहे पर पुलिस पहुंच गई, जिससे बाइक चोर की जान बच पाई। पकड़ा गया बाइक चोर कोतवाली थाना क्षेत्र नेदुला का निवासी मो. इसरार पुत्र मो. इस्लाम है। कांटे चौकी प्रभारी हरेंद्र नाथ राय ने बताया की बाइक चुरा रहे चोर के पिता ने बताया उनके लड़के का दिमागी संतुलन कुछ महीनों से ठीक नहीं है। उसका इलाज गोरखपुर में एक डाक्टर के यहां से चल रहा है। कल शाम से ही वह घर से लापता है। पुलिस द्वारा सूचना मिला तो कांटे चौकी पर पहुंच गए। खबर लिखे जाने तक पुलिस मामले की जांच कर रही थी।

# गूगल मैप के सहारे चिह्नित किया था लूट का टारगेट

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। आईजी ने बताया कि भारी लूट करने के इरादे से पेट्रोल पम्पों पर लूट करने के लिए गूगल मैप की मदद से सुनसान इलाके में स्थित पेट्रोल पम्पों को सर्च किया। गूगल मैप के सहारे सेनानी फिलिंग पम्प घोरहट को लूटने के लिए चिन्हित किया।

पेट्रोल पम्प महुली लालगंज मार्ग पर सुनसान इलाके में पड़ता है। जहां लोगों का आवागमन कम होता है। इस घटना के समय भालचन्द्र यादव अपने बाइक से सड़क पर मौजूद रहकर स्थिति की निगरानी कर रहा था। चार लोग अपाची मोटरसाइकिल से पम्प के अन्दर गए थे। मौका मिलते ही उन लोगों ने पेट्रोल पम्प पर धावा बोल दिया। पेट्रोल पम्प के काउन्टर में रखे हुए नगदी को वहां मौजूद कर्मचारियों को पिस्टल दिखाकर लूट लिया। वहां मौजूद कर्मचारी से गमछा छीनकर नोट की गड्डियों को उसी गमछे में बांधकर फरार हो गए। सतीश यादव ने बताया कि भागते समय पम्प पर लगे सीसीटीवी कैमरे का वायर नोच लिया था। जो रास्ते में देईसांड़ के पहले सड़क के किनारे फेंक दिया था।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को मिला इनाम:** आईजी ने बताया कि लूट का खुलासा करने वाली टीम में शामिल सर्विलांस टीम प्रभारी निरीक्षक दीपक दूबे, हेड कांस्टेबल प्रदीप कुशवाहा, अभय उपाध्याय, कांस्टेबल अमरजीत मौर्या, एसओजी टीम प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव, हेड कांस्टेबल बृजकिशोर गुप्ता, ओमप्रकाश यादव, कांस्टेबल अनिल कुमार साहनी, अरविन्द यादव, दीपक सिह, सर्वेश कुमार मिश्र, थाना महुली प्रभारी निरीक्षक भगवान सिंह, एसएसआई अमित कुमार कुशवाहा, एसआई विनोद कुमार यादव, बृजमोहन सिंह व अमरेश गिरी, कांस्टेबल अजय राणा, संघरत, हेड कांस्टेबल चालक श्रवण कुमार यादव एवं एसओ बखिरा श्याम मोहन, कांस्टेबल आलोक यादव, संतोष भारती ने काफी सराहनीय कार्य किया है। जिन्हें आईजी जोन गोरखपुर ने पुलिस टीम के उत्साह वर्धन के लिए 75 हजार रूपए व आईजी बस्ती ने अपने तरफ से 50 हजार रुपए के नकद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

## इन वारदातों का हुआ खुलासा एवं बरामदगी

आईजी ने बताया कि उक्त घटना में गिरफ्तारी व बरामदगी से जनपद कुशीनगर में पंजीकृत लूट एवं थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर से चोरी की गई मोटरसाइकिल की घटना का खुलासा हुआ। बरामद अवैध पिस्टल के संबंध में थाना महुली पर आर्म्स एक्ट का मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस कार्रवाई के दौरान दौरान गैंग लीडर सतीश यादव ने भागने का प्रयास किया। पुलिस बल पर जानलेवा हमला करने के उद्देश्य से ईट से प्रहार किया। जिसके लिए थाना महुली पर अलग से अभियोग पंजीकृत किया गया है। अग्रिम विधिक कार्रवाई पूर्ण करके आरोपितों को न्यायालय में प्रस्तुत कर जेल भेजा जा रहा है।

# विधायक का किया घेराव, गनर से हुई झड़प

संतकबीरनगर। सोमवार को हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ता प्रदर्शन एवं नारेबाजी करते कलक्ट्रेट पंहुचे ही थे कि विधायक धनघटा गणेश चन्द्र चौहान अपनी गाड़ी से वापस जा रहे थे। आक्रोशित अधिवक्ताओं ने विधायक का घेराव किया।

अधिवक्ता विधायक से अपनी बात कहना चाह रहे थे। इतने में उनका गनर अधिवक्ताओं से उलझ गया। विधायक के गाड़ी से न उतरने पर अधिवक्ता उत्तेजित हो गए। गाड़ी से उतरते ही विधायक अधिवक्ताओं के प्रति नाराजगी व्यक्त करने लगे। इतने में अधिवक्ता आक्रोशित हो गए और विधायक से झड़प हो गई। अधिवक्ताओं ने विधायक के विरुद्ध भी जमकर नारेबाजी की। सीनियर अधिवक्ताओं के हस्तक्षेप से विधायक की गाड़ी कलक्ट्रेट से निकल सकी।

अधिवक्ताओं के आंदोलन से दूर



प्रदर्शन कर रहे अधिवक्ताओं ने सोमवार को कलक्ट्रेट में विधायक गणेश चंद्र चौहान का घेराव किया। • हिन्दुस्तान

**दराज से आए लोग हुए परेशान:** जनपद में अधिवक्ताओं के आंदोलन के चलते एआरटीओ कार्यालय में कामकाज ठप रहा। कर्मचारियों को बाहर निकालकर एआटीओ गेट पर ताला जड़ दिया। जिले के दूर दराज ग्रामीण क्षेत्र से काम कराने के लिए आने वाले आम जनमानस अपना काम पूरा न होने के वजह से परेशान हुए। अधिवक्ताओं के आंदोलन का असर अब सरकारी कामकाज पर भी पड़ने लगा है। दोपहर में अधिवक्ताओं का हुजूम एआरटीओ कार्यालय पहुंच गया। वहां पर सभी कर्मचारियों को बाहर निकालकर कार्यालय एवं परिसर के गेट पर ताला जड़ दिया गया। कार्यालय की सुरक्षा में लगे गार्डों एवं कर्मचारियों के अनुसार उनके साथ दुर्व्यवहार भी किया गया। बाहर न निकलने पर हाथापाई की भी नौबत आ गई। वहीं बगल स्थित वाणिज्य कर विभाग में भी अधिवक्ताओं ने पहुंचकर कामकाज ठप करा दिया। इसके वजह से जिले के ग्रामीण क्षेत्र से स्थित दूर दराज से आए तमाम लोगों का कार्य नहीं हो सका। परेशान हाल में लोग घूमते रहे। तमाम लोगों के ड्राइविंग लाइसेंस परीक्षा की तिथि विभाग ने दी थी। आंदोलन एवं कार्यालय में हुई तालाबंदी की वजह से पूरी नहीं हो सकी। तमाम गाड़ियों के ट्रांसफर का भी मामला अधर में लटक गया। खलीलाबाद निवासी आदित्य ने बताया कि उनके परमानेंट लाइसेंस की तिथि सोमवार को निर्धारित थी। कार्यालय में तालाबंदी के वजह से काम नहीं हो पाया।

# मारपीट में घायल महिला को इलाज के लिए भेजा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने सूचना के बाद मौके पर पहुंचकर विवाद के वजह से हुए मारपीट की घटना में घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भेजवाया। थाना धनघटा क्षेत्र के तेजपुर गांव से कालर ने किसी बात को लेकर दो पक्षों में विवाद के चलते हुई मारपीट की घटना होने से एक महिला के घायल होने के सम्बन्ध में सूचना दिया। जिसके बाद पुलिस घटनास्थल पर तत्काल पहुंच गए।

# अशांति फैलाने वाले पांच आरोपितों पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने अलग-अलग मामले में अशांति फैलाने के मामले में पांच आरोपितों को पकड़कर अग्रिम विधिक कार्रवाई किया। जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध धर पकड़ के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत कई स्थानों पर दबिश दिया। थाना बेलहरकला में दो और थाना मेंहदावल पुलिस ने तीन आरोपितों को दबोचकर कानूनी कार्रवाई पूर्ण करके संबंधित मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुतकर दिया।

# दो स्थानों पर लगवाए आठ सीसीटीवी कैमरे

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने जनपद के विभिन्न स्थानों पर स्थानीय लोगों के सहयोग से दो स्थानों पर आठ सीसीटीवी कैमरा लगवाया। जिले की पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र व हर घर कैमरा अभियान के तहत जनसहयोग से सीसीटीवी कैमरा स्थापित कराया। कोतवाली खलीलाबाद पुलिस ने दो स्थान पर चार सीसीटीवी एवं दुधारा पुलिस ने दो स्थान पर चार सीसीटीवी कैमरा लगवाया। कैमरा लगवाने वाले व्यक्तियों को पुलिस ने फूल माला पहना कर सम्मानित किया।

# दुष्कर्म के मामले में वांछित को पुलिस ने दबोचा

संतकबीरनगर। पुलिस टीम ने दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपित अभियुक्त को दबोचकर अग्रिम विधिक कार्रवाई की। प्रभारी निरीक्षक दुधारा राकेश कुमार मिश्र के अगुवाई में गठित पुलिस टीम साजिश करके मारपीट, अपहरण, दुष्कर्म एवं पाक्सो एक्ट के मामले में वांछित चल रहे आरोपित अभियुक्त विकास पुत्र मुन्ना निवासी इनवल थाना मेहनगर जनपद आजमगढ़ को गिरफ्तार किया।

# जमीन के विवाद में मारपीट के आरोप में केस दर्ज

संतकबीरनगर। कोतवाली थाना क्षेत्र के भुजैनी गांव में जमीन के विवाद में मारपीट के मामले में पुलिस ने शिकायत पत्र मिलने पर केस दर्ज किया है। कोतवाल इंस्पेक्टर रविंद्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़िता रेशमा देवी पत्नी त्रिवेनी प्रसाद निवासी भुजैनी ने शिकायत की है। अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि उनके पति त्रिवेनी प्रसाद चोरी छिपे अपनी जमीन को बेचने का प्रयास कर रहे थें।

# दहेज हत्या का वांछित गिरफ्तार

मेंहदावल। मेंहदावल थाना क्षेत्र के भटवा गांव निवासी दहेज हत्या के वांछित आरोपी सुन्नर पुत्र सुबरन को सोमवार को मेंहदावल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। भटवा गांव में संदिग्ध हालात में महिला की मौत होने के मामले में परिजनों की तहरीर पर पुलिस ने चार के खिलाफ दहेज हत्या समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया था। तभी से सभी फरार चल रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि दहेज हत्या के एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

# अधिवक्ताओं संग डीएम और एसपी ने की बैठक

- अधिकारियों ने वकीलों से शांतिपूर्ण ढंग से प्रदर्शन करने की अपील की
- अधिवक्ताओं को सरकारी संपत्ति का नुकसान नहीं करने की दी गई सलाह

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जिलाधिकारी महेन्द्र सिंह तंवर व पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता की उपस्थिति में अधिवक्ताओं के साथ कलक्ट्रेट सभागार में समन्वय बैठक हुई। इसमें अधिकारियों ने अधिवक्ताओं ने आन्दोलन और विरोध प्रदर्शन शांतिपूर्ण ढंग से किए जाने की अपील की।

समन्वय बैठक में डीएम ने कहा कि प्रदर्शन के दौरान किसी प्रकार की सरकारी अथवा सार्वजनिक सम्पत्ति को नुकसान न पहुंचाया जाए। किसी सरकारी कार्यालय, सम्पत्ति अथवा जनसामान्य को कोई नुकसान अथवा क्षति न हो तथा किसी के साथ अभद्रतापूर्ण व्यवहार न किया जाए। किसी वादकारी अथवा नागरिक को कोई असुविधा न हो। बैठक में उक्त बिन्दुओं पर चर्चा के उपरान्त अधिवक्ताओं के साथ सहमति बनी। अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट परिसर पहुंचकर विरोध प्रदर्शन करते हुए डीएम को ज्ञापन सौंपा। इस दौरान अपर जिलाधिकारी जय प्रकाश, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह, अपर उप जिलाधिकारी रमेश चन्द्र, आदि मौजूद रहे।

महुली क्षेत्र में सेनानी पेट्रोल पर हुई थी साढ़े तीन लाख की लूट

# पेट्रोल पंप लूटकांड का खुलासा, पांच लुटेरे दबोचे

**कामयाबी**

संतकबीरनगर, निज संवाददाता। जनपद के महुली थाना क्षेत्र स्थित घोरहट के सेनानी पेट्रोल पंप पर हुई लूट की घटना का 30 घंटे के अंदर पुलिस टीम ने पर्दाफाश कर दिया है। गैंग लीडर समेत पांच लुटेरे पुलिस के हत्थे चढ़ गए। आईजी बस्ती आरके भारद्वाज ने रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में लूट के घटना का खुलासा किया। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बाइक, पिस्टल एवं नकदी समेत अन्य सामान बरामद कर लिया। खुलासे में लगी पुलिस टीम को एडीजी की तरफ से 75 हजार एवं आईजी की तरफ से 50 हजार कुल 01.25 लाख रुपये का पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र दिया गया।

आईजी रेंज आरके भरद्वाज ने बताया कि 09 सितंबर को वादी बृजेन्द्र कुमार पुत्र जितेन्द्र निवासी 384 ए शिवनगर कालोनी बशारतपुर थाना शाहपुर जनपद गोरखपुर ने थाना महुली पर सूचना दिया। बताया कि उनके सेनानी फिलिंग स्टेशन पेट्रोल पंप लूट हो गई है। पीड़ित के अनुसार समय करीब 08.45 बजे रात को मोटरसाइकिल सवार 04 अज्ञात व्यक्तियों ने आफिस में घुसकर सीसीटीवी का डीवीआर तोड़ डाला। करीब 2,71,720 रुपये, लेटर पैड, एक मोबाइल फोन छीनकर भाग गए। घटना में त्वरित कार्रवाई कर थाना महुली पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। घटनास्थल का निरीक्षण एसपी सत्यजीत गुप्ता, एएसपी संतोष कुमार सिंह एवं अन्य पुलिस अधिकारियों के साथ करके घटना के खुलासे के लिए क्षेत्राधिकारी धनघटा के नेतृत्व में सर्विलांस, एसओजी एवं थाने की टीम को निर्देश दिया था।

क्षेत्राधिकारी धनघटा बृजेश सिंह की देखरेख में प्रभारी निरीक्षक महुली भगवान सिंह, प्रभारी निरीक्षक सर्विलांस दीपक दूबे व प्रभारी निरीक्षक एसओजी श्रीप्रकाश यादव के नेतृत्व में गठित संयुक्त पुलिस टीम ने काम शुरू किया। एक सूचना पर सोमवार को लूट की घटना में शामिल सभी संबंधित पांच अभियुक्तों को महुली थाना क्षेत्र के ग्राम हरपुर मठ के पास स्थित बगीचे से लूट के धन का बंटवारा करते समय दबोच लिया।

आरोपितों के कब्जे से दो स्थानों पर हुई लूट के 3,11,720 रुपये, दो लेटर पैड, एक मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त दो मोटरसाइकिल एवं एक अवैध पिस्टल बिना मैगजीन के बरामद किया गया है।

**पुलिस पूछताछ में आरोपितों का खुलासा:** आईजी ने बताया कि आरोपित अभियुक्तों ने पुलिस पूछताछ में बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है। जिसका गैंगलीडर सतीश यादव है। उसी के योजना के मुताबिक सभी लोग विभिन्न जनपदों में घूम-घूमकर लूट व चोरी की घटनाएं करते हैं। चोरी एवं लूट की रकम को बराबर-बराबर आपस में बांट लेते हैं। 05 सितंबर को जनपद कुशीनगर के रामकोला थाना स्थित चन्दनपुर चौराहा से असलहा दिखाकर बड़ौदा यूपी बैंक के ग्राहक सेवा केन्द्र से 60 हजार रुपये की लूट किया था। बरामद बिना नम्बर सफेद अपाची मोटरसाइकिल सतीश यादव, भालचन्द्र व राहुल ने मिलकर करमैनी शिव मन्दिर थाना कैम्पियरगंज जनपद गोरखपुर से दिनांक 13/14 अगस्त को चोरी किया था। पूछताछ में अभियुक्त सतीश यादव ने बताया कि 07 सितंबर को राहुल सिंह के साथ अपने मौसी के लड़के दीपक यादव से मिला। उसने अपने दो दोस्तों राकेश यादव व भालचन्द्र यादव को बुलाया। जिनके साथ मिलकर पूर्व में भी घटनाएं कर चुके हैं।



सोमवार को रिजर्व पुलिस लाइन सभागार में सोमवार को पेट्रोल पंप लूटकांड का खुलासा कर जानकारी देते आईजी रेंज। • हिन्दुस्तान

## इन आरोपितों की हुई गिरफ्तारी

आईजी ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपितों की पहचान सतीश यादव पुत्र महेंद्र यादव निवासी संतगणिनाथ नगर वार्ड नंबर 14 थाना कसया कुशीनगर, राहुल सिंह पुत्र ओमप्रकाश सिंह निवासी हरैया बुजुर्ग थाना कुबेरनाथ जनपद कुशीनगर, दीपक यादव पुत्र चन्द्रिका यादव निवासी बढ़या टाठर मेंहदावल, राकेश यादव पुत्र स्वर्गीय दयाराम यादव निवासी मेहावर थाना मेंहदावल एवं भालचन्द्र यादव पुत्र नन्दलाल उर्फ भालू यादव निवासी जमोहरा टोला मदरहा थाना मेंहदावल जनपद संतकबीरनगर के रूप में हुआ।

# फरार चल रहे पांच वारंटियों को भेजा जेल

जासं,संतकबीर नगर: जनपद की धनघटा व मेंहदावल पुलिस ने सोमवार को पांच फरार वारंटियों को उनके घर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के बाद उन्हें जेल भेज दिया। इसमें धनघटा पुलिस ने कुरमौल गांव निवासी रामललित व इनके भाई रामसूचित तथा मेंहदावल पुलिस ने उत्तर पट्टी मोहल्ला निवासी शमशुद्दीन, केवटलिया अव्वल मोहल्ला निवासी दुर्गेश उर्फ वोदे व औरही गांव निवासी जवाहिर केवट को गिरफ्तार किया है। (विज्ञप्ति)

# वकीलों का प्रदर्शन, बंद कराया एआरटीओ कार्यालय

## हापुड़ कांड को लेकर कचहरी से नारेबाजी करते हुए पहुंचे कलेक्ट्रेट, धनघटा विधायक की गाड़ी रोकी

- मुख्यमंत्री व डीजीपी के खिलाफ की नारेबाजी, डीएम को सौंपा ज्ञापन
- उनकी मांगों को नहीं माना गया तबतक उनका प्रदर्शन जारी रहेगा

जासं, संतकबीर नगर : हापुड़ कांड को लेकर अधिवक्ताओं का आक्रोश कम नहीं हो रहा है। सोमवार को कचहरी से नारेबाजी करते हुए अधिवक्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे और परिसर में प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में पहुंचे अधिवक्ताओं ने मुख्यमंत्री के साथ ही डीजीपी के खिलाफ नारेबाजी की। इससे पूर्व अधिवक्ताओं के एक समूह ने एआरटीओ कार्यालय भी बंद करा दिया। अधिवक्ताओं ने कहा कि जब तक उनकी मांगों को नहीं माना गया उनका प्रदर्शन जारी रहेगा। बाद में उन्होंने डीएम को ज्ञापन भी सौंपा।

कलेक्ट्रेट परिसर में अधिवक्ताओं ने सोमवार को दोपहर के करीब डेढ़ बजे धनघटा के विधायक गणेश चंद्र चौहान की गाड़ी को घेर लिया। विधायक के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए। कुछ देर बाद अधिवक्ता डीएम कक्ष की तरफ आगे बढ़े। इसके पूर्व नारेबाजी करते हुए सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी (एआरटीओ) कार्यालय को बंद कराए थे। सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल, महामंत्री चतुरजी शुक्ल के साथ अधिवक्ता सोमवार को पैदल मार्च करते हुए एआरटीओ कार्यालय पर पहुंचे। यहां पर नारेबाजी के बीच कार्यालय को बंद कराए। इसके बाद ये यहां से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट के अंदर दोपहर के करीब डेढ़ बजे पहुंचे थे। इसी दौरान धनघटा के विधायक गणेश चंद्र चौहान की गाड़ी पहुंच गयी। अधिवक्ताओं ने इनकी गाड़ी को घेर लिया। विधायक के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाने लगे। इस दौरान उनसे व गनर से जमकर नोकझोंक हुई। करीब 20 मिनट तक आवागमन बाधित हो गया। इसके बाद अधिवक्ता डीएम कक्ष की तरफ नारा लगाते हुए जाने लगे। अधिवक्ताओं ने कहा कि हापुड़ जिले में 29 अगस्त को शांतिपूर्ण माहौल में प्रदर्शन करने के दौरान पुलिस ने लाठी चार्ज किया था। अक्सर अधिवक्ताओं के साथ घटनाएं हो रही है। इसके बाद भी अधिवक्ताओं की सुरक्षा के प्रति ध्यान नहीं दिया जा रहा है। जल्द एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट सहित अन्य मांगों पर उचित पहल किया जाए। इस अवसर पर मनीष उपाध्याय उर्फ सोनू, मधुसूदन धर द्विवेदी, संपूर्णानंद पांडेय सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।



हापुड़ की घटना को लेकर डीएम कार्यालय के सामने प्रदर्शन करते अधिवक्ता • जागरण

### स्टाम्प विक्रेता, दस्तावेज लेखक का आंदोलन में मांगा साथ

मेंहदावल : मेंहदावल तहसील बार एसोसिएशन का बेमियादी कार्य बहिष्कार एक पखवारे से अधिक का समय बीतने के बाद भी जारी है। सोमवार को अधिवक्ताओं ने तहसील के स्टाम्प विक्रेताओं, दस्तावेज लेखकों से कार्य बहिष्कार में सहयोग मांगा है। अधिवक्ता तहसीलदार के स्थानांतरण की मांग को लेकर अड़े है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राम प्रसाद पाठक ने बताया कि कार्य बहिष्कार में मंगलवार को स्टाम्प विक्रताओं से स्टाम्प बिक्री न करने की अपील किया गया है। वहीं दस्तावेज लेखकों से भी काम ठप करने का सहयोग मांगा गया है। जिस पर सभी ने सहमति जताई है।

## मेंहदावल में ग्राम न्यायालय के स्थापना की कवायद तेज

जासं, मेंहदावल, संतकबीर नगर : मेंहदावल तहसील परिसर में ग्राम न्यायालय की स्थापना की कवायद तेज हो गई है। लंबे समय से लोग इसका इंतजार कर रहे हैं। जिसके क्रम में सोमवार को जिला जज अनिल कुमार वर्मा ने ग्राम न्यायालय भवन का जायजा लिया। अधिवक्ताओं से वार्ता कर हर पहलुओं से अवगत हुए। उन्होंने प्रक्रिया तेज करने का आश्वासन दिया है। इससे अधिवक्ताओं में खुशी व्याप्त है। मुंसिफ न्यायालय मेंहदावल में चलने से लोगों को राहत मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

सोमवार की दोपहर जिला जज अनिल कुमार वर्मा मेंहदावल तहसील पहुंचे। उन्होंने एसडीएम अरुण कुमार के साथ ग्राम न्यायालय भवन का जायजा लिया। यहां पर उपलब्ध व्यवस्थाओं को बारीकी से देखा। लोगों से सवाल जवाब भी किया। इस दौरान वह मेंहदावल तहसील में कार्यरत अधिवक्ताओं से भी मिले और ग्राम न्यायालय से होने वाले फायदे के बारे में भी बात की। उन्होंने अधिवक्ताओं को आश्वासन दिया की पूरी रिपोर्ट वह हाईकोर्ट को भेजेंगे। जल्द से जल्द ग्राम न्यायालय के स्थापना की कार्यवाही इससे तेज हो सकेगी।

ग्राम न्यायालय की स्थापना होने से मेंहदावल तहसील क्षेत्र के हजारों वादकारियों को जिले तक की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। इससे लोगों में खुशी व्याप्त है। इस दौरान तहसीलदार सुनील कुमार, नायब तहसीलदार हरेराम यादव, अधिवक्ता रामप्रकाश पाठक, जनार्दन पांडेय, दिलीप भट्ट, सूर्य प्रकाश दुबे, दीवाकर भारती सहित अनेक लोग मौजूद रहे।



ग्राम न्यायालय का जायजा लेते जिला जज अनिल कुमार वर्मा (दाए) • जागरण

# जिगिना गांव के पोखरे में गिरा व्यक्ति नहीं मिला

जासं, नाथनगर : महुली थाना के जिगिना गांव में पोखरे में गिरे व्यक्ति की खोजबीन के लिए सोमवार को प्रयास किया गया। एसडीआरएफ, गोताखोर ने प्रयास किया लेकिन सफलता नहीं मिली। पीड़ित परिवार के सदस्य काफी चिंतित हैं।



जिगना गांव में घटनास्थल के पोखरे से पंपसेट द्वारा पानी निकलवाते पुलिसकर्मी और ग्रामीण • जागरण

गांव के 40 वर्षीय रामहजूर रविवार को सुबह करीब सात बजे पशुओं का गोबर घर के पास स्थित पोखरे के किनारे फेंकने गए थे। उसी दौरान वह पोखरे में गिर गए थे। सोमवार को मोलनापुर पुलिस चौकी के प्रभारी अरुण कुमार पांडेय के अलावा एसडीआरएफ व गोताखोर की टीम पोखरे में काफी देर तक खोजबीन में जुटी रही। वहीं, ग्रामीणों की मदद से पोखरे से पानी निकलवाने के लिए छह पंपसेट लगाए गए। चौकी प्रभारी ने कहा कि पोखरे में गिरा व्यक्ति नहीं मिल पाया है।

# शहाबुद्दीन से असलहा खरीदकर व्यास ने सोनू को मारी थी गोली

- सोनू को गोली मारने वाले व्यास पाठक को असलहे के साथ दबोचा
- **अवैध असलहा बेचने वाला शहाबुद्दीन दो तमंचे के साथ गिरफ्तार**

**जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर :** कोतवाली खलीलाबाद क्षेत्र के रसहरा गांव में शराब के नशे में मित्र सोनू को गोली मारने वाले व्यास पाठक ने जिला मुख्यालय के सरौली वार्ड के शहाबुद्दीन से तमंचा खरीदा था। इस बात का पता तब हुआ जब घटना के 24 घंटे के अंदर ही आरोपित व्यास पाठक को पुलिस ने धर दबोचा। पुलिस ने अवैध असलहा बेचने वाले शहाबुद्दीन को भी दो देशी तमंचे के साथ धर दबोचा।

क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद दीपांशी सिंह राठौर ने बताया कि गत नौ सितंबर की रात में रसहरा गांव का निवासी व्यास पाठक मित्र सोनू के साथ गांव के पास स्थित मंदिर के पास गया था। वह दोनों एक गन्ने के खेत में शराब पीने लगे। शराब पीने के दौरान ही दोनों के बीच कहासुनी हो गयी।

इस दौरान व्यास पाठक ने अपने पास रखे अवैध तमंचे से फायर कर दिया। नतीजा यह हुआ कि सोनू को गोली लग गयी और वह घायल हो गया। इस दौरान व्यास फरार हो गया। इस बात की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपित की खोजबीन शुरू की। कोतवाली खलीलाबाद के प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने व्यास पाठक को धर दबोचा। उसकी निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त तमंचा व फायरशुदा कारतूस को गन्ने के खेत से बरामद किया। जब उससे पूछताछ की गयी तो उसने बताया कि यह असलहा उसने नगर पालिका परिषद खलीलाबाद क्षेत्र के बड़ी सरौली गांव में रहने वाले शहाबुद्दीन से नौ हजार रुपए में खरीदा था। इसके बाद शहाबुद्दीन की तलाश की गयी और उसे भी धर दबोचा गया। उसके पास से दो अदद देशी तमंचा बरामद किया गया। गिरफ्तार किए गए दोनों अभियुक्तों को पुलिस ने जेल भेज दिया है।

## काफी दिनों से शहाबुददीन कर रहा था अवैध असलहे का कारोबार

बताया जाता है कि छोटी सरौली गांव का निवासी शहाबुददीन अवैध असलहों का कारोबार काफी दिनों से कर रहा था। वह बिहार तथा अन्य स्थानों से असलहा लाकर क्षेत्र में बेचने का काम करता था। पुलिस अब इस बात की जानकारी में जुटी हुई है कि इस कारोबार में उसके साथ कौन से लोग जुटे हुए थे। यही नहीं इस बात की भी तस्दीक की जा रही है कि उसने अवैध असलहा किसको किसको बेचा था। जिन लोगों ने भी शहाबुददीन से अवैध असलहा खरीदा था, उनकी सूची तैयार की जा रही है। आरोपितों की सूची तैयार करके उनको भी दबोचने का काम किया जाएगा। बताया जाता है कि खलीलाबाद कोतवाली क्षेत्र में कई युवाओं ने उससे अवैध असलहा खरीदा है। यह सभी लोग अब पुलिस के रडार पर हैं।

# गूगल मैप से की थी लूट, सर्विलांस से चढ़े हत्थे

- पुलिस ने खंगाले 37 सीसीटीवी कैमरे, मात्र दो से ही मिला लुटेरों का सुराग
- लुटेरों को पता ही नहीं चला और घेरेबंदी करती रही सर्विलांस टीम

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : पेट्रोल पंप लूट की घटना के पर्दाफाश में सीसीटीवी और सर्विलांस की अहम भूमिका रही। पुलिस ने इस दौरान क्षेत्र में मौजूद 37 सीसीटीवी कैमरों को खंगाला था। यही नहीं जिले की सर्विलांस टीम ने आरोपितों की घेरेबंदी में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया। नतीजा यह हुआ कि लूटे गए रुपयों के साथ ही लुटेरे भी दबोच लिए गए। लुटेरों ने गूगल मैप से पेट्रोल पंप की लोकेशन लेकर लूट किया था।

कुसहवा सेनानी पेट्रोल पंप पर हुई लूट की घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस टीमें सक्रिय हो गयीं। एसओजी के साथ ही पुलिस टीम जहां आपरेशन त्रिनेत्र के तहत लगवाए गए सीसीटीवी कैमरों को खंगालने में जुट गयी, वहीं सर्विलांस टीम के निरीक्षक दीपक दुबे टीम के प्रदीप कुशवाहा व अभय के साथ उस क्षेत्र में सक्रिय मोबाइल की लोकेशन और संदिग्ध मोबाइल फोन के चिह्नीकरण में जुट गए। पुलिस टीम को कुल 37 सीसीटीवी कैमरों का पता चला। लेकिन जब उनकी जांच शुरू की गई तो पता चला कि केवल दो स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे रात में चल रहे थे। अन्य कैमरे या तो बंद थे या फिर उनकी रिकार्डिंग नहीं हो रही थी। दो सीसीटीवी कैमरे जो चल रहे थे उनसे पुलिस को लुटेरों और उनकी बाइक तथा साथियों के बारे में बेहतर लीड मिली।


पुलिस लाइन सभागार में लुटेरों को पकड़ने वाली टीम को प्रशस्ति पत्र देते (बाएं) आइजी आरके भारद्वाज (दाएं से) एसपी सत्यजीत गुप्ता व एएसपी संतोष कुमार सिंह • जागरण

सर्विलांस टीम ने एरिया सर्चिंग के दौरान संदिग्ध मोबाइल के जिस डाटा की छंटाई की, उसने भी पुलिस को आगे बढ़ने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सर्विलांस टीम ने इन संदिग्ध मोबाइल नंबरों का पीछा नहीं छोड़ा। नतीजा यह हुआ कि घटना के 30 घंटे के भीतर पुलिस को लुटेरों को दबोचने में सफलता मिली। इस मामले को लेकर प्रदेश के अधिकारी कितने गंभीर थे, इस बात का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि जिले के पुलिस कप्तान सत्यजीत गुप्ता जो मेडिकल इमरजेंसी के चलते छुट्टी पर थे, उनको वापस आकर मोर्चा संभालना पड़ा। इसके साथ ही घटना के बाद से ही प्रभारी एसपी की भूमिका निभा रहे संतोष कुमार सिंह ने पूरी टीम के साथ पल-पल की खबर से उच्चाधिकारियों को अवगत कराते रहे। इतना ही नहीं उन्होंने अपनी टीम के साथ हर छोटी-छोटी बातों पर रणनीति तैयार की और लुटेरों तक पहुंच गए।

**2.73 लाख की ही हुई थी लूट :** पेट्रोल पंप के मालिक बृजेंद्र कुमार ने बताया कि जब नौ सितंबर की रात में लूट हुई थी, उस समय आनन-फानन में पुलिस को 3.53 लाख रुपये की लूट होने की बात पुलिस को बताई गयी। इस दौरान रात्रिकाल में जब कैश का मिलान किया गया तो इस बात की पुष्टि हुई कि लुटेरों ने पंप से दो लाख 73 हजार 20 रुपये की लूट की थी।

## सीसीटीवी कैमरे लगवाएं प्रतिष्ठानों के मालिक

आइजी आरके भारद्वाज ने कहा कि आपरेशन त्रिनेत्र के तहत जिले मे आमजन के सहयोग से कैमरे लगवाए जा रहे है। लोग सीसीटीवी कैमरे लगवाएं तो उनमे से एक कैमरे का मुंह सड़क की तरफ रहे। सीसीटीवी कैमरे कभी बंद न करें। यही नहीं इस बात का भी ध्यान रहे कि कैमरे मे कम से कम एक माह की रिकार्डिंग हो। उन्होंने प्रतिष्ठानों के मालिकों से इस काम मे आगे आने की अपील की।

## 12 साल पहले भी हुई थी 2.82 लाख की लूट

सेनानी पेट्रोल पंप लूट का शिकार पहली नहीं बल्कि दूसरी बार हुआ है। पहली बार लूट वर्ष 2011 मे हुई थी। पेट्रोल पंप के मालिक बृजेंद्र कुमार ने बताया कि सितंबर 2011 मे दिन मे 11 बजे के करीब उनके मैनेजर रामचन्द्र और सेल्समैन प्रहलाद के साथ बाइक से पैसा जमा करने जा रहे थे। इस दौरान बदमाशों ने उनके पास मौजूद 2.82 लाख रुपया लूट लिया था। इस मामले मे मुकदमा भी दर्ज हुआ था। दो माह बाद आरोपी पकड़े तो गए थे लेकिन एक भी पैसा बरामद नहीं हुआ था।

# गूगल मैप से सर्च कर बदमाश चिह्नित करते थे लूट के इलाके

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। पेट्रोल पंप लूट कांड में पकड़े गए बदमाश काफी शातिर थे। गूगल मैप से सर्च कर सुनसान वाले स्थल को चिन्ह् करते थे। फिर रेकी करके बाद वारदात को अंजाम देते थे।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि वह गूगल मैप से पहले ऐसे स्थल को चिन्हित करते थे,जो सूनसान हो और वहां से लिंक रोड गुजरा हो। महुली क्षेत्र के कुशवहा पेट्रोल पंप को गूगल मैप से सर्च कर चिन्हित किए थे। वारदात से एक दिन पहले रेकी किए थे कि पंप पर कितने कर्मी है। कब पंप खुलता है और कब बंद होता है। खासकर शनिवार और रविवार को ही लूट की वारदात करते है। पूछताछ में पकड़े गए कुशीनगर के कुबेर स्थान क्षेत्र के हरैया बुजुर्ग का रहने वाला बदमाश राहुल सिंह ने बताया कि उसकी पढाई मुंबई में हुई है। वह बीएससी कर रहा था,उसी बीच उसकी पढाई छूट गई।

पट्टीदारों से विवाद हुआ था और जेल गया था। करीब तीन महीने तक जेल में बंद रहा। उसी दौरान उसकी अपराधियों से संपर्क बढ़ा और वह जरायम की दुनिया में पहुंच गया। पकड़े गए अन्य बदमाश मिलकर लूट की वारदात करने में अभ्यस्त हो गए।

## कैमरा नहीं लगवाने वाले प्रतिष्ठान को दें नोटिस

आईजी आर के भारद्वाज ने कहा कि कुशहवा पेट्रोल पंप पर सीसीटीवी खराब मिला। जबकि एसओ ने एक सप्ताह पहले पंप संचालक को सीसीटीवी ठीक कराने का सुझाव दिया था,लेकिन पंप मालिक ने लापरवाही बरती। मौके पर मौजूद पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष राम कुमार सिंह को सुझाव दिया कि सभी पेट्रोल पंपों पर प्रयास करके सीसीटीवी कैमरा लगाने की दिशा में पहल करें। एसपी को निर्देश दिया कि ऐसे सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों और पंपों के संचालकों को नोटिस भेजवाएं,जिनके यहां सीसीटीवी कैमरा न लगा हो। उन्हें नोटिस में यह भी बताए कि किसी तरह की वारदात होने पर ये लोग भी जिम्मेदार होंगे।

# 42 वाहनों से 43 हजार रुपये समन शुल्क वसूले

जासं, संतकबीर नगर : जनपद की विभिन्न थानों की पुलिस ने सोमवार को यातायात पुलिस कर्मियों के सहयोग से अस्पताल व बैंक परिसर के अलावा सार्वजनिक स्थानों पर वाहनों की जांच की। इस दौरान मांगने पर जरूरी कागजात न दिखाने पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत 42 वाहन चालकों से 43 हजार रुपये समन शुल्क की वसूली की। (विज्ञप्ति)

# शांतिभंग की आशंका में पांच लोगों को दबोचा

जासं,संतकबीर नगर : शांतिभंग की आशंका में बेलहरकला पुलिस सोमवार को पांच लोगों को पकड़कर थाने पर लाई। इनसे पूछताछ की। पकड़े गए व्यक्ति भूमि विवाद को लेकर आपस में विवाद कर रहे थे। ये लोग मारपीट करने पर उतारू हो गए थे। सूचना मिलने पर पुलिस इनके गांव में पहुंची। (विज्ञप्ति)

# प्रदर्शन के दौरान सार्वजनिक संपत्ति को क्षति न पहुंचाए : जिलाधिकारी



कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक करते (बाएं से) एएसपी संतोष कुमार सिंह, एसपी सत्यजीत गुप्ता, डीएम महेंद्र सिंह तंवर और एडीएम जय प्रकाश
• फोटो सूचना विभाग

**जासं, संतकबीर नगर** : डीएम महेंद्र सिंह तंवर व एसपी सत्यजीत गुप्ता ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिवक्ताओं के साथ बैठक की। इन दोनों अधिकारियों ने अधिवक्ताओं से कहा कि प्रदर्शन के दौरान सरकारी अथवा सार्वजनिक संपत्ति को क्षति न पहुंचाया जाए। किसी सरकारी कार्यालय, संपत्ति, आम जनमानस को कोई दिक्कत न होने पाए। उनके साथ गलत व्यवहार न किया जाए।

हापुड़ जिले में अधिवक्ताओं पर हुए लाठी चार्ज की घटना को लेकर जनपद के अधिवक्ताओं ने सोमवार को विरोध प्रदर्शन किया। इसे शांतिपूर्ण ढंग से किए जाने को लेकर डीएम व एसपी ने उनके साथ समन्वय बैठक की। इसमें विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। इसके बाद अधिवक्ताओं के साथ सहमति बनी। इस अवसर पर एडीएम वित्त एवं राजस्व जय प्रकाश, एएसपी संतोष कुमार सिंह, अपर एसडीएम रमेश चंद्र के अलावा संगठन से जुड़े अधिवक्ता आदि उपस्थित रहे। (विज्ञप्ति)

# 3.11 लाख के साथ दबोचे गए पेट्रोल पंप के लुटेरे

## एक पिस्टल व दो बाइक बरामद, गोरखपुर व कुशीनगर में भी लूट व चोरी की घटनाओं को दिया था अंजाम

जागरण संवाददाता, संतकबीर नगर : महुली थानाक्षेत्र में शनिवार की रात में पेट्रोल पंप पर लूट करने वाले गिरोह के सरगना समेत पांच लुटेरों को पुलिस ने 30 घंटे के अंदर धर दबोचा। उनके पास से लूट के 3.11 लाख रुपये, एक पिस्टल, दो बाइक व अन्य सामान बरामद किए गए। लुटेरों में दो कुशीनगर और तीन संतकबीर नगर जनपद के निवासी हैं। इनके द्वारा कुशीनगर में भी बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र से लूट की गयी थी। यही नहीं गोरखपुर में भी आरोपितों ने बाइक चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था।

- पकड़े जाने के दौरान पुलिस टीम पर ईंट से हमला कर किया था भागने का प्रयास
- गोरखपुर में भी आरोपितों ने बाइक चोरी की घटनाओं को दिया था अंजाम



पुलिस लाइन परिसर मे आरोपितों के साथ घटना का पर्दाफाश करने वाली टीम● जागरण

पुलिस महानिरीक्षक (आइजी) आरके भारद्वाज ने पुलिस लाइन के सभागार में घटना का पर्दाफाश करते हुए बताया कि महुली के सेनानी पेट्रोल पंप पर 2.73 लाख की लूट की जानकारी होने के बाद पुलिस टीम सक्रिय हुई। इस लूट के पर्दाफाश के लिए चार टीमों का गठन किया गया। मुखबिरों को भी इसके लिए सक्रिय किया गया। इसी बीच सूचना मिली कि लूट की घटना को अंजाम देने वाले पांच लुटेरे महुली के हरपुर मठ के पास स्थित बाग में लूट के धन का बंटवारा करने जा रहे हैं। इस सूचना पर सभी टीमें मौके पर पहुंचकर घेरेबंदी की।

पुलिस टीम जब बाग में पहुंची तो लुटेरे भागने का प्रयास करने लगे लेकिन वह भागने में सफल नहीं हुए और पांचों का दबोच लिया गया। पकड़े गए लुटेरों की पहचान कुशीनगर जनपद के कसया थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर 14 के सतीश यादव, कुबेर स्थान थाना थाना क्षेत्र के हरैया बुजुर्ग के राहुल सिंह तथा संतकबीर नगर जनपद के मेंहदावल थाना क्षेत्र के बढ़या ठाठर निवासी दीपक यादव, मेहावर गांव के राकेश यादव तथा जमोहरा के मदरहवा टोला के भालचन्द्र यादव के रूप में हुई। आरोपितों के पास से तीन लाख 11 हजार 720 रुपया नकद, एक अवैध पिस्टल, चोरी की दो बाइक बरामद की गयी।

सरगना सतीश यादव ने बताया कि वे सभी संगठित गिरोह के रूप में काम करते हैं तथा चोरी व लूट की घटनाओं को अंजाम देते हैं। बीते पांच सितंबर को उन्होंने कुशीनगर जनपद के रामकोला थाना क्षेत्र के चन्दनपुर चौराहे के ग्राहक सेवा केंद्र से 60 हजार रुपये लूटे थे। यही नहीं 13 अगस्त की रात में गोरखपुर के कैंपियरगंज से एक बाइक भी चुराई थी। नौ सितंबर की रात में महुली थाना क्षेत्र के कुसहवा (घोरहट) स्थित पेट्रोल पंप पर उन्होंने लूट की घटना को अंजाम दिया था। इस घटना के पर्दाफाश में पुलिस अधीक्षक सत्यजीत गुप्ता, अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के साथ क्षेत्राधिकारी धनघटा व बस्ती तथा गोरखपुर पुलिस ने भी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन किया।

### गूगल मैप से किया लूट के लिए पेट्रोल पंप का चुनाव

आरोपितों ने बताया कि उन्होंने पेट्रोल पंप का चुनाव गूगल मैप के जरिए किया। वह यह देखना चाहते थे कि कौन सा पेट्रोल पंप सूनसान इलाके में पड़ता है। दूसरे शनिवार को बैंक बंद रहने के चलते पेट्रोल पंप पर दो दिन का कैश पड़ा था। इसलिए उन्हें लंबा पैसा मिल गया।

### पुलिस टीम को नकद इनाम व प्रशस्ति पत्र

आइजी आरके भारद्वाज ने लूट की घटना का पर्दाफाश करने वाली सर्विलांस टीम, एसओजी टीम, महुली थाने की टीम, बखिरा थाने की टीम के साथ ही टीम में शामिल सभी लोगों को अपनी तरफ से 50 हजार के नकद इनाम और प्रशस्ति पत्र व एडीजी जोन गोरखपुर की तरफ से 75 हजार रुपये नकद इनाम की घोषणा की।

# पेट्रोल पंप से लूट में शामिल पांच बदमाश गिरफ्तार

## 30 घंटे के अंदर लूटकांड का पर्दाफाश, कुशीनगर में ग्राहक सेवा केंद्र पर भी की थी लूट की वारदात

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। महुली क्षेत्र के कुशहवा में सेनानी फिलिंग स्टेशन पर हुई लूट की घटना का पुलिस ने 30 घंटे के भीतर ही पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने लूट की वारदात में शामिल पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया। पकड़े गए बदमाशों के कब्जे से लूट की घटना में प्रयुक्त दो बाइकें, पिस्टल, मोबाइल और 3,11,720 रुपये बरामद किए गए हैं।

बदमाशों से हुई पूछताछ के बाद पुलिस ने कुशीनगर में ग्राहक सेवा केंद्र पर हुई लूट की घटना और गोरखपुर से बाइक चोरी की घटना का भी पर्दाफाश किया।

आईजीआर के भारद्वाज ने सोमवार को बताया कि महुली क्षेत्र के कुशहवा में संचालित सेनानी फिलिंग स्टेशन पर शनिवार देर शाम बदमाशों ने कर्मियों पर असलहा सटाकर लूटपाट की थी। बदमाश वारदात करके बस्ती की ओर भाग गए थे।

पंप संचालक बृजेंद्र कुमार पुत्र जितेंद्र निवासी शिवनगर कॉलोनी बशारतपुर, शाहपुर जनपद गोरखपुर ने चार बदमाशों के खिलाफ लूट का



महोली में पेट्रोल पंप पर हुई लूट की वारदात के आरोप में पुलिस ने छह लुटेरों को पकड़ कर जेल भेजा। संवाद

केस दर्ज कराया था। पीड़ित ने पहले लूट की रकम 3. 53 लाख बताई थी, लेकिन बाद में कैश का मिलान करने के बाद 2,71,720 रुपये की लूट होने की जानकारी दी।

लूट की घटना के पर्दाफाश के लिए गोरखपुर, बस्ती और संतकबीरनगर की एसओजी टीम लगी थी। सूचना के आधार पर हरपुर मठ के पास बगीचे में लूट की रकम का बंटवारा करते दौरान पुलिस ने पांच बदमाशों को गिरफ्तार किया।

पूछताछ में बदमाशों की पहचान सतीश यादव निवासी संतगणिनाथ नगर वार्ड नंबर-14 (नौवी) थाना कसया कुशीनगर, राहुल सिंह निवासी हरैया बुजुर्ग थाना कुबेर स्थान, कुशीनगर,दीपक यादव निवासी बढया ठाठर, मेंहदावल, राकेश यादव निवासी मेहावर थाना मेंहदावल,भालचंद्र यादव निवासी जमोहरा टोला मदरहवा, मेंहदावल जपनद संतकबीरनगर के रूप में हुई।

पूछताछ में पकड़े गए बदमाशों ने बताया कि उन सभी का एक संगठित गिरोह है, जिसका गैंगलीडर सतीश यादव है। उसी के योजना के मुताबिक हम लोग विभिन्न जनपदों में घूम-घूम कर लूट व चोरी की घटनाएं करते हैं। चोरी एवं लूट की रकम को बराबर बांट लेते है।

### पुलिस टीम को मिला 1.25 लाख रुपये का पुरस्कार

आईजी आरके भारद्वाज ने बताया कि उनके स्तर से टीम को 50,000 रुपये का इनाम दिया गया है, जबकि एडीजी जोन गोरखपुर ने टीम को 75,000 रुपये का पुरस्कार दिया। आईजी ने पुलिस टीम को नकद पुरस्कार और प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इस दौरान एसपी सत्यजीत गुप्ता, एएसपी संतोष सिंह, सीओ ब्रजेश सिंह, सीओ दीपांशी राठौर आदि उपस्थित रहे।

पांच सितंबर को जनपद कुशीनगर में रामकोला थाने के चंदनपुर चौराहा से असलहा दिखाकर बड़ौदा यूपी बैंक के ग्राहक सेवा केंद्र से 60,000 रुपये की लूट किए थे। बरामद बिना नंबर सफेद अपाचे सतीश यादव, भालचंद्र व राहुल ने मिलकर करमैनी शिवमंदिर थाना कैंपियरगंज जनपद गोरखपुर से दिनांक 13/14 अगस्त 2023 को चोरी की थी।

पूछताछ में बदमाश सतीश ने बताया कि सात सितंबर को राहुल सिंह के साथ मौसेरे भाई दीपक यादव से मिला तथा उसने अपने दो दोस्तों राकेश यादव व भालचंद्र यादव को बुलाया। जो उसके साथ मिलकर पूर्व में भी घटनाएं कर चुके हैं। रेकी करके सेनानी फिलिंग स्टेशन कुशवहा को चिह्नित किया।

घटना के समय भालचंद्र यादव अपनी बाइक से सड़क पर मौजूद रहकर स्थिति की निगरानी कर रहा था, तथा चार लोग अपाचे से पंप के अंदर गए और पेट्रोल पंप कर्मियों को असलहा सटाकर काउंटर में रखी नकदी लूट ली। वहां मौजूद कर्मचारी से गमछा छीनकर नोट की गड्डियों को उसी गमछे में बांधकर लेकर फरार हो गए।

सतीश यादव ने बताया कि भागते समय उसने पंप पर लगे सीसीटीवी का वायर नोच लिया था, जिसे रास्ते में भागते समय देईसांड के पहले सड़क के किनारे फेंक दिया था। बरामद रकम में से पंप से लूटी रकम 2,71,720 रुपये है, जबकि कुशीनगर से ग्राहक सेवा केंद्र से लूट में से 40,000 रुपये है।

इसके अलावा पंप की घटना में प्रयुक्त दो बाइक, पिस्टल, दो अदद लेटर पैड, एक मोबाइल फोन मिला है।

# अधिवक्ताओं ने बंद कराए सभी सरकारी दफ्तर, जताया विरोध

## हापुड़ की घटना पर रोष जताते हुए वहां के डीएम और एसपी के स्थानांतरण की मांग की

संवाद न्यूज एजेंसी

संतकबीरनगर। हापुड़ की घटना के विरोध में अधिवक्ताओं ने सोमवार को कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने परिसर में स्थित सभी सरकारी दफ्तरों को बंद कराकर कामकाज ठप करा दिया।

हापुड़ में अधिवक्ताओं के ऊपर हुए हमले के विरोध में सोमवार को बार कौंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर जिले के अधिवक्ताओं ने दीवानी न्यायालय परिसर में प्रदर्शन किया। इसके बाद आरटीओ, राज्य कर कार्यालय में पहुंच कर सरकार विरोधी नारे लगाते हुए कामकाज बंद करा दिया। उसके बाद प्रदर्शनकारी अधिवक्ताओं का हुजूम पैदल मार्च करते हुए कलक्ट्रेट पहुंचा, और एक-एक कार्यालयों को बंद करा दिया। बाद में डीएम कार्यालय पहुंचकर अधिवक्ताओं ने नारेबाजी की। उसी बीच एडीएम जय प्रकाश और अपर एसडीएम रमेशचंद पहुंच गए। डीएम कक्ष से बाहर आए और अधिवक्ताओं से वार्ता की। उसके बाद अधिवक्ता नारेबाजी करते हुए चले गए।

सिविल बार एसोसिएशन के अध्यक्ष महीप बहादुर पाल और जनपद बार एसोसिएशन के महामंत्री सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि अभी तक सरकार ने हम लोगों की मांगे पूरी नहीं की। अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू करने की सरकार से मांग कर रहे हैं। साथ ही साथ ग्राम न्यायालय मेंहदावल स्थापित न हो इसका भी विरोध किया जा रहा है। क्योंकि नवसृजित जिला है। मूलभूत सुविधाओं का अभाव है। उन्होंने कहा कि हापुड़ में अधिवक्ताओं के ऊपर पुलिस ने बर्बरता पूर्वक लाठीचार्ज किया, जिसमे दोषी पुलिस कर्मियों पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। न ही पीड़ित अधिवक्ताओं की कोई सुध ली गई। सरकार का रवैया पुलिस के बल पर दमनकारी हो गया है। जब तक हापुड़ के डीएम, एसपी का स्थानांतरण नहीं होता है, तब तक पूरे प्रदेश के अधिवक्ता चैन से नहीं बैठेंगे।

प्रदर्शन में पूर्व अध्यक्ष शशि ओझा, कृष्ण मोहन मिश्र, राकेश जी मिश्र, निरंजन सिंह, सुधीर श्रीवास्तव, चतुर जी शुक्ल समेत अन्य शामिल रहे।



कलक्ट्रेट में प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद



एआरटीओ कार्यालय बंद कराते अधिवक्ता। संवाद



वाणिज्य कर कार्यालय पर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

डीएम से मिलने कलक्ट्रेट गया था। डीएम से मिलकर गाड़ी से लौट रहा था। तभी गेट के पास अधिवक्ताओं ने अनायास उनकी गाड़ी रोक ली। गाड़ी से बाहर निकलकर अधिवक्ताओं को नमस्ते किया, फिर वह चले गए। अधिवक्ता प्रबुद्ध वर्ग हैं, उन्हें दूसरों का भी सम्मान करना चाहिए।

**– गणेशचंद्र चौहान, भाजपा विधायक धनघटा**

हापुड़ की घटना को लेकर अधिवक्ता कलक्ट्रेट में कामकाज बंद कराने जा रहे थे। गेट के पास विधायक धनघटा की गाड़ी देखकर जनप्रतिनिधि होने की वजह से उन्हें रोक कर अधिवक्ता अपनी बात कहना चाहते थे, तभी विधायक का गनर पहुंच गया और गाड़ी रोकने की वजह से कहासुनी की। बिना अधिवक्ताओं की बात सुने विधायक चले गए।

**– महीप बहादुर पाल, अध्यक्ष, सिविल बार एसोसिएशन**

# दहेज हत्या का आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

संवाद न्यूज एजेंसी

मेंहदावल। थाना क्षेत्र के भठवा गांव में संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मृत्यु होने के बाद चार आरोपितों के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज हुआ था।

फरार चल रहे दहेज हत्या के आरोपित सुन्नर पुत्र सुबरन को मेंहदावल पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी को जेल भेजा गया है। बता दें कि दस दिन पूर्व एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हुई थी। इसमें मायका पक्ष के लोगों ने ससुराल के लोगों पर दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कराया था।

## अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही

थानाध्यक्ष मेंहदावल विजय कुमार दुबे ने कहा कि आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। अन्य आरोपियों की भी तलाश की जा रही है।

# विवादित बयान पर सपाइयों ने डॉ. संजय निषाद का जलाया पुतला

## संतकबीरनगर में पाकिस्तान वाला क्षेत्र के बयान पर नाराज हैं कार्यकर्ता

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** घोषी उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी के वोटों की गिनती में राउंडवार लगातार पीछे होने के सवाल पर भाजपा के सहयोगी दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मंत्री डॉ. संजय निषाद ने संतकबीरनगर में पाकिस्तान वाला क्षेत्र कहे जाने के विवादित बयान पर समाजवादी पार्टी मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड के कार्यकर्ताओं ने नाराजगी जताई। सोमवार को नारेबाजी करते हुए पीडब्ल्यूडी कार्यालय के सामने डॉ. संजय निषाद का पुतला जलाया।



पुरानी तहसील के समीप मंत्री संजय निषाद का पुतला जलाते मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के कार्यकर्ता। संवाद

सपा नेता एवं जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि राहुल यादव बादल ने कहा कि मंत्री संजय निषाद उस क्षेत्र की तुलना पाकिस्तान कर रहे हैं, जहां उनके बेटे सांसद हैं। हम सभी युवा मंत्री संजय निषाद से यह पूछना चाहते हैं कि संतकबीरनगर जिले में पाकिस्तान कहां है।

संजय निषाद सामूहिक रूप से जिले की जनता से माफी मांगें। क्योंकि उन्होंने संतकबीरनगर की तुलना पाकिस्तान से की है, जिसकी हम निंदा करते हैं।

मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड के जिलाध्यक्ष अंजीम खान ने कहा कि भाजपा की सरकार में सहयोगी दल निषाद पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष व मंत्री संजय निषाद घोसी उप चुनाव की हार से घबरा कर विवादित बयान दे रहे हैं।

उन्होंने अपने बयान में कहा है कि संतकबीरनगर जिले में तो एरिया वाइज वोटों की गिनती होता है। अगर एरिया पाकिस्तान वाला हो तो बक्से जब खुलते हैं तो लगता है कि पाकिस्तान जीत रहा है। जब एरिया हम लोगों का आ जाता है तो पता

# मां ने नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का लगाया आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

धनघटा। क्षेत्र के एक गांव महिला ने कक्षा छह में पढ़ने वाली 12 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने और दुष्कर्म करने का युवक पर आरोप मढ़ा। पीड़ित मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस दुष्कर्म की घटना से इनकार करते हुए बहला फुसलाकर भगा ले जाने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई करने में जुट गई।

पीड़िता मां का आरोप है कि उसकी 12 वर्षीय बेटी क्षेत्र के गांव में रिश्तेदार के घर रहकर कक्षा छह में पढ़ती है। उसी गांव का निवासी आरोपी युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने प्रेमजाल में फंसाने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया।

इसकी जानकारी जब पीड़ित मां को हुई तो उसके पांव तले से जमीन खिसक गई। पिता दिल्ली में रहते हैं। मां ने बेटी को उसके पिता के पास दिल्ली भेज दिया। आरोपी युवक बालिका की तलाश करते हुए दिल्ली जा पहुंचा और उसे वहां से लेकर गांव चला आया। इस बात की जानकारी जब बालिका की मां को हुई तो वह बेटी की तलाश की। आरोपी युवक के चंगुल से छुड़ाकर बेटी को लेकर थाने पहुंची। थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने इस मामले में बहला फुसला कर भागने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज की, लेकिन दुष्कर्म की धारा नहीं लगाई। इस मामले में एएसपी संतोष सिंह ने बताया कि केस दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है। बालिका का बयान दर्ज कराया गया है।

## आरोपी भेजा गया जेल

संतकबीरनगर। दुधारा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया। एसओ ने बताया कि आरोपी बहला फुसलाकर किशोरी को भगा ले गया था। आरोप है कि आरोपी युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया। इस मामले में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। संवाद

# दोस्त को गोली मारने वाले युवक समेत दो आरोपी गिरफ्तार

## नौ सितंबर को मारी थी गोली, पुलिस ने तमंचा और कारतूस बरामद किए

संवाद न्यूज एजेंसी

**संतकबीरनगर।** कोतवाली क्षेत्र के रसहरा में विवाद में दोस्त को गोली मारने वाले आरोपी युवक समेत दो को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दूसरा युवक अवैध रूप से तमंचा बेचने का आरोपी है। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 315 बोर का तमचा, कारतूस और दो देसी तमंचा बरामद किया।

एसपी सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि रसहरा में नौ सितंबर की देर शाम शिव मंदिर के पास सोनू पुत्र हनुमान को उसके दोस्त व्यास पाठक ने गोली मार दी थी।

इस मामले में पुलिस ने पीड़ित पत्नी की तहरीर पर आरोपी व्यास मुनि पाठक के खिलाफ हत्या के प्रयास का केस. दर्ज किया था। पुलिस ने सूचना के आधार पर



**गोली मारने के आरोप में गिरफ्तार आरोपी।** संवाद

आरोपी व्यास मुनि पाठक को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि रसहरा स्थित मंदिर के पास शराब पीने के दौरान उसकी दोस्त सोनू से कहासुनी हो गई थी। उसके बद उसने तमंचे से फायर कर दिया था, जिसमें गोली लगने से दोस्त सोनू घायल हो गया था।

घटना में प्रयुक्त तमंचे को गांव के पास ही गन्ने के खेत में फेंक दिया था। आरोपी की निशानदेही पर गन्ने के खेत से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचा व कारतूस बरामद किया।

पूछताछ में बताया गया कि गन्ने के खेत से बरामद उक्त अवैध तमंचा बड़ी सरौली निवासी शहाबुद्दीन से 9000 रुपये में खरीदा था। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने घटना में प्रयुक्त तमंचा, कारतूस बरामद किया। उसके बाद पुलिस ने तमंचा बेचने वाले आरोपी शहाबुद्दीन को गिरफ्तार करके उसके कब्जे से दो अदद देसी पिस्टल बरामद किया।

पकड़े गए दोनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया।

# मां ने लगाया नाबालिग बेटी से दुष्कर्म का आरोप

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** क्षेत्र के एक गांव महिला ने कक्षा छह में पढ़ने वाली 12 वर्षीय बेटी को शादी का झांसा देकर बहला फुसलाकर भगाकर ले जाने और दुष्कर्म करने का आरोप मढ़ा। पीड़ित मां ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। पुलिस दुष्कर्म की घटना से इनकार करते हुए बहला फुसलाकर भगा ले जाने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर आगे की कार्रवाई करने में जुट गई।

पीड़िता मां का आरोप है कि उसकी 12 वर्षीय बेटी क्षेत्र के गांव में रिश्तेदार के घर रहकर कक्षा छह में पढ़ती है। उसी गांव का निवासी आरोपी युवक उसकी बेटी को बहला फुसलाकर अपने प्रेमजाल में फंसाने के बाद उसके साथ दुष्कर्म किया।

इसकी जानकारी जब पीड़ित मां को हुई तो उसके पांव तले से जमीन खिसक गई। पिता दिल्ली में रहते हैं। मां ने बेटी को उसके पिता के पास दिल्ली भेज दिया। आरोपी युवक बालिका की तलाश करते हुए दिल्ली जा पहुंचा और उसे वहां से लेकर गांव चला आया। इस बात की जानकारी जब बालिका की मां को हुई तो वह बेटी की तलाश की। आरोपी युवक के चंगुल से छुड़ाकर बेटी को लेकर थाने पहुंची। थाने पर तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की।

पुलिस ने इस मामले में बहला फुसला कर भागने समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज की, लेकिन दुष्कर्म की धारा नहीं लगाई। इस मामले में एएसपी संतोष सिंह ने बताया कि केस दर्ज करने के बाद आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## आरोपी भेजा गया जेल

**संतकबीरनगर।** दुधारा पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपी को सोमवार को गिरफ्तार किया। एसओ ने बताया कि आरोपी बहला फुसलाकर किशोरी को भगा ले गया था। आरोप है कि आरोपी युवक ने किशोरी से दुष्कर्म किया। इस मामले में केस दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही थी। सूचना के आधार पर आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए जेल भेज दिया। संवाद

GONDA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2023

# नाबालिग से बलात्कार करने वाला आरोपी पकड़ा

वजीरगंज। थाना क्षेत्र की एक नाबालिग बालिका के साथ दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने सोमवार को दबोच लिया है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि अरविंद वर्मा उर्फ रविन्द्र पुत्र हनुमान प्रसाद निवासी ग्राम तारापुर रजौली थाना कैंट जिला अयोध्या के खिलाफ पास्को एक्ट समेत कई धाराओं में मुकदमा दर्ज था। आरोपी न्यायालय में हाजिर न होकर काफी समय से फरार चल रहा था। उन्होंने कहा कि आरोपी को न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

# पशु तस्करी का आरोपी सुल्तानपुर से गिरफ्तार

परसपुर। थाने में दर्ज पशु क्रूरता अधिनियम के एक मामले में पुलिस ने तफ्तीश के दौरान नाम प्रकाश में आने पर जिला सुल्तानपुर, थाना बंधुवा ग्राम मनिहारपुर निवासी अनिल यादव पुत्र हृदय राम यादव की गिरफ्तारी सुल्तानपुर से की है । ग्राम पसका के उल्टहवा मांझा क्षेत्र में दो माह पूर्व मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापेमारी की तो वहां से 17 प्रतिबंधित पशुओं के साथ डीसीएम पकड़ी थी। थानाध्यक्ष शेषमणि पाण्डेय ने बताया कि आरोपी अनिल यादव को न्यायालय रवाना किया गया।

# जानलेवा हमले का आरोपी युवक गिरफ्तार

गोण्डा। नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला राधाकुंड में रविवार शाम घर में घुस कर आरोपी लोहे की रॉड-लाठी लेकर हमलावर हो गए थे। हमले में पीड़ित घायल हो गए थे। घायल पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने जाबिर पुत्र साकिर अली समेत उसके साथियों के खिलाफ जानलेवा हमले समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया। सोमवार को दरोगा शरद कुमार अवस्थी ने आरोपित जाबिर अली को गिरफ्तार कर लिया।

## तीन जगहों पर हजारों की चोरी

**छपिया।** थाना क्षेत्र में चोरों ने तीन जगहों पर हजारों की चोरी का मामला सामने आया है। उजागरपुर गांव के निकट चौराहे पर एक जनरल स्टोर की दुकान का ताला तोड़कर चोर 15 हजार की नगदी चुरा ले गये। मैराज अहमद उजागरपुर ने बताया कि गांव के निकट चौराहे के पास जनरल स्टोर की दुकान है। चांदपुर के पीड़ित त्रिलोकी नारायण मिश्रा ने बताया कि चोरों ने उसकी बाइक व रूपया ले उड़े। वहीं, भोपतपुर बाजार में भी एक दुकान का ताला तोड़ा गया है।

## शान्ति भंग करने पर छह आरोपियों को पकड़ा

**वजीरगंज।** डुमरियाडीह पुलिस चौकी क्षेत्र के पारस नाथ पांडे, संदीप पांडेय, अमित पांडे बाल्हाराई, अर्पित पांडे, हर्षित पांडे व मयंक पांडे जयसिंहपुर बड़ी यज्ञ बेदी थाना कोतवाली अयोध्या को पुलिस शान्ति भंग करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। एसओ अभय सिंह ने बताया कि आरोपियों को न्यायालय रवाना कर दिया गया है।

## तार चोरी करने का फरार आरोपी गिरफ्तार

**गोण्डा।** नगर कोतवाली पुलिस ने तार चोरी के फरार आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से बिजली तार बरामद हुआ है। नगर कोतवाल संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि पुलिस ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान सूचना पर केबिल चोरी करने का वाछिंत आरोपी सिराज को मोहल्ला न्यू मेवतियान जाने वाली मोड़ के पास से गिरफ्तार कर 14 किलोग्राम केबिल बरामद की है।

# पैथालॉजी संचालक ने महिला से किया रेप, वीडियो बनाया

**करनैलगंज।** सीएचसी तिराहे पर लखनऊ गोण्डा फोर लेन हाइवे पर संचालित एक पैथालोजी संचालक पर एक महिला ने नशीली दवा खिलाकर बलात्कार करने का आरोप लगाया है। यही नहीं महिला का आरोप है कि बलात्कार का वीडियो भी बनाया गया है। जिसे आरोपी वायरल करने की धमकी दे रहा है। घटना 31 अगस्त रात की बतायी जा रही है।

थाना कटरा बाजार के एक गांव की निवासी महिला ने उसी गांव के एक व्यक्ति के साथ इलाज कराने करनैलगंज में संचालित उसकी पैथालोजी सेंटर पर आयी। जहां महिला को दवाई के बहाने नशीली गोलियां खिला दी गयी। इसके बाद महिला के साथ बलात्कार किया गया। महिला का आरोप है कि होश आने पर जब उसने विरोध किया तो आरोपी पैथालोजी संचालक ने उसकी आपत्तिजनक वीडियो वायरल करने की धमकी दे डाली।

# निलंबित हेडमास्टर के खिलाफ दर्ज किया गया केस

कटरा बाजार। आखिरकार चार दिन के बाद बीएसए की फटकार के बाद निलंबित हेडमास्टर के विरुद्ध बीईओ ने सरकारी धन के गबन का मुकदमा दर्ज कराया है। प्रभारी निरीक्षक करुणाकर पांडे ने बताया कि मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस संबंध में ह्यहिन्दुस्तानह्ण ने सोमवार के अंक में खबर भी प्रकाशित की थी।

शिक्षा क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय नरायनपुर कला में कार्यरत रहे हेडमास्टर विश्राम सिंह ने ग्राम प्रधान को धोखे में रखकर मध्याह्न भोजन के कनवर्जन कास्ट के चेक की रकम में गोलमाल कर लाखों रुपए का खेल कर दिया था। इसकी शिकायत ग्राम प्रधान ने मंडलायुक्त से की थी। जांच में ग्राम प्रधान द्वारा लगाए गए आरोप की पुष्टि भी हुई। इस पर मंडलायुक्त् योगेश्वर राम मिश्र के निर्देश पर बीएसए प्रेमचंद्र यादव ने आठ सितंबर को ही आरोपी शिक्षक को निलंबित करते हुए शिक्षक पर सरकारी धन की अनियमितता करने पर मुकदमा पंजीकृत कराने का निर्देश दिया था। लेकिन खंड शिक्षा अधिकारी सीमा पांडे मामले को लटकाए रही। सोमवार को बीएसए से पूछा गया तो उन्होंने बीईओ को कड़ी फटकार लगाते हुए तत्काल मुकदमा पंजीकृत कराने को कहा।

# दवा खिलाकर युवती से दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

संसू, कर्नलगंज (गोंडा) : पैथोलाजी में जांच कराने आई युवती के साथ दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। युवती की तहरीर पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। युवती ने कहा कि उसका पति सऊदी में हैं। वह सास ससुर के साथ रह रही है। 31 अगस्त की रात 11 बजे अचानक उसकी तबीयत खराब हो गई। उसने निन्दूरा निवासी नईम उर्फ सानू को फोन कर किसी डाक्टर को दिखाकर इलाज कराने के लिए कहा। इस पर वह उसे इलाज कराने के बहाने अपने पैथोलाजी लेकर आ गया।

आरोप लगाया कि शानू ने उसे दवा खाने के लिए दी जिससे वह बेहोश हो गई। इसके बाद उसने उसके साथ दुष्कर्म किया। यही नहीं, उसका अश्लील वीडियो भी बना लिया। होश आने पर जब उसने शोर मचाना शुरू किया तो वीडियो पति के पास भेजने और इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित करने की धमकी दी। उससे पैसे की मांग भी की गई। कोतवाल चितवन कुमार ने बताया कि युवती की तहरीर पर आरोपित के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है।

## दुष्कर्म का वांछित आरोपित गिरफ्तार

वजीरगंज : उप निरीक्षक संतराज यादव ने चंदापुर से अरविंद वर्मा उर्फ रविंद्र निवासी ग्राम तारापुर रजौली थाना कैंट जनपद अयोध्या को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने कहा कि 28 जून को गांव की महिला ने अपनी पुत्री के अगवा करने मुकदमा कराया था। आरोपित दुष्कर्म व पाक्सो एक्ट में वांछित है। विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## तस्कर गिरफ्तार

**परसपुर** : थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने कहा कि 25 जुलाई को पसका के उल्टहवा माझा से डीसीएम में 16 सांड को लादकर ले जा रहे तस्करों को पकड़ा था। अंधेरे का फायदा उठाकर चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया था। जिला सुलतानपुर के बंधुआ कला थाना के मन्हिारन पुर निवासी आरोपित चालक अनिल यादव को गिरफ्तार किया गया है। (संसू)

## युवती का अपहरण

**परसपुर** : एक गांव से युवती का अपहरण करने के मामले में तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा किया गया है। युवती की मां ने तहरीर दी है। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने कहा कि आरोपितों पर मुकदमा किया गया है। विधिक कार्रवाई की जा रही है। (संसू)

# परसपुर में युवती अगवा, केस दर्ज

परसपुर (गोंडा)। क्षेत्र के एक गांव निवासी 19 वर्षीय युवती को शादी करने की नीयत से कुछ लोग अगवा कर ले गए। थानाध्यक्ष शेषमणि पांडेय ने बताया कि युवती की मां की तहरीर पर राजवंश उर्फ नन्हू व सुभाष और इनके पिता रामदेव के खिलाफ अपहरण की रिपोर्ट दर्ज की गई है। (संवाद)

# चोरी व जानलेवा हमले के आरोपी गिरफ्तार

गोंडा। नगर कोतवाली पुलिस ने चोरी के बिजली के तार के साथ सिराज निवासी मेवतियान को गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 14 किलोग्राम केबल बरामद हुआ है। उधर, उपनिरीक्षक शरद कुमार अवस्थी ने जानलेवा हमले के आरोपी जाविर अली को गिरफ्तार किया है। (संवाद)

# जूनियर हाईस्कूल नीरपुर में चोरी

गोंडा। विकासखंड परसपुर के उच्च प्राथमिक विद्यालय नीरपुर ख्याला में शनिवार रात चोरी हो गई। ताला तोड़कर रसोईघर से चोर दो गैस सिलिंडर, एक बोरा चावल, सरसों का तेल, मसाला आदि सामान चुरा ले गए। प्रधानाध्यापक अशोक कुमार पांडेय ने बताया कि उच्चाधिकारियों को जानकारी देने के साथ ही परसपुर थाने में तहरीर दी है। (संवाद)

# चोरी की बाइकों की बरामदगी मामले में दो दोषियों को सजा

गोंडा। करनैलगंज में छह साल पूर्व चोरी की बाइकों की बरामदगी के मामले में अपर सत्र न्यायाधीश ने दो दोषियों को तीन साल कारावास और पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई है। जबकि साक्ष्य के अभाव में एक अभियुक्त को दोषमुक्त किया है।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी अभिनव चतुर्वेदी ने बताया कि करनैलगंज पुलिस ने 12 अगस्त 2017 को हुजूरपुर मोड़ से चोरी की तीन बाइकें बरामद कर मोहल्ला गाड़ी बाजार के दुखहरन मौर्य व सकरौरा के जाफर अली को गिरफ्तार किया था। जबकि सकरौरा का बाबू भागने में सफल रहा। विवेचना के दौरान चोरी की बाइक बरामदगी, धोखाधड़ी व जालसाजी के पुख्ता साक्ष्य मिलने पर पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोपपत्र दाखिल किया। ट्रायल के दौरान साक्ष्य के आधार पर अदालत ने दुखहरन मौर्य व जाफर अली को दोषसिद्ध और बाबू को दोषमुक्त कर दिया। सोमवार को अपर सत्र न्यायाधीश द्वितीय डॉ. दीनानाथ तृतीय ने दुखहरन मौर्य व जाफर अली को तीन-तीन साल कारावास और पांच-पांच हजार रुपये अर्थदंड से दंडित किया। (संवाद)

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2023

# अंधाधुंध कटान से वन जीव प्रभाग का अस्तित्व खतरे में

तुलसीपुर, संवाददाता। अंधा धुंध पेड़ कटान से सोहेलवा वन्य जीव प्रभाग के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। तुलसीपुर रेंज के जनकपुर बीट में समय माता के स्थान से कुछ ही दूरी पर 25 पोखरा के पास बह रहे पहाड़ी नाले के समीप वन माफिया अंधाधुंध कटान कर रहे हैं।

स्थानीय निवासी बद्री प्रसाद, शमशाद अली, अखिलेश कनौजिया आदि ने बताया कि जंगल की बेस कीमती हरे पेड़ों पर वन माफियाओं की नजर टिकी हुई है। मौका पाते ही वन माफिया पेड़ों के अवैध कटान करने में जुट जाते हैं। कहा कि जिसका जीता जागता सबूत लकड़ी के बाटे बयां कर रहे हैं। वहीं दूसरी ओर जंगल कटान को रोकने में वन कर्मी विफल साबित हो रहे हैं। वन विभाग अधिकारी की संरक्षण में हरे पेड़ों का दहन करने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ते है। लोगों का आरोप है कि सोहेलवा वन विभाग में बेसकीमती पेड़ों का अंधाधुंध कटान वन कर्मियों की मिलीभगत से की जा रही है। लोगों का कहना है कि सोहेलवा वन विभाग में बेसकीमती पेड़ों के अंधाधुंध कटाई का कोई आधिकारिक निर्णय होना जरूरी है। जिससे हमारे प्राकृतिक संसाधनों का सही रूप से प्रबंधन किया जा सके। इससे हरे भरे बेसकीमती पेड़ों के कटान पर अंकुश लग सकता है और पर्यवारण को संतुलित बनाए रखने में जीव जंतु एवं मानव को दूषित पर्यवरण से उनका जीवन बचाया जा सकता है।

# 15 का परमिट बनवा काट डाले 90 सागौन पेड़

महराजगंज तराई। स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुलरिहा में 15 पेड़ सागौन का परमिट बनवाया गया। वहां पर ठेकेदार व लकड़कट्टों ने 90 पेड़ सागौन की कीमती हरे पेड़ काट डाले। मुखबिर की सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह व रेंजर केपी सिंह ने मौके पर पहुंचकर लकडकट्टो सहित 500 बोटे कब्जे में लेकर पकड़ लिया। लकड़कट्टो के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है। थाना प्रभारी निरीक्षक विजय कुमार सिंह ने बताया कि दो लोगों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# 12 दिन से लगातार आंदोलनरत हैं जिले के अधिवक्ता

बलरामपुर, संवाददाता। हापुड़ में अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में जिले के अधिवक्ता बीते 30 अगस्त से लगातार आंदोलनरत हैं। सोमवार को भी वकीलों ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन किया। वकीलों ने सरकार विरोधी नारेबाजी की। साथ ही मांगों के पूरा न होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। मंगलवार को भी अधिवक्तओं का आंदोलन जारी रहेगा।

जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्र व महामंत्री अजय बहादुर सिंह ने बताया कि बार काउंसिल ने 11 व 12 सितंबर को न्यायिक कार्य से विरत रहकर विरोध प्रदर्शन करने का निर्देश दिया है। जिसके क्रम में अधिवक्ता आंदोलनरत हैं।



उतरौला में न्यायिक कार्य ठप कर प्रदर्शन करते अधिवक्तागण।

जिला युवा बार संघ अध्यक्ष अमित कुमार पाण्डेय व कलेक्ट्रेट बार संघ महामंत्री कमलेश्वर सिंह के नेतृत्व में सोमवार को वकीलों ने सरकार विरोधी नारेबाजी की। इसी क्रम में बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर छठे दिन भी अधिवक्ता संघ उतरौला ने हड़ताल जारी रखा। वकीलों ने न्यायिक कार्य से विरत रहकर तहसील उतरौला में धरना प्रदर्शन कर विरोध किया। अधिवक्ताओ के हड़ताल से रजिस्ट्री आफिस में कोई भी कार्य नही हो सका। जिससे लाखों रुपए राजस्व के हानिक का अनुमान है। वहीं न्यायिक कार्य न होने से फरियादियो को मायूस होकर बैरंग वापस लौटना पड़ा। धरना को सम्बोधित करते हुए अधिवक्ता संघ अध्यक्ष वीरेंद्र सिन्हा ने कहा कि पुलिस की कार्यशैली से जनता को न्याय नहीं मिल पा रहा है। वकीलों पर दर्ज फर्जी मुकदमे तत्काल वापस लिए जायं। हापुड़ के डीएम व एसपी के स्थानांतरण, अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज में दोषी कर्मचारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करने, वकीलों पर दर्ज फर्जी एफआईआर को स्पंज करने। घायल अधिवक्ताओ को इलाज व उचित मुआवजा दिलाने व एडवोकेट प्रोटेक्शन एक्ट लागू किया जाए की मांग की है।

# कच्ची शराब के साथ दो को पकड़ा

ललिया। हरैंया थाना की पुलिस ने दो आरोपियों को 30 लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजने का दावा किया है। प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय सिंह ने बताया कि थाने के उपनिरीक्षक राम कृपाल वर्मा की पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के गिरगिटही गांव निवासी राम अचल व गंगापुर के बाबादीन के पास से 30 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद किया है। दोनों अभियुक्तो को आबकारी अधिनियम में गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की गई है।

# अलग-अलग मामले में चार गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली नगर के पुलिस ने अलग-अलग मामले में चार वंछित अभिलेखों को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक अजीत कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रामछवि, अमर राज, जैजैराम अमरिका व छोटकऊ अलग-अलग मामले में न्यायालय से वंचित चल रहे थे। जिन्हें गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया है।

# गैंग रेप के मामले में एक अभियुक्त गिरफ्तार

बलरामपुर। थाना कोतवाली नगर पुलिस ने गैंग रेप मामले में एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक विमलेश कुमार सिंह ने बताया कि साकिर पुत्र मोहम्मद सईद निवासी लोहरनडीह न्यायालय से वांछित थे। कांस्टेबल जगदीश यादव, श्याम बहादुर वर्मा, महिला आरक्षित प्रीतम यादव के साथ पहुंचकर अधिक को गिरफ्तार करके न्यायालय भेजा गया है।

# शांतिभंग मामले चार पर कार्रवाई

बलरामपुर। श्रीदत्तगंज के पुलिस ने दो व्यक्तियों पर शांतिभंग के मामले में कार्रवाई कर न्यायालय भेजा है। प्रभारी निरीक्षक विपुल कुमार पांडेय ने बताया कि बालक राम व राम आधार में विवाद होने का डर था। इसलिए कार्रवाई करते हुए शांति भंग में पाबंद किया गया है। उधर थाना गौरा चौराहा पुलिस ने दो पर शांति भंग की कार्रवाई की है। प्रभारी निदेशक दिए जय नारायन गुप्ता ने बताया कि निर्मल कुमार, अनिल पर कारवाई करके एसडीएम न्यायालय भेजा गया है।



उतरौला के तहसील परिसर में प्रदर्शन करते अधिवक्ता • जागरण

# हापुड़ की घटना को लेकर वकीलों में आक्रोश, जताया विरोध

**जागरण टीम, बलरामपुर** : हापुड़ की घटना को लेकर वकीलों में भारी आक्रोश है। वकीलों ने प्रदर्शन कर विरोध जताया। तीनों तहसीलों में न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया। जिला बार एसोसिएशन अध्यक्ष रामानंद मिश्र, महामंत्री अजय बहादुर सिंह, सत्यदेव तिवारी, दुर्गेंद्र पाठक व कलेक्ट्रेट बार संघ महामंत्री कमलेश्वर सिंह के नेतृत्व में वकीलों ने आंदोलन जारी रखा। हड़ताल से रजिस्ट्री आफिस में कोई भी कार्य नहीं हो सका, जिससे लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ। न्यायिक कार्य न होने से फरियादियों को मायूस होकर लौटना पड़ा। अधिवक्ता संघ उतरौला ने कलम बंद हड़ताल कर न्यायिक कार्य नहीं किया। प्रदर्शन कर विरोध किया। अधिवक्ता मार्कंडेय मिश्र ने बार काउंसिल में मतभेद को दुर्भाग्यपूर्ण बताया। अध्यक्ष वीरेंद्र सिन्हा ने हापुड़ के दोषियों को सजा दिलाने की मांग की।

# वकीलों का आंदोलन जारी, आज भी बहिष्कार

संवाद न्यूज एजेंसी



उतरौला तहसील में नारेबाजी कर प्रदर्शन करते अधिवक्ता। संवाद

**बलरामपुर।** हापुड़ में हुई घटना से नाराज वकीलों ने सोमवार को भी न्यायिक कार्य नहीं किया। पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकालकर अपना विरोध दर्ज कराया।

दीवानी न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस निकाला। दीवानी से निकलकर अधिवक्ताओं की भीड़ कलेक्ट्रेट परिसर तक गई। जिला बार संघ अध्यक्ष रामानंद मिश्र व महामंत्री अजय बहादुर सिंह ने कहा कि बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के आह्वान पर वकीलों का कलमबंद हड़ताल जारी है। मंगलवार को भी अधिवक्ता न्यायिक कार्य नहीं करेंगे और विरोध दर्ज कराएंगे। कलेक्ट्रेट बार महामंत्री कमलेश्वर सिंह व युवा बार संघ अध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने कहा कि हापुड़ के अधिवक्ताओं को जब तक न्याय नहीं मिलेगा, अधिवक्ता चुप नहीं रहेंगे।

युवा बार संघ महामंत्री व अधिवक्ता राहत कोष समिति के संयोजक शंशाक कुमार त्रिपाठी ने कहा कि हापुड़ के पुलिस अधीक्षक व सीओ सिटी के खिलाफ कार्रवाई न होने तक अधिवक्ता आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर मृगेंद्र उपाध्याय, सत्यदेव तिवारी, अनिल सिंह, कलम नयन मौर्य, गुंजन सिंह, लालजी, अलीमुल हक, गुड्डू मिश्र, समय मिश्र व मुर्तजा हुसैन आदि मौजूद रहे।

वहीं उतरौला व तुलसीपुर तहसील में भी अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य न करते हुए विरोध दर्ज कराया। जिले के तीनों तहसीलों में अधिवक्ताओं की हड़ताल से बैनामा-रजिस्ट्री का कार्य न होने से सरकार को राजस्व की हानि भी उठानी पड़ रही है।

# महिलाओं को कानून के प्रति किया जागरूक

**बलरामपुर।** एसपी केशव कुमार के निर्देश पर सोमवार को मिशन शक्ति अभियान के तहत श्रीदत्तगंज बाजार में जागरूकता कार्यक्रम किया गया। एंटी रोमियो टीम ने महिलाओं को जागरूक करते हुए कहा कि शासन की तरफ से तमाम हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। इनमें 1090, 112, 108, 102 व 1076 प्रमुख रूप से हैं। इन नंबरों पर संपर्क करके सहायता ली जा सकती है। (संवाद)

# BAHRAICH POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 12-09-2023

हिन्दुस्त

# महिला एसएचओ बताकर डूडा कर्मी को धमकाया

- शाहजहांपुर महिला थाने न पहुंचने पर केस दर्ज किए जाने की चेतावनी
- पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायत भेज मदद मांगी

बहराइच, संवाददाता। शहर के डूडा कार्यालय में तैनात कर्मी की पत्नी से अनबन चल रही है। कर्मी को शाहजहांपुर की महिला थाने की एसएचओ बताकर की गई काल पर थाने बुलाया है। न जाने पर संज्ञेय धाराओं में केस दर्ज करने की चेतावनी दी गई। पीड़ित ने काल रिकार्ड कर एसपी प्रशांत वर्मा के पास शिकायत भेजी है।

नगर कोतवाली के काजीपुरा निवासी राशिद डूडा कार्यालय में क्लर्क है। उनकी शादी शाहजहांपुर से हुई थी। उनकी पत्नी लंबे समय से अपने शाहजहांपुर स्थित मायके में रह रही है। पति- पत्नी के बीच अनबन है। पीड़ित के मुताबिक उसे शाहजहांपुर महिला थाने की एसएचओ बताकर एक काल आई। उसे काफी धमकाया गया। बताया गया कि उनके खिलाफ थाने में तहरीर आई है। वह थाने नहीं आए, तो संज्ञेय धाराओं में केस दर्ज कर लिया जाएगा। पीड़ित ने शाहजहांपुर महिला थाने पर तैनात दरोगा को काल कर जब तहरीर के बारे में जानकारी मांगी, तो बताया गया कि उसके विरुद्ध कोई तहरीर नहीं आई है। पीड़ित ने इसकी लिखित शिकायत एसपी से की है।

हिन्दुस्तान

# जेल में निरुद्ध बंदी की इलाज के दौरान मौत

- पीलिया से रहा पीड़ित तीन सितंबर को पहुंचा था जेल
- जेल में तीन दिनों में दूसरे बंदी की हुई मौत

बहराइच, संवाददाता। जिला कारागार में निरुद्ध एक बंदी की सोमवार को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मृतक के शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। तीन सितंबर को उसे जेल में निरुद्ध किया गया था। लंबे समय से पीलिया रोग से पीड़ित चल रहा था।

श्रावस्ती जिले के हरदत्तनगर थाना क्षेत्र के महरू गांव निवासी दिल बहादर (35) पुत्र मुस्तफा को तीन सितंबर को जेल भेजा गया था। जेल अधीक्षक राजेश यादव ने बताया कि दिल बहादर पीलिया बीमारी से ग्रस्त था। जिसका जिला अस्पताल में इलाज चल रहा था। उन्होंने बताया कि सोमवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। जिस पर परिवार को अवगत कराया गया। परिवार के लोग जिला मुख्यालय पहुंचे। परिवार की मौजूदगी में शव का पोस्टमार्टम पुलिस ने कराया। इसके बाद शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

तीन दिन पूर्व भी श्रावस्ती जिला निवासी एक विचाराधीन बंदी की इलाज के दौरान मौत हुई थी। वह भी बीमार चल रहा था। उसे दहेज हत्या के मुकदमे में जेल भेजा गया था।

# नेपालगंज एयरपोर्ट से 26 लाख रुपये बरामद

- सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देकर दूसरा अधिकारी फरार
- गिरफ्तार अधिकारी से हो रही पूछताछ, शक होने पर तलाशी ली गई

रुपईडीहा, संवाददाता। नेपालगंज एयरपोर्ट से काठमांडू जाने वाली फ्लाइट से जाने के लिए पहुंचे दो अधिकारियों के पास से 26 लाख रुपये बरामद किए गए हैं। पूछताछ के दौरान एक अधिकारी सुरक्षा एजेंसियों को चकमा देकर फरार होने में सफल रहा। पकड़े गए आरोपित से नेपालगंज की पुलिस पूछताछ कर रही है, ताकि इतनी बड़ी रकम के प्रयोजन की जानकारी हासिल हो सके। हालांकि अभी तक बरामद रकम की जानकारी सार्वजनिक नहीं की गई है।

बांके जिले के पुलिस प्रवक्ता व डीएसपी नारायन डांगी ने बताया कि एयरपोर्ट पर सुरक्षा में लगे जवान काठमांडू के लिए फ्लाइट पकड़ने आने वाले यात्रियों की जांच कर रहे थे। बैग स्कैनिंग मशीन से सामान की जांच करते समय बैग में कुछ अलग होने के संकेत मिले। इस पर जवान सतर्क हुए। बैग को खोला गया तो उसमें हजार रुपये के नोट भरे मिले। इस पर जवानों ने दो लोगों को हिरासत में ले लिया। पूछताछ में आंतरिक राजस्व कार्यालय दांग में कार्यरत टैक्स इंस्पेक्टर राजेन्द्र सापकोटा व दीपक पौडेल के रूप में इनकी पहचान हुई। डीएसपी ने बताया कि किसी भी प्रयोजन के लिए नेपाल में 9 लाख 99 हजार 99 रुपयों से अधिक रकम होने पर शक के आधार पर जांच की जाती है।

हिन्दुस्तान

# ऑपरेशन त्रिनेत्र की मुहिम में मुख्य मार्गों पर कैमरे लगे

बहराइच, संवाददाता। पुलिस महकमे के आपरेशन त्रिनेत्र में प्राइवेट बसों की यूनियन भी मददगार बनी है। बहराइच- जमुनहा, बहराइच -भिनगा मार्ग पर सीसीटीवी कैमरे बस यूनियनों की ओर से लगवाए गए हैं।

नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर व एएसपी सिटी कुंवर ज्ञानंज्य सिंह ने प्राइवेट बस यूनियनों के पदाधिकारियों से आप्रेशन त्रिनेत्र में सुरक्षा व्यवस्था में मदद के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने का आवाहन किया गया था। यह भी आश्वासन दिया गया था कि जिन स्थानों पर कैमरे लगवाए जाएंगे। वहां पुलिस महकमे का बैरियर बनेगा। ताकि दूसरे जिले के परमिट धारक वाहन दूसरे जिले में न जा सके।



शहर के बहराइच -जमुनहा मार्ग पर कैमरे लगवाते बस यूनियन पदाधिकारी

हिन्दुस्त

# एसपी ने अपराध समीक्षा बैठक में दी जरूरी हिदायत



पुलिस लाइन सभागार में अपराध समीक्षा बैठक में एसपी व अन्य अफसर।

बहराइच, संवाददाता। पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने रविवार देर शाम पुलिस लाइन सभागार में अपराध समीक्षा गोष्ठी की गई। पुलिस अधीक्षक ने महिला व बाल अपराधों पर तत्काल कार्रवाई करें। पीड़ितों से मृदुल व्यवहार रखें।

पुलिस अधीक्षक प्रशान्त वर्मा ने लंबित विवेचनाओं के शीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण की हिदायत दी। त्यौहारों के शांतिपूर्ण तरीके से सम्पन्न होने पर बेहतर सुरक्षा व्यवस्था की प्रशंसा की। बारावफात त्यौहार के मद्देनजर सुरक्षा प्लान बनाने, शांति समितियों की बैठकें करने पर बल दिया। जनपद के सभी शाखा व थाना प्रभारियों के साथ अपराध समीक्षा व जनपद में शांति सुरक्षा, कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने पर विशेष निर्देश दिए गए।

## गुलाम अलीपुरा गोली कांड में दो और गिरफ्तार

बहराइच। दरगाह एसएचओ हरेन्द्र कुमार मिश्रा ने बताया कि पुलिस टीम ने सोमवार को नाजिरपुरा निवासी मोनिश व वशीरगंज निवासी अल्ताफ को एआरटीओ दफ्तर के पास गिरफ्तार कर लिया है। शरीफ ने अपने साथियों के साथ थाने के पास में दो चक्र गोली मारकर नाजिरपुरा निवासी कादिरी को घायल कर दिया था। शरीफ रविवार को गिरफ्तार हुआ था।

इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक नगर कुंवर ज्ञानंजय सिंह व ग्रामीण डॉ. पवित्र मोहन त्रिपाठी व सभी क्षेत्राधिकारी मौजूद रहे।

# चोरी के ई-रिक्शों संग गोंडा निवासी बंदी

**जासं, बहराइच** : पुलिस ने एक अंतर्जिला निवासी ई-रिक्शा चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपित के निशानदेही पर चोरी के दो ई-रिक्शा भी बरामद किए हैं। आरोपित के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय भेजा है।

देहात कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि शहर में ई-रिक्शा चोरी करने वाले गिरोह के बारे में जानकारी मिली थी। मामले को गंभीरता से लेकर पुलिस टीम गठित कर गोंडा जिले के नगर कोतवाली इलाके के महराजगंज नई बस्ती निवासी मुहम्मद उमर उर्फ कैफ उर्फ संजू को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपित ने बताया कि वह अपने साथियों के साथ चोरी की घटनाओं को अंजाम देता है।

गिरफ्तारी टीम में उपनिरीक्षक महेंद्र कुमार, अनिल यादव, भगवान यादव, हेड कांस्टेबल मुहम्मद अख्तर, आरक्षी अनुराग शर्मा, मनोज कुमार सिंह, प्रवेश कुमार यादव, धनंजय शामिल रहे।

# युवक की पिटाई कर गोली मारने के आरोपित गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, बहराइच** : छह दिन पूर्व सरेआम युवक की पिटाई कर उसे गोली मारने व अपहरण कर ले जाने के मामले के दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपितों का आपराधिक इतिहास भी है।

दरगाह थानाध्यक्ष हरेंद्र मिश्र ने बताया कि बीते छह सितंबर को नगर कोतवाली इलाके के नाजिरपुरा निवासी कादिर की आधा दर्जन से अधिक बदमाशों ने बेरहमी से पिटाई कर गोली मार दी थी। युवक का अपहरण कर ले गए थे। पुलिस का शिकंजा कसने के बाद बदमाश उसे शहर से बाहर चार किलोमीटर दूर सड़क किनारे फेंक कर चले गए थे। उन्होंने बताया कि घटना में शामिल कोतवाली नगर के नाजिरपुरा निवासी मोनिस व वशीरगंज निवासी अल्ताफ को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में एसआई वीरपाल सिंह, आरक्षी सत्यानंद, रामकिशोर, निसार व अजित मौर्य शामिल रहे।

# दो आरोपियों को दबोचा, जेल

**बहराइच।** दहरगाह थाना क्षेत्र में बीते दिनों युवक पर असलहे से फायर कर अपहरण करने वाले दो आरोपियों को सोमवार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। थाना प्रभारी हरेन्द्र मिश्रा ने बताया कि कोतवाली देहात के नाजिरपुरा निवासी मोनिस व बशीरगंज निवासी अल्ताफ को गिरफ्तार किया है। दोनों पर पहले से कई मुकदमे दर्ज हैं। दोनों को जेल भेज दिया गया है। संवाद

# पॉक्सो का आरोपी गिरफ्तार

**बहराइच।** सुजौली थाना क्षेत्र के मंगलपुरवा निवासी विनोद सिंह पर पॉक्सो का मुकदमा दर्ज था। सीओ नानपारा राहुल पांडेय ने बताया कि उसकी तलाश के लिए दबिश दी जा रही थी। सोमवार को पुलिस टीम ने आरोपी को दबोच कर जेल भेज दिया है। संवाद

# एसपी ने दो थानेदारों को किया इधर से उधर

बहराइच। एसपी प्रशांत वर्मा ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त रखने को रविवार देर रात दो थानेदारों को इधर से उधर तबादले किए हैं। कोतवाल शशि कुमार राणा को रामगांव एसओ की कमान सौंपी गई है। जबकि रामगांव एसओ अमितेन्द्र कुमार सिंह को मुर्तिहा कोतवाल की कमान सौंपी है।

# एएआरटीओ ने चलाया सघन चेकिंग अभियान

बहराइच। प्रदेश सरकार के डग्गामार वाहनों के विरुद्ध अभियान का कुछ असर दिखने लगा है। डीएम के निर्देशन में सोमवार को आरटीओ प्रशासक राजीव कुमार के देख रेख में एएआरटीओ प्रवर्तन ओम प्रकाश सिंह ने चेकिंग अभियान चलाया। जिसमें 1. 17 लाख का राजस्व चालान जुर्माना जमा कराया गया।

# नेपाल में 26 लाख की नकदी के साथ गिरफ्तार

**रूपईडीहा (बहराइच)।** नेपालगंज-बांके पुलिस ने हवाईअड्डे से 26 लाख की अघोषित नकदी के साथ एक सरकारी कर्मचारी को हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच के बाद उसे प्राधिकार को सौंप दिया गया है। जिला पुलिस कार्यालय, बांके के प्रवक्ता, पुलिस उपाधीक्षक नारायण दांगी ने बताया कि पुलिस ने कर अधिकारी खगेंद्र सपकोटा से यह राशि बरामद की। दांगी ने कहा कि कर अधिकारी सपकोटा, जो नेपालगंज से काठमांडू जा रहे थे, उन्हें हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच के दौरान उनके बैग में बड़ी मात्रा में खुली नकदी पाए जाने के बाद हिरासत में लिया गया। संवाद

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:-12-09-2023

# जमुनी कला गांव में पुलिस का सत्यापन

श्रावस्ती। कवच अभियान के तहत सीमावर्ती क्षेत्रों के गांवों का भौगोलिक सत्यापन किया जा रहा है। सोमवार को प्रभारी एएचटीयू निरीक्षक योगेन्द्र कुमार राय, उपनिरीक्षक पंकज कुमार व थानाध्यक्ष सिरसिया विशुन देव पांडेय टीम के साथ सिरसिया क्षेत्र के जमुनी कला गांव का सत्यापन किया। टीम ने गांव पहुंचकर ग्राम प्रधान ,चौकीदार तथा गांव के सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ सार्वजनिक बैठक कर गांव की मूलभूत सूचनाओं को प्राप्त किया। इसके अलवा गांव का भ्रमण कर छोटे बड़े मार्गों का जायजा लिया और धार्मिक स्थलों को भौतिक सत्यापन किया।

सार के सुनील कुमार पुत्र रंगीलाल ने

# कच्ची शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

श्रावस्ती। रविवार शाम को सोनवा थाने की पुलिस टीम क्षेत्र में अपराधियों की धरपकड़ को लेकर भ्रमण कर रही थी। इस दौरान पुलिस ने एक व्यक्ति के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद किया। बरामद शराब को जब्त कर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान जवाहर पुत्र जगदीश निवासी सिसवा थाना सोनवा के रूप में हुई। आवश्यक कार्रवाई की गई है।

# तेज हवा के साथ झमाझम बारिश, जनजीवन अस्त-व्यस्त

जागरण टीम, बहराइच : तेज हवा के साथ झमाझम बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। इससे धान की फसल को संजीवनी मिली। लोगों को गर्मी से राहत पहुंची, लेकिन कैसरगंज में भट्ठे की चिमनी पर वज्रपात होने से पिछला हिस्सा ढह गया। तेज हवा से गन्ने की फसलें धराशायी हो गईं। मक्का एवं सब्जियों को नुकसान हुआ है। गोशालाओं एवं रास्तों पर जलभराव होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। दोपहर तक लोग घरों में कैद रहने को विवश रहे।

रविवार रात में मौसम का मिजाज बिगड़ गया। तेज हवा के साथ बारिश शुरू हो गई। सोमवार भोर होते ही बारिश ने रफ्तार पकड़ ली। दोपहर तक लगातार बारिश हुई। खेतों में पानी भर जाने से सबसे ज्यादा नुकसान सब्जी की फसलों को हुआ है। गन्ने की फसल के साथ फूल गोभी, पत्ता गोभी, टमाटर, तरोई आदि सब्जियों के खेतों में पानी भर गया है। इससे खराब होने की आशंका यह





डीफिर तिराहा जाने मार्ग पर व पीपल तिराहा के निकट बारिश से हुए जलभराव से होकर गुजरते वाहन, टिकोरामोड़ के निकट हुए वज्रपात के समय प्रकाश का दृश्य • जागरण





वीडी फतेउल्लापुर के छीटीपुरवा व फखरपुर के बड़नापुर में तेज बारिश से गिरे कच्चे मकान व वज्रपात से जले मोबाइल टावर के उपकरण • जागरण

## घर गिरने से तीन बकरियों की मौत

गंभीरवाबाजार : तेजवापुर ब्लाक के ग्रामपंचायत वीडी फतेउल्लाहपुर के छिटीपुरवा गांव में तेज बारिश के चलते होलीराम का फूस का घर गिर गया। घर में बंधी तीन बकरियों की नीचे दबकर मौत हो गई। घर में रखा राशन समेत गृहस्थी का सामान भी नष्ट हो गया। पीड़ित परिवार खुले आसमान के नीचे आ गया है। सूचना राजस्व विभाग को दी गई है। कैसरगंज तहसील के देवतारपुरवा तखवा में लल्लन का कच्चा मकान गिर गया। परिवार के लोग बाल-बाल बच गए। घर में रखा सामान नष्ट हो गया। नीरज कुमार का फूस का मकान गिर गया।

# 1100 ग्राम चरस के साथ दबोचा गया तस्कर

संसू, श्रावस्ती : नवीन मार्डन श्रावस्ती थाने की पुलिस ने क्षेत्र खरगूपुर पुलिया के पास से एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर चरस बरामद की। आरोपित के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। एसपी प्राची सिंह ने बताया कि एएसपी प्रवीण कुमार यादव व सीओ इकौना संतोष कुमार के नेतृत्व में नवीन मार्डन श्रावस्ती थाने के थानाध्यक्ष रामसजीवन निषाद क्षेत्र में भ्रमणशील थे। इसी दौरान खरगूपुर गांव के निकट स्थित पुलिया के पास से इकौना क्षेत्र के मिश्रपुरवा निवासी अंकुर मिश्रा को दबोच लिया। तलाशी में उसके पास से 1100 ग्राम चरस बरामद हुई।

# महिलाओं को किया जागरूक



**श्रावस्ती।** महिलाओं के प्रति होने वाली हिंसा से उन्हें पुलिस जागरूक कर रही है। इस अभियान के तहत पुलिस ने सोमवार को गिलौला सहित कई स्थानों पर महिला व छात्राओं को कई महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। महिलाओं को अपराध से बचाने के लिए पुलिस इस समय जिले में ऑपरेशन डिकॉय चला रही है। इस अभियान के तहत सोमवार को पुलिस ने तेंदुआ पंडित, मलपुरवा, गिलौला बाजार में विशेष कैंप लगाया। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के लिए बनाए गए कानून व साइबर अपराध से बचाव की जानकारी दी। संवाद

# गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** नवीन मार्डन पुलिस ने रविवार रात गश्त के दौरान खरगूपुर पुलिया के पास से एक युवक को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से पुलिस ने 1100 ग्राम गांजा बरामद कि। गिरफ्तार युवक की पहचान इकौना थाना क्षेत्र के मिश्रा पुरवा निवासी अंकुर मिश्रा के रूप में हुई। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट में कार्रवाई की गई। संवाद

गवाह बना कर शिकायत को गलत बता निस्तारित दर्शा दिया। संवाद

## जमुनीकला में कवच अभियान की बैठक

**श्रावस्ती।** सिरसिया पुलिस ने कवच अभियान के तहत जमुनीकला में सार्वजनिक बैठक का आयोजन किया। थानाध्यक्ष विशुनदेव पांडे ने ग्राम प्रधान व चौकीदार सहित ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों से मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। इस दौरान धार्मिक स्थलों व छोटे-बड़े मार्गों का भ्रमण कर नेपाल से आने वाले मार्ग की जानकारी लिया। इस दौरान ड्रोन कैमरे के माध्यम से गांव का मानचित्र भी लिया गया। इस मौके पर प्रभारी एएचटीयू योगेन्द्र कुमार राय, एसआई पंकज कुमार, आरक्षी देवेन्द्र कुमार मौर्य, सीमा देवी मौजूद रहीं। संवाद

## कच्ची शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**तुलसीपुर (श्रावस्ती)।** सोनवा पुलिस ने रविवार रात गश्त के दौरान एक व्यक्ति को दस लीटर कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। गिरफ्तार युवक की पहचान थाना क्षेत्र के ग्राम सिवा निवासी जवाहर के रूप में हुई। जिसके विरुद्ध पुलिस ने आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई है। संवाद

## 73 वाहनों का चालान

**श्रावस्ती।** पुलिस ने सोमवार को वाहन चेकिंग अभियान के दौरान 73 वाहनों का मोटर वाहन अधिनियम में ई-चालान किया। इस दौरान पुलिस ने 1,19,500 रुपये शमन भी किया। संवाद